67 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 6 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –20 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ जाति गणना पर संघ-भाजपा की पल्टी
■ पाकिस्तान को एफएटीएफ ग्रे लिस्ट में वापस लाने की भारतीय रणनीति
पृष्ठ 6
■ जापान ने पहलगाम हमले के खिलाफ भारत के साथ किया समर्थन व्यक्त
■ गाजा पर आक्रमण के लिए इजरायल ने रिजर्व सैनिकों को बुलाया
पृष्ठ 7
मुंबई इंडियंस गुजरात से हिसाब चुकाने उतरेगी
पृष्ठ 8

# जरगर ने करवाया था पहलगाम में आतंकी हमला !

## पहलगाम हमले की जांच में सामने आया कंधार हाईजैक के बाद रिहा हुए मुश्ताक अहमद जरगर का नाम

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 5 मई (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जांच जैसे जैसे आगे बढ़ रही है हैरान कर देने वाले खुलासे हो रहे है। ऐसा लगता है कि भारत के दुश्मन और पाकिस्तान में छिपे सभी कुख्यात आतंकवादियों ने कोई ना कोई भूमिका निभाई है। जांच एजेंसी एनआईए सूत्रों का कहना है की कंधार हाइजैक केस में मौलाना मसूद अजहर के साथ रिहा हुए आतंकी मुश्ताक अहमद जरगर उर्फ मुश्ताक लट्रम की पहलगाम हमले में संदिध भूमिका की जांच की जा रही है। ओवर ग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ के दौरान जरगर का नाम सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक मुश्ताक अहमद जरगर के समर्थकों ने पहलगाम हमले के ओवर ग्राउंड वर्करों की मदद की। जरगर के निर्देश पर ओवर ग्राउंड वर्करों ने आतंकी हमले में लॉजिस्टिक मदद की थी। 100 से ज्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स के ठिकानों पर अब तक सर्च ऑपरेशन चल चुका है। साथ ही 90 से ज्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



■ पहलगाम के दरिंदों की जरगर समर्थकों ने की थी मदद
■ 90 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया
■ जरगर की श्रीनगर व साउथ कश्मीर के इलाकों में है पकड़

**गृहमंत्री की बेटी का अपहरण करने वाले में था शामिल**

जरगर की श्रीनगर और साउथ कश्मीर के इलाकों में मजबूत पकड़ है, जरगर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से आतंकी नेटवर्क ऑपरेट कर रहा है। जरगर सक्रिय आतंकवादी है और श्रीनगर के नौहट्टा इलाके का रहने वाला है। वह 1988 में जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट में शामिल हुआ था। पीओके में आतंकी ट्रेनिंग लेकर 1989 में वह जम्मू-कश्मीर लौटा। लट्रम आठ दिसंबर 1989 को तत्कालीन गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रूबिया सईद का अपहरण करने वाले आतंकियों में भी शामिल था। जरगर ने 1991 में अल-उमर मुजाहिदीन नाम से खुद का आतंकवादी समूह बनाया। पिछले कुछ वर्षों में श्रीनगर में जरगर के खिलाफ कम से कम तीन दर्जन हत्या के मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें उच्च पदस्थ अधिकारियों की कथित हत्याएं भी शामिल हैं। जरगर को 15 मई 1992 को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया था ।

**पाकिस्तान में बैठकर आतंकी नेटवर्क चला रहा**

बाद में 24 दिसंबर 1999 को नेपाल के काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़ी फ्लाइट आईसी 814 को पाक समर्थक हरकत-उल-मुजाहिदीन के आतंकवादियों ने हाइजैक कर लिया जिसे कंधार ले जाया गया था। इस फ्लाइट में 176 यात्री और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे। इस प्लेन हाइजैक के बदले यात्रियों की जान बचाने के लिए भारत ने तीन आतंकवादियों मसूद अजहर, उमर शेख और अहमद जरगर को छोड़ा था। अब पहलगाम अटैक में इन्हीं में से एक आतंकवादी अहमद जरगर का नाम सामने आ रहा है। अब जरगर पाकिस्तान में बैठकर आतंकी नेटवर्क चला रहा है। साल 2023 में एनआईए ने जरगर के श्रीनगर स्थित घर को अटैच किया था। बताया जा रहा है की पहलगाम हमला करने वाले आतंकवादियों को जरगर के समर्थकों से लॉजिस्टिक सपोर्ट मिला था।

# मुख्यमंत्री ने सक्ती के करिगांव में अचानक पहुंचकर ग्रामवासियों को किया आश्चर्यचकित

■ मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर लिमगांव की बजाय सीधे करिगांव के समीप बन्दोरा गांव में उतरा



**सक्ती**, 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सक्ती जिले के करिगांव में अचानक पहुँचकर ग्रामवासियों को आश्चर्यचकित कर दिया। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर लिमगांव की बजाय सीधे बन्दोरा गांव में उतरा, जिससे प्रशासनिक अमला कुछ समय के लिए असमंजस में पड़ गया। प्रशासन पहले से ही लिमगांव में मुख्यमंत्री की अगवानी की तैयारी में जुटा था, परन्तु मुख्यमंत्री के करिगांव पहुँचने से पूरी व्यवस्थाएं तत्काल वहाँ स्थानांतरित करनी पड़ीं।

करिगांव में पीपल के पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री ने चौपाल लगाई और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री खाट पर बैठकर सहज वातावरण में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते रहे। ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत कमल का फूल भेंट कर किया। मुख्यमंत्री ने सभी की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुशासन का अर्थ है सीधे जनता के बीच जाकर उनकी वास्तविक स्थिति को समझना और त्वरित समाधान देना। प्रशासनिक व्यवस्था तभी सफल मानी जाती है जब अंतिम व्यक्ति की बात सीधे शासन तक पहुँचे। सक्ती जिले के करिगांव की रहने वाली दिलेश्वरी उस वक्त हैरान रह गई जब उसने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अपने आंखों के सामने खड़ा देखा। मुख्यमंत्री ने दिलेश्वरी से महतारी वंदन योजना के बारे में पूछा । दिलेश्वरी ने कहा यह योजना उनकी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए संबल का काम करती है।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## मुख्यमंत्री के चॉपर में आई तकनीकी खराबी, मंगाया गया दूसरा हेलीकॉप्टर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के चलते वे आकस्मिक दौरे के लिए समय पर रवाना नहीं हो सके।



इसके बाद सीएम के लिए दूसरा हेलीकॉप्टर मनाया गया है। कुछ विलंब से वे पुलिस परेड ग्राउंड से रवाना हुए। 'सुशासन तिहार' के तीसरे चरण की आज से शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज से आकस्मिक दौरे पर निकले। इस विशेष अभियान के दौरान मुख्यमंत्री किसी भी समय, किसी भी जिले या गांव में अचानक पहुंच सकते हैं। सीएम साय का दौरा पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। स्थानीय प्रशासन से लेकर आम जनता तक, किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं होगी कि मुख्यमंत्री साय कब और कहां पहुंचेंगे।

## सार संक्षेप

### मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी

**अमरोहा।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी मेल के जरिए मिली है। इस मामले में मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने अमरोहा पुलिस को एफआईआर के लिए तहरीर दी है। अमरोहा एसपी के आदेश पर अमरोहा साइबर सेल में घटना की एफआईआर दर्ज कर ली है। क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने अमरोहा के पुलिस अधीक्षक को बताया कि मोहम्मद शमी के मेल पर रविवार को राजपूत सिंधर नाम की मेल आईडी से एक मेल आया।

### केसी वेणुगोपाल पीएसी के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पीएसी का गठन गत 01 मई से प्रभावशील हुआ है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक श्री वेणुगोपाल अप्रैल-2026 तक अध्यक्ष बने रहेंगे। पीएसी सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित संसदीय समिति है, जिसका पुनर्गठन हर साल किया जाता है ताकि सरकारी व्यय के लिए संसद द्वारा अनुमोदित निधियों के विनियोजन का विवरण देने वाले खातों और स्वायत्त और अर्ध-स्वायत्त निकायों के खातों के रूप में संसद के समक्ष रखे गए ऐसे अन्य खातों की जांच की जा सके।

### राहुल का ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती मानना बड़ी बात: राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑपरेशन ब्लू स्टार पर दिए बयान की सराहना करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राउत ने कहा कि राहुल गांधी एक साफ-सुथरे और ईमानदार नेता हैं, जो अपनी गलतियों को स्वीकार करने की हिम्मत रखते हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती मानकर बड़ी बात की है, जबकि उस समय वह राजनीति में नहीं थे। गलती स्वीकार करना राजनीति में दुर्लभ है।

### आतंकी अर्श डल्ला से जुड़े मामले में दस जगहों पर तलाशी


**नई दिल्ली।** एनआईए ने कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श डल्ला से जुड़े गिरोह के सदस्यों द्वारा 2024 में राजस्थान के नीमराणा होटल में गोलीबारी की जांच के सिलसिले में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 10 जगहों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। एजेंसी के अनुसार पिछले वर्ष 8 सितंबर को दो हमलावरों ने होटल हाईवे किंग के परिसर के चारों ओर 35 गोलियां चलाई थी।

# पुतिन ने पीएम मोदी से की फोन पर बात

## कहा-आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस भारत के साथ

**नई दिल्ली**, 5 मई (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤





### रक्षा सचिव ने मोदी से की मुलाकात

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री पूरे मामले पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक भी कर चुके हैं। माना जा रहा है कि रक्षा सचिव ने सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को ताजा हालात और सैन्य तैयारियों की जानकारी दी।

हादसों का सोमवार

# सड़क हादसों में चार की मौत



■ तेज रफ्तार बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत, दो युवकों की हुई मौत,
■ ट्रक में जिंदा जला ड्राइवर,
■ बायपास में पलटी माजदा, 1 की मौत

**कोरबा/बलरामपुर/ बिलासपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में रफ्तार के कहर देखने को मिला है। कहीं दो ट्रक में भिड़ंत के बाद आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। तो कहीं दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर से सड़क खून से सन गई। अलग-अलग भीषण सड़क दुर्घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। ये एक्सीडेंट्स कोरबा, बलरामपुर और बिलासपुर जिले में हुए हैं।

**खड़े ट्रक से टकराई दूसरी ट्रक**

पहली दुर्घटना कोरबा जिले से सामने आया है। जहां दर्री थाना क्षेत्रान्तर्गत गेरवाघाट पुल के आगे एक ट्रक तेज रफ्तार में खड़ी हुई दूसरी ट्रक से जा टकराई। जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने के बाद एक ट्रक का चालक केबिन में फंस गया और बाहर नहीं निकल सका। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय परमेश्वर मांझी, निवासी पथलगांव के रूप में हुई है। वहीं, दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**बलरामपुर में रफ्तार का कहर**

जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई। हादसे में 2 युवकों की मौत हुई है। घटना कुसमी थाना क्षेत्र के कसमार मोड़ की है। मृतक में एक नाबालिग भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक, रातशिली युवक सोनू एक्का सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। दूसरा मृतक डिंडो निवासी अयाज घर के कपड़े लेने के लिए करकेली गांव गया था। दोनों वापस लौट रहे थे, गलफुला नदी के पास दोनों की बाइक आमने-सामने से टकरा गई।

**अनियंत्रित ट्रेलर ने माजदा को मारी टक्कर**

बिलासपुर के रतनपुर बायपास में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ट्रेलर और माजदा के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में एक की मौत हो गई है, जबकि 2 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद एक वाहन मुख्य मार्ग पर और दूसरी सड़क किनारे पलट गई ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# जगदलपुर से रायपुर आ रही यात्री बस ट्रक से टकराई, हेल्पर की मौत, कई यात्री घायल



**बालोद**, 5 मई (देशबन्धु)। जगदलपुर से रायपुर आ रही यात्री बस की टक्कर ट्रक से बालोद में हो गई। हादसा नेशनल हाइवे नंबर 30 के डेंजर जोन वाले एरिया में हुआ। हादसा सुबह तीन बजे के करीब हुआ। बस में बैठे ज्यादातर मुसाफिर उस वक्त नींद की झपकी ले रहे थे। टक्कर लगते ही बस में चीख पुकार मच गई। हादसे में जहां हेल्पर की मौत हो गई वहीं एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घायल मुसाफिरों को धमतरी जिला अस्पताल और क्रिश्चियन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने बताया कि घटना सुबह 3 से 4 बजे के बीच की है हादसे की सूचना सबसे पहले स्थानीय गांव वालों ने दी। जिसके बाद मौके पर पेट्रोलिंग टीम पहुंची। आनन फानन में घायलों को बस से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में ये बात सामने आ रही है कि ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई जिससे ये हादसा हुआ। जिस जगह पर ये हादसा हुआ है उस जगह को लोग डेंजर जोन बताते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 30 पर ये डेंजर जोन है। यात्री बस जगदलपुर से चलकर रायपुर आ रही थी। घायल मुसाफिरों ने बताया कि टक्कर लगते ही बस के कांच टूट गए। कई यात्री बस से बाहर जा गिरे। हादसे की रिपोर्ट बालोद पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 को सुनवाई

**नई दिल्ली**, 5 मई (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई टल गई है। अगली सुनवाई 15 मई को होगी। इससे पहले 17 अप्रैल को कोर्ट ने केंद्र को जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया था। साथ ही अगली सुनवाई तक वक्फ बोर्ड में नई नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र का जवाब आने तक वक्फ घोषित संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा था। केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर हलफनामे में कहा कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। 1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सरकार के आंकड़ों को गलत बताया और कोर्ट से झूठा हलफनामा देने वाले वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर हुई हैं, लेकिन कोर्ट सिर्फ पांच मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई करेगा।

# पाकिस्तानी हैकर्स ने रक्षा मंत्रालय से जुड़ी वेबसाइट पर किया हमला

**नई दिल्ली**, 5 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तानी साइबर हमलावरों ने भारत में रक्षा और सशस्त्र बलों से जुड़ी वेबसाइटों पर साइबर अटैक के जरिए संवेदनशील डेटा चुराने की कोशिश की है। सोमवार को यह जानकारी सामने आई। पाकिस्तानी हैकर्स के एक्स अकाउंट पाकिस्तान साइबर फोर्स के माध्यम से यह दावा किया गया है कि उन्होंने भारतीय मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमईएस) और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान से संवेदनशील जानकारी प्राप्त कर ली है। इस दावे से यह संकेत मिलता है कि हमलावरों ने रक्षा कर्मियों से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारियां और लॉगिन क्रेडेंशियल्स तक पहुंच बनाई हो। भारत के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एजेंसियों ने तुरंत प्रभावी कदम उठाते हुए

# आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा खत्म हो : कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 5 मई (देशबन्धु) कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू कर देश में आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोथिया तथा आदिवासी विभाग के अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में कमजोर वर्गों के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल कर उन्हें आरक्षण देना चाहिए और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करनी चाहिए।

■ निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू किया जाए

डॉ जयहिंद ने कहा, हमारे देश में जब मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री और अर्जुन सिंह जी शिक्षा मंत्री थे तब संविधान में 93वां संशोधन हुआ जिसमे एक अनुच्छेद 15(5) बना जिसके तहत दलितों, आदिवासियों तथा सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान हुआ। उस समय सरकारी संस्थानों में ये आरक्षण लागू हो गया ,लेकिन निजी संस्थानों के लोग इसे कोर्ट में ले गए, जहां ये मामला चलता रहा है।

इस अनुच्छेद में कहा गया कि राज्य को समाज के किसी भी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से वंचित वर्ग के साथ अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की प्रगति के लिए समायोजन से संबंधित कुछ विशिष्ट प्रावधानों को स्थापित करने का अधिकार है।

सुरक्षा — गृह मंत्रालय का कई राज्यों को निर्देश

# देशभर में 7 मई को मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा तैयारियों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। गृह मंत्रालय ने देश के कई राज्यों को 7 मई को व्यापक नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारत, हमले में मारे गए 26 नागरिकों के जवाब में कड़ा रुख अपनाने की तैयारी कर रहा है।**

■ सुरक्षा तैयारियों को लेकर कदम उठाया

*सरकारी सूत्रों के अनुसार, मॉक ड्रिल के तहत महत्वपूर्ण गतिविधियां की जाएंगी। इस दौरान एयर रेड वार्निंग सायरनों का संचालन होगा। यह बड़े खतरे और दुश्मन की गतिविधियों को लेकर अलर्ट जारी करने से जुड़ा कदम है। नागरिकों और छात्रों को संभावित हमलों की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक नागरिक सुरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्रैश ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत दुश्मन की हवाई निगरानी या हमले से शहरों और ढांचों को छिपाने के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू किया जाएगा। महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों की त्वरित कैमुफ्लाजिंग की जाएगी, जो राष्ट्रीय संपत्तियों की सुरक्षा के लिए एक मानक युद्धकालीन उपाय है। निकासी योजनाओं का अद्यतन और पूर्वाभ्यास होगा, जिसके तहत किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को तेजी से सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का अभ्यास किया जाएगा। गृह मंत्रालय के इस निर्णय और हालिया उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठकों ने यह संकेत दिया है कि भारत पहलगाम हमले के जवाब में एक सख्त सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर सकता है।*

*सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व से भी इस मुद्दे पर विचार-विमर्श हो चुका है।*

*उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए हैं। हालांकि, देशवासी सरकार से मांग कर रहे हैं कि पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाए।*

**1971 में किया गया था ऐसा मॉक ड्रिल**

*इससे पहले इस तरह का अभ्यास 1971 में किया गया था, जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। ऐसे समय में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश काफी अहम है।*

# देश

**उवाच**

“ पाकिस्तान और आतंकवादियों के आकाओं को मुंहतोड़ जवाब मिलना चाहिए। पूरा विपक्ष सरकार को समर्थन दे चुका है। देश की जनता इस मामले में एकजुट है, लेकिन 12-13 दिन बीतने के बाद भी सरकार अब तक अंजाम तक नहीं पहुंची है।

–मृत्युंजय तिवारी, राजद नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 23.0 |
| मुंबई | 34.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 35.0 | 29.0 |

# जातीय जनगणना वक्त की मांग

■ कांग्रेस ने भाजपा-आरएसएस को बताया पहले दिन से जातीय जनगणना का विरोधी



भाजपा के लिए जातीय जनगणना वोट की राजनीति, जबकि कांग्रेस के लिए सामाजिक बदलाव : रणदीप सुरजेवाला

**पटना**, 5 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा के लिए जातीय जनगणना वोट की राजनीति है, जबकि कांग्रेस के लिए सामाजिक बदलाव है। भाजपा का डीएनए जातीय जनगणना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना वक्त की मांग है। पटना में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सामाजिक न्याय और जातीय जनगणना एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जातीय जनगणना के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि आरएसएस शुरू से ही जातीय जनगणना विरोधी है। 19 मई 2011 को कांग्रेस-यूपीए सरकार ने फैसला कर जातीय जनगणना करवानी शुरू कर दी, जिसे 'सामाजिक, आर्थिक व जातिगत जनगणना 2011' का नाम दिया। तीन जुलाई, 2015 को यह रिपोर्ट मोदी सरकार को सौंप दी गई, लेकिन सच यह है कि प्रधानमंत्री और उनकी सरकार ने जातीय जनगणना रिपोर्ट 2011 को जानबूझकर कूड़ेदान में डाल दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह वही भाजपा है, जो जातीय जनगणना मानने वाले को अर्बन नक्सल करार देती थी। उन्होंने कहा कि 11 साल से राहुल गांधी जातीय जनगणना को अपने जीवन का मिशन बनाकर इस लड़ाई को लड़ रहे हैं। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा और आरएसएस दोनों पहले दिन से जातीय जनगणना के विरोधी हैं, क्योंकि उनके डीएनए में दलित, आदिवासी, पिछड़ा, शोषित और गरीब विरोध है।

सार्वजनिक तौर पर, अदालत में जातिगत जनगणना का विरोध किया। जब कुछ नहीं बचा, तो लाचार होकर उन्हें गरीबों, दलितों, वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, आदिवासियों के आगे झुकना पड़ा। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा ने वर्षों तक सुप्रीम कोर्ट से लेकर सड़क तक, गरीबों, दलितों, वंचितों, शोषितों और पिछड़ों को उनकी गिनती के अधिकार से वंचित किया। जितनी आबादी उतना हक और जितनी आबादी उतनी हिस्सेदारी जरूरी है। कांग्रेस की सामाजिक न्याय की सोच के केंद्र बिंदु में सदैव जातीय जनगणना का भाव रहा है। आज यह राहुल गांधी का संघर्ष है, जिसके कारण जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार को झुकना पड़ा। वहीं दूसरी ओर माकपा के नव निर्वाचित राष्ट्रीय महासचिव एम.ए.बेबी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार राजनीति में अवसरवाद के उस्ताद हैं। वह अवसरवादी राजनीति करते हैं। उन्होंने भाजपा पर जांच एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी का सही अर्थ प्रवर्तन निदेशालय है, लेकिन कहा जा रहा है कि यह अब भाजपा के 'इलेक्शन ड्यूटी' की तरह काम कर रहा है। माकपा नेता ने कहा कि आज देश में सबसे बड़ा अत्याचार सांप्रदायिकता है।

उन्होंने सांप्रदायिकता को समाप्त करने के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल माकपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महासचिव एम.ए. बेबी सोमवार को पहली बार बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। वे यहां महागठबंधन में शामिल सहयोगी दलों के नेताओं से मिलेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे।

### निजी क्षेत्र में भी होनी चाहिए आरक्षण की व्यवस्था : एमए बेबी



माकपा के नव निर्वाचित राष्ट्रीय महासचिव एम.ए.बेबी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना का निर्णय लिया है, लेकिन जातीय जनगणना कब करेंगे, कैसे करेंगे, इसे जानने को लेकर अब भी उत्कंठा है। दो दिवसीय बिहार दौरे पर सोमवार को यहां आए एम.ए.बेबी ने कहा कि जातीय जनगणना कब होगी, कैसे होगी, यह तय नहीं हुआ है, इसके ऊपर सवाल है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में भी आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की चर्चा करते हुए कहा कि इस घटना की पूरे भारत ने एक सुर में निंदा की है। आतंकवादियों को भी इसकी सजा देनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने सेना को कोई भी फैसला लेने का अधिकार दिया है। उन्होंने सलाह दी कि किसी को भी इस मसले पर सोच-समझकर बयान देने की जरूरत है। सबको ध्यान से बोलना चाहिए। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## कर्नाटक में अनुसूचित जाति सर्वेक्षण शुरू

**बेंगलुरु**, 5 मई (देशबन्धु)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए आंतरिक आरक्षण लागू करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और प्रदेश भर में उप-जाति जनसांख्यिकी पर अनुभवजन्य डेटा एकत्र करने के उद्देश्य से एक व्यापक जाति सर्वेक्षण शुरू किया है। सिद्दारमैया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सर्वेक्षण पांच मई से 23 मई तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा और एससी समुदायों के बीच आरक्षण लाभों के समान वितरण को सुनिश्चित करने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंतरिक आरक्षण हमारे 2023 के चुनाव घोषणा पत्र में किया गया एक वादा था। यह सर्वेक्षण उस वादे को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास आवश्यक था क्योंकि 2011 की जनगणना में एससी श्रेणी के भीतर उप-जाति डेटा को शामिल नहीं किया गया था। डेटा संग्रह प्रक्रिया की निगरानी सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एचएन नागमोहन दास की अध्यक्षता वाले एक सदस्यीय आयोग द्वारा की जाएगी। दास को सर्वेक्षण पूरा होने के 60 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया है। सर्वेक्षण पांच से 17 मई तक घर-घर जाकर गणना के माध्यम से किया जाएगा। 19 और 20 मई को विशेष शिविर और 19 से 23 मई तक ऑनलाइन स्व-घोषणा विंडो का आयोजन किया जाएगा। 65,000 से अधिक शिक्षकों को गणनाकर्ताओं के रूप में तैनात किया गया है जिसमें प्रत्येक 10 से 12 सर्वेक्षणकर्ताओं के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा : जगदीप धनखड़



■ राष्ट्र निर्माण में वानिकी की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

**नई दिल्ली**, 5 मई (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक संकट करार देते हुए कहा है कि स्वस्थ वन स्वस्थ जीवन का आधार हैं। धनखड़ ने सोमवार को सिरसी के वानिकी महाविद्यालय में 'राष्ट्र निर्माण में वानिकी की भूमिका' विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि हमें अपने वनों की रक्षा करने और हर संभव तरीके से योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह एक वैश्विक खतरा है और स्थिति चिंताजनक रूप से गंभीर है।

उन्होंने कहा कि वन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि किसी देश के वन अच्छी स्थिति में हैं, तो उसके लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि कृषि हमारी जीवन रेखा है। लेकिन हमें वनों की आवश्यकता है क्योंकि वे जलवायु को नियंत्रित करते हैं, आपदाओं को कम करते हैं, और आजीविका का सहयोग करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत भूमि आध्यात्मिकता और स्थिरता का संगम है। स्थिरता सिर्फ़ अर्थव्यवस्था के लिए ही ज़रूरी नहीं है। यह स्वस्थ जीवन के लिए भी ज़रूरी है। हमारी वैदिक संस्कृति ने हजारों सालों से स्थिरता का उपदेश दिया है। और आज, सतत विकास के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन नहीं कर सकते।

**गहन पारिस्थितिक चेतना का किया आह्वान**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गहन पारिस्थितिक चेतना का आह्वान करते हुए कहा कि हमें आत्म-बोध की भावना विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जीवन का वह पहलू है जो पृथ्वी पर रहने वाले हर जीव को प्रभावित करता है। जब पर्यावरण को चुनौती दी जाती है, तो यह चुनौती सिर्फ मानवता के लिए नहीं होती बल्कि यह इस ग्रह पर मौजूद हर चीज को प्रभावित करती है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर के राजौरी में दीवार गिरने से 20 लोग घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार को एक विवाह समारोह में दीवार गिरने की घटना में कम से कम 20 लोग घायल हो गए। राजौरी जिले में एक विवाह समारोह के दौरान शाम के समय अचानक दीवार गिरने से 20 लोग घायल हो गए। घायलों को राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज एसोसिएटेड अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को सरकारी मेडिकल कॉलेज जम्मू रेफर कर दिया गया।

### मुंबई-गोवा राजमार्ग पर बस पलटने से तीन की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई-गोवा राजमार्ग पर रविवार की रात बस पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना रायगढ़ जिले के पनवेल के पास कर्नाला घाट के संकरे और घुमावदार मोड़ पर रविवार रात करीब 11 बजे उस समय हुई, जब मुंबई से कोंकण जा रही निजी बस मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए।

### तेलंगाना में बायोचार केंद्र का किया उद्घाटन

**हैदराबाद।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को यहां शहर के बाहरी इलाके में 'हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट' के मुख्यालय कान्हा शांति वनम में'बायोचार उत्कृष्टता केंद्र' का उद्घाटन किया। गडकरी ने इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की स्थापना गांवों में ग्रामीण उद्यमियों के लिए बायोचार को लेकर कौशल विकास और क्षमता निर्माण प्रदान करने के लिए की गई है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और युवा उद्यमियों को बायोचार इकाइयां स्थापित करने, बायोचार का उत्पादन करने और ग्रामीण व्यापार मॉडल के हिस्से के रूप में इसे किसानों को वितरित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### त्रिपुरा में 266 परिवारों के लिए सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने गैर-परंपरागत ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त विद्युत योजना के अंतर्गत 266 घरों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित किया है, जो अक्षय ऊर्जा के प्रति भारत के अभियान में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। राज्य के विद्युत मंत्री रतन लाल नाथ ने कहा कि मार्च 2027 तक 50,000 घरों में सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने के राज्य के महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत में, त्रिपुरा ने छह महीने में विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का प्रभावशाली लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त विद्युत योजना, केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है।

## जापान ने पहलगाम हमले पर की एकजुटता व्यक्त : राजनाथ

**नई दिल्ली**, 5 मई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जापान ने पहलगाम हमले पर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उसे पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया है। सिंह ने भारत की यात्रा पर आए जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन के साथ सोमवार यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि बैठक में रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की गई। दोनों देशों ने सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए परस्पर सहयोग पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नाकातानी सैन ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की।



■ रक्षा सहयोग व क्षेत्रीय सुरक्षा पर की गई चर्चा

झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति गठित

## नलिन सोरेन समेत 8 उपाध्यक्ष, 63 को मिली जगह

■ समिति में हेमंत सोरेन सहित उनके परिवार के छह लोग शामिल

**रांची**, 5 मई (एजेंसियां)। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्रीय कमेटी का ऐलान कर दिया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने सोमवार को कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी की पूरी सूची जारी की। नई कमेटी में आठ उपाध्यक्ष, पांच महासचिव और चार सचिव बनाए गए हैं। कुल 63 लोगों को कमेटी में जगह दी गई है, जिनमें 31 लोग आदिवासी (अनुसूचित जनजाति) समुदाय से हैं। कमेटी में हेमंत सोरेन सहित उनके परिवार के छह लोग शामिल हैं।

14-15 अप्रैल को रांची में आयोजित झामुमो के 13वें केंद्रीय अधिवेशन में चार हजार प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ध्वनिमत से शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक और हेमंत सोरेन को अध्यक्ष चुना गया था। इसी अधिवेशन में हेमंत सोरेन को पार्टी की कमेटी के गठन के लिए भी अधिकृत किया गया था। सोरेन के हस्ताक्षर से जारी सूची के अनुसार, जिन आठ लोगों को उपाध्यक्ष बनाया गया है, उनमें नलिन सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी, रूपी सोरेन, सविता महतो, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, वैद्यनाथ राम और रामदास सोरेन शामिल हैं। विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, जोबा मांझी और मिथिलेश कुमार ठाकुर को महासचिव बनाया गया है। नंदकिशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटू, पंकज मिश्रा और समीर मोहंती सचिव बनाए गए हैं।



### विनोद कुमार पांडेय को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्रीय कमेटी में विनोद कुमार पांडेय को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। दो महासचिवों सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद कुमार पांडेय के अलावा हेमलाल मुर्मू, कुणाल षाडंगी और मनोज कुमार पांडेय को प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन और भाई बसंत सोरेन को कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में जगह दी गई है। इनके अलावा जिन लोगों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है, उनमें दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, विजय हांसदा, महुआ माजी, रविंद्र नाथ महतो, मोहन कर्मकार, संजीव बेदिया, डॉ. कमल नयन सिंह, निरल पूर्ति, दशरथ गगराई, हफीजुल हसन, सुमन महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, राजू गिरी, गणेश चौधरी, एमटी. राजा, धनंजय सोरेन, आलोक सोरेन, लुईस मरांडी, उदय शंकर सिंह, उमाकांत रजक, जगत मांझी, सुदीप गुडिया, रामसूर्या मुंडा, अमित महतो, अनंत प्रताप देव, अंजनी सोरेन, पटवारी हांसदा, परेश मरांडी और बिट्टू मुर्मू शामिल हैं।

## नीतीश ने जानकी नवमी की दी बधाई

**पटना**, 5 मई (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनक नंदिनी माता सीता के जन्मोत्सव जानकी नवमी के अवसर पर माता जानकी को नमन करते हुए राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कुमार ने सोमवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की अर्धांगिनी माता सीता को धार्मिक गाथाओं में सौभाग्य की देवी और माता लक्ष्मी का अवतार भी कहा गया है। माता जानकी ने जीवन की चुनौतियों एवं संघर्षों का जिस साहस, विवेक एवं सहनशीलता के साथ सामना किया, उससे सम्पूर्ण मानव जाति को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति, सेवा, संयम, समर्पण एवं सद्भाव से परिपूर्ण माता सीता का जीवन नारी सशक्तिकरण एवं आदर्श का प्रतीक है।

## मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक तनाव के लिए भगवा ब्रिगेड व बीएसएफ जिम्मेदार : ममता

■ मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को बताया सुनियोजित

**कोलकाता**, 5 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए भगवा ब्रिगेड और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने का आरोप लगाया।

बनर्जी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा सुनियोजित थी और आरोप लगाया कि अगर बीएसएफ ने फायरिंग नहीं की होती तो दंगा नहीं होता। उन्होंने कहा कि हिंसा से केवल दो वार्ड प्रभावित हुए। उन्होंने बीएसएफ पर फायरिंग करने का आरोप लगाया और दावा किया कि अगर सुरक्षा बलों ने फायरिंग नहीं की होती तो मुर्शिदाबाद में दंगे नहीं होते। उन्होंने कहा कि वह (बनर्जी) हिंदू हैं, तो उन्हें उनके खिलाफ हिंसा क्यों करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे लिए हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी समान हैं। मैं नहीं चाहती कि किसी भी धर्म के लोगों पर हमला हो या उनकी हत्या हो। उन्होंने हिंसा के दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय महिला आयोग की उपस्थिति पर भी सवाल उठाया और पूछा कि वे मणिपुर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, ओडिशा क्यों नहीं गए। बनर्जी का मुर्शिदाबाद दौरा वक्फ संशोधन अधिनियम के मद्देनजर 11-12 अप्रैल की हिंसा के तीन सप्ताह बाद हुआ है।



### बाहर से आए दो-तीन नेताओं ने भड़काई हिंसा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि बाहर से आए दो-तीन नेताओं ने हिंसा भड़काई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसएफ ने फायरिंग क्यों की, अगर बीएसएफ ने फायरिंग नहीं की होती तो अगले दिन हिंसा नहीं भड़कती। सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के बजाय भाजपा को सीमाओं का ख्याल रखना चाहिए। भारत को बचाओ और भारतीय लोगों को बचाओ। जब आप कुर्सी पर होते हैं तो आप लोगों को विभाजित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि वह पीड़ितों के परिवार के सदस्यों से मिलने आई थीं। लेकिन उन्हें गुप्त रूप से क्यों ले जाया गया या अपहरण क्यों किया गया। इसमें कुछ साजिश है।

## मिजोरम में 14 हजार से अधिक शरणार्थी व विस्थापित बच्चे

**एजल**, 5 मई (एजेंसियां) मिजोरम के अधिकारियों के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, राज्य में वर्तमान में शरण लिए हुए 41,000 से अधिक शरणार्थियों और आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) में 18 वर्ष से कम आयु के 14,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। पड़ोसी म्यांमार और बंगलादेश के साथ-साथ संघर्ष प्रभावित मणिपुर से कुल 41,354 व्यक्ति वर्तमान में मिजोरम में रह रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस संख्या में से अनुमानित 14,101 बच्चे 18 वर्ष से कम आयु के हैं।

जबकि स्कूल जाने की आयु के कुछ बच्चे राहत शिविरों के अंदर अस्थायी कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त करते हैं, अन्य अपने परिवारों की वित्तीय क्षमताओं के आधार पर सरकारी या निजी स्कूलों में दाखिला लेने में कामयाब रहे हैं। भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित एक गांव जोखावथर में एक निजी हाई स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि कुछ शरणार्थी परिवार अपेक्षाकृत संपन्न हैं और अपने बच्चों को निजी संस्थानों में भेजने में सक्षम हैं। हालांकि, अधिकांश बच्चे सरकारी स्कूलों पर निर्भर हैं, जहां शिक्षा ज्यादातर मुफ्त है।

मध्य प्रदेश के मंत्री शिवाजी पटेल फिर विवादों में

## होटल संचालक से मारपीट मामले ने कांग्रेस ने मप्र सरकार को घेरा

**भोपाल**, 5 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से जुड़ा एक और विवाद सामने आने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले को लेकर सरकार को घेरा है। सिंघार ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रदेश का किसान खाद के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहता है, पर सरकार को फर्क नहीं पड़ता। लेकिन जब एक मंत्रीजी को होटल में टेबल नहीं मिली, तो पूरा प्रशासन दौड़ पड़ा, होटल संचालक से मारपीट कि गई फूड सेफ्टी अफसर तक बुला लिए गए क्या यही है जन सेवा? भारतीय जनता पार्टी के मंत्री सत्ता के नशे में इतने चूर हैं कि उन्हें जनता की समस्याएं नजर ही नहीं आतीं। मीडिया में आई खबरों के अनुसार पटेल रविवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान अपने परिवार के साथ एक निजी होटल में भोजन के लिए गए। इस दौरान वहां कथित तौर पर सीट खाली न मिलने के कारण उनका रेस्टोरेंट संचालक से विवाद हो गया। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी भी वहां पहुंच गए। इससे जुड़े वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। पटेल मंत्री पद संभालने के बाद से विवादों में हैं। पिछले दिनों उनके पुत्र का राजधानी भोपाल में एक दंपत्ति के साथ विवाद हो गया था, जिसके बाद मंत्री पटेल स्वयं अपने पुत्र के समर्थन में पुलिस थाने पहुंच गए थे। इस दौरान उनका कथित तौर पर पुलिस के साथ भी विवाद हुआ था।



चौकसी | जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की एक बड़ी साजिश को किया नाकाम

## पुंछ में पांच आईईडी बरामद कर संभावित हमलों को रोका

**जम्मू**, 5 मई (देशबन्धु)। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पहलगाम के बाद पुंछ में आतंकवादी बड़े हमले की फिराक में थे। समय रहते जवानों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। सुरक्षाबलों ने सोमवार को पुंछ से 5 आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े जब्त किए है। इसके बाद इलाके में भारतीय सेना का आपरेशन जारी है। दूसरी ओर पाक सेना द्वारा लगातार 11वीं रात एलओसी के लगभग सभी सेक्टरों में की जा रही गोलीबारी का भारतीयपक्ष द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने का पर्दाफाश करते हुए 5 आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े बरामद किए हैं। जवानों को यह सफलता पुंछ के सूरनकोट में मारहोट गांव में मिली है। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह आतंकियों के छिपने की जगह है। अधिकारियों ने बताया कि इस्तेमाल के लिए तैयार पांचों आईईडी (जिनका वजन आधा किलोग्राम से पांच किलोग्राम के बीच था) को मौके पर ही नियंत्रित विस्फोट में नष्ट कर दिया गया। इससे सीमावर्ती जिले में विस्फोट करने की आतंकवादियों की साजिश विफल हो गई। उन्होंने बताया कि रविवार देर शाम सुरनकोट के मरहोटे इलाके के सुरंथल में सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दो आईईडी स्टील की बाल्टियों में रखे हुए पाए गए, जबकि तीन अन्य को टिफिन बॉक्स में पैक किया गया था।

इसके अलावा, अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने से दो वायरलेस सेट, यूरिया के पांच पैकेट, पांच लीटर का एक गैस सिलेंडर, एक दूरबीन, तीन ऊनी टोपियां, तीन कंबल और कुछ पतलून और बर्तन बरामद किए गए हैं। इस बीच अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास आठ अग्रिम सेक्टरों में बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसमें संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया गया और भारतीय सैनिकों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच बढ़े तनाव के बीच नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के गोलीबारी की यह लगातार 11वीं रात है। जम्मू में एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि 4 और 5 मई की रात को, पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू कश्मीर में कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के विपरीत इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने तुरंत और आनुपातिक रूप से जवाब दिया।



■ पहलगाम हमले के बाद पुंछ में बड़े हमले की फिराक में थे आतंकी

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

### अनजान पार्सलों को 'ना' कहें!

*ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ता जा रहा है। होटलों से खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर विलासिता की सामग्रियां तक लोग घर बैठे मंगवा रहे हैं। इससे दुकानों या बाजारों में जाने की ज़हमत नहीं उठानी पड़ती और ऑनलाइन मंगवाने से वस्तुएं काफी सस्ती पड़ती हैं। यह चलन जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है, उसके कई तरह के खतरे भी सामने आ रहे हैं। सामानों की धोखाधड़ी से लेकर नगदी ऐंठने के कई प्रकरण हो चुके हैं।*

*छत्तीसगढ़ में भी ऑनलाइन शॉपिंग सतत लोकप्रिय हो रही है। करोड़ों रुपयों की वस्तुएं राज्य में देश के अलग-अलग कोनों से पहुंच रही हैं। लोग इसका पर्याप्त लाभ ले रहे हैं। इसके साथ ही यहां भी धोखाधड़ी या अन्य तरह के मामले बढ़ रहे हैं। कई बार पार्सल के बहाने से घरों की रेकी कर ली जाती है तो कई बार इस नाम से अनजान बनकर असामाजिक तत्व घरों में घुसने की कोशिश करते हैं। देश के कई हिस्सों में इस तरह के मामले हो चुके हैं। कई बार ऐसे फोन कॉल आते हैं जिनके जरिये झांसा देकर राशि ऐंठ ली जाती है।*

*नवा रायपुर के सुनील मेश्राम को कुछ दिन पहले फोन आया कि जिसमें कॉल करने वाले ने बताया कि वह मुम्बई के कस्टम विभाग से बोल रहा है। उसने कहा कि उनकी पत्नी के नाम पर विदेश से एक पार्सल आया है जिसमें 5.21 लाख रुपये मूल्य की करेंसी तथा आभूषण हैं। उन्होंने उसे छुड़ाने के लिये पहले 25 हजार रुपये एक बैंक खाते में डालने को कहा। बाद में अलग-अलग कारणों से मेश्राम से 5.21 लाख रुपये ऐंठ लिये गये। इसके बाद भी जब पार्सल नहीं आया तो पुलिस में शिकायत दर्ज की गयी। पुलिस पतासाजी कर रही है।*

*असली बात तो यह है कि जब किसी ने कुछ मंगाया ही नहीं है तो ऐसे पार्सलों को छुड़ाना खुद को संकट में डालने जैसा है क्योंकि इसमें कोई भी अवैध सामग्री हो सकती है। ऐसे पार्सलों को स्वीकार करने का अर्थ यही निकलेगा कि उसे मंगाया गया है। कई बार ऐसे पार्सलों को बिना नष्ट किये ही फेंक दिया जाता है जिस पर व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि लिखा होता है। इस जानकारी का भी दुरुपयोग हो सकता है इसलिये पते लिखे स्टीकर आदि को नष्ट कर देना चाहिये। होम डिलीवरी करने वाली कम्पनियों के बारे में जब तक अच्छे से पता न हो, पार्सल लेकर आने वाले व्यक्ति की ठीक से पूछताछ कर ली जानी चाहिये। कभी उनके नाम से असामाजिक तत्व घरों में घुस सकते हैं। खासकर, घरों में अकेली रहने वाली गृहिणियां, बच्चे, बुजुर्गों, आदि को सावधान रहना चाहिये। उन्हें भीतर तक न आने दें तथा पैसे लेने अंदर जायें तो दरवाजा बन्द कर के जाना चाहिये। उनकी उपस्थिति के दौरान पूरी सतर्कता बरतें।*

## उल्टा पुल्टा

शिक्षक- रावण के पास ऐसी कौनसी कला थी जो दूसरे किसी के पास नही थी?
पप्पू - वो अकेला ही सामूहिक गीत गा सकता था..?

# आपके शहर ने आपको बहुत कुछ दिया, अब देने की बारी आपकी : अरुण साव

### उप मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का किया शुभारंभ


14 नगर निगमों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शहरी विकास की कार्ययोजना पर दिनभर किया मंथन

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला ''नगर सुराज संगम'' का शुभारंभ किया। कार्यशाला के पहले दिन आज प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौरों, सभापतियों, एमआईसी सदस्यों और वरिष्ठ अभियंताओं ने अपने-अपने निकायों की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना पर मंथन किया। उप मुख्यमंत्री साव ने इस दौरान सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास तथा शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने का रोडमैप साझा किया। उन्होंने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से संसाधनों के बेहतर उपयोग, नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहर को सुविधापूर्ण बनाने देश-विदेश में स्थानीय स्वशासनों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की भी जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ''नगर सुराज संगम'' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में हाल ही में संपन्न नगरीय निकायों के चुनाव में निर्वाचित होकर आने वाले जनप्रतिनिधियों पर जनता ने अपना भरोसा जताया है। शहर के विकास और वहां सुविधाएं जुटाने का बड़ा काम आप लोगों को सौंपा है। आपके शहर ने आपको भरपूर स्नेह, मान-सम्मान और संस्कार दिया है। आपकी कर्मस्थली, आपके शहर ने आपको बहुत कुछ दिया है, अब शहर को देने की बारी आपकी है। आप लोग अपने-अपने शहरों में अपने कार्यकाल में ऐसा काम करें जो यादगार हो, शहर को नई दिशा देने वाला हो, नागरिकों की सुख-सुविधाएं बढ़ाने वाला हो, शहर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाने वाला हो। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यशाला में नगर निगमों के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि आपके शहरों से प्रदेश की छवि बनती है। आप लोग प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर शहरों का सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास करें। आपके कार्यों और लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा दो दिनों के इस प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर का नेतृत्वकर्ता होने के नाते शहरवासियों की आप लोगों से बड़ी अपेक्षाएं हैं। इस लिहाज से आप लोगों की जिम्मेदारी भी बड़ी है। दो दिन साथ बैठकर हम लोग शहरों के विकास का रोडमैप और प्राथमिकताएं तय करेंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने ''नगर सुराज संगम'' में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को केंद्र व राज्य सरकार तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्ष्ठ) की योजनाओं की जानकारी देने इसका आयोजन किया गया है। इस दौरान नगरीय निकायों से संबंधित अधिनियमों और उनके महत्वपूर्ण प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगी। यह संगम दोनों तरफ से संवाद का मंच है। इस मंच के माध्यम से आप लोग नगरीय प्रशासन और विकास से जुड़ी अपनी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का और सुडा के सीईओ शशांक पाण्डेय भी कार्यशाला में मौजूद थे।

**उप मुख्यमंत्री ने 'मार्गदर्शिका बुकलेट' का किया विमोचन**

उप मुख्यमंत्री साव ने आज ''नगर सुराज संगम'' के उद्घाटन सत्र में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा तैयार की गई 'मार्गदर्शिका बुकलेट' का विमोचन किया। इसमें विभाग से जुड़ी बुनियादी जानकारी के साथ ही केंद्र व राज्य प्रवर्तित योजनाओं, विभाग द्वारा शहरी नागरिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं तथा विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी गई है।

कार्यशाला के पहले दिन आज नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य ने नगरीय प्रशासन से संबंधित अधिनियमों और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। सुडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त ने सुडा द्वारा संचालिय योजनाओं के बारे में बताया।

''नगर सुराज संगम'' के दूसरे दिन 6 मई को प्रदेश की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही इन निकायों के विकास के लिए आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। उप मुख्यमंत्री साव ने सभी नगर निगमों के साथ ही सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पाती लिखकर प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## उप मुख्यमंत्री ने कार्यशाला में खुद संभाली प्रशिक्षण की कमान


उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज %नगर सुराज संगम% में खुद प्रशिक्षण की कमान संभाली। नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम-सह-

- **पीपीटी के जरिए सवा घंटे तक साझा किया शहरों के विकास का रोडमैप**
- **देश और दुनिया के विभिन्न शहरों में हो रहे उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्यों की भी दिखाई झलक**

कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने करीब 50 स्लाइड्स की पीपीटी के माध्यम से स्वयं शहरों के विकास का रोडमैप राज्य के 14 नगर निगमों के महापौरों, सभापतियों, एमआईसी सदस्यों, आयुक्तों और वरिष्ठ अभियंताओं से साझा किया। उन्होंने अपने सवा घंटे के संबोधन और पीपीटी प्रस्तुतिकरण के दौरान एक-एक स्लाइड्स की डिटेलिंग भी की।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यशाला में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाएं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, शहरी वानिकी, शहरी परिवहन, स्ट्रीट लाइटिंग, कर संग्रहण और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कोयंबटूर, चेन्नई, अहमदाबाद, इंदौर, पिंपरी चिंचवाड़ जैसे शहरों तथा गुजरात एवं तेलंगाना में स्थानीय निकायों द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों की झलक दिखाई। साव ने अपने प्रेजेंटेशन के दौरान डेनमार्क, सिंगापुर, जर्मनी और जापान जैसे देशों में शहरी संसाधनों के मितव्ययतापूर्ण उपयोग तथा रिसाइक्लिंग-रियूज के लिए हो रहे नवाचारों के बारे में भी बताया।

# रायपुर होकर गुजरने वाली वंदे भारत समेत कई ट्रेनें रद्द

### देरी से चल रही हैं 6 से अधिक गाड़िय

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। गर्मी के महीने में रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. रेलवे ने एक बार फिर कई ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है. इसके साथ ही कुछ ट्रेनें देरी से चल रही है. ऐसे में आज कुल 12 से अधिक ट्रेनें प्रभावित रहेगी.



समरसता एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें 2 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। काफी संख्या में ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

5 मई को रायपुर स्टेशन से रवाना होने वाली कई ट्रेनें पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं। इनमें रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, गोंदिया-रायगढ़-गोंदिया एक्सप्रेस, बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस, जसीडीह-वास्कोडिगामा एक्सप्रेस और सूरत-मालदाटाउन एक्सप्रेस शामिल हैं।

# सुशासन तिहार: रायपुर नगर निगम ने किया 14657 आवेदनों का निराकरण

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत विगत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक वार्डस्तर शिविर लगाकर आम जनता से उनकी मांगों और शिकायतों को ऑनलाइन / ऑफलाइन दर्ज किया गया। सुशासन तिहार 2025 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आम जनता से प्रथम चरण में प्राप्त मांगों और शिकायतों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु अग्रिम कार्यवाही करने अग्रेषित किया गया और रायपुर नगर पालिक निगम से सम्बंधित आम जनता की मांगों और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने की कार्यवाही राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा - निर्देश के अनुसार रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में और रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार की गयी। सुशासन तिहार 2025 के द्वितीय चरण के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा आम जनता से प्रथम चरण में प्राप्त 14657 आवेदनों का त्वरित निराकरण करने की कार्यवाही की गयी है। इसमें आम जनता की 12543 मांगों और 2114 शिकायतों को त्वरित निराकृत किया गया है। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के सभी अपर आयुक्तगण, उपायुक्तगण, जोन कमिश्नरगण सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत आम जनता से ऑनलाइन / ऑफलाइन प्राप्त सभी मांगों और शिकायतों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण की प्रशासनिक कार्यवाही की प्रतिदिन सतत निरंतरता से मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

- **12543 मांगें, 2114 शिकायतें त्वरित निराकृत**

# प्रधानमंत्री आवास योजना में लेन-देन की शिकायत मिलने पर कलेक्टर होंगे निलंबित

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार के तीसरे चरण की आज शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत सभी जिलों में समाधान शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस दौरान सीएम साय समाधान शिविरों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। सीएम साय पहले सक्ती के करिगांव में पहुंचे थे। वहां सौगातों का पिटारा खोलने के बाद सीएम साय कोरबा के मदनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। इसी बीच उन्होंने क्क्रूआवास योजना को लेकर बड़ा बयान दिया है।



सीएम विष्णुदेव साय ने कोरबा के मदनपुर में आयोजित समाधान शिविर में पीएम आवास योजना में किसी प्रकार के लेन-देन (रिश्वतखोरी) होने पर जिले के कलेक्टर पर गाज गिरने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी प्रकार की लेन-देन की शिकायत मिलने पर अब सीधे कलेक्टर को सस्पेंड किया जाएगा। हालांकि उन्होंने इस मामले में अब तक उन्हें ऐसी कोई शिकायत नहीं मिलने की भी बात कही।

वहीं जल जीवन मिशन को लेकर भी सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बिना जलस्त्रोत जानें कई जगहों पर पानी की टंकी लगा दी। हमारी सरकार इनका सुधार कर रही है। इसके बाद हर घर पानी पहुंचेगा।

# एफआईसीसीआई ने विदेश व्यापार महानिदेशालय को लिखा पत्र

### आरओडीटीईपी योजना के विस्तार की उठाई मांग

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। आरओडीटीईपी योजना के भविष्य को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता को लेकर भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (स्न्ढ्ढष्टष्टढ्ढ) ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय को पत्र लिखा है। पत्र में एडवांस ऑथोराइज़ेशन (एए), एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट्स (ईओयू) और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) के तहत काम करने वाली इकाइयों के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्कों या करों में छूट (आरओडीटीईपी) योजना के तत्काल विस्तार की मांग की है।

एफआईसीसीआई ने वाणिज्य मंत्रालय को लिखे पत्र में 5 फरवरी 2025 के बाद इन एक्सपोर्ट ओरिएंटेड जोन में स्थित इकाइयों के लिए आरओडीटीईपी लाभ की समाप्ति पर चिंता जाहिर की है। मंत्रालय से आग्रह किया है कि कम से कम 30 सितंबर 2025 तक विस्तार की अधिसूचना में तेजी लाई जाए। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए स्न्ढ्ढष्टष्टढ्ढ ने इस जरूरत पर जोर दिया है कि भारतीय मैन्युफैक्चरिंग की लागत प्रतिस्पर्धी बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए एए/ईओयू/एसईजेड इकाइयों को इस योजना के तहत बरकरार रखा जाना चाहिए।

एफआईसीसीआई का प्रतिनिधित्व फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) और एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) जैसे शीर्ष उद्योग निकायों द्वारा हाल ही में किए गए इसी तरह के प्रस्तुतीकरण के बाद आया है, जो वैश्विक व्यापार के बारे में उद्योग जगत की आशंकाओं को दर्शाता है। भारत के उद्योग को आगे ले जाने में एल्युमीनियम की प्रमुख भूमिका है, जिसमें 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। इससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक देश बन गया है।

इससे पहले अपने प्रस्तुतीकरण में एफआईएमआई ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के एल्युमीनियम निर्यात का लगभग 45 प्रतिशत एए/ईओयू/एसईजेड लोकेशनों पर स्थित इकाइयों से आता है। इसमें बताया गया कि आरओडीटीईपी समर्थन वापस लेने से वैश्विक कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने कि भारतीय कंपनियों की क्षमता काफी कम हो गई है, क्योंकि अंतर्निहित कर और शुल्क जो एल्युमीनियम उत्पादन लागत का 10 प्रतिशत तक है, वे छूट-रहित और अनसुलझे रहेंगे।

वाणिज्य मंत्रालय के प्रगतिशील उपायों की सराहना करते हुए फिक्की ने आगाह किया है कि कारोबारी माहौल में बहुत दबाव है। ऐसे में देश की निर्यात प्रतिस्पर्धा को बहाल करने के लिए आरओडीटीईपी कवरेज को बढ़ाने में होने वाली देरी नुकसानदेह साबित होगी। गौरतलब है कि एफआईएमआई ने अपने प्रतिनिधित्व में बताया था कि इससे उत्पादन में कटौती, नौकरी छूटने और भारतीय एल्युमीनियम सेक्टर में डॉमेस्टिक वैल्यू ऐडिशन में बाधा उत्पन्न हो सकती है, जिसकी वर्तमान वार्षिक क्षमता 41 लाख टन है। तरक्की के रास्ते पर इंडस्ट्री को गतिमान रखने के लिए घरेलू क्षमता विस्तार के लिए नए निवेश महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

वैश्विक व्यापार में जारी चुनौतियों को देखते हुए एफआईसीसीआई ने कहा कि एए/ईओयू/एसईजेड निर्यातकों के लिए विस्तार मिलने से उद्योग को वह निश्चितता और स्थिरता मिलेगी, जिसकी उसे बहुत जरूरत है। स्न्ढ्ढष्टष्टढ्ढ ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की त्वरित कार्रवाई समानता बहाल करने और वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने की भारत की महत्वाकांक्षा को सहयोग देने में बेहद अहम साबित होगी।

एक प्रगतिशील कदम उठाते हुए वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2026 के लिए आरओडीटीईपी योजना के लिए 18,000 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दे दी है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 16,575 करोड़ रुपए था। अब एएआई, एफआईएमआई और स्न्ढ्ढष्टष्टढ्ढ सहित अग्रणी उद्योग संगठन डीटीए के अनुरूप एए/ईओयू/एसईजेड इकाइयों के लिए आरओडीटीईपी योजना को 5 फरवरी 2025 से आगे बढ़ाकर कम से कम 30 सितंबर 2025 तक करने की वकालत कर रहे हैं। उद्योग जगत को उम्मीद है कि सरकार आरओडीटीईपी विस्तार को औपचारिक रूप से अधिसूचित करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करेगी। यद्यपि भू-राजनीतिक संकट और वैश्विक मंदी के चलते आगे बढ़ना मुश्किल हो रहा है, किंतु फिर भी एए/ईओयू/एसईजेड के लिए आरओडीटीईपी का विस्तार उद्योग को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करेगा और अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य के बीच भारतीय निर्यात की निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो पाएगी।

**आय से अधिक संपत्ति मामला**

# 30 साल के बाद ईओडब्लू ने पेश किया चालान

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में आय से अधिक संपत्ति के मामले में ईओडब्लू एसीबी ने 30 साल बाद कोर्ट में चालान पेश किया है। यह मामला 1995 का है। तब आरोपी अधिकारी की आयु 55 वर्ष थी, अब वह 85 वर्ष के हैं और सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

- **सेवानिवृत्त हो चुके हैं अधिकरी डी डी भूतड़ा**

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश एक था तब ईओडब्लू भोपाल ने 13 सितंबर 1995 को मामला पंजीबद्ध कर ईओडब्लू की रायपुर शाखा को मामला सौंप दिया था। तब भोपाल में पदस्थ खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के तत्कालीन ज्वाईंट डायरेक्टर डीडी भूतड़ा के विरुध्द कार्यवाही में ईओडब्लू ने बिलासपुर में राईस मिल, कई जमीनें, स्वर्णाभूषण सहित पांच लाख रुपए नगद बरामद कर किया था। इस मामले में 30 सालों से चार्जशीट/फ़ाइनल रिपोर्ट ही कोर्ट में दाखिल नहीं हुई थी। तीस वर्षों के बाद इओडब्लू ने जो अंतिम प्रतिवेदन पेश किया है, उसमें यह बताया है कि ईओडब्लू ने कार्यवाही की तब आरोपी डीडी भूतड़ा ने आय से 303.4 प्रतिशत अधिक अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की थी।

# फिर मुखर हुआ दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी संघ

### रमन ने अनुकंपा नियुक्ति को लेकर सीएम को लिखा खत



**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में 307 दिनों तक हड़ताल करने वाले दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी कल्याण संघ की अनुकंपा नियुक्ति की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है।

छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में 307 दिनों तक हड़ताल करने वाले दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी कल्याण संघ की अनुकंपा नियुक्ति की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। एक बार फिर अपनी मांगों को पूरा करने के लिये संघ ने बीजेपी सरकार से आग्रह किया है। इस क्रम में संगठन के नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। अनुकंपा संघ के पदाधिकारियों ने अपनी व्यथा को बयां किया। अपात्र हितग्राही जितने भी टेट उत्तीर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिये अनुरोध किया।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर तत्काल अनुकंपा नियुक्ति जैसे संवेदनशील विषय का निराकरण करने की बात कही है। रमन ने सभी शेष बचे आश्रितों को को प्रयोगशाला शिक्षक सहायक ग्रेड 3 एवं सहायक ग्रेड 4 के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री महोदय को पत्र लिखा है। मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया है।

इसके अलावा अनुकंपा संघ ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भी मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। इस पर उप मुख्यमंत्री साव और शर्मा ने गंभीरता को समझते हुए आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में अनुकंपा संघ की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद चौबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमर कुमार गुप्ता, गीता साहू, दीपक पटेल आदि मौजूद रहे।

**307 दिनों तक चली थी हड़ताल, महिला कर्मियों ने कराया था सामूहिक मुंडन** -पूर्व की कांग्रेस सरकार में इस लंबित मांग को लेकर संघ की महिला पदाधिकारियों ने अपना सामूहिक मुंडन कराकर विरोध जताया था। 307 दिनों तक रायपुर के बढ़ातालाब पर हड़ताल की थी। उस दौरान बीजेपी नेताओं ने संघ के कार्यकर्ताओं और शिक्षाकर्मियों से मिलकर हड़ताल को समर्थन दिया था। इतना ही नहीं प्रदेश में अपनी सरकार बनने पर मांगें पूरी करने का वादा किया था पर आज पर्यंत तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। अब भी दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी कल्याण संघ के परिजन और पदाधिकारी दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं।

# तृतीय चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई से हुआ आगाज

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में आज सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज हुआ। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम खमतराई में अब तक 1,964 मांग और शिकायतें प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी आवेदनों का निराकरण हो चुका है। वहीं, तीसरे चरण के पहले दिन समाधान शिविर में 76 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 75 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होने और कागजात हाथ में आने से खुशी से आमजन के चेहरे खिल उठे। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार में समस्याओं के समाधान के लिए आमजनों से आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनका समाधान हो चुका है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता के समस्याओं का निराकरण करना है। श्री अग्रवाल ने आमजनों से अपील करते हुए कहा आप सभी समाधान शिविर का लाभ अवश्य उठाएं। समाधान शिविर के अंतर्गत जो आवेदन लिए गए उनमें से लगभग सभी का निराकरण मौके पर किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों को राहत पहुंचाने और उनका जीवन खुशहाल बनाने की दिशा में पहल किया जा रहा है।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि शिविर में आमजनों की समस्याओं का समाधान तिहार के रूप में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के मंशानुरूप मिनीमम गवर्नमेंट–मैग्जिमम गवर्नेंस के तहत जिला प्रशासन काम कर रही है। मुख्यमंत्री का विजन है कि आमजनों के चेहरे पर खुशहाली आए और इसी दिशा में शासन–प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के अंतर्गत आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में समाधान शिविर लगाया गया है और इसे हम तिहार के रूप में मना रहे है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ अक्सर यह देखा जाता है कि उनके पास ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसे मूलभूत दस्तावेज नहीं होने की वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सुशासन तिहार में युवाओं के लिए यह सुविधा शुरू की गई ताकि उनके पास यह दस्तावेज आवश्यक रूप से हो।



- सुशासन तिहार के अंतर्गत 1,964 आवेदनों का शत-प्रतिशत हुआ निराकरण
- कलेक्टर के मार्गदर्शन में समाधान शिविर में मौके पर 75 मांग एवं शिकायतों पर हुई त्वरित कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार–2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। यह आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर के साथ हाट बाजारों में की गई थी।

समाधान शिविर के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण करते हुए जमीनी स्तर पर हुए लाभ का फीडबैक लेंगे। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री श्री साय जिला मुख्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। इस दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा समेत विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनता के 40 लाख आवेदनों का निराकरण नहीं फिर कहां है सुशासन ? : दीपक बैज

## सुशासन तिहार ढकोसला जनता को कोई लाभ नहीं

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सुशासन तिहार ढकोसला है, जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बढ़ते अपराध, यातायात समस्या, शिक्षक भर्ती और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर पत्र लिखे हैं और सुशासन तिहार के पहले दूसरे चरण में आम जनता की समस्याओं से सम्बंधित लगभग 40 लाख आवेदन आए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75,000 से अधिक आवेदन आया था। जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। फिर कहां है सुशासन ? ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा, हर वर्ग हताश और परेशान है, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं।



श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है। प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए है। अनियमित कर्मचारी, दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है। नया 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से एक भी आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है। 500 रू. में गैस सिलेंडर का वादा जुमला निकला। प्रधानमंत्री आवास को तोड़ा जा रहा है। अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है।क्या यही सुशासन है ? उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में सड़क का मरम्मत नहीं हो पाया, स्कूलों के बिल्डिंग ध्वस्त हो रही है, अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, जांच मशीने खराब पड़ी है, आयुष्मान का भुगतान रोके जाने से निजी अस्पताल इलाज में बहानेबाजी करके मरीजों को लौटा रहे है। मरीज इलाज के लिए भटक रहे, महतारी वंदन योजना में नाम काटा जा रहा है, रेडी टू ईट को महिला स्वास्थ्य समूह को देने की घोषणा की गई थी लेकिन वह सिर्फ घोषणा ही साबित हुई है, भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हो गई है।

# महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया का 302वां जन्मदिवस गुरुद्वारा टाटीबंध में मनाया गया



**रायपुर**, 5 मई। 5 मई को टाटीबंध गुरुद्वारे साहिब में महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया जी का जन्म दिवस मनाया गया । सुबह सुखमणि साहेब पाठ के बाद,कथा एवं कीर्तन किया गया । सिक्ख समाज के सरदार भूपेंद्र सवन्नी जी, सरदार गुरप्रीत सिंह बाबरा, सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा, सरदार अवतार सिंह बागल,सरदार सुखदेव सिंह नाटो को सरोपा एवं मोमेंटो अध्यक्ष बलदेव सिंह सचिव ओंकार सिंह द्वारा प्रदान किया गया। मंच का संचालन एवं आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरपाल सिंह द्वारा किया गया। शाबिल (मीठा शरबत) वितरण की सेवा रामगढ़िया की युवा टीम ने की। शहर एवं आसपास के वरिष्ठ एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# फिल्म 'रेड 2' की हुई स्क्रीनिंग



**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। चार्टर्ड अकाउंटेंसी के छात्रों को अकादमिक तनाव से राहत देने और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, सीआईसीएएसए रायपुर द्वारा रविवार, 4 मई को कलर मेल पचपेड़ी नाका में बहुप्रतीक्षित फिल्म रेड 2 की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्रों के साथ–साथ रायपुर के कई चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्य भी शामिल हुए और सभी ने सिनेमाई अनुभव का भरपूर आनंद उठाया।

सीआईसीएएसए रायपुर द्वारा आयोजित इस मूवी आउटिंग ने प्रतिभागियों को न केवल मनोरंजन का मौका दिया, बल्कि एक–दूसरे के साथ समय बिताने और नेटवर्किंग का भी अवसर प्रदान किया। अजय देवगन द्वारा अभिनीत यह फिल्म अपने दमदार एक्शन और कथानक के चलते सभी को बांधे रखने में सफल रही।

रायपुर के सीए सदस्यों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया, इस मौके पर सीए विकास गोलछा, चेयरमैन, रायपुर ब्रांच; सीए ऋषिकेश यादव, चेयरमैन, सीआईसीएएसए रायपुर (सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई) एवं अन्य मैनेजिंग कमेटी के सदस्यगण भी उपस्थित रहे जिससे छात्रों को वरिष्ठों से मिलने और प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर मिला। सीआईसीएएसए रायपुर हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता आया है, और यह आयोजन भी उसी श्रृंखला की एक कड़ी था। छात्रों और सदस्यों दोनों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे और आयोजनों की उम्मीद जताई।

# भारतीय बौद्ध महासभा की बैठक



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा की राष्ट्रीय ट्रस्टी आयुष्मति अलका बोरकर एवं प्रदेश के कोषाध्यक्ष एन. एस. सिंघाड़े के मार्ग दर्शन पर बौद्ध समाज में जागृति अभियान को गति प्रदान करने तथा बौद्ध पूर्णिमा को विभिन्न कार्यक्रम करने, नई बॉडी के गठन हेतु विस्तार से चर्चा हुई जिसमें गरियाबंद के समाज के लोगों ने रुचि पूर्वक सहमति जताई । इस अवसर पर रायपुर से सामाजिक पदाधिकारी बेनीराम गायकवाड़, ज्ञानेश्वशे बावनगड़े उपस्थित रहे तथा गरियाबंद के अध्यक्ष शिव खापर्डे, नागेश गज़भिए, नंदकुमार रामटेके, मुकुंद कुटारे, पंकज पाटिल, सूरज रंगारी,मुकेश रामटेके, भगवंत कुटारे एवं महिला प्रतिनिधि अंजली लॉन्हारे, आशा गजभिए, पूर्णिमा गजभिए, नरेंद्र बोरकर आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी, भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर रवि दांडगे 9926781341

## बल्दीडीह के रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**पिथौरा,** 5 मई। पिथौरा विकासखंड के ग्राम बल्दीडीह (सॉकरा जोक) में आयोजित रामायण कार्यक्रम पुर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव सहित कौशल रोहिल्ला अध्यक्ष युवा कांग्रेस बसना, जसपाल ध्रुव, हराधन प्रधान ,महेस सिन्हा, रुखमन डड़सेना, मेहत्तर बरिहा सोनू कुरुमा डीह प्रमुख रूप से सामिल हुए।



## निधन

### श्रीमती शांतिबाई सोनी



**महासमुंद**, 5 मई। स्थानीय कुर्मीपारा वार्ड नंबर 17 निवासी श्रीमती शांतिबाई सोनी 82 वर्ष का सोमवार 5 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधा में किया गया। वे व्यास नारायण सोनी की माता, मयंक सोनी की दादी एवं विराट व हार्दिक की परदादी थी।

### श्रीमती ए. सरस्वती



**कुम्हारी**, 5 मई। वार्ड क्रमांक 15 आरटीआर बी–3, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुम्हारी निवासी श्रीमती ए. सरस्वती का आकस्मिक निधन रविवार की रात्रि 8.30 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को खारुन नदी तट के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# शालेय शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव और डीपीआई संचालक से की मुलाकात

**रायपुर,** 5 मई। शालेय शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मंत्रालय और संचालनालय में शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी और नव नियुक्त छ्क्क्ष्ठ संचालक ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने किया. मुलाकात का उद्देश्य प्रदेश में चल रहे युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया और रायपुर संभाग की लंबित पदोन्नति के मुद्दों पर चर्चा करना था।



- युक्तियुक्तकरण और पदोन्नति को लेकर की चर्चा
- सुझाव के साथ रखी मांगे

**युक्तियुक्तकरण में विसंगतियों पर जताई आपत्ति**

संगठन ने युक्तियुक्तकरण से संबंधित वर्तमान दिशा–निर्देशों और मापदंडों में पाई जा रही विसंगतियों और व्यावहारिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा. संगठन ने सुझाव दिया कि शिक्षकविहीन और एकल शिक्षक विद्यालयों में प्राथमिकता से पदस्थापन हो, जबकि पुराने सेटअप के साथ छेड़छाड़ न की जाए, जिससे शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के गुणवत्ता युक्त शिक्षाधिकार पर असर न पड़े।

**पदोन्नति को प्राथमिकता देने की मांग**

प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने रायपुर संभाग की लंबित पदोन्नतियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया और अधिकारियों से आग्रह किया कि युक्तियुक्तकरण से पहले पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की जाए. उनका कहना था कि यदि पदोन्नतियां पहले कर दी जाएं, तो कई स्थानों पर युक्तियुक्तकरण की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी. उन्होंने बताया कि अधिकारीगणों ने संगठन की बातों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, जिससे उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन पर अमल होगा.

**प्राथमिक शिक्षा पर विशेष जोर**

प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने कहा कि मौजूदा मापदंडों से प्रदेश के कई स्कूलों में अव्यवस्था फैल रही है और इससे प्राथमिक शिक्षा प्रणाली प्रभावित हो रही है. उन्होंने चेताया कि 2008 के सेटअप से हटकर यदि शिक्षकों की संख्या कम की जाती है, तो इससे बच्चों के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन होगा।

**मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन**

शालेय शिक्षक संघ ने आज की मुलाकात के दौरान माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन और सुझाव पत्र भी सौंपा है, जिसमें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को शिक्षकों और छात्रों दोनों के हित में सुधारने की मांग की गई है.

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे ये पदाधिकारी**

प्रांतीय मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सांत्वना ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# छग विवि पेंशनर्स कल्याण समिति ने कमल वर्मा के पुन: फेडरेशन के निर्विरोध संयोजक चुने जाने पर मंत्रालय जाकर दी बधाई

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपने छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति ,, के बेनर तले नया रायपुर के मंत्रालय के अधिकारी, कर्मचारी फेडरेशन के विगत दिनों हुए चुनाव में आदरणीय कमल वर्मा जी के पुन्ह फेडरेशन के निर्विरोध संयोजक चुने जाने पर मंत्रालय जाकर स्वागत करते हुए बधाई दिये। विदित हो कि कमल वर्मा के नेतृत्व में फेडरेशन नई उचाइयों छूते हुए कर्मचारीहित में निरंतर कार्य किये हैं जिसका ये सुखद परिणाम है कि वे पुन्ह फेडरेशन के निर्विरोध संयोजक बने हैं।



कमल वर्मा और उनके प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी और उनकी पूरी टीम को छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव जी ने कमल वर्मा जी और उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई और ढेरसारी शुभ कामनाएं देते हुये वर्मा जी से आग्रह किये कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन आदेश जारी कराने के लिए पहल करने का निवेदन किया गया उक्त आदेश के लिए वित्त विभाग में नस्टि विगत चार पांच माह से अटकी पड़ी है उक्त आदेश शीघ्र जारी करवायें साथ ही आप यूं ही सभी कर्मचारियों की समस्याओं को एक साथ लेकर कर्मचारीहित में निरंतर कार्य करते हुए प्रगति के नये नये सोपान तय करें ।

## सुशासन तिहार

# रायपुर ननि में 7 मई से समाधान शिविर

**रायपुर,** 5 मई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार च्च्सुशासन तिहार 2025ज्ज के तहत नगर पालिक निगम रायपुर व्यापक जनसंपर्क अभियान चला रहा है. प्रथम चरण के अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक सभी 10 जोनों में आमजन की मांगों एवं शिकायतों से संबंधित ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन प्राप्त किए गए. इसके बाद द्वितीय चरण में प्राप्त शिकायतों और मांगों का गुणवत्तापूर्ण समाधान तेजी से किया जा रहा है. अब सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण में रायपुर नगर निगम की ओर से 7 मई से सभी 10 जोनों में सार्वजनिक स्थलों पर जोनवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

समाधान शिविरों में अधिकारी आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी देंगे और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे, ताकि पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकें।

जानिए जोनवार कहां–कब लगेगा समाधान शिविर

जोन 1= 10 मई, दही हांडी मैदान, गुढ़ियारी

जोन 2=7 मई, शहीद स्मारक भवन, जीई रोड

जोन 3= 13 मई, बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर

जोन 4= 15 मई, सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम

जोन 5= 19 मई, डीडी नगर सामुदायिक भवन, सेक्टर–2

जोन 6= 20 मई, शहीद संजय यादव उच्चतर माध्यमिक शाला, टिकरापारा

जोन 7= 23 मई, पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, जीई रोड

जोन 8=27 मई, सामुदायिक भवन, भारत माता स्कूल के सामने, टाटीबंध

जोन 9= 28 मई, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कम्युनिटी हॉल, जोरा

जोन 10=30 मई, सामुदायिक भवन, गुरुद्वारा, देवपुरी।

# समाधान शिविर के पहले दिन लोगों में दिखा भारी उत्साह

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। समाधान शिविर के पहले दिन लोगों में दिखा भारी उत्साहआम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यो में तेजी लाने और जनता, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार पूरे प्रदेश में आज से सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर प्रारंभ हुआ। समाधान शिविर में समस्याओं के निराकरण होने से आमजनों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। आज बीजापुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नैमेड़ में आयोजित शिविर में सम्मिलित गांव नैमेड़, एरमनार, पेद्दाकोड़ेपाल, कैका, कडेर, दुगोली, मुसालूर, तुमनार एवं भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुटरू में कुटरू, अडावली, अम्बेली, मंगापेठा, दरभा, पेठा, उसकापटनम, करकेली, दर्रागुवाली के हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों के निराकरण के लिए उत्साहित होकर पहुंचे।

शहरी क्षेत्र में नगरपालिका बीजापुर अर्न्तगत प्राथमिक शाला भवन परिसर जेलबाड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहीद बुधराम राना वार्ड, पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड एवं बीजा हल्बा नगर वार्ड के आम नागरिक शामिल होकर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुऐ। जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी शिविरों में पहुंचकर शिविर का अवलोकन किया। ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या एवं मांगो से अवगत होकर आवेदनों का निराकरण त्वरित करने के निर्देश दिए।

## पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे आज करबला तालाब चौबे कॉलोनी में स्वामी आत्मानंद वार्ड के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत के मुख्यआतिथ्य और नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में दिनांक 6 मई 2025 मंगलवार को संध्या 4 बजे करबला तालाब चौबे कॉलोनी रायपुर में रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 38 के क्षेत्र के विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है. विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, लोक कर्म विभाग के भारसाधक सदस्य श्री दीपक जायसवाल, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद श्री आनंद अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

# समाधान शिविर में बना सुश्री इंदु साहू का लर्निंग लाइसेंस

## मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 08 अप्रैल से 30 मई तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत आज आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम रानीसागर की सुश्री इंदु साहू का चेहरा खिल उठा जब उनके हाथ में लर्निंग लाइसेंस आया। सुश्री इंदु साहू ने बताया कि ड्राईविंग लाइसेंस बनवाने के लिए समाधान शिविर आई थीं और अपना आवेदन पेश करने के कुछ ही देर बाद मुझे लर्निंग लाइसेंस प्राप्त हुआ। सुश्री साहू के हाथ में लाइसेंस आते ही उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर कल प्रातः 10 बजे मूर्ति स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की जयन्ती दिनांक 7 मई 2025 को प्रात: 10 बजे राजधानी शहर में टैगोर नगर चौक में स्थित उनके मूर्ति स्थल पर सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 6 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

### फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल-द फाइनल रेकनिंग' में स्टंट करते नजर आएंगे टॉम क्रूज

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों के सुपरस्टार टॉम क्रूज अपनी आने वाली फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल –द फाइनल रेकनिंग' में खतरनाक स्टंट करते नज़र आएंगे। टॉम क्रूज अपनी आठवीं और शायद आखिरी 'मिशन इम्पॉसिबल' फिल्म –द फाइनल रेकनिंग' में एक बार फिर एक्शन की ऊंचाइयों को छूते नज़र आएंगे। फिल्म के सबसे खतरनाक सीन में क्रूज 1940 के दशक के बाइप्लेन के पंखों से लटके और चलते हुए दिखाई देंगे, जो प्लेन साउथ अफ्रीका के ड्रैकेंसबर्ग पहाड़ों के ऊपर तेज़ी से उड़ रहा होता है। टॉम क्रूज ने फिल्म में स्टंट के बारे में बात करते हुए कहा कि मैंने बचपन में विंग-वॉकिंग की पुरानी फुटेज देखी थी और मैं इस स्टंट को करने का बचपन से सपना देख रहा था।

# पोषक तत्वों से भरपूर भिंडी, गर्मी के लिए है अच्छी

## विटामिन 'ए', 'सी' के साथ 'पोटेशियम' और 'मैग्नीशियम' जैसे खनिज तत्व



**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। हरी और लंबी-लंबी सब्जी जिसे 'लेडीज फिंगर' या भिंडी और कई जगह ओकरा भी कहते हैं न केवल स्वाद में बेहतरीन बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होती है। भिंडी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर के साथ विटामिन 'ए', 'सी' के साथ 'पोटेशियम' और 'मैग्नीशियम' जैसे खनिज तत्व के साथ एंटीऑक्सीडेंट भी पाए जाते हैं। सुपाच्य और ठंडी तासीर की वजह से यह गर्मी के मौसम के लिए बेहतरीन सब्जियों की लिस्ट में शामिल है।

गर्मियों में भिंडी बाजार में आसानी से मिल जाती है, इसलिए इस सीजन में लोग भिंडी का सेवन करते हैं। यह स्वादिष्ट होने के साथ ही सुपाच्य भी होती है। स्वाद से भरपूर भिंडी खाने से कई फायदे भी मिलते हैं। अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन (2021) में इसकी महत्ता बताई गई है। स्टडी के अनुसार, ओकरा की उत्पत्ति इथियोपिया के पास हुई थी, जहां 12वीं शताब्दी के दौरान मिस्र में इसे उगाया जाता था और उसके बाद पूरे मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में इसकी खेती होने लगी। ओकरा को ज्यादातर उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उगाया जाता है और यह एक लोकप्रिय फसल है। यह व्यापक रूप से उगाई जाने वाली खाद्य फसल है और विश्व स्तर पर अपने स्वाद के लिए जानी जाती है। भिंडी की हरी फली की आमतौर पर सब्जी बनाई जाती है, जबकि फली का अर्क सूप के साथ-साथ सॉस के कई व्यंजनों में उनकी चिपचिपाहट बढ़ाने के लिए या फिर गाढ़ा करने वाले एजेंट के रूप में भी काम करता है।

### भिंडी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बनाती है मजबूत

भिंडी के फल का एक और उल्लेखनीय प्रयोग अचार उद्योग में किया जाता है। भिंडी के सेवन से पाचनतंत्र मजबूत होता है और यह कई समस्याओं को दूर करने के साथ सेहत भी दुरुस्त रहती है। इसमें विटामिन सी, मैग्नीशियम के साथ ही कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सोडियम, फास्फोरस, कैल्शियम, आयरन, जिंक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर भिंडी की तासीर ठंडी होती है। भिंडी में प्रोटीन, विटामिन, मैग्नीशियम, फाइबर के साथ ही एंटीऑक्सीडेंट समेत अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। इसे आप किसी भी समय खा सकते हैं। भिंडी का पानी पीने से यह आपके पेट को ठंडा रखता है।

भिंडी में फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह पाचनतंत्र को मजबूत करने के साथ पेट से जुड़ी तमाम समस्याओं को भी दूर करती है। कब्ज, वात, कच्ची डकार में राहत मिलती है। पेट के साथ ही भिंडी हृदय के लिए भी फायदेमंद है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल की समस्या दूर होने के साथ ही हार्ट की सेहत दुरुस्त रहती है। यदि आपको मधुमेह की शिकायत है, तो भिंडी का सेवन जरूर करें। इसमें ग्लाइसेमिक नाम का तत्व पाया जाता है, जिसके सेवन से मधुमेह नियंत्रित होता है। भिंडी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाती है।

# ताड़ की पत्तियां पेट संबंधित समस्याओं में काफी कारगर



झनई दिल्ली, 5 मई (एजेंसियां)। ताड़ का लंबा पेड़ और उसकी हरी-हरी पत्तियां न केवल देखने में खूबसूरत लगती हैं बल्कि ये आयुर्वेद में अपनी खूबियों की वजह से खास महत्व रखती हैं। ताड़ के पेड़ का हर एक हिस्सा खूबियों से भरा है। पत्तियों हो या फिर छाल या इसका तना भी, औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है और कई बीमारियों के इलाज में इसका उपयोग किया जाता है। आइए जानते हैं ताड़ के पेड़ से जुड़ी कुछ खासियतों के बारे में।

दरअसल, ताड़ का पेड़ लंबा और सीधा होता है और इसके वृक्ष में डालियां नहीं होती हैं बल्कि इसके तने से ही पत्ते निकलते हैं। इसे कल्पवृक्ष भी कहा जाता है। देश में ताड़ के पेड़ से निकलने वाली ताड़ी बहुत लोकप्रिय होती है और इसका इस्तेमाल कई महोत्सवों में भी किया जाता है। ताड़ के पेड़ से जुड़े फायदों पर नजर डालें तो ये मूत्र और पेट संबंधित समस्याओं में काफी कारगर मानी जाती है। बताया जाता है कि ताड़ के पेड़ से निकलने वाली ताड़ी की प्रकृति ठंडी होती है, जो कि पेट के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा मूत्र संबधी रोग, आंख आना, वात और पित्त के लिए भी इसे लाभकारी माना गया है। ताड़ के पत्ते के रस को फल के साथ मिलाकर पीने से यूरिन के दौरान होने वाली जलन से भी राहत मिलती है। जानकारी के अनुसार, ताड़ के पेड़ पर पाए जाने वाले 'ताड़गोला' के भी कई फायदे हैं। ये फाइबर से भरपूर होता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज करने का काम करता है और पाचन क्रिया को भी दुरुस्त रखता है। साथ ही ये कब्ज की समस्या को दूर करने में कारगर माना जाता है। इसके अलावा ताड़ की पत्तियों और छाल को भी काफी उपयोगी माना गया है। ताड़ के पत्तों का रस और काढ़ा, छाल का चूर्ण बनाकर भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर आंखों के आसपास के हिस्से में इंफेक्शन या खुजली की दिक्कत होती है तो ताड़ की पत्ती का रस इसके लिए कारगर होता है। साथ ही पत्तों के रस का सेवन काढ़े के रूप में करने से लीवर संबंधी बीमारियों से बचाव होता है और ताड़ की छाल का चूर्ण भी लीवर के लिए फायदेमंद माना जाता है। ताड़ को टाइफाइड की वजह से आने वाले बुखार में भी उपयोगी माना गया है।

# भारतीय सिनेमा में पुरुषों का दबदबा बहुत ज्यादा : सामंथा रुथ प्रभु

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। भारतीय सिनेमा की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माता के तौर पर भी काम कर रही हैं। इस लिस्ट में सामंथा रुथ प्रभु का नाम भी शामिल है। वह अपने प्रोडक्शन हाउस त्रालाला मूविंग पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म 'शुभम' को लेकर काफी चर्चा में हैं।



एक्ट्रेस ने कहा कि भारतीय सिनेमा में महिलाओं की आवाज और कहानियों को मंच देने की जरूरत है।

एक प्रोड्यूसर के रूप में ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो महिलाओं के दृष्टिकोण को गहराई से समझें, तो उन्होंने जवाब दिया कि एक महिला होने के नाते मेरी पहचान मेरे काम के हर पहलू में दिखेगी, खासकर फिल्मों को चुनते या बनाते समय। यह मेरे लिए गर्व की बात है। मैं ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित होती हूं जो महिलाओं को सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि एक गहराई से भरा इंसान दिखाएं। सामंथा ने कहा कि मुझे लगता है हमारी फिल्म इंडस्ट्री को महिलाओं के नजरिए की ज्यादा जरूरत है। फिल्मों में महिलाओं की सोच, अनुभव और दृष्टिकोण को ज्यादा जगह मिलनी चाहिए। अभी भी इंडस्ट्री में पुरुषों का दबदबा बहुत ज्यादा है। मैं यह बात नकारात्मक रूप में नहीं कह रही हूं, बल्कि बस एक सच्चाई को सामने रख रही हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ज्यादा महिला फिल्म निर्माताओं और कहानीकारों को आगे आने की जरूरत है।

एक्ट्रेस ने कहा कि यह याद रखना जरूरी है कि महिलाएं दुनिया की आधी आबादी हैं, इसलिए हमें और महिला प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और रचनात्मक लोग चाहिए, जो अपनी आवाज और अनुभव सामने ला सकें। सामंथा ने कहा कि वह ऐसे प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहती हैं जो आधुनिक महिलाओं से जुड़ी हों, जो आज की महिलाओं के संघर्ष, स्वतंत्रता और जज्बातों को सच्चाई और गहराई से दिखाएं। सामंथा की फिल्म 'शुभम' एक हॉरर कॉमेडी मूवी है, जो एक छोटे से गांव की कहानी दिखाती है। मेकर्स फिल्म का ट्रेलर जारी कर चुके हैं। ट्रेलर की शुरुआत तीन पतियों से होती है, जो पत्नियों को काबू करने की बात करते हैं। इसके बाद नए नवेले शादीशुदा जोड़े का सीन दिखाया जाता है, जहां दूल्हा पहले तो शांत और सौम्य लगता है, लेकिन अचानक दुल्हन पर अकड़ दिखाने लगता है। दुल्हन चुपचाप उसकी बातें सुनती है।

कहानी में ट्विस्ट आता है, जब दुल्हन एक टीवी सीरियल में पूरी तरह से डूब जाती है। इस सीरियल के पीछे पूरे गांव की औरतों में अजीब सी ताकत आती है। रात के 9 बजते ही अगर कोई उन्हें सीरियल देखने से मना करता या सीरियल के बारे में कुछ गलत कहता, तो उन्हें उनका डरावना अंदाज देखने को मिलता। इससे गांव के सभी पुरुषों में डर का माहौल है।

ट्रेलर में सामंथा को भूत भगाने वाली तांत्रिक के रूप में दिखाया गया है। शुभम में हर्षित रेड्डी, गविरेड्डी श्रीनिवास, चारण पेरी, श्रिया कोंथम, श्रवणी लक्ष्मी, शालिनी कोंडेपुडी, वाम्शीधर गौड़ समेत कई कलाकार अहम किरदार में हैं।

# काली मिर्च, गठिया, हृदय रोग जैसी बीमारियों में फायदेमंद

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। काली मिर्च को 'मसालों का राजा' भी कहा जाता है। यह न केवल खाने का स्वाद बढ़ाने वाले मसाले के तौर पर उपयोग में लाई जाती है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। काली मिर्च का उपयोग हजारों वर्षों से आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों में किया जाता रहा है, और अब इसके वैज्ञानिक प्रमाण भी सामने आ चुके हैं। काली मिर्च के प्रमुख फायदे पाचन तंत्र से लेकर इम्यूनिटी, नींद, त्वचा, बालों, वजन नियंत्रण और शुगर कंट्रोल तक होते हैं। पाचन के लिए काली मिर्च एक बेहतरीन उपाय मानी जाती है।



- त्वचा, बालों, वजन नियंत्रण करने में बेहतरीन उपाय
- सोने से पहले काली मिर्च का सेवन गैस और अपच जैसी समस्याओं से राहत पहुंचाता है

आयुर्वेद में इसे पाचन अग्नि को बढ़ाने के रूप में जाना जाता है। काली मिर्च पाचन प्रक्रिया को तेज करती है और शरीर से गैस, अपच, और पेट की अन्य समस्याओं को दूर करने में मदद करती है। सोने से पहले काली मिर्च का सेवन गैस और अपच जैसी समस्याओं से राहत दे सकता है, और यह पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। आयुर्वेद में काली मिर्च को एक अद्भुत औषधि माना जाता है, जो न केवल शरीर को ताकत देती है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है। इसके अलावा, यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी मदद करती है। काली मिर्च के एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर के अंदर जमा हुए फ्री रेडिकल्स से लड़ने में सहायक होते हैं, जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं। इसके अलावा, काली मिर्च के सेवन से सूजन कम करने में भी मदद मिलती है और यह गठिया, हृदय रोग, मधुमेह, और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकती है।

काली मिर्च में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। यह सर्दी, खांसी, और जुकाम जैसी समस्याओं से बचाव करने में सहायक है, क्योंकि इसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करने की क्षमता होती है। इसके अलावा, काली मिर्च का सेवन नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। यदि आप नींद की समस्या से परेशान हैं, तो काली मिर्च का सेवन शरीर को आराम देने और अच्छी नींद के लिए प्रेरित करने का काम करता है। वजन घटाने के लिए भी काली मिर्च बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करती है और शरीर की फैट बर्निंग प्रक्रिया को बढ़ावा देती है। काली मिर्च का नियमित सेवन बालों को भी मजबूत और स्वस्थ बनाता है।

काली मिर्च के स्वास्थ्य लाभों में एक और महत्वपूर्ण पहलू है कि यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करती है, और यह शरीर की इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाती है।

# बॉलीवुड की 'शेट्टी सिस्टर्स' ने चैलेंज किया स्वीकार

**मुंबई,** 5 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड की शेट्टी सिस्टर्स यानी शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और शमिता शेट्टी आए दिन एक-दूसरे पर प्यार बरसाती रहती हैं। वे सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। इन दिनों दोनों बहनों पर चैलेंज का बुखार चढ़ा है। शिल्पा और शमिता ने

### इंस्टाग्राम पर दिया फिटनेस का सबूत

अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर की हैं, जिसमें दोनों एक चैलेंज को पूरा करती नजर आ रही हैं। बात करें पहले शिल्पा शेट्टी की तो, एक्ट्रेस जिम में बॉल के साथ खेलती नजर आ रही हैं। यह खेल ही चैलेंज है। जो दिखने में तो आसान है, लेकिन बहुत मुश्किल है। शिल्पा पुशअप पोजिशन में हैं। वह एक हाथ से बॉल को उछालती हैं, और दूसरे हाथ से तेजी से कैच करती हैं। इस दौरान वह उसी पोजिशन में बनी रहती हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि बॉल ड्रॉप चैलेंज... इसे शुरू करते हैं। यह चैलेंज आपके पेट और कमर की ताकत, कंधों की मजबूती, आंखों और हाथों के बीच तालमेल और आपकी प्रतिक्रिया के समय आदि का टेस्ट लेता है। अब बारी तुम्हारी है! देखो तुम कितनी देर तक गेंद को बिना गिराए और खुद को बैलेंस रखकर




पकड़ सकते हो? बता दें कि बॉल ड्रॉप चैलेंज का मतलब एक ऐसे फिजिकल चैलेंज से है, जिसमें कोई व्यक्ति गेंद को बार-बार गिराता है और अपनी पोजिशन से हिले बिना उसे तेजी से पकड़ना होता है। वहीं शमिता शेट्टी ने भी चैलेंज को पूरा करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनके मजबूत ट्राइसेप्स दिख रहे हैं। दरअसल, यह चैलेंज भी बॉल ड्रॉप चैलेंज के जैसा ही है। इसमें प्लेट को छोड़ना और तेजी के साथ पकड़ना होता है। इस चैलेंज को पूरा करते हुए शमिता ने कैप्शन में लिखा- 'मैंने कर दिखाया! चैलेंज एक्सेप्टेड।'

# रणथम्भौर में शावक के सामने भालू ने छोड़ा मैदान

**भरतपुर,** 5 मई (एजेंसियां)। राजस्थान में सवाईमाधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिजर्व क्षेत्र त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर पिछले कई दिनों से अपनी उपस्थिति दर्ज करा श्रद्धालुओं में दहशत पैदा करने बाले बाघिन रिद्धि का शावक सोमवार को एक भालू के साथ दो-दो हाथ करता नजर आया।

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार बाघ अभयारण्य में जोन-दो के झालरा वन क्षेत्र का यह अनूठा दुर्लभ नजारा पर्यटकों के लिए यादगार लम्हा बन गया जिसे देखकर वे रोमांचित हो उठे।

वन विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि झालरा वन क्षेत्र में बाघिन रिद्धि के दोनों नर शावक देखे गए थे। इसी दौरान एक शावक का सामना भालू से हो गया। अपने सामने भालू को पाकर शावक आक्रामक हो गया। जैसे ही शावक हमलावर होकर भालू के पीछे दौड़ा तो भालू भी प्रतिरोध करने के लिए शावक के सामने खड़ा हो गया। जिसके बाद शावक कुछ देर के लिए रूक गया। इस दौरान भालू और शावक एक दूसरे को देखते रहे। जिसके बाद शावक भालू के सामने ही बैठ गया। शावक को अपने सामने बैठा देखकर भालू को अपने कदम पीछे खींचने पड़े और भालू वहां से भाग खड़ा हुआ।

इस दौरान यहां मौजूद पर्यटकों ने इस पूरे वाकया को अपनै कैमरे में कैद कर लिया। वहीं मामले को लेकर वन्यजीव विशेषज्ञ का कहना है कि ऐसे वाकया कम ही देखने को मिलते हैं जब भालू और बाघ आमने सामने होते हैं।

'भारत स्टार्टअप यात्रा' में आपका स्वागत

# 'जहां विचार हाईवे पर चलते हैं और सपने इंजन को ईंधन देते हैं'

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। छोटे शहरों में भी नवाचार केंद्रों की चमक में एक शांत क्रांति हो रही है। फिल्म निर्माता और अभिनेता शशि वर्मा की नई निर्देशकीय प्रोजेक्ट 'भारत स्टार्टअप यात्रा' देश के अगले बड़े परिवर्तन को लेकर एक बड़ा सिनेमाई अभियान है। सिर्फ जगहों का दस्तावेजीकरण करने के बजाय, यह श्रृंखला देश भर में फैले नवाचार और उद्यमिता की भावना में गहराई से उतरती है, महत्वाकांक्षा और बदलाव की शक्तिशाली कहानियों को कैद करती है। शशि वर्मा ने कहा कि मैंने अपना करियर कैमरे को फेस करने के साथ शुरू किया, लेकिन यात्रा के दौरान कहीं न कहीं, मैं इसके पीछे जुनूनी हो गया कि असल में कैमरे के पीछे क्या होता है। खास कर तब जब कहानियां वास्तविकता पर आधारित हों और इस देश की मिट्टी से उपजी हों।





भारत स्टार्टअप यात्रा आम कहानियों से अलग कुछ बेहद जरूरी को दिखाती है। यह कहानी भारत के चेंजमेकर्स की स्पिरिट को बताती है। धूल भरी गलियों से लेकर चहल-पहल वाले को-वर्किंग स्पेस तक, टियर-2 शहरों से लेकर उभरते टेक हब तक, यह सीरीज भविष्य का निर्माण करने वाले युवा दूरदर्शी लोगों को ट्रैक करती है। इस सीरीज को अलग-अलग शैलियों का मिश्रण वास्तव में अलग बनाता है। यह डॉक्यूमेंट्री, इकोनॉमिक एक्सप्लोरेशन और ह्यूमन ड्रामा के साथ एक 100 प्रतिशत ऑथेंटिक सीरीज है। वर्मा की निर्देशन से जुड़ी अप्रोच इमोशनल ट्रूथ और सिनेमैटिक इंटीमेसी पर आधारित है। यह उन संस्थापकों के जीवन के उतार-चढ़ाव को दर्शाता है, जिनके इनोवेशन बोर्डरूम से नहीं बल्कि बैकयार्ड और गलियों से शुरू होते हैं।

वर्मा ने कहा कि यह मेरे लिए बेहद खास प्रोजेक्ट है। इसमें कोई स्क्रिप्ट और रीटेक नहीं है। यह असली लोगों, सच्ची भावनाओं से जुड़ी कहानियां हैं, जिसमें कई ऐसे मोमेंट्स हैं, जो आपको आश्चर्यचकित कर देंगे। इस सीरीज के लिए शोध और लेखन का नेतृत्व पूर्व पत्रकार निशात शमशी ने किया है, जो कहानियों में गहराई और पत्रकारिता की क्वालिटीज शामिल करते हैं। सफल अभिनेता और लेखक चंदन आनंद क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में शामिल हुए हैं, जो यात्रा को एक मजबूत दृश्य और भावनात्मक पहचान प्रदान करते हैं। वर्मा के साथ पत्रकार ऋचा अनिरुद्ध भी शामिल हुई हैं।

# कोविड के बाद अस्थमा के मामले बढ़े, अस्पतालों में पहुंच रहे हैं मरीज

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। कोरोना वायरस ने लोगों की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करके अस्थमा को और घातक बनाने का कार्य किया है। इन्हीं चीजों को ध्यान में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन अस्थमा दिवस पर 2025 पर लोगों को जागरूक कर रहा है और इस रोग के समुचित उपचार की आवश्यकता पर जोर दे रहा है। विश्व अस्थमा दिवस मई महीने के पहले मंगलवार को मनाया जाता है। इस वर्ष यह 6 मई को मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम है सभी के लिए इनहेल्ड उपचार सुलभ बनाएं। फोर्टिस ग्रेटर नोएडा के पल्मोनोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वह प्रतिदिन लगभग 15 से 20 अस्थमा से पीड़ित मरीजों का उपचार करते हैं। इनमें बच्चे और युवा दोनों ही बराबर संख्या में होते हैं। पिछले तीन वर्षों में बच्चों में अस्थमा के मामले बढ़े हैं। कोविड के बाद कई ऐसे मरीज सामने आए हैं, जिन्हें पहले हल्के एलर्जी के लक्षण होते थे, लेकिन अब उनमें अस्थमा के अटैक की फ्रीक्वेंसी और तीव्रता बढ़ गई है। वहीं अगर अस्थमा के प्रमुख कारणों की बात करें तो ठंडी हवा, धूल, परागकण और प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय कारक इसके मुख्य ट्रिगर हैं।

### बच्चों को भी अपनी जद में ले रहा है अस्थमा



गर्मी का मौसम आमतौर पर राहत देने वाला होता है लेकिन गेहूं की कटाई के समय वातावरण में परागकण की मात्रा बढ़ जाने से लक्षण बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि मास्क पहनना और घर में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करना पर्यावरणीय ट्रिगर्स से बचाव में मददगार साबित होता है। अस्थमा के उपचार को लेकर आमजन में विभिन्न मत हैं, लेकिन अस्थमा का सबसे सुरक्षित और असरदार इलाज इनहेल्ड स्टेरॉयड ही है। अस्थमा एक क्रॉनिक रोग है, जैसे मधुमेह या उच्च रक्तचाप। इनहेलर दवा को सीधे फेफड़ों तक पहुंचाते हैं और इनके लंबे समय तक उपयोग से कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होते, जबकि ओरल स्टेरॉयड से कई समस्याएं हो सकती हैं। समाज में अस्थमा को लेकर जागरूकता और सही जानकारी बेहद जरूरी है। बच्चों के माता-पिता को यह समझना होगा कि इलाज का उद्देश्य इनहेलर बंद करना नहीं, बल्कि बच्चे को लक्षणों से मुक्त और पूर्णतः सक्रिय रखना है।

# घुटनों में असहनीय दर्द के बाद भी नहीं मानी हार

**मुंबई,** 5 मई (एजेंसियां)। साउथ इंडस्ट्री और हिंदी फिल्मों में अपने मजबूत किरदारों से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रितिका सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी 'फैट-टू-फिट' जर्नी दिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपने घुटनों की चोट के बावजूद वजन घटाया और फिर से पुरानी फिगर हासिल की। रितिका सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसकी शुरुआत में उन्होंने बताया कि उनका वजन बढ़ गया था और वह 72 किलो तक पहुंच गई थीं। इसके बाद वीडियो में उन्होंने दिखाया कि कैसे उन्होंने वर्कआउट करके, मेहनत और लगन से अपना वजन घटाया और



### रितिका सिंह की ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी देख सब हैरान

फिर से फिट शेप में वापस लौट आईं। वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा कि पिछले तीन महीने मेरे लिए बेहद बदलाव भरे रहे। सिर्फ इसलिए नहीं कि मेरा वजन बहुत बढ़ गया था, बल्कि इसलिए भी कि मेरे घुटनों की पुरानी चोटें और दर्द देने लगी थीं। दर्द इतना ज्यादा था कि मैं ठीक से चल भी नहीं पा रही थी, किक मारना या डांस करना भी मुश्किल हो गया था। तभी मैंने आईने में खुद को देखा और खुद से कहा कि 'बस बहुत हो गया, अब खुद को पूरी तरह बदलने का वक्त आ गया है।' इस दौरान सामने आई चुनौतियों के बारे में बताते हुए उन्होंने आगे लिखा कि मैंने अपनी लाइफस्टाइल में कई बड़े बदलाव किए, जैसे डाइट, एक्सरसाइज, और रूटीन में सुधार किया... लेकिन मेरे लिए सबसे बड़ा बदलाव कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना था, जो अक्सर छोटी और बेकार लगती हैं।

रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सिख दंगा: राहुल की स्वीकारोक्ति

देश का मौजूदा दौर नेतृत्व द्वारा अपने उत्तरदायित्वों से बचने और दूसरों पर दोष मढ़ने का है। 2014 से प्रारम्भ हुआ यह कालखंड ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा हुआ है जिनमें नेतृत्व जिम्मेदारी से भागता नज़र आता है। भारतीय जनता पार्टी की जिस सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, उसमें चाहे खुद मोदी हों अथवा उनकी पार्टी या सरकार- हर तरह के उत्तरदायित्वों से पीछा छुड़ाती नज़र आती है। नोटबन्दी से लेकर किसान कानून हों जिनके कारण अनेक मौतें हुई हों अथवा मणिपुर की त्रासदी, सुरक्षा में चूक के चलते पुलवामा की घटना हो या पिछले माह की पहलगाम की आतंकी घटनाएं- मोदी का किसी भी मामले में जिम्मेदारी लेना तो दूर, उनका कोई सादा सा बयान तक नहीं आता। जहां किसी प्रदेश के विधानसभा में पार्टी की चुनावी हार हो जाये तो स्टार प्रचारक होने के नाते ही सही- उन्हें अपनी भूमिका को ठीक से न निभाने के लिये न तो खेद प्रकट करते देखा गया और न ही हार का जिम्मेदार खुद को बताते पाया गया। निजी तौर पर उनकी गलत बयानी, सायास तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने की चालाकी सामने आने के बाद भी वे न तो अपनी चूक को स्वीकारेंगे, न ही ऐसी गलती दोहराने से बचने का संकल्प जतायेंगे।

ऐसे दौर में राहुल गांधी 1984 के उन सिख दंगों की जिम्मेदारी सार्वजनिक रूप से लेते हैं, जब वे मात्र 14 साल के थे। उल्लेखनीय है कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार से नाराज़ इंदिरा गांधी के सिख सुरक्षाकर्मियों ने जब इस फैसले के लिए उन्हें गोलियों से भून दिया था, तब देश भर में सिखों के खिलाफ़ दंगे भड़क उठे थे। खासकर, दिल्ली में बड़े पैमाने पर सिखों का कत्ल हुआ था जिसका घाव अब भी भारत के सीने पर है और सिख स्वाभाविकत: आज भी उस घटनाक्रम से नाराज़ हैं। इन दंगों में अनेक कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की संलिप्तता पायी गयी। अनेक नेता दोषी भी पाये गये। जगदीश टाइटलर और सज्जन कुमार उनमें बड़े नाम थे जिन्हें अति सुस्त ही सही, पर एक निर्धारित न्यायिक प्रक्रिया के तहत दोषी भी साबित किया गया है। बड़ी तादाद में लोगों के खिलाफ़ मुकदमे चलाये गये हैं।

पिछले माह जब राहुल अमेरिका के दौरे पर गये थे, तब उन्होंने ब्राउन विश्वविद्यालय के वाटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में भाषण दिया था। एक सिख छात्र ने उनके पहले के एक भाषण का हवाला देते हुए कहा कि 'आप सिखों में डर पैदा करना चाहते हैं।' याद हो कि राहुल ने विदेशी दौरे में ही एक भाषण में कहा था कि 'सिखों को कड़ा पहनने या केश धारण करने या गुरुद्वारे जाने से भी रोका जा सकता है।' दरअसल राहुल का मंतव्य देश में अल्पसंख्यकों की धार्मिक आजादी को भाजपा सरकार की ओर से खतरे से था। सिख युवक ने कहा कि, 'वे (सिख) न केवल कड़ा धारण करना चाहते हैं, न केवल केश रखना चाहते हैं वरन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहते हैं।' इसी सिलसिले में उस युवक ने जब सिखों के खिलाफ़ भड़के दंगों का मुद्दा उठाया तो राहुल ने साफ़गोई से कहा कि 'वैसे वे उस दौरान नहीं थे, परन्तु वे दंगों पर उनकी पार्टी की गलतियों को अपने सिर पर लेने के लिये सहर्ष तैयार हैं।' इतना ही नहीं, उन्होंने कहा- 'कांग्रेस द्वारा इतिहास में जो भी गलतियां की गयी हैं, उन सभी की वे जिम्मेदार लेते हैं।'

यह वीडियो अब वायरल हुआ है, जिसमें सिखों के प्रति ही नहीं, वरन अल्पसंख्यकों के प्रति भी राहुल का दृष्टिकोण तथा पार्टी की तत्सम्बन्धी गलतियों को लेकर उनकी स्वीकारोक्ति जाहिर हुई है। युवक ने आरोप लगाया कि 'आप भाजपा के नाम से सिखों को डरा रहे हैं जबकि आप कहते हैं कि राजनीति में निडरता होनी चाहिये। यदि ऐसा रहा तो पंजाब में भी भाजपा आ जायेगी। हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहते हैं जो कांग्रेस के शासनकाल में नहीं थी।' उक्त युवक की बात में आनंदपुर साहिब प्रस्ताव, सिख दंगों के दोषी सज्जन कुमार आदि का भी उल्लेख था। उस युवक ने जब पूछा कि 'क्या अतीत में उनकी पार्टी में परिपक्वता का अभाव था', तो राहुल ने कहा कि 'अतीत में कांग्रेस द्वारा जो भी गलतियां हुई हैं, वे सभी की सहर्ष जिम्मेदारी लेते हैं।'

यह बात तो तय है कि इस वीडियो का राजनीतिक लाभ लेने की पूरी कोशिश भाजपा और उनका आईटी सेल करेगा, जिसकी शुरुआत भी हो चुकी है। इसे लेकर भाजपा-संघ किस प्रकार से हमलावर होते हैं और उनका बचाव कांग्रेस किस प्रकार से करेगी, यह तो आगे चलकर देखने की बात है; लेकिन इस बयान के बाद बतौर नेता राहुल नयी ऊंचाइयों को छूते दिख रहे हैं। आधुनिक प्रबन्धन भी कहता है कि असली नेता वह होता है, जो अपने संगठन की गलतियों, खामियों या नाकामियों को भी अपने सिर पर ले। यहां इस बात का स्मरण दिलाना समीचीन होगा कि 2019 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया था। फर्क यह है कि तब वे कांग्रेस के बाकायदा अध्यक्ष थे जबकि सिखों के खिलाफ़ हुए दंगों के वक्त वे एक किशोर थे जो राजनीति में तब आये भी नहीं थे। फिर भी वे इसकी जिम्मेदारी स्वीकार कर उदाहरण तो पेश कर ही रहे हैं। अब देखना यह है कि इस मुद्दे पर हंगामा करने वाले कम से कम अपनी गलतियों को कब स्वीकारेंगे?

# जाति गणना पर संघ-भाजपा की पल्टी

आखिरकार, नरेंद्र मोदी की सरकार ने जाति जनगणना कराने का एलान कर दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के ताजातरीन फैसले के अनुसार, आने वाली आम जनगणना के साथ जाति गणना भी करायी जाएगी। लेकिन, यह आम जनगणना कब करायी जाएगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। जनगणना सामान्य रूप से 2020-21 में होनी थी, लेकिन कोविड के नाम पर एक बार उसके टाले जाने का सिलसिला शुरू हुआ, तो अब तक उसका टाला जाना बदस्तूर जारी ही है और 2025 तक तो उसने थमने का नाम नहीं लिया है। बहरहाल, केंद्र सरकार के जाति जनगणना संबंधी निर्णय की घोषणा के कुछ ही बाद में, दक्षिण भारत से एक केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा मीडिया को दी गयी जानकारी के अनुसार, 2026 में जनगणना करायी जा सकती है।

याद रहे संसदीय व विधानसभाई सीटों के परिसीमन पर लगी 25 साल की रोक की मियाद भी 2026 में ही खत्म हो रही है और इस प्रकार, पहले जनगणना होगी और उसके बाद परिसीमन का काम आगे बढ़ाया जाएगा, जैसाकि परिसीमन पर रोक से संबंधित कानून का प्रावधान भी है। सभी जानते हैं कि दक्षिण भारत के राज्यों के लोकसभा में प्रतिनिधित्व के आनुपातिक रूप से घटने की आशंकाओं के मद्देनजर, लोकसभाई सीटों का परिसीमन पहले ही गंभीर रूप से विवादित हो चुका है, लेकिन हम यहां इस विवाद के विस्तार में नहीं जाएंगे। पर यहां हम यह जरूर ध्यान दिलाना चाहेंगे कि महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण के कानून का पालन, आने वाले परिसीमन के साथ जुड़ा हुआ है, जो जनगणना के बाद होना है। यानी अगली जनगणना के साथ परिसीमन तथा महिला आरक्षण जुड़े होने के कारण, इस जनगणना का पहले ही विशेष महत्व था। बहरहाल, आजादी के बाद पहली जातिगत गणना के नाते, इस जनगणना का महत्व और भी ज्यादा हो जाएगा।

हैरानी की बात नहीं है कि अचानक नरेंद्र मोदी सरकार के जातिगत गणना कराने के फैसले से अनेक सवाल उठ खड़े हुए हैं। बेशक, कैबिनेट के उक्त निर्णय की घोषणा करते हुए, अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले का भी आम तौर पर विपक्ष तथा खासतौर पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर हमले के हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश की। इस मुद्दे पर सत्ताधारी संघ-भाजपा के हमले का मुख्य स्वर तय करते हुए, वैष्णव ने दावा किया कि कांग्रेस शुरू से जातिगणना के खिलाफ रही है, कि जवाहरलाल नेहरू आरक्षण के खिलाफ थे, आदि, आदि। मकसद यह छवि बनाने का था कि संघ-भाजपा तो हमेशा से जातिगणना के पक्ष में थे। लेकिन, इस तरह की झूठी छवि निर्मित करने की कोशिशें तथा इसके लिए किए जाने वाले झूठे-सच्चे दावे अपनी जगह, यह सचाई किसी से छुपी हुई नहीं है कि पिछले आम चुनाव के समय तक, संघ-भाजपा की ओर से जातिगणना का बाकायदा विरोध किया जा रहा था।

यह संयोग ही नहीं है कि इस दौरान एक बार फिर से वाइरल हो गयी, चुनाव के दौर के ही एक मीडिया साक्षात्कार की क्लिप में प्रधानमंत्री मोदी, जाति गणना की खासतौर पर कांग्रेस की मांग को ''नक्सलवादी सोच'' का हिस्सा बताकर खारिज करते नजर आते हैं। 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान ही पहले मुख्यमंत्री, आदित्यनाथ द्वारा दिया गया ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का नारा और खुद प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मामूली ''सुधार'' कर, इस नारे को ''एक हैं तो सेफ हैं'' में तब्दील किया जाना, जातिगणना की मांग को न सिर्फ ''विभाजनकारी'' करार देकर खारिज करता था बल्कि उसे विशेष रूप से हिंदुओं को बांटने का षडयंत्र बताकर, इस पूरे प्रश्न का सांप्रदायीकरण करने की भी कोशिश करता था।

स्वाभाविक रूप से यह सवाल पूछा जा रहा है कि जाति गणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा की इस पल्टी या हृदय परिवर्तन की वजह क्या है? इस प्रश्न का एक तात्कालिक जवाब तो, इस फैसले की टाइमिंग को लेकर ही दिया जा रहा है। बहुतों को लगता है कि यह संयोग ही नहीं है कि यह फैसला, आम तौर पर पहलगाम के आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में और



राजेन्द्र शर्मा

यह संयोग ही नहीं है कि इस दौरान एक बार फिर से वाइरल हो गयी, चुनाव के दौर के ही एक मीडिया साक्षात्कार की क्लिप में प्रधानमंत्री मोदी, जाति गणना की खासतौर पर कांग्रेस की मांग को ''नक्सलवादी सोच'' का हिस्सा बताकर खारिज करते नजर आते हैं। 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान ही पहले मुख्यमंत्री, आदित्यनाथ द्वारा दिया गया ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का नारा और खुद प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मामूली ''सुधार'' कर, इस नारे को ''एक हैं तो सेफ हैं'' में तब्दील किया जाना, जातिगणना की मांग को न सिर्फ ''विभाजनकारी'' करार देकर खारिज करता था बल्कि उसे विशेष रूप से हिंदुओं को बांटने का षडयंत्र बताकर, इस पूरे प्रश्न का सांप्रदायीकरण करने की भी कोशिश करता था।

खासतौर पर तब आया है, जब आतंकवादियों को ''मिट्टी में मिला देने'' के बड़े बोलों के बावजूद, मोदी सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कुछ कूटनीतिक आक्रामकता दिखाने वाले कदमों के खिलाफ, कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पायी थी। दूसरी ओर, एक हफ्ते से ज्यादा हो जाने के बावजूद, पहलगाम की विभीषिका रचने वालों की निशानदेही करने तथा उन्हें सजा देने के मामले में भी उसे कोई कामयाबी नहीं मिली थी।

उल्टे हताशा में कश्मीर में रक्षाबलों द्वारा उठाए गए दमनकारी कदमों ने, खासतौर पर कथित संदिग्ध आतंकवादियों के घर के बमों से उड़ाए जाने तथा नौजवानों की अंधाधुंध गिरफ्तारियों ने तथा रहस्यमय मौतों ने, पहलगाम में आतंकवादियों की दरिंदगी के खिलाफ कश्मीरी जनता के स्वत:स्फूर्त विरोध को धक्का देने का ही काम किया था। न सिर्फ उमर अब्दुल्ला की चुनी हुई राज्य सरकार के आग्रह पर, जिसे केंद्र शासित क्षेत्र होने के नाते, राज्य पुलिस तक सुरक्षा के समूचे तंत्र के मामले में रत्तीभर दखल हासिल नहीं है, कथित आतंकवादियों के घर बम से उड़ाना रोकना पड़ा है बल्कि बहुत बड़े पैमाने पर न सही, फिर भी आम कश्मीरियों को घाटी में सुरक्षा बलों की ज्यादतियों के खिलाफ, सड़कों पर भी उतरना पड़ा था।

इस समूची पृष्ठभूमि में अचानक आया जाति गणना का फैसला, मुश्किल सवालों और आलोचनात्मक स्वरों से, मोदी सरकार का और सबसे बढ़कर मोदी की छवि का बचाव करने की कोशिश नजर आता है। एक पूरी तरह से भिन्न मुद्दे को उछाल देने के जरिए ध्यान बंटाने की यह कोशिश इसलिए और भी जरूरी हो गयी है कि संघ-भाजपा के सारे प्रचार के बावजूद, सारी रोकथाम के बावजूद निकल कर आ रहे तथ्यों से यह आम धारणा ज्यादा से ज्यादा पुख्ता होती जा रही है कि पहलगाम की 26 मौतों के पीछे, एक बड़ी सुरक्षा चूक थी। ताजातरीन खबरों के अनुसार, पहलगाम की घटना से पहले सुरक्षा तंत्र के पास इसकी खुफिया जानकारी पहुंच चुकी थी कि इस बार आतंकवादी, पर्यटकों को निशाना बना सकते थे। इसी खुफिया जानकारी के आधार पर, श्रीनगर के आस-पास के इलाकों में पर्यटकों के होटलों को केंद्र बनाकर, आतंकवादी तत्वों की खोज, छानबीन के लिए छापेमारी वगैरह भी की गयी थी। लेकिन, इस कार्रवाई में कुछ हासिल नहीं हुआ। और जिस रोज, करीब पंद्रह दिन की यह छापामारी खत्म की गयी, उसी रोज पहलगाम में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। उससे पहले बैसरन घाटी से किसी भी प्रकार की सुरक्षा बलों की उपस्थिति हटायी जा चुकी थी। इस गंभीर विफलता ने, मोदी सरकार के आतंकवाद की कमर तोड़ देने, आतंकवाद के अंतिम सांसें ले रहे होने आदि के दावों की जिस तरह धज्जियां उड़ा दी हैं, किसी नाटकीय सैन्य कार्रवाई के अभाव में उसकी चोट को, कोई अन्य नाटकीय कदम ही सहनीय बना सकता था। जाति गणना की घोषणा बखूबी यह भूमिका निभा सकती है।

पहलगाम की विभीषिका की पृष्ठभूमि से जरा सा पीछे जाकर देखें तो, जाति गणना की घोषणा वक्फ संशोधन कानून की पृष्ठभूमि में दिखाई देती है। यह तो किसी से छुपा हुआ नहीं है कि वक्फ कानून के पीछे मोदी सरकार और सत्ताधारी संघ-भाजपा के किस तरह के मुस्लिम-विरोधी मंतव्य रहे हैं। वास्तव में उनके निशाने पर तमाम अल्पसंख्यक हैं और यह तब साफ हो गया जब वक्फ कानून बनने के फौरन बाद, आरएसएस के मुखपत्र आर्गनाइजर के वैब संस्करण में एक लेख प्रकाशित किया गया कि 'वक्फ से भी ज्यादा संपत्तियां ईसाई चर्चों के पास हैं।' बेशक, ज्यादा शोर मचने पर इस लेख को हटा लिया गया, लेकिन संघ-भाजपा की मंशा साफ हो गयी कि उनके राज की मंशा, अल्पसंख्यकों के हाथों से उनकी संपत्तियों को छीनने की है। इसी सब की पृष्ठभूमि में नये वक्फ कानून को जनता के स्तर पर और राजनीतिक स्तर पर भी व्यापक पैमाने पर विरोध हो रहा था। इस विरोध को दबाने के लिए संघ-भाजपा ने मुद्दे के सांप्रदायीकरण के हथियार का सहारा लेने की कोशिश की, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन भी आम तौर पर कानून के दायरे में ही बने रहे। इसी बीच, नये वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की आरंभिक प्रतिक्रिया ने और खासतौर पर अदालत के विशेष रूप से समस्यापूर्ण तथा मनमाने संशोधनों पर व्यवहार में रोक लगाए जाने ने, इस अन्यायपूर्ण कानून के विरोध को एक नया बल प्रदान कर दिया। संघ-भाजपा सरकार की इस विफलता की ओर से ध्यान बंटाने के लिए भी, जाति गणना का दांव चला गया है।

लेकिन, इस सबसे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है, जाति गणना के तर्क की अपनी ताकत। 2024 के आम चुनाव में, जब इंडिया गठबंधन के रूप में विपक्ष द्वारा जोर-शोर से जाति गणना की मांग उठायी जा रही थी, संघ-भाजपा ने इस मांग के खिलाफ अपनी सारी ताकत झोंककर देख लिया था। प्रधानमंत्री ने तो बाकायदा एक संघमार्का सिद्धांत भी गढ़ने की कोशिश की थी; वह तो चार जातियां ही मानते हैं-किसान, युवा, महिला, गरीब। लेकिन, चुनाव के नतीजे आए तो चार सौ पार के सपने देख रही मोदीशाही दो सौ चालीस के आंकड़े पर ही सिकुड़ कर रह गयी। बेशक, उसके बाद से हरियाणा, महाराष्ट्र तथा दिल्ली के विधानसभाई चुनावों में अपनी जीत के सहारे संघ-भाजपा ने यह छवि बनाने की कोशिश की है कि 2024 के आम चुनाव का धक्का, एक संयोग थी बल्कि गलती थी, जिसे जनता तेजी से सुधार भी रही है, आदि। फिर भी संघ-भाजपा के रणनीतिकार बखूबी यह समझते हैं कि जाति गणना का और आम तौर पर सामाजिक न्याय का मुद्दा, उनके सत्ता के रथ को आसानी से पलट सकता है। सबसे बढ़कर इसी के डर से, जाति गणना के मुद्दे पर यह बड़ी पल्टी खायी गयी है।

लेकिन, यह एक कार्यनीतिक पल्टी है, जिसके पीछे कोई सच्चा हृदय-परिवर्तन नहीं है। इसलिए, जाति जनगणना की घोषणा कर के सुर्खियां तो बटोर ली गयी हैं, लेकिन वास्तव में इसके लागू किए जाने को लेकर अब भी कई संदेह बने हुए हैं। अव्वल तो अभी तक जनगणना की ही समय सूची तय नहीं है। हैरानी की बात नहीं है कि जनगणना के साथ जाति जनगणना होने को, जनगणना के ही 2026 से भी आगे खिसकाए जाने का बहाना बना लिया जाए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जाति गणना, अपने आप में कोई साध्य तो है नहीं। यह तो साधन है, सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का। मोदी सरकार की असली परीक्षा तब होगी, जब जनगणना से निकलने वाले नतीजों के अनुरूप, आरक्षण की सीमा में बढ़ोतरी समेत, सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के सकारात्मक कदम उठाए जाने का सवाल आएगा। जाति की गिनती मात्र से आगे, सामाजिक न्याय के इस रास्ते पर संघ-भाजपा के मनुस्मृतिवाद का घोड़ा अड़कर खड़ा नहीं हो हो जाए, तो ही अचरज की बात होगी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# पाकिस्तान को एफएटीएफ ग्रे लिस्ट में वापस लाने की भारतीय रणनीति

■ के रवींद्रन

भारत पाकिस्तान के खिलाफ अपने कूटनीतिक हमले को तेज कर रहा है,और अब वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में इस्लामाबाद को फिर से सूचीबद्ध कराने के लिए प्रयास कर रहा है। ट्रम्प के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन से समर्थन की असामान्य रूप से मजबूत अभिव्यक्ति द्वारा समर्थित यह नया प्रयास, सीमा पार आतंकवाद में अपनी निरंतर मिलीभगत के लिए पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने के लिए नयी दिल्ली द्वारा एक रणनीतिक कदम में तेजी को दर्शाता है।

एफएटीएफग्रे लिस्ट- जिसे औपचारिक रूप से बढ़ी हुई निगरानी के तहत क्षेत्राधिकार के रूप में जाना जाता है- में पहले 2018 से 2022 तक पाकिस्तान शामिल था, जिससे देश को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण चैनलों पर गहन जांच के अधीन किया गया था। उस चार साल की अवधि में इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय दबाव के तहत वित्तीय सुधारों को लागू करने के लिए संघर्ष किया, और इसने विदेशी निवेश, ऋण और विकास सहायता तक पाकिस्तान की पहुंच को काफी हद तक बाधित किया।

2022 में डीलिस्टिंग इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र के लिए एक कूटनीतिक और आर्थिक सफलता थी, जिसने पाकिस्तान की पहले से ही लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को जीवन रेखा प्रदान की और वैश्विक वित्तीय संस्थानों के साथ नये सिरे से जुड़ाव को सक्षम किया। भारत अब उस लाभ को उलटने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को एफएटीएफ के निशाने पर वापस लाने का प्रयास तेज़ हो गया। हालांकि इस्लामाबाद ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने एफएटीएफ के प्रमुख सदस्य देशों को नयी खुफिया जानकारी दी है, जिसमें वित्तीय बहाव का विवरण शामिल है जो कथित तौर पर हमले के अपराधियों को पाकिस्तान स्थित फंड प्रदाता संस्थानों से जोड़ता है।

एफएटीएफग्रे लिस्ट- जिसे औपचारिक रूप से बढ़ी हुई निगरानी के तहत क्षेत्राधिकार के रूप में जाना जाता है- में पहले 2018 से 2022 तक पाकिस्तान शामिल था, जिससे देश को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण चैनलों पर गहन जांच के अधीन किया गया था। उस चार साल की अवधि में इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय दबाव के तहत वित्तीय सुधारों को लागू करने के लिए संघर्ष किया, और इसने विदेशी निवेश, ऋण और विकास सहायता तक पाकिस्तान की पहुंच को काफी हद तक बाधित किया।

भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, डोजियर में सैटेलाइट इमेजरी, इंटरसेप्ट किये गये संचार और लेन-देन रिकॉर्ड शामिल हैं जो जम्मू और कश्मीर में चरमपंथी गतिविधियों से जुड़े धन के सीमा पार प्रवाह का संकेत देते हैं। उद्देश्य स्पष्ट है-यह प्रदर्शित करना कि पाकिस्तान आतंकवाद वित्तपोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहा है, और इस प्रकार एफएटीएफ की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था में पाकिस्तान की वापसी को उचित ठहराया जा सकता है।

नये भू-राजनीतिक गठबंधनों के कारण इस प्रयास में तेजी आने की संभावना है। दक्षिण एशिया पर हाल ही में अमेरिका की अस्पष्टता से उल्लेखनीय रूप से हटकर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहलगाम की घटना के बाद भारत के 'सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ खुद का बचाव करने' के अधिकार का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है।

पेरिस में एफएटीएफ मुख्यालय में भारत की वर्तमान पैरवी कथित तौर पर फ्रांस, जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका के समन्वय में की जा रही है- वे देश जिन्होंने पहले पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण सुधारों के आधे-अधूरे कार्यान्वयन पर निराशा व्यक्त की थी। कहा जाता है कि भारतीय राजनयिक यह मामला बना रहे हैं कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण गतिविधियों को सक्षम करने या अनदेखा करने की स्पष्ट पुनरावृत्ति न केवल एक क्षेत्रीय खतरा है, बल्कि एक वैश्विक खतरा भी है, विशेष रूप से अफगानिस्तान में तालिबान के पुनरुत्थान और व्यापक मध्य पूर्व में बढ़ती अस्थिरता पर चिंताओं के मद्देनजर। एफएटीएफ की अगली पूर्ण बैठक जून में होने वाली है और सूत्रों का कहना है कि भारत इस समयसीमा में ही काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाकिस्तान की अनुपालन स्थिति के मुद्दे को एजेंडे में सबसे ऊपर रखा जाये।

यह रणनीति पाकिस्तान के लिए विशेष रूप से कमज़ोर समय पर आयी है, जिसकी अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति, मुद्रा अवमूल्यन और घटते विदेशी भंडार के बोझ तले दबी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ देश की मौजूदा व्यवस्था 2025 के मध्य में समाप्त हो रही है, और नये बचाव कोष के लिए बातचीत कठिन होने की उम्मीद है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में पाकिस्तान को फिर से शामिल करने का कोई भी कदम इन वार्ताओं को गंभीर रूप से जटिल बना देगा, जिसके परिणामस्वरूप ऋण की शर्तें सख्त हो सकती हैं या वितरण में देरी हो सकती है। इसके अलावा, अपर्याप्त धन शोधन नियंत्रण वाले क्षेत्राधिकार के रूप में टैग किये जाने से प्रतिष्ठा को होने वाला नुकसान निजी निवेशकों को हतोत्साहित करेगा और ऐसे समय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को और ठंडा कर देगा जब इस्लामाबाद पूंजी आकर्षित करने के लिए बेताब है। इसके निहितार्थ केवल वित्तीय ही नहीं हैं। इस तरह के कदम से देश में राजनीतिक अस्थिरता भी बढ़ सकती है, जो पहले से ही तीव्र घरेलू उथल-पुथल और चल रहे नागरिक-सैन्य तनावों से जूझ रहा है।

इस्लामाबाद जोर देकर कहता है कि उसने अपनी पिछली ग्रे लिस्टिंग के दौरान एफएटीएफ द्वारा अनिवार्य सभी 34 कार्रवाई मदों का पूरी तरह से पालन किया है और मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा बनाये रखना जारी रखा है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारत पर 'संकीर्ण भू-राजनीतिक एजंडे' को आगे बढ़ाने के लिए बहुपक्षीय प्लेटफार्मों का फायदा उठाने का भी आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि इस तरह की कार्रवाइयों से क्षेत्रीय तनाव बढ़ सकता है। फिर भी, कूटनीतिक वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता पिछली कई तिमाहियों से अस्थिर बनी हुई है, खासकर पिछले उदाहरणों के बाद जब यह पाया गया कि यह प्रमुख सुधारों को लागू करने में अपने पैर खींच रहा है या अपनी धरती पर सक्रिय संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादियों पर मुकदमा चलाने में विफल रहा है।

जैसे-जैसे एफएटीएफ अपने मध्य-वर्ष सत्र की तैयारी कर रहा है, दांव बढ़ते जा रहे हैं। भले ही कुछ सदस्य देश एक तकनीकी निकाय के राजनीतिकरण से सावधान हों, लेकिन 2018 का उदाहरण—जब भारत ने आतंकवाद के वित्तपोषण पर चिंताओं के बीच पाकिस्तान को ग्रे लिस्टिंग में डालने के लिए सफलतापूर्वक पैरवी की थी—यह बताता है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और कूटनीतिक समन्वय तकनीकी अस्पष्टता पर भारी पड़ सकते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में उछाल और वैश्विक प्रभाव बढ़ने के साथ, यह आज खुद को बहुपक्षीय मंचों को प्रभावित करने के लिए सात साल पहले की तुलना में अधिक मजबूत स्थिति में पाता है। इसके अलावा, इजरायल-गाजा युद्ध, यूक्रेन संघर्ष और अफ्रीका और एशिया में फिर से उभर रही जिहादी गतिविधि से आकार लेने वाले वैश्विक सुरक्षा वातावरण ने आतंकवाद को फिर से अंतरराष्ट्रीय चिंता के केंद्र में ला दिया है, जिससे भारत के तर्कों के लिए ग्रहणशीलता का माहौल बन रहा है।

पाकिस्तान की वित्तीय विश्वसनीयता को निशाना बनाकर, भारत केवल एक आतंकी हमले का जवाब नहीं दे रहा है—यह दक्षिण एशिया में रणनीतिक संतुलन को नया आकार देने की कोशिश कर रहा है। साथ ही, भारत की कार्रवाइयां अन्य शत्रुओं और क्षेत्रीय खिलाड़ियों को यह संकेत देती हैं कि वह अपनी सीमाओं के पार से होने वाले आतंकवादी कृत्यों के लिए बहुआयामी प्रतिक्रिया देगा – जिसमें आर्थिक और कूटनीतिक साधन भी शामिल होंगे।

## आपके पत्र

### बेलगाम होते ओटीटी प्लेटफार्म पर लगाम जरूरी

अभी कुछ दिन पहले ही समय रैना के इंडिया गॉट टैलेंट का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि एक बेहद घटिया यूट्यूबर एजाज खान ने अपने शो हाउस अरेस्ट में मर्यादाओं की सारी हदें पार कर दी। क्या ऑनलाइन शो में कपड़े उतारने को कहना और उस पर प्रतिभागियों द्वारा ताली बजाना दूषित मानसिकता का परिचय नहीं है? क्या हम इसे ही आधुनिकता कहेंगे? अगर इसे हम नारी सशक्तिकरण कहते हैं तो धिक्कार है ऐसी सोच को। आज कल ऐसे अप्लिकेशन की भरमार है जैसे अल्ट बालाजी, उल्लू और कूकू जिनके द्वारा भर-भर के अश्लीलता का कंटेन्ट परोसा जा रहा है और इन पर लगाम लगाने की जगह दिन प्रतिदिन की बढ़ोतरी होती जा रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत सरकार ने कुछ गाइड लाइंस जारी की थी, कुछ एप्स को प्रतिबंधित भी किया था परंतु न जाने कैसे इन पर नजर नहीं गई। स्टेटिस्टा के अनुसार, भारत पॉर्न देखने के मामले मे अमेरिका और ब्रिटेन के बाद तीसरे नंबर पर है और आज भारत में पॉर्न इंडस्ट्री 9.3 प्रतिशत के दर से वृद्धि कर रहा है। यह भारत को सांस्कृतिक पतन की तरफ ले जा रहा है। आज इस इंडस्ट्री का कुल कारोबार 13400 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि आखिर क्या कारण है कि ऐसे कंटेन्ट उपलब्ध कराने वालों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और इन पर नियंत्रण की जगह प्रोत्साहन मिल रहा है तो इसका जवाब यह होगा कि हमारे द्वारा खुद ऐसे कंटेन्ट की मांग की जा रही है, सोशल मीडिया जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से सॉफ्ट पॉर्न परोसा जा रहा है और यह पता ही नहीं चला कि हम कब अश्लीलता और मर्यादा के बीच सीमा लांघ गए? जरूरत है इस महामारी पर नियंत्रण लगाया जाए ताकि हमारी सभ्यता और संस्कृति बनी रहे। हमें आधुनिकता की परिभाषा बदलनी पड़ेगी। आज ऐसे कंटेन्ट देश में बढ़ते हुए रैप और दरिंदगी के कारण हैं, इसके चलते परिवार में विखंडन हो रहे हैं। रिश्तों में दरार आ रही है, इन जैसे इंफ्लुएंसर्स पर नियंत्रण और इनका बहिष्कार करना केवल सरकारों का ही काम नहीं है बल्कि इसके लिए पूरे सभ्य समाज को, शिक्षण संस्थानों, मीडिया जगत इत्यादि को बढ़-चढ़ कर आगे आना होगा। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी समय-समय पर इस तरफ सरकार को ध्यान देने के साथ ही कड़े नियमन की बात कही है। अगर इस पर कोर्ट कोई निर्णय देती है तो यह न्यायिक सक्रियता का मामला बन जाएगा और विधायिका में हस्तक्षेप माना जाएगा लेकिन किसी न किसी को तो आगे आना ही होगा अन्यथा बहुत देर हों जाएगी। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि 'ओवर द टॉप' यानी ओटीटी पर कोई नियंत्रण नहीं है और इसका सीधा प्रभाव हमारे मनोमस्तिष्क पर पड़ रहा है और यह हमारे सोचने-समझने की क्षमता को भी कुंद कर रहा है। अब समय आ ग्या है कि फिल्मों की तरह वेब सीरिज और ऐडल्ट कंटेन्ट के लिए भी एक जिम्मेदार सेन्सर बोर्ड बनाया जाए साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी उम्र संबंधी गाइड लाइंस और अपने सामग्रियों पर नियंत्रण रखे। इनकी भी जिम्मेदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए और दंड के भी कठोर प्रावधान किए जाने की जरूरत है। विभिन्न टीवी चैनल्स की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे इन गंदे कंटेन्ट के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाये और अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि उनके बच्चे मोबाईल में क्या देखते हैं उस पर भी निगरानी रखे।

**मंगल सिंह, शोधार्थी बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर वि.वि., लखनऊ**



## ललित सुरजन की कलम से

### मोदी यूँ ही चुप नहीं हैं

*'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी या अनिर्णय को समझने के लिए हमें शायद उन दिनों को ध्यान में रखना चाहिए जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। अपने बारह साल के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने कब किसकी बात मानी? क्या यह याद दिलाने की आवश्यकता है कि उन्होंने अपने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राजधर्म का पालन करने की सीख को भी एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया था? क्या यह आईने की तरह साफ नहीं है कि नरेंद्र मोदी ने जनमत की कभी परवाह नहीं की? श्री मोदी की आलोचना चाहे निजी जीवन को लेकर की गई हो, चाहे मुख्यमंत्री के रूप में लिए गए निर्णयों पर, उन्होंने हर अवसर पर मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा है। आज प्रधानमंत्री के रूप में भी संभवत- वे इस पुराने आजमाए गए नुस्खे का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। देशव्यापी पैमाने पर नुस्खा कितना कारगर हो पाता है, यह कहना कठिन है, किंतु आज की सोच शायद यही है कि जो चिल्ला रहे हैं उन्हें चिल्लाने दो, एक दिन थककर सब अपने आप चुप हो जाएंगे। श्री मोदी को शायद यह विश्वास भी है कि वे जिस शीर्ष पर हैं, वहां उनके सामने कोई चुनौती, कोई खतरा नहीं है।'*

**( देशबन्धु में 02 जुलाई 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/07/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### अंतर्मुखी व्यक्तित्व

अंतर्मुखी होने का तात्पर्य है- अपने विचार और भाव की अंतर्यात्रा की ओर अग्रसर करना। इससे ऊर्जा का बिखराव नहीं होता इसलिए अंर्तमुखता का विकास जीवन का परम आदर्श माना गया है। जो उस अवस्था का स्पर्श कर लेना है, उसका व्यक्तित्व समता और सहजता का प्रतीक बन जाता है। वह परिस्थितियों के उतार-चढ़ाव से बहुत कम प्रभावित होता है। ससार में संयोग और वियोग अनुकूलता और प्रतिकूलता का चक्र निरंतर चलता रहता है। संत कबीर ने लिखा है-

चलती चक्की देखि के, दिया कबीरा रोय।
दो पाटन के बीच में, साबुत बचा न कोय।।

यहां दो पाटों का अर्थ सुख-दुख, हर्ष-शोक व लंयाग-वियोग की घटनाओं का संकेत है। जीवन के क्षितिज पर विविध प्रकार के रंग बनते और मिटते रहते हैं। हर व्यक्ति को उनका अनुभव करना होता है। यह एक जटिल समस्या है,जिससे विशिष्ट ज्ञानी व्यक्ति भी विचलित हो जाते हैं। संत कबीर ने इस समस्या का समाधान प्रस्तुत करते हुए दूसरे पद में कहा है- अनाज के दो दाने चक्की की कीली से संबद्ध और संयुक्त होते हैं, वे परिस्थितियों रूपी पाटों के प्रभाव से आहत नहीं होते हैं तथा स्वयं को सुरक्षित रखने में सफल हो सकते हैं। जिनका अध्यात्म की धुरी पर केंद्रित होता है-वे उनकी भाषा में दो चक्की की कीलियों से लगे हुए अनाज के दानों के समान है। नैतिक आदर्शों का अनुसरंण करने के लिए जीवन में आध्यात्मिक भूमिका का विकास जरूरी है। आध्यात्मिकता मां है, नैतिकता पुत्री है- दोनों का घनिष्ठ संबंध है। आध्यात्मिकता अंर्तमुखता तथा संत कबीर की भाषा में कीलों से जुड़ना तीनों का तात्पर्य एक ही है। भाषा विज्ञान में दो शब्द आते हैं-उत्कर्ष और अपकर्ष। अंर्तमुखता शब्द का प्रयोग जीवन में स्पष्ट भूमिका के लिए जरूरी है, क्योंकि मानव विज्ञान की अवधारणा और परिभाषा के कारण आज उसका अपकर्ष हो रहा है। वर्तमान समय में जो भीरू, पलायनवादी और आत्मकेंद्रित होता है, उसे अंतर्मुखी कहा जाता है। कुछ लोगों के अनुसार यह एक विशेष विशेष प्रकार की मानस व्याधि का रूप है, जिसे व्यक्तित्व का अशुद्ध और खंडित स्वरूप समझा जाता है।

अनेक व्यक्ति समाज में समय-समय पर मिल जाते हैं, जो कई प्रकार के मनोरोगों से ग्रसित हैं। वे अपने कर्तव्य और दायित्व के प्रति बिलकुल उदासीन होते हैं तथा परिवार और समाज के लिए भार बन जाते हैं। कई लोग आज उन्हें अंतर्मुखी मानते हैं,परंतु जीवनदर्शन में अंर्तमुखता के विकास पर जो बल दिया गया है, उसका तात्पर्य आधुनिक परिभाषा और व्याख्या से बिल्कुल भिन्न है। इसके अनुसार जहां वृत्ति और सामुदायिक चेतना का विकास होता है, वह अंतर्मुखी है।

कर्तव्यनिष्ठ अध्यात्म और व्यवहार का गहरा संबंध है। सच्चा अंतर्मुखी वह है जिसके व्यावहारिक जीवन में आध्यात्मिक आदर्शों का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। वह अपने कर्तव्य और दायित्व के प्रति सतत जागरुक होता है।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणपंथी उम्मीदवार आगे

**बुखारेस्ट, 5 मई (एजेंसियां)।** रोमानिया में हुए राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण के पुनः मतदान में अलायंस फॉर द यूनियन ऑफ रोमानियंस के अध्यक्ष जॉर्ज सिमियन बढ़त में हैं। शहरी एवं क्षेत्रीय समाजशास्त्र केंद्र (सीयूआरएस) की ओर से कराए गए एग्जिट पोल के अनुसार, सिमियन को 33.1 प्रतिशत वोट मिले। उनके बाद रोमानिया फॉरवर्ड गठबंधन के क्रिन एंटोनैस्कु को 22.9 प्रतिशत और स्वतंत्र उम्मीदवार बुखारेस्ट के मेयर निकुसोर डैन को 20.9 प्रतिशत वोट मिले हैं। एवांगार्डे सोशियो-बिहेवियरल स्टडीज ग्रुप द्वारा किए गए एक अन्य एग्जिट पोल में सिमियन को 30 प्रतिशत वोट मिले, जबकि एंटोन्सक्यू और डैन दोनों को 23-23 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं।

### एस जयशंकर से मिले जापानी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा

# पहलगाम हमले के खिलाफ भारत के साथ किया समर्थन व्यक्त

■ **पाकिस्तान को बेनकाब करने व उसे सबक सिखाने के लिए चौतरफा घेरने की तैयारी कर रही भारत सरकार**




**नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसियां)।** जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। उन्होंने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत के साथ एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फुकुशिरो नुकागा से मुलाकात करने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि आज दिल्ली में जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से उनके संसदीय सहयोगियों और व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर प्रसन्नता हुई। आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए जयशंकर ने धन्यवाद कहा। उन्होंने लिखा कि पहलगाम आतंकवादी हमले पर एकजुटता और समर्थन व्यक्त करने के लिए उनका धन्यवाद।

जापान के साथ भारत के रिश्ते को मजबूत करने की बात करते हुए जयशंकर ने लिखा कि भारत और जापान के बीच इस स्वाभाविक संबंध को विकसित करने में उनके नेतृत्व की सराहना करता हूं। प्रतिभाओं के आदान-प्रदान को बढ़ाने, व्यापार संबंधों को बढ़ाने और प्रौद्योगिकी साझेदारी बनाने के एजेंडे को विकसित करने पर सहमति हुई। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया था। इस हमले 26 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उन्हें अलग किया गया और फिर गोलियां बरसाई गईं। देश के अंदर सभी राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ विदेशों से भी इस पर प्रतिक्रिया आई और हमले की निंदा करते हुए कठोर कार्रवाई की बात कही गई। भारत सरकार इस हमले का जिम्मेदार आतंकवादियों के पनाहगार पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को मान रही है। भारत सरकार पाकिस्तान को बेनकाब करने और उसे सबक सिखाने के लिए चौतरफा घेरने की तैयारी कर रही है। ऐसे में वैश्विक नेताओं का आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ एकजुटता दिखाना काफी अहम माना जा रहा है।

## इशाक डार ने रूस के विदेश मंत्री से की बात, क्षेत्रीय स्थिति पर किया विचार-विमर्श



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से टेलीफोन पर बातचीत कर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के संदर्भ में हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों से अवगत कराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार डार ने इस बातचीत के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ भारत के निराधार आरोपों और भड़काऊ बयानबाजी को खारिज कर दिया तथा सिंधु जल संधि को निरस्त करने के भारत के एकतरफा और अवैध कदम की निंदा की। श्री डार ने क्षेत्रीय शांति के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई तथा इस बात पर बल दिया कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। उन्होंने पहलगाम घटना को लेकर श्री लावरोव को अंतरराष्ट्रीय, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच के लिए पाकिस्तान की पेशकश की भी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार रूस के विदेश मंत्री श्री लावरोव ने स्थिति पर चिंता व्यक्त की और मुद्दों को सुलझाने के लिए कूटनीति के महत्व पर बल दिया। रूस के विदेश मंत्री ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और तनाव बढ़ने से बचने का आग्रह किया।

## पाकिस्तान में भूकंप के झटके, लोगों में दहशत का माहौल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप दोपहर 4:00 बजे के करीब आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.2 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में, 36.60 डिग्री उत्तर अक्षांश और 72.89 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था। भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर दर्ज की गई। झटके इतने तेज थे कि लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। नागरिकों से संयम बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की गई है। इससे पहले पाकिस्तान में 12 अप्रैल को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई थी। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर में भी महसूस किए गए थे। बताया गया था कि 12 अप्रैल को दोपहर करीब एक बजे 33.63 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 72.46 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में भूकंप ने काफी तबाही मचाई है। 8 अक्टूबर, 2005 को सुबह 8.50 बजे रिक्टर पैमाने पर 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

## सुडोकू 6904

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 6 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आज आप का दिन मध्यम फलदायी हैं। आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। आप शारीरिक थकान का अनुभव करेंगे। संभव हो तो प्रवास टालें। किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें।

वृषभ - आज आप का दिन मध्यम फलदायी है। आप किसी भी काम को दृढ़ मनोबल एवं पूर्ण विश्वास के साथ करें। पिता एवं पैतृक संपत्ति से लाभ होने के योग हैं। आप के प्रति पिता का व्यवहार भी अच्छा रहेगा।

मिथुन - नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा। भाग्यवृद्धि के अवसर उत्पन्न होंगे। यात्रा की संभावना है।

कर्क - गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। काम के संबंध में संतोष की भावना जागेगी।

सिंह - आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके स्वभाव में क्रोध और व्यवहार में उग्रता रहेगी। इस पर अंकुश रखें।

कन्या - आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा। स्वभाव में उत्तेजना से काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ अनबन होगा।

तुला - आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना-जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पुत्र और पत्नी से सुख संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज गृहस्थजीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे। व्यापारियों को व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आयवृद्धि होगी।

धनु - आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरुरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन चिंता में रहेंगे। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है। व्यवसाय और नौकरी में तकलीफ खड़ी होगी।

मकर - नकारात्मक विचार हावी न होने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। भागीदारों के साथ संबंध खराब होगा। अचानक प्रवास करने के संयोग खड़े होंगे। उनके पीछे खर्च करने पड़ेंगे।

कुंभ - आपका आज का दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी। स्वभाव में बिंदासपन आपको मन से ताजा रखेगा।

मीन - मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका काम सफल बनाएंगे। परिवार में सुख- शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। गुस्से के कारण आपकी वाणी व्यवहार में उग्रता न आए इसका ख्याल रखें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## गाजा पर आक्रमण के लिए इजरायल ने रिजर्व सैनिकों को बुलाया

**विस्तारित आक्रमण के हिस्से के रूप में सेना एन्क्लेव में अतिरिक्त क्षेत्रों में कार्रवाई करेगी और सभी आतंकवादी अवसंरचना को नष्ट कर देगी : आयाल जामिर**



**यरूशलम, 5 मई (एजेंसियां)।** इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में अपने हमले को तेज करने के लिए रिजर्व बलों के हजारों सैनिकों को आने का आदेश जारी करना शुरू कर दिया है। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने कहा कि उन्होंने बंधकों को रिहा करने के लिए हमास पर दबाव बढ़ाने की कसम खाई है।

इज़रायल रक्षा बल मुख्यालय के प्रमुख आयाल जामिर ने एक समुद्री कमांडो अड्डा के दौरे के दौरान इसकी घोषणा की।

ज़मीर ने कहा कि इस सप्ताह हम अपने रिजर्व सैनिकों को गाजा में अपने अभियान को तेज़ करने और उसका विस्तार करने के लिए हज़ारों की संख्या में वापसी का आदेश जारी कर रहे हैं। हम अपने बंधकों को वापस लाने और हमास को हराने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विस्तारित आक्रमण के हिस्से के रूप में, सेना एन्क्लेव में अतिरिक्त क्षेत्रों में कार्रवाई करेगी और सभी आतंकवादी अवसंरचना को नष्ट कर देगी। ज़मीर ने कहा कि रिजर्व बलों को अन्य क्षेत्रों में भी तैनात किया जाएगा, जिनमें लेबनान और सीरिया के निकट उत्तरी सीमा और कब्जे वाले पश्चिमी तट शामिल हैं।

सेना ने एक बयान में कहा कि यह घोषणा उस सप्ताहांत के बाद की गई है जब इजरायली सेना ने गाजा में 100 से अधिक स्थलों पर हमले किए, जिनमें आतंकवादी ठिकानों, भूमिगत बुनियादी ढांचे और सैन्य परिसरों को निशाना बनाया गया। जबकि इजरायल में संघर्ष विराम समझौते के लिए जनता का दबाव बढ़ रहा है, जिससे 59 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो।

## हूती ने इजरायल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किया मिसाइल हमला



■ **नेतन्याहू ने जवाबी कार्रवाई की खाई कसम**

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यमन में हूती विद्रोहियों और उनके सहयोगी ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई है। जवाबी कार्रवाई का फैसला हूती समूह के इजरायल स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दागे गए मिसाइल हमले के बाद लिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री कार्यालय के आधिकारिक अकाउंट से किए गए एक पोस्ट में दावा किया गया कि हूती के हमले ईरान की शय पर होते हैं। इसमें आगे कहा गया कि इजरायल हमारे मुख्य हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के हमले का जवाब देगा और हमारे चुने गए समय और स्थान पर, उनके ईरानी आतंकवादी आकाओं को जवाब देगा।

इससे पहले रविवार को, नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों को एक और चेतावनी जारी की, जिसमें समूह के खिलाफ हमला करने की धमकी दी गई। उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा कि हमने अतीत में हमला किया, हम भविष्य में भी हमला करेंगे। हूती ने तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल की ओर जाने वाले ड्राइववे पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायल और अमेरिका की ओर से तैनात किए गए डिफेंस सिस्टम्स ने मिसाइल को रोकने का प्रयास किया, लेकिन विफल रहे। हमले के परिणामस्वरूप चार लोग मामूली रूप से घायल हुए और उन्हें नुकसान पहुंचा।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**पुतिन ने पीएम मोदी से की...**

और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

**मुख्यमंत्री ने सक्ती के करिगांव में ...**

दरअसल आज सुशासन तिहार के दौरान अचानक ही मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सक्ती जिले के बंदोरा गांव में उतरा। यहां से मुख्यमंत्री पास के ही करिगांव पहुंचे और यहां पीपल के पेड़ के नीचे चौपाल लगाई। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने पास के ही पैठू तालाब से कमल का फूल देकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने मुख्यमंत्री की आरती की और हल्दी चावल का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पीपल पेड़ के नीचे ही खाट पर बैठकर ग्रामीणों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों से पीएम आवास योजना योजना, महतारी वंदन योजना, धान के बोनस, आयुष्मान योजना के बारे में ग्रामीणों से जानकारी लेते हुए उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और उनका तत्काल समाधान भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली और ग्रामवासी सोनाई बाई के घर जाकर योजना के तहत निर्मित आवास का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में धान के अलावा दूसरी फसल भी लगाइए। इससे पानी की कम खपत होगी और बिजली बिल भी कम आयेगा जिससे किसानों को ज्यादा फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए वो पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

ग्रामीणों की मांग के आधार पर मुख्यमंत्री ने तुरंत ही करिगांव में नया पंचायत भवन बनाने, सप्ताह में एक दिन करिगांव में पटवारी कार्यालय का संचालन करने और गांव में स्थित नोनी मईया देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण करने की घोषणा भी कर दी। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि गांव में अवैध भूमि कब्जे की शिकायतों की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई होगी। इस दौरान मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद भी मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित थे।

**सड़क हादसों में चार की ...**

है। सूचना के बाद रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक, कोरबा की ओर से आ रही ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही माजदा को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में 1 की मौत हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 19वां माउंट एवरेस्ट सांस्कृतिक पर्यटन महोत्सव जून में

**बीजिंग, 5 मई (एजेंसियां)।** 19वां माउंट एवरेस्ट सांस्कृतिक पर्यटन महोत्सव 18 जून को शीत्सांग के शिगात्से शहर में उद्घाटित होगा। हाल में इस महोत्सव के आयोजक द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस से मिली खबर के अनुसार, 1 से 30 जून 2025 तक, माउंट एवरेस्ट का गृहनगर, खुला शिगात्से की थीम पर श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें निवेश संवर्धन सभा, उत्पाद प्रदर्शनी, सांस्कृतिक और पर्यटन संवर्धन सम्मेलन, सांस्कृतिक और कलात्मक प्रदर्शन तथा खेल आयोजन आदि शामिल हैं, जिन गतिविधियों का उद्देश्य शिगात्से के आर्थिक और सामाजिक विकास, सांस्कृतिक और पर्यटन संसाधनों तथा बाहरी दुनिया के लिए खुलेपन के स्तर को व्यापक रूप से प्रदर्शित करना है।

## वर्ग पहेली 6904

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. ठगी, धोखेबाजी, धूर्तता
३. दीवारों पर बना चित्र
५. उम्मीद,चाह, इच्छा
७. जहरीला
८. मुठभेड़, भिड़न्त
९. देखने की क्रिया,दीदार
१०. मद्य निर्माण शाला
१२. मुखिया, प्रमुख
१३. श्रेष्ठ, उत्तम
१४. निरस्त करना, रद्द होना
१६. भरा-पूरा, संपन्न
१८. रसीला
२०. लाल कमल
२१. परिवर्तित करना
२३. एकाएक, सहसा (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिस पर असर पड़ा हो
२. जिसे खुशामद पसंद हो
३. भीख मांगते हुए घूमना
४. चित्रकार
५. आय
८. जिसने किसी से कोई वादा कर रखा हो
१०. इज्जत, सम्मान
११. वस्त्र
१२. कोशिश
१३. बहरा
१४. जिस पर कोई नियंत्रण, अंकुश या दबाव न हो
१५. संवेदनशील, भावुक
१७. कमल
१८. अभिप्राय, उद्देश्य, हेतु (उर्दू)
१९. सीख, अध्याय, पाठ, पुस्तक की उतना अंश,जतना एक दिन में गुरु स पढ़ा जाये (उर्दू)
२२. तबाह, बर्बाद, अंत

### वर्ग पहेली-6903

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ दा | र | ■ | ■ | ३ श | वा | ४ स | न |
| मा | ■ | मो | ■ | ५ सा | बि | त | ■ | मा | ■ |
| ६ व | जू | द | ■ | ध | ■ | ७ द | र्द | ना | क |
| स्या | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | र्थी | ■ |
| ■ | १० अ | ■ | यं | ■ | ■ | ■ | ११ प्रा | ■ | १२ इ |
| १३ वि | दा | र | क | ■ | १४ प | ■ | १५ ची | ख | ना |
| ■ | ल | ■ | १६ र | स | रा | ज | ■ | ■ | य |
| १७ अं | त | स | ■ | ■ | ज | ■ | १८ औ | १९ स | त |
| ब | ■ | ■ | २० हि | दा | य | २१ त | ■ | जी | ■ |
| २२ र | वा | य | त | ■ | ■ | २३ य | म | व | रा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1529 – बंगाल के अफगान शासक नसरत शाह को गोगरा नदी के किनारे हुई लड़ाई में बाबर के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा।
1589 – महान गायक मियां तानसेन का निधन।
1840 – दुनिया की पहली गोंद लगी डाक टिकट %पेनी ब्लैक% का ग्रेट ब्रिटेन में उपयोग।
1857 – ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल नेटिव इंफैंटरी की 34वीं रेजिमेंट को भंग किया। रेजिमेंट के सिपाही मंगल पांडेय ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया था।
1861 – मोतीलाल नेहरू का जन्म।
1910 – जॉर्ज पंचम, पिता एडवर्ड सप्तम की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सम्राट बने।
1940 – जॉन स्टेनबेक को उनके उपन्यास %द ग्रेप्स ऑफ रैथ% के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिला।
1942 – फिलीपीन में अमेरिकी सेना की अंतिम टुकड़ी ने जापान के समक्ष समर्पण किया।
1944 – गांधी जी को पुणे के आगा खां पैलेस से रिहा किया गया और यह उनके जीवन की अंतिम जेल यात्रा थी।
1954 – लंदन के मेडिकल छात्र रोजर बैनिस्टर ने एक मील की दूरी को चार मिनट के भीतर पूरा करने का रिकार्ड बनाया। उन्होंने यह दूरी तीन मिनट 59.9 सेकंड में पूरी की।
1960– ब्रिटेन की महारानी की छोटी बहन राजकुमारी मार्गरेट और एंथनी आर्मस्ट्रांग जोन्स का विवाह हुआ।
1976 – उत्तर पूर्वी इटली में भीषण भूकंप से कम से कम 1000 लोगों की मौत।
1997 – फ्रांस की क्रिस्टिन जेनिन ध्रुव पर पैदल पहुंचने वाली विश्व की पहली महिला बनी।
2004 – चीन ने सिक्किम को भारत का अंग माना।
2010 – मुंबई पर हमला करने वाले आतंकवादियों में से जिंदा पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी की सजा सुनाई गई।

**चिंताजनक** *हिन्दुओं को कनाडा से बाहर करने की खालिस्तान की धमकी पर हिन्दू संगठनों ने दी प्रतिक्रिया, कहा*

# राजनीतिक नेताओं की चुप्पी से मिल रही अंतर्निहित सहमति

■ **गुरुद्वारा में माल्टन व इटोबिकोक नगर कीर्तन के दौरान निकाली गई हिंदू विरोधी परेड**



**ओटावा, 5 मई (एजेंसियां)।** हिंदू कैनेडियन फाउंडेशन (एचसीएफ) ने खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा आठ लाख हिंदुओं को कनाडा से वापस भेजने के आह्वान की सोमवार को कड़ी निंदा की। कनाडा के टोरंटो स्थित माल्टन गुरुद्वारा में माल्टन और इटोबिकोक नगर कीर्तन के दौरान हिंदू विरोधी परेड निकाली गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक बड़े ट्रक पर जेल की प्रतिकृति दिखाई दे रही है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पुतले भी शामिल हैं। एचसीएफ ने कहा कि इस तरह के बयान विभाजन को बढ़ावा देते हैं तथा हिंदू कनाडाई लोगों के खिलाफ नफरत फैलाते हैं।

एचसीएफ ने एक बयान में कहा कि ऐसी घृणित टिप्पणियों के जवाब में कई राजनीतिक नेताओं की चुप्पी को अंतर्निहित सहमति माना जाना चाहिए। सभी सांसदों और प्रांतीय संसद सदस्यों का यह कर्तव्य है कि वे पार्टी लाइन से ऊपर उठकर इस विभाजनकारी भावना के खिलाफ खड़े हों और धार्मिक सद्भाव तथा समावेशिता के प्रति कनाडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करें।

बयान में कहा गया कि एक सभ्य समाज नफरत फैलाने और हमारे विविध समुदायों को तोड़ने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं कर सकता। हम कनाडाई लोगों से आग्रह करते हैं कि वे राजनेताओं को जवाबदेह ठहराएं - उनसे पूछें कि वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए क्या विरासत छोड़ना चाहते हैं।

फाउंडेशन ने कहा कि नगर कीर्तन का उद्देश्य सभी धर्मों के लोगों को एकजुट करना है, जो सिख गुरुओं की शिक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है, और इसका कभी भी राजनीतिक उकसावे या बहिष्कारपूर्ण बयानबाजी के लिए दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

कैनेडियन हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी इस घटना की निंदा की। उसने एक बयान में कहा कि कनाडा में आठ हिंदू और 18.6 लाख से अधिक भारतीय-कनाडाई हैं। माल्टन और इटोबिकोक में आज के नगर कीर्तन में स्पष्ट रूप से हिंदुओं को निशाना बनाया गया। इस खतरनाक बयानबाजी की सभी नेताओं द्वारा निंदा की जानी चाहिए। कनाडा में खालिस्तानी उग्रवाद, विशेषकर हिंदुओं के विरुद्ध, बढ़ रहा है, तथा हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ के मामले बार-बार सामने आ रहे हैं।

## दुनिया को जानें

## कंबोडिया में कैंसर से हर साल लगभग 14 हजार लोगों की हो रही मौत

**नोम पेन्ह, 5 मई (एजेंसियां)।** कंबोडिया में कैंसर के लगभग 20,000 नए मामले दर्ज किए गए हैं। हुन मानेट ने कहा कि देश में 20,000 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि हर साल लगभग 14,000 मौतें होती हैं। हमारे देश की 170 लाख की आबादी की तुलना में यह संख्या बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि यह योजना कैंसर के नए मामलों और मौतों को कम करने के लिए बनाई गई है। इससे गुणवत्तापूर्ण कैंसर की रोकथाम, जांच, निदान, उपचार और देखभाल तक पहुंच में सुधार होगा। कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए लोगों को फलों, सब्जियों, अनाज और प्रोटीन से भरपूर संतुलित आहार पर ध्यान देना चाहिए और नियमित शारीरिक गतिविधि में शामिल होना चाहिए।

उन्होंने संबंधित को भोजन, फलों और सब्जियों की सुरक्षा और गुणवत्ता की नियमित जांच करने की सलाह भी दी, ताकि कैंसर का कारण बनने वाले रासायनिक संदूषकों को रोका जा सके। स्वास्थ्य मंत्री च्यांग रा ने कहा कि कंबोडिया में लोगों में लीवर कैंसर सबसे आम प्रकार का कैंसर है, इसके बाद फेफड़े, स्तन, कोलोरेक्टल और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर हैं। देश में हर दिन लगभग 38 लोग कैंसर से मरते हैं।

# खेल जगत

## स्विंगिंग बॉल का फायदा उठाकर एलएसजी के शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया : अर्शदीप

**धर्मशाला,** 5 मई (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के शीर्ष तीन बल्लेबाजों को आउट करना था, जिसके लिए उन्हें अपनी गेंदों से स्विंग का फायदा उठाना पड़ा, जिससे मेजबान टीम को एचपीसीए स्टेडियम में 37 रन से जीत मिली। अर्शदीप ने पावर-प्ले में एलएसजी के प्रसिद्ध शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों एडेन मार्करम, मिशेल मार्श और निकोलस पूरन को सस्ते में आउट कर दिया, जिससे पीबीकेएस को आईपीएल 2025 में अपनी सातवीं जीत हासिल करने और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने का आधार मिल गया। अर्शदीप ने सोमवार को आईपीएल टी20डॉटकॉम पर एक वीडियो में कहा, 'मौसम थोड़ा ठंडा था। इसलिए, गेंद बहुत स्विंग करने लगी। इसलिए, हमने इसका इस्तेमाल किया और इसका फायदा उठाया।



# मुंबई इंडियंस गुजरात से हिसाब चुकाने उतरेगी

### गुजरात के शीर्ष क्रम को मुंबई के बुमराह, बोल्ट व हार्दिक से चौकस रहने की जरूरत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 5 मई (देशबन्धु)। कप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया के गेंद और बल्ले से अनुकरणीय प्रदर्शन की बदौलत अपने शुरू के पांच में से मात्र एक मैच जीतने के बाद राजस्थान रॉयल्स को उसके घर में जयपुर में हरा जीत का 'छक्का' जड़ने वाली मुंबई इडियंस अपने घर वानखेड़े स्टेडियम में मंगलवार को आईपीएल 2025 के रिटर्न मैच में गुजरात टाइटंस को हरा उससे अहमदाबाद में मिली 38 रन की हार का हिसाब चुकाने उतरेगी। मुंबई इंडियंस के 11 मैचों में सात जीत और चार हार के साथ और गुजरात टाइटंस के दस मैचों में सात जीत और मात्र तीन हार के साथ समान रूप से 14-14 अंक हैं। मुंबई अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण गुजरात टाइटंस से एक पायदान उपर चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियंस के मंगलवार को मैच के बाद बाकी तीन में से दो अपने घर में खेलने हैं। गुजरात टाइटंस के हक में एक और बात यह है कि उसने अपपे घर में चार में तीन मैच जीते हैं और मात्र एक हारा है। गुजरात टाइटंस के पास जीत के साथ शीर्ष दो में रह कर प्ले ऑफ में पहुंचने का मौका है। मुंबई इंडियंस की नेट रन रेट सभी टीमों में सबसे उंची है और इससे उसके पास भी शीर्ष पर रह कर प्ले ऑफ में पहुंचने का मौका होगा। समान रूप से पांच पांच अर्द्धशतक जड़ने वाले बाएं हाथ के साई सुदर्शन (कुल 504 रन), उनके सलामी जोड़ीदार कप्तान शुभमन गिल (465 रन) और जोस बटलर (470 रन) सहित गुजरात टाइटंस के तीन बल्लेबाज मौजूदा सीजन में छह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीन बल्लेबाजों में शामिल हैं। फिलहाल ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाने वाले विराट कोहली (11 मैच, छह अर्द्धशतक, 505 रन) से एक मैच कम खेल सुदर्शन रन उनसे मात्र एक रन पीछे और दूसरे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस से अपने पिछले पांच में लगातार तीन मैच जीते हैं और वह अब उसे उसके घर में हरा कर जीत का चौका लगा खुद शीर्ष पर पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। शेरफन रदरफर्ड (8 मैच 201 रन) निचले मध्यक्रम में तूफानी पारी खेल कर उसे बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान कर रहे हैं।



गुजरात टाइटंस के पास सपर सब के रूप में वाशिंगटन सुंदर के रूप में बढ़िया विकल्प है। सीजन के अधबीच फिट होकर वापसी करने वाले भारत और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेदबाज जसप्रीत बुमराह (7 मैच,11 विकेट) के आते ही लय पाने से मुबई इंडियंस की किस्मत ही पलट गई है। गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम को मुंबई इंडियंस के बुमराह के साथ न्यूजीलेंड के ट्रेंट बोल्ट (11 मैच, 16 विकेट), कप्तान हार्दिक पांडया (10 मैच, 13 विकेट) की त्रिमूर्ति से चौकस रहने की जरूरत है। इन तीनों का 11 मैचों में 9 विकेट चटकाने वाले तेज गेदबाज दीपक चाहर ने अच्छा साथ निभाया है।

मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी बात है कि उसके लिए 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव तीन अर्द्धशतक सहित 11 मैचों में 475 रन बना रन बनाने में मौजूदा सीजन में तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। मुंबई के लिए तीन तीन अर्द्धशतक शतक जड़ने वाले रेयन रिकल्टन (11 मैच, 347 रन) व रोहित शर्मा (293 रन) की सलामी जोड़ी इस सीजन के अधबीच रंग में लौट आई है और दो अर्द्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा (11 मैच, 239 रन) के साथ निचले क्रम में कप्तान हार्दिक पांडया ने सही वक्त पर उपयोगी पारियां खेल कर दस में 155 रन बना अच्छा योगदान किया है। गुजरात टाइटंस के लिए अपनी लंबाई का लाभ उठा बल्लेबाजों को अपने उछाल से परेशान करने वाले तेज गेदबाज प्रसिद्ध कृष्ण दस मैचों मे 19 विकेट ले पर्पल कैप पर कब्जा जमाए हैं जबकि

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने दस मैचों में 14 विकेट चटकाए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर (10 मैच, 12 विकेट), लेग स्पिनर राशिद खान (10 मैच, 7 विकेट) ने बहुत चतुराई से गेंदबाजी की। मुंबई के रोहित,रिकल्टन के साथ सूर्य और तिलक वर्मा को खासतौर पर प्रसिद्ध व सिराज के खिलाफ चौकस रहना होगा।



### 'हम जानते हैं स्कोर बोर्ड को कैसे आगे बढ़ाना है'

'अहमदाबाद में काली मिट्टी की पिच पर छक्के जड़ना आसान नहीं था। जिस तरह हमारा शीर्ष क्रम खेला हम जानते हैं कि स्कोरबोर्ड को आगे कैसे बढ़ाना है। हमारी इस बाबत बात नहीं हुई कि हमारे शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों में किसी एक को आखिर तक बल्लेबाजी करनी है। हम बस रन बनाने और अपना सर्वश्रेष्ठ करने को बेताब थे। हमारे तेज गेदबाजों प्रसिद्ध, इशांत और यहां तक की जेराल्ड कोइत्जी तक ने बढ़िया गेंदबाजी कर हमें अपने स्कोर का बचाव करने में मदद की।

**शुभमन गिल, गुजरात टाइटंस, कप्तान**

'सबसे ज्यादा विकेट चटका मौजूदा आईपीएल में पर्पल कैप लेकर भी कुछ अलग नहीं महसूस कर रहा। हमारे लिए सबसे अहम था जीतना। हमें दो लंबी ब्रेक मिली। हमारे लिए अपने घर में जीतना अहम था। मेरा लेंग्थ पर नियंत्रण बढ़िया रहा। मैं आज जिस मुकाम पर पहुंचा हूं उसमे टीम से बहुत सहयोग मिला। आप जब बाद मे गेदबाजी करने जाते हैं तो फिर पहले गेदबाजी करने वाली टीम के गेदबाजो की हर गेंद को देखते हैं। फिर अनुभवी खिलाड़ियों से बात होती है और फिर कोशिश सही जगह गेदबाजी करने की होती है।

**प्रसिद्ध कृष्णा, गुजरात टाइटंस**

### 'हमने बढ़िया बल्लेबाजी व सधी हुई गेंदबाजी की'

'हमने बढ़िया बल्लेबाजी तो की ही हमारी गेंदबाजी भी बहुत सधी हुई रही। जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत बेहतरीन रही। हम 15 रन और बना सकते थे। हमारी आपस में बस यही बात हुई कि हमें अपने सामान्य शॉट खेलने हैं। सूर्य और मैंने आपस मे यही कहा कि समझबूझ कर अपने शॉट खेले और रोहित और रिकल्टन भी इसी अंदाज में खेले। कुछ मिलाकर हमने शानदार बल्लेबाजी की। बतौर टीम हमने बेहतरीन बल्लेबाजी की। हमने सामान्य क्रिकेट खेली और हमारे लिए यह कारगर रहा।

**-हार्दिक पांडया, मुंबई इंडियंस कप्तान**

## नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए टिकटों की बिक्री शुरू

**बेंगलुरु,** 5 मई (एजेंसियां)। 24 मई को श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने वाले बहुप्रतीक्षित नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 के लिए उत्साह के साथ, आयोजकों ने इस एकदिवसीय भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए टिकटों की बिक्री की घोषणा की है।

नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) इस ऐतिहासिक आयोजन की आधिकारिक मंजूरी देने वाली संस्था है, जिसमें दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर, एंडरसन पीटर्स और अन्य सहित कई ओलंपिक पदक विजेता भाग लेंगे। नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा सह-आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए टिकट अब लाइव हैं। डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है, और टिकट जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट ऐप के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया है, 'नीरज चोपड़ा



क्लासिक के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक है, जिससे यह सभी प्रशंसकों के लिए सुलभ है। प्रीमियम अनुभव की तलाश करने वालों के लिए, स्टेडियम के उत्तरी छोर पर पांच कॉर्पोरेट बॉक्स बनाए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक में 15 अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था है, जिसकी कीमत 44,999 रुपए है। वीजा क्रेडिट कार्ड धारकों को टिकटों पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।' दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, थ्रोअर के रनवे के साथ एक विशेष स्टैंड बनाया गया है, जिससे प्रशंसकों को एक्शन का नजदीक से नजारा देखने को मिलेगा। इस विशेष स्टैंड के लिए टिकटों की कीमत 9,999 रुपये है। इसके अलावा, स्टेडियम के उत्तरी ऊपरी स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड बनाया गया है, जो थ्रोअर के रनवे के ठीक पीछे स्थित है, जिसके टिकट 2,999 रुपए में उपलब्ध हैं।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी करण यादव ने कहा, 'नीरज चोपड़ा क्लासिक भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक बड़ा कदम है। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड इवेंट के रूप में, यह दुनिया की कुछ बेहतरीन भाला प्रतिभाओं को पहली बार बेंगलुरु में लाता है। हमने सुनिश्चित किया है कि यह अनुभव विश्व स्तरीय हो, लेकिन सुलभ भी हो - टिकट की कीमत से लेकर इवेंट को कैसे आयोजित किया जाता है।

## भारत ने आईटीएफ एशिया 14 और अंडर डेवलपमेंट चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। भारतीय टेनिस के लिए यह सुनहरा पखवाड़ा रहा, क्योंकि देश ने नई दिल्ली के आर.के. खन्ना टेनिस स्टेडियम में आयोजित आईटीएफ एशिया 14 और अंडर डेवलपमेंट चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और दूसरा स्थान हासिल किया। भारत के अभियान का मुख्य आकर्षण गुजरात की जेन्सी का शानदार प्रदर्शन रहा, जो दो सप्ताह तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपराजित रही। युवा सनसनी ने चीनी ताइपे की त्साई-जंग चियांग पर 1-6, 6-3, 6-4 से रोमांचक फाइनल में जीत हासिल करते हुए सप्ताह 2 का एकल खिताब जीता। जेन्सी की निरंतरता और दृढ़ता अब उन्हें प्रतिष्ठित रोड टू विंबलडन इवेंट और एशियाई टीम के यूरोपीय दौरे तक ले जाएगी -




जो उनके युवा करियर में एक बड़ा कदम है। भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतिभा की गहराई भी दिखाई:

**विवान मिर्धा** - 7वां स्थान
**विराज चौधरी** - 8वां स्थान
**सृष्टि** - 7वां स्थान

भारत 16 प्रतिभागी देशों में दूसरे स्थान पर रहा, अंक तालिका में केवल कोरिया ही आगे रहा। यह परिणाम एआईटीए, भारतीय कोचिंग टीम के सामूहिक प्रयास का प्रमाण है, जिसमें कप्तान ईशा चोपड़ा भी शामिल हैं, जिन्होंने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) देश भर में जूनियर प्रतिभाओं की पहचान और विकास के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारत महाद्वीपीय और वैश्विक मंच पर चमकता रहे।

## सार संक्षेप

### रबाडा के मनोरंजक दवाओं के सकारात्मक परीक्षण को सार्वजानिक रूप से छुपाने से खुश नहीं हैं पेन

**नई दिल्ली**। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन इस बात से खुश नहीं हैं कि कैसे कैगिसो रबाडा के मनोरंजक दवाओं के सेवन के बाद सकारात्मक परीक्षण को सार्वजनिक रूप से छिपाया गया। अप्रैल में, रबाडा गुजरात टाइटन्स (जीटी) के लिए आईपीएल 2025 के पहले दो मैच खेलने के बाद घर लौट आए। उस समय, फ्रेंचाइजी ने कहा कि रबाडा का प्रस्थान एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मामले में भाग लेने के कारण था। शनिवार को, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसएसीए) के एक बयान के माध्यम से, रबाडा ने पुष्टि की कि प्रतिबंधित पदार्थ, जो एक अनिर्दिष्ट मनोरंजक दवा है, के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद वह अंतिम निलंबन के तहत थे। 'यह बहुत बुरा है। मुझे व्यक्तिगत मुद्दों के इर्द-गिर्द इस तरह का इस्तेमाल पसंद नहीं है, और इसका इस्तेमाल उन चीजों को छिपाने के लिए किया जा रहा है जो व्यक्तिगत मुद्दे नहीं हैं। अगर आपके पास कोई पेशेवर खिलाड़ी है जिसका किसी टूर्नामेंट के दौरान मनोरंजक दवाओं के लिए परीक्षण किया जाता है, जिसमें वह खेल रहा है, तो यह मेरे लिए व्यक्तिगत मुद्दों में नहीं आता है।'


### नार्दन यूनाइटेड, हॉप्स, सुदेवा और शास्त्री की जीत

**नई दिल्ली**। यमन और अखिलेश देवरानी के गोलों से नार्दन यूनाइटेड फुटबाल क्लब ने अजमल एफसी को 2-1 से हरा कर डीएसए पुरुष सीनियर डिवीजन लीग के संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज की द्य अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में पराजित टीम का गोल नवजिंदर ने किया।

## अभ्यास के दौरान गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहा था, जानता था कि कुछ बड़ा होने वाला है: रसेल

**नई दिल्ली**, 5 मई (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अनुभवी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने कहा कि उन्हें पता था कि वह बड़ा स्कोर बनाने वाले हैं, उन्होंने कहा कि वह अभ्यास सत्रों में गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहे थे। ईडन गार्डन्स में, रसेल, जो अच्छी बल्लेबाजी फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे थे, ने डेथ ओवरों में 12 गेंदों में 41 रन बनाए, और 25 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाए, जिससे केकेआर ने 20 ओवरों में 206/4 रन बनाए, जो राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को सिर्फ एक रन से हराने के लिए पर्याप्त था।

उन्होंने सोमवार को आईपीएलटी20डॉटकॉम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'पिछले कुछ मैचों में मौसम थोड़ा सूखा रहा है, लेकिन मैं अभ्यास में गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहा हूं, इसलिए मुझे पता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। मैं अपनी तकनीक या जो कुछ भी हो रहा था, उसके बारे में चिंतित नहीं था। भीड़ में कुछ गेंदें मारना और बस उस बड़ी जयकार को प्राप्त करना अच्छा था और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम यहां जीत के साथ समाप्त होते हैं।' हालांकि रसेल ने सिर्फ एक ओवर फेंका और बिना किसी विकेट के




11 रन दिए, फिर भी वह अपने गेंदबाजी प्रयासों से खुश थे। 'जब मैं देखता हूं कि चीजें कैसे चल रही हैं और हमारे पास जो गेंदबाजी आक्रमण है, तो मेरे लिए खुद को एक और भूमिका देना आसान है, जहां मैं आता हूं और पीछे के छोर पर कुछ यॉर्कर फेंकता हूं और निष्पादित करने का प्रयास करता हूं।

## इटालियन ओपन : निलंबन के बाद विश्व नंबर 1 की वापसी पर अल्काराज, सिनर अलग-अलग हॉफ में होंगे

**रोम,** 5 मई (एजेंसियां)। विश्व नंबर 1 जानिक सिनर रोम में सोमवार को ड्रॉ समारोह के बाद क्ले-कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इटालियन ओपन में मारियानो नवोन या वाइल्ड कार्ड फेडेरिको सिना के खिलाफ खेलेंगे। 23 वर्षीय खिलाड़ी जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद साल का सिर्फ दूसरा टूर्नामेंट खेलेंगे और वाडा के साथ केस समाधान समझौते में तीन महीने की अयोग्यता पूरी करने के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट होगा। अगर सिनर और विश्व नंबर 3 कार्लोस अल्काराज इंटरनेशनली बीएनएल डी-इटालिया में अपनी रोमांचक प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाते हैं, तो यह चैंपियनशिप मैच में होना चाहिए, क्योंकि एटीपी के अनुसार ब्रैकेट के विपरीत दिशाओं में ड्रॉ किया गया है। सिनर का क्वार्टरफाइनल में मैड्रिड चैंपियन कैस्पर रूड से मुकाबला हो सकता है, जिनके खिलाफ इटालियन एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 3-0 से आगे हैं। अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के




बाद, रूड रोम में रोमन सफीउलिन या अलेक्जेंडर बुब्लिक के खिलाफ शुरुआत करेंगे।

मैड्रिड में मास्टर्स 1000 से हटने के बाद, अल्काराज जान-लेनार्ड स्ट्रफ या योशिहितो निशिओका के खिलाफ मुकाबले में वापसी करेंगे। स्पेन के इस खिलाड़ी को बार्सिलोना में चैंपियनशिप-मैच के दौरान चोट लग गई थी, लेकिन रोम में वापसी की उम्मीद है, जहां वह सिर्फ दूसरी बार प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अल्काराज को क्वार्टरफाइनल में विश्व नंबर 5 और मैड्रिड उपविजेता जैक ड्रेपर से भिड़ना पड़ सकता है।

डिफेंडिंग चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर या अर्जेंटीना के कैमिलो उगो कैराबेली के खिलाफ करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने मैड्रिड में चौथे दौर में अपनी सात मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त होते देखा, जहां उन्हें फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। ज्वेरेव एक दिलचस्प सेमीफाइनल में अल्काराज का सामना कर सकते हैं, लेकिन जर्मन को पहले एक चुनौतीपूर्ण क्वार्टर से गुजरना होगा, जिसमें लोरेंजो मुसेट्टी, दानिल मेदवेदेव, आर्थर फिल्स और स्टेफानोस सितसिपास शामिल हैं। मेदवेदेव, जिन्होंने 2023 में रोम में अपना सबसे हालिया टूर-लेवल खिताब जीता था, क्वालीफायर या क्रिस्टोफर ओ-कॉनेल के खिलाफ शुरुआत करेंगे। 29 वर्षीय ज्वेरेव चौथे दौर में मुसेट्टी से भिड़ सकते हैं, जिन्होंने सोमवार को शीर्ष 10 में पदार्पण किया।

### सुडोकू 6904 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |

## भारत का सफेद गेंद के प्रारूपों में शीर्ष स्थान बरकरार, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में चोटी पर कायम

**दुबई,** 5 मई (एजेंसियां)। भारत ने आईसीसी पुरुष वनडे और टी20 रैंकिंग में अपना नंबर एक स्थान बनाए रखा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को प्रीमियर क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी वार्षिक अपडेट के बाद टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखने में कामयाबी हासिल की। नवीनतम रैंकिंग, जो मई 2024 से खेले गए सभी मैचों को 100 प्रतिशत और पिछले दो वर्षों के मैचों को 50 प्रतिशत पर रेट करती है, वार्षिक अपडेट के बाद टी20 में रिकॉर्ड 100 टीमों को सूचीबद्ध करती है। वनडे के वार्षिक अपडेट में, भारत ने अपनी बढ़त 12 से 15 अंकों तक सुधारी है और 124



आईसीसी वार्षिक रैंकिंग

रेटिंग अंक पर है। 2025 आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत पिछले साल की सफल अवधि का मुख्य आकर्षण थी, जिसमें अगस्त 2024 में श्रीलंका के खिलाफ एक विदेशी श्रृंखला हारने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की घरेलू श्रृंखला जीत भी शामिल थी। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता रहे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। लेकिन श्रीलंका ने सबसे बड़ा सुधार किया है - पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ते हुए दो स्थान ऊपर छठे से चौथे स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया है जबकि वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पीछे छोड़ते हुए नौवां स्थान हासिल किया है। टी20 के मामले में, भारत अभी भी शीर्ष पर बना हुआ है, भले ही ऑस्ट्रेलिया पर उनकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक रह गई हो। पिछले साल उन्होंने पुरुष टी20 विश्व कप जीता, उसके बाद बांग्लादेश और श्रीलंका पर 3-0 से श्रृंखला जीती और इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे पर अन्य श्रृंखला जीती। शीर्ष छह में कोई अन्य बदलाव नहीं हुआ है। 2022 के विजेता इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका इसी क्रम में हैं। 2014 के विजेता श्रीलंका ने 2009 के चैंपियन पाकिस्तान को पछाड़कर सातवां स्थान हासिल कर लिया है, जबकि आयरलैंड अब जिम्बाब्वे से आगे 11वें स्थान पर है। रेटिंग अंकों के मामले में सबसे बड़ा लाभ कनाडा को हुआ है, जिसकी नौ अंकों की बढ़त ने उन्हें 19वें स्थान पर पहुंचा दिया है और ओमान से आगे है, जो रैंकिंग अंकों के मामले में सबसे बड़ा नुकसान उठाने वाले हैं, जिसमें आठ अंकों की गिरावट आई है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 4- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.867 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.716 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 6.29 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.73 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 3.11 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.45 प्रतिशत |
| आई टी सी | 1.62 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 4.57 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.26 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.73 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.65 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.64 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,880 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,100 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत की विकास प्राथमिकताओं का समर्थन करता है एडीबी : मासातो कांडा

■ **निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रहा भारत**

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ अपनी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को समर्थन दिया। इसके साथ ही भारत की विकास प्राथमिकताओं के लिए बैंक के पूर्ण समर्थन की बात भी कही है। इसकी जानकारी वित्त मंत्रालय ने सोमवार को दी।

वहीं, वित्त मंत्री सीतारमण ने यह भी दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करता है और लगातार एक अनुकूल नीति और रेगुलेटरी इकोसिस्टम बना रहा है।

वित्त मंत्री 4 से 7 मई तक इटली के मिलान में आयोजित एडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 58वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग से एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं।




**भारत, एडीबी को नए, इनोवेटिव फाइनेंसिंग प्रोडक्ट व मॉडल्स को चलाने के अवसर प्रदान करता है : निर्मला सीतारमण**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मिलान में एडीबी अध्यक्ष कांडा से मुलाकात की।

मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करता है और इंसॉल्वेंसी, बैंकरप्सी कोड, कॉर्पोरेट टैक्स रेट में कमी और जीएसटी कार्यान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन, गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्टअप इंडिया जैसी साहसिक पहलों के माध्यम से लगातार एक अनुकूल नीति और रेगुलेटरी इकोसिस्टम बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, एडीबी को नए, इनोवेटिव फाइनेंसिंग प्रोडक्ट और मॉडल्स को चलाने के अवसर प्रदान करता है।

## सीतारमण ने एडीबी से की पाकिस्तान की फंडिंग में कमी लाने की मांग

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से सोमवार को यहां मुलाकात कर पाकिस्तान को दिए जाने वाले फंड में कमी करने की मांग की। एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के दौरान हुई यह मुलाकात 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच हुई है। श्रीमती सीतारमण ने इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोर्जेटी के समक्ष भी यही मांग उठाई।

श्री कांडा के साथ बैठक के दौरान श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), कॉर्पोरेट कर दर में कमी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कार्यान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी), गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्टअप इंडिया जैसी साहसिक पहलों के माध्यम से लगातार अनुकूल नीति और नियामक पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है, ताकि व्यापार करने में अधिक आसानी हो। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत एडीबी को नए, अभिनव वित्तपोषण उत्पादों और मॉडलों को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करता है। श्री कांडा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत की विकास प्राथमिकताओं के लिए एडीबी के पूर्ण समर्थन का अश्वासन दिया।

## सरकारी खनन कंपनी का रिकॉर्ड प्रदर्शन जारी



■ **अप्रैल में उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा**

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी ने अप्रैल में रिकॉर्ड उत्पादन किया है और उसके लौह अयस्क उत्पादन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, बिक्री में 3 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। एनएमडीसी ने बयान में कहा कि कंपनी ने अप्रैल में 4 मिलियन टन (एमएनटी) लौह अयस्क का उत्पादन किया है, जो कि पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 3.48 एमएनटी से 15 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही बीते महीने एनएमडीसी की लौह अयस्क की बिक्री 3.63 एमएनटी रही है, जो कि अप्रैल 2024 की 3.53 एमएनटी की बिक्री से 3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का पेलेट उत्पादन 0.23 लाख टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2018 में अप्रैल के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया। कंपनी के शानदार प्रदर्शन पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि अप्रैल में हमारा रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, साथ ही हमारी प्रमुख लौह अयस्क खदानों किरंदुल, बचेली और दोणिमलाई से पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमश: 12 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 88 प्रतिशत की वृद्धि ने हमारी अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है।

स्टील मंत्रालय के तहत आने वाली एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है। लौह अयस्क एक महत्वपूर्ण खनिज होता है और इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से स्टील बनाने में किया जाता है और इसे दुनियाभर में स्टील के उत्पादन का आधार माना जाता है।

इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी से अलग हुई कंपनी एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने कहा कि अप्रैल में कंपनी के हॉट मेटल उत्पादन में 8.5 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की है और उत्पादन बढ़कर 2,30,111 टन हो गया है जो मार्च में 2,11,978 टन था।

## 2025-26 में 9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है भारत की कॉटन यार्न इंडस्ट्री



**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। निर्यात में दोबारा से बढ़त और घरेलू स्तर पर मजबूत मांग होने के कारण भारत की घरेलू कॉटन यार्न इंडस्ट्री चालू वित्त वर्ष में 7-9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। यह पिछले वित्त वर्ष की वृद्धि दर 2-4 प्रतिशत से अधिक है। यह जानकारी क्रिसिल की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वॉल्यूम में बढ़त की वजह यार्न की कीमतों में मामूली वृद्धि होना है।

पिछले वित्त वर्ष में सुधार के बाद ऑपरेटिंग मार्जिन में इस वित्त वर्ष में 50-100 आधार अंकों की और वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसका कारण भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के माध्यम से कॉटन की बेहतर उपलब्धता है।

यह रिपोर्ट 70 कॉटन यार्न स्पिनरों के विश्लेषण पर आधारित है। इंडस्ट्री की कुल आय में इन स्पिनरों की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत है।

वित्त वर्ष 2026 में आय में वृद्धि का मुख्य कारण चीन को यार्न निर्यात में उछाल आना होगा। इंडस्ट्री के राजस्व में निर्यात का योगदान करीब 30 प्रतिशत है, जिसमें से चीन का योगदान 14 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2025 में चीन में अधिक कॉटन के उत्पादन के कारण भारत से चीन को यार्न निर्यात में गिरावट आई थी।

## ताप्ती क्षेत्र में अपतटीय तेल कुंआ बंद

■ **ऑफशोर व ऑनशोर ऊर्जा बुनियादी ढांचे में भारत की घरेलू क्षमताओं को मिली मजबूती**

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि में, पन्ना-मुक्ता और ताप्ती (पीएमटी) संयुक्त उद्यम साझेदारों - शेल (बीजीईपीआईएल के माध्यम से), रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) ने मध्य और दक्षिण ताप्ती क्षेत्र सुविधाओं को सुरक्षित रूप से हटाने के साथ देश की पहली अपतटीय सुविधाओं को बंद करने की परियोजना को पूरा कर लिया है।

इन कंपनियों ने यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि भारत सरकार के साथ उत्पादन साझाकरण अनुबंध के तहत ताप्ती क्षेत्रों का संचालक पीएमटी



संयुक्त उद्यम में 40 प्रतिशत भागीदारी हित के साथ ओएनजीसी और 30 प्रतिशत भागीदारी के साथ आरआईएल और बीजी एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन इंडिया लिमिटेड (बीजीईपीआईएल-शेल) शामिल हैं।

परियोजना में पांच वेलहेड प्लेटफॉर्म, संबंधित इनफील्ड पाइपलाइनों को हटाना, ऑनशोर डिसमेंटलिंग यार्ड में लोड-इन और 38 कुंओं को सुरक्षित रूप से बंद करना और छोड़ना शामिल था। सभी को स्वीकृत डीकमीशनिंग योजना के अनुरूप निष्पादित किया गया। मार्च 2016 में ताप्ती क्षेत्रों से उत्पादन बंद हो गया, और यह परियोजना उच्चतम सुरक्षा और पर्यावरण मानकों को बनाए रखते हुए नियामक ढांचे के साथ उच्च स्तर की योजना, समन्वय और अनुपालन को प्रदर्शित करती है।

भारत सरकार के मेक इन इंडिया विजन के अनुरूप, पीएमटी जेवी ने भारतीय कंपनियों लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को ऑफशोर निष्पादन और चौगुले शिपयार्ड (सीएलएसपीएल) को ऑनशोर डिसमेंटलिंग का काम दिया गया था। ऑफशोर संचालन अब सुरक्षित रूप से पूरा हो गया है और रत्नागिरी में सीएलएसपीएल की सुविधाओं में डिसमेंटलिंग चल रही है, जिससे ऑफशोर और ऑनशोर ऊर्जा बुनियादी ढांचे में भारत की घरेलू क्षमताओं को और मजबूती मिली है।

**सार संक्षेप**

### भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन शानदार : नागेश्वरन

**नई दिल्ली।** चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा इंडिकेटर्स भारत की अर्थव्यवस्था की सकारात्मक तस्वीर दिखा रहे हैं और वैश्विक चुनौतियों के बाद भी घरेलू अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। अशोका यूनिवर्सिटी में एक समारोह में नागेश्वरन ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। वित्त वर्ष 25 के आंकड़े मई में उपलब्ध होंगे और मौजूदा इंडिकेटर्स संकेत दे रहे हैं कि विकास दर मजबूत रही है। उन्होंने आगे कहा कि देश में ऊर्जा किफायती हो रही है और एनर्जी ट्रांजिशन से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और छोटे एवं मध्यम एंटरप्राइजेज एवं मैन्युफैक्चरिंग में इजाफा हो रहा है। नागेश्वरन ने मुताबिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एजुकेशन और देश का कुशल कार्यबल विकास दर को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा का एकल लाभ 22 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** वाहन निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाले महिंद्रा एंड्र महिंद्रा लिमिटेड ने वितत वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में 2437 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 2000 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बीएसई का बताया कि मार्च 2025 को समाप्त इस तिमाही में उसकी एकल बिक्री 31609 करोड़ रुपए रही है जो मार्च 2024 में समाप्त चौथी तिमाही के 25434 करोड़ रुपए के विक्रय की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 11855 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 19642 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में कंपनी की कुल बिक्री 118625 करोड़ रुपए रही है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 101336 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

### कंपनियों के लिए 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले सेवा शुरू

**नई दिल्ली।** एयरटेल बिज़नेस ने आज बिज़नेस नेम डिस्प्ले (बीएनडी) सेवा के लांच की घोषणा की। यह सेवा उद्योग में अपनी तरह की पहली, नई तकनीक पर आधारित सुविधा है, जिसका उद्देश्य कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच होने वाले संवाद को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाना है। कंपनी ने कहा कि इसके ज़रिए कंपनियां, अपनी आउटगोइंग कॉल के दौरान ग्राहकों के मोबाइल स्क्रीन पर अपना ब्रांड नाम प्रदर्शित कर सकेंगी, जिससे ग्राहकों को भरोसेमंद बिज़नेस कॉल्स और स्पैम कॉल्स के बीच आसानी से अंतर करने में मदद मिलेगी। एयरटेल ने अपने ग्राहकों को स्पैम कॉल से राहत दिलाने के लिए भारत का पहला स्पैम-रोधी नेटवर्क शुरू किया है। इस पहल को देशभर में चलाए गए एक बड़े जनजागरूकता अभियान के ज़रिए ग्राहकों तक पहुंचाया गया।


## लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई,** 5 मई (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर ऑटो, तेल एवं गैस, एनर्जी और सर्विसेस जैसे समूहों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार सोमवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाने में सफल रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंकों की बढ़त के साथ 80796.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 114.45 अंकों की तेजी लेकर 24461.15 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर देखा गया जिससे बीएसई का मिडकैप 1.45 प्रतिशत उठकर 43326.80 अंक पर और स्मॉलकैप 1.23 प्रतिशत बढ़कर 47949.78 अंक पर रहा।

बीएसई में बैंकिंग 0.90 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष सभी समूहों में तेजी रही जिसमें तेल एवं गैस 1.95 प्रतिशत, ऑटो 1.88 प्रतिशत, सर्विसेस 2.99 प्रतिशत और एनर्जी 1.49 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल मिलाकर 4202 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2562 बढ़त में और 1460 गिरावट में रही जबकि 180 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.23 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अधिकांश प्रमुख सूचकांक बढ़त में रहे जिसमें




ब्रिटेन का एफटीएसई 1.17 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.04 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.17 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.39 प्रतिशत शामिल है। बीएसई का सेंसेक्स 160 अंकों की बढ़त लेकर 80661.62 अंक पर

■ **सेंसेक्स 294.85 अंकों की बढ़त के साथ 80796.84 पर रहा**
■ **निफ्टी 114.45 अंकों की तेजी लेकर 24461.15 पर बंद**

खुला। सत्र के दौरान यह 81049.03 अंक के उच्चतम और 80657.71 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 80501.99 अंक की तुलना में 294.85 अंक अर्थात 0.37 प्रतिशत बढ़कर 80796.84 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 20 हरे निशान में और 10 लाल निशान में रही।

इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 73 अंकों की बढ़त के साथ 24419.50 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 24526.40 अंक के उच्चतम और 24400.65 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। सत्र के अंत में यह पिछले दिवस के 24346.70 अंक की तुलना में 114.45 अंक अर्थात 0.47 प्रतिशत की बढ़त लेकर 24461.15 अंक पर रहा।

निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 38 हरे निशान में और 12 लाल निशान में रही। एनएसई में कुल 2984 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2023 हरे निशान में और 865 लाल निशान में रही जबकि 96 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## स्टार्टअप जॉब मार्केट में भर्ती को लेकर सालाना आधार पर 32 प्रतिशत का उछाल

**बेंगलुरु,** 5 मई (एजेंसियां)। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में भर्ती को लेकर सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह सस्टेनेबल और इनोवेशन आधारित स्केलिंग की ओर एक रणनीतिक मोड़ का संकेत है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

जॉब्स प्लेटफॉर्म फाउंड-इट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का व्हाइट-कॉलर जॉब मार्केट मजबूत बना हुआ है, जिसमें सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। स्टार्टअप जॉब पोस्टिंग में इस साल अप्रैल में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत और पिछले तीन महीनों में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

पिछले एक साल में नए स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन में 22 प्रतिशत की वृद्धि से भर्ती की यह गति और अधिक मजबूत हुई है।

फाउंड-इट के सीईओ वी. सुरेश ने कहा कि भारत में स्टार्टअप के विस्तार के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। विकास अब केवल प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। इसके बजाय, हम टियर-2 शहरों में भी मजबूत विस्तार देख रहे हैं, जो विकास के अधिक




■ **मजबूत बना हुआ है भारत का व्हाइट-कॉलर जॉब मार्केट**

संतुलित और समावेशी मॉडल का संकेत देता है। साथ ही, अनुभवी पेशेवरों की भर्ती पर जोर बढ़ रहा है, जो दीर्घकालिक स्थिरता पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। स्टार्टअप हायरिंग में आईटी सर्विस सबसे आगे है, जो सभी स्टार्टअप जॉब पोस्टिंग का 32 प्रतिशत है, जो कि पिछले साल 2024 में 23 प्रतिशत था। हेल्थकेयर में स्टार्टअप हायरिंग 6 प्रतिशत से बढ़कर 9 प्रतिशत हो गया है, जो डीप टेक और स्वास्थ्य-केंद्रित समाधानों पर बढ़ते फोकस का संकेत देता है। इसके विपरीत, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और एजुकेशन/ई-लर्निंग जैसे सेक्टर में स्टार्टअप हायरिंग को लेकर गिरावट दर्ज की गई है।

## खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय : शेखावत

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि भारत की मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन (एमआईसीई) इंडस्ट्री देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी और साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा करेगी।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि एमआईसीई इंडस्ट्री तेजी से वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रही है। इस इंडस्ट्री को मजबूत आर्थिक विकास, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार से समर्थन से बढ़ावा मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्य अपने अनूठे तरीकों से पर्यटन के अवसरों को खोल रहे हैं और अब, भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम, यशोभूमि और जियो वर्ल्ड सेंटर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों और एमआईसीई पर विशेष ध्यान देने के




साथ हमारा लक्ष्य कम से कम 10 भारतीय शहरों को दुनिया के शीर्ष एमआईसीई गंतव्यों में शामिल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और राजस्थान जैसे राज्यों की विरासत और नवाचार के माध्यम से अग्रणी भूमिका के साथ, भारत दुनिया का सबसे प्रशंसित पर्यटन और आयोजन स्थल बनने के लिए तैयार है।

भारत के एमआईसीई बाजार ने 2024 में 49,402.6 मिलियन डॉलर का राजस्व अर्जित किया और 2030 तक 103,686.5 मिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

वाराणसी, खजुराहो और कोच्चि जैसे

■ **भारत दुनिया का सबसे प्रशंसित पर्यटन व आयोजन स्थल बनने के लिए तैयार**

शहरों में एमआईसीई-रेडी डेस्टिनेशन में हाल ही में हुए विकास से यह वृद्धि हुई है। भारत ने 2014 के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से विकास किया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर विकास 1,50,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण, नए रेलवे स्टेशन, सेमी हाई-स्पीड ट्रेन, अंतर्देशीय जलमार्ग, 150 से अधिक चालू हवाई अड्डों और 2.48 मिलियन से ज्यादा होटल के कमरों के साथ देखा जा सकता है। इसके अलावा, भारत द्वारा त्र20 देशों की मेजबानी ने भारत के बढ़ते स्थल नेटवर्क और क्षेत्रीय पर्यटन क्षमता को मजबूत किया है। नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी के अनुसार, भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रखे गए दृष्टिकोण ने नए रास्ते खोले हैं।

# जैन चुस्की चाय के लकी ड्रा में कई उपभोक्ताओं ने जीते लाखों के उपहार




रायपुर, 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ एवं मध्य भारत में सर्वाधिक बिकने वाला चाय उत्पाद जैन चुस्की चाय के द्वारा विगत 8 महीने पूर्व अपने उपभोक्ताओं के लिए बेहद आकर्षक लकी ड्रा ऑफर निकाला गया था जिसके अंतर्गत प्रत्येक ₹300 तक के जैन चुस्की चाय की कोई भी उत्पाद को खरीदी करने पर एक कूपन मुफ्त प्रदान किया जा रहा था यह योजना रिटेलर्स होलसेलर एवं प्रत्येक उपभोक्ताओं के लिए प्रारंभ किया गया था जिसके अंतर्गत प्रथम पुरस्कार शानदार ऑल्टो कार, दूसरा पुरस्कार दो एक्टिवा स्कूटी (दो विजेताओं को) तीसरा पुरस्कार वाशिंग मशीन (10 विजेताओं को) चौथा पुरस्कार 100 ग्राम चांदी के सिक्के (50 विजेताओं को) पांचवा पुरस्कार 50 ग्राम चांदी के सिक्के (100 विजेताओं को) प्रदान किया जाना था उक्त योजना को लेकर ग्राहकों एवं व्यापारियों के मध्य खासा उत्साह देखा जा रहा था विगत दिनों रायपुर स्थित सालासर बालाजी मंदिर में लकी ड्रा के माध्यम से विजेताओं का चयन किया गया जहां पर जैन ट्रेडर्स की पूरी टीम सम्मानीय डीलर- डिस्ट्रीब्यूटर के अलावा मीडिया बंधु एवं सम्माननीय कस्टमर भी उपस्थित थे इन सभी के सामने एक रंगारंग कार्यक्रम के मध्य में पूरे पारदर्शिता से लकी ड्रा निकालकर विजेताओं का कूपन निकालकर इस योजना का समापन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार ऑल्टो कार के भाग्यशाली विजेता रायपुर स्थित आर एस ट्रेडर्स गुढ़ियारी के नाम रहा जैन ट्रेडर्स के संचालक श्री यशवंत जैन ने उनको कार जीतने पर बधाई दिया उन्होंने आश्वासन दिया कि इस प्रकार की योजना हम भविष्य में भी लेकर आते रहेंगे जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस लाभकारी योजना में हिस्सेदारी दर्ज करा कर योजना का लाभ ले सके आपको बताते चले कि जैन ट्रेडर्स के चाय के उत्पाद अपने विशेष स्वाद सुगंध और चालिटी के चलते छत्तीसगढ़ के साथ पड़ोसी राज्यों जैसे मध्य प्रदेश ,उड़ीसा आदि में भी काफी लोकप्रिय है।



### राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर सर्किट कोर्ट, रायपुर राजस्व मामले की नोटिस

प्र.क्र.-आर.एन./05/आर./अ-6/85/2021
पेशी दिनांक 14.05.2025

1. प्रीतपाल सिंह आ. स्व. सोहेन्दर सिंह 2. श्रीमती सतिन्दर कौर आ. स्व. सोहेन्दर कौर 3. श्रीमती हरविन्दर कौर आ. स्व. सोहेन्दर कौर निवासी- रामनगर सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 4. कमलजीत कौर पति हरप्रित सिंह भाटिया 5. श्रीमती मनजीत कौर पति मनदीप सिंह भाटिया दोनों निवासी- गुरूद्वारा सिंह भाटिया ब्लाक नं. 10 अ क्वाटर नं. 3 प्रियदर्शनी नगर भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) 6. मूलचंद साहू पिता श्री बुधराम साहू निवासी- श्रीमती भाठा वार्ड क्र. 50 दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता रजवंतीन बाई पति स्व. चंद्रिका प्रसाद निवासी रामनगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.), द्वारा न्यायालय कलेक्टर, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्किट कोर्ट, रायपुर के न्यायालय में पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक-आर.एन./05/आर/अ-6/85/2021 न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग के प्र.क्र. 397/1-6/2019-20 पक्षकार मूलचंद साहू वगैरह विरूद्ध सुरेश कुमार वगैरह, में पारित आदेश दिनांक 27.05.2021 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 14.05.2025 की तिथि नियत है। अत: उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वत: या अपने अभिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्तयार या अभिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमें का फैसला एकतरफा किया जावेगा।

मुहर राजस्व मण्डल, (छ.ग.) सर्किट कोर्ट रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं.- 00041 दलदलसिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722600...

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00041 के अंतर्गत ग्राम दलदलसिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी विकास सांडिल्य पिता/पति-ईश्वरी सांडिल्य पता- न्यू गंज मंडी, प्रगति मैदान के पास, पण्डरीतराई रायपुर, विवेक सांडिल्य पिता/पति-ईश्वरी सांडिल्य पता-न्यू गंज मंडी, प्रगति मैदान के पास, पण्डरीतराई, रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 254/38 (0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सुमन संतवानी पिता/पति-पति श्री दीपक संतवानी पता-निवासी एलआईजी-806 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-05, सड्डू रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ANISH BOTHRA S/O HUKUM CHAND BOTHRA resident of HOUSE NO. 196/2, WARD NO. 13, MARWADI PARA, SUKMA (C.G.) 494111 have changed my old name ANISH BOTHRA S/O HUKUM CHAND BOTHRA so in future I should be recognized by my new name that is ANISH KUMAR BOTHRA S/O HUKUM CHAND BOTHRA in all Government and other documents.

**ANISH KUMAR BOTHRA**
HOUSE NO. 196/2, WARD NO. 13, MARWADI PARA, SUKMA (C.G.) 494111

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VINOD JALAN S/O NIRANJAN KUMAR JALAN resident of SHIV SADAN, E-26/1, DEVENDRA NAGAR, SECTOR-1, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name VINOD JALAN S/O NIRANJAN KUMAR JALAN so in future I should be recognized by my new name that is VINOD KUMAR JALAN S/O NIRANJAN KUMAR JALAN in all Government and other documents.

**VINOD KUMAR JALAN**
SHIV SADAN, E-26/1, DEVENDRA NAGAR, SECTOR-1, RAIPUR (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KRISHNA LAKHOTIYA S/O VIJAY KUMAR LAKHOTIA resident of H.NO. D-5 NAMAN SHAILENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name KRISHNA LAKHOTIYA S/O VIJAY KUMAR LAKHOTIA so in future I should be recognized by my new name that is KRISHNA LAKHOTIA S/O VIJAY KUMAR LAKHOTIA in all Government and other documents.

**KRISHNA LAKHOTIA**
H.NO. D-5 NAMAN SHAILENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500003/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भूईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक पवन शादीजा पिता देवनदास शादीजा निवासी- ए-4 समन स्केवयर विधान सभा रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक सी-8 खसरा नंबर 15002 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक क्र. 01/विक्रेता सुरेश शादीजा पिता देवनदास शादीजा निवासी- ए-4 समन स्केवयर विधान सभारोड रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.07.2004 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रेता सुरेश शादीजा पिता देवनदास शादीजा द्वारा अनावेदक क्र. 02/पूर्व विक्रेता समता गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.01.2003 के माध्यम से क्रय किया था। अत: उक्त आवेदित भूमि को श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अत: आवेदित द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202505110200/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-दलदलसिवनी, प.ह.नं. 109/41
रायपुर, दिनांक 23.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. आशीष कुमार जायसवाल पिता श्री रामनिवास जायसवाल, 02. रामनिवास प्रसाद जायसवाल पिता स्व. केशव प्रसाद जायसवाल दोनो निवासी म.नं. 03, एकता नगर, गुढ़ियारी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम दलदलसिवनी प.ह.नं. 109/41, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 424/2 का भाग रकबा 12500 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है, जिसमें से 1175 वर्गफुट भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदकगण ने अनावेदक श्री.जी.आर. रियल इस्टेट द्वारा भागीदार विजय जैन पिता श्री गोविन्द राम नामाणी निवासी शांति नगर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03.11. 2023 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त वर्णित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदक के नाम पर दर्ज है जिसे विलोपित कर उक्त खसरा नंबर 424/3 का भाग रकबा 75 वर्गफुट भूमि पर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 04.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202504110800101/अ-27/ 2024-25
ग्राम-उरकुरा, प.ह.नं. 40
रायपुर, दिनांक 28.04.2025
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जीवनलाल यादव पिता विशाल यादव निवासी जीमपारा उरकुरा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम उरकुरा, प.ह.नं. 40 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 194/1 (शामिल खसरा नंबर 194/3), 197, 361/1, 418/1, 418/2, 418/4 रकबा क्रमश: 0.1940, 0.0200, 0.0340, 0.0570, 0.3960, 0.3480 हे. कुल रकबा 1.0490हे. घाने 74000 वर्गफुट भूमि को आवेदक तथा अनावेदिका श्रीमती गोदावरी पति विशाल यादव निवासी जीमपारा उरकुरा रायपुर के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। उक्त भूमि शामिल खाते की भूमि होने के कारण आवेदक खाता विभाजन कराना चाहता है। अत: उक्त भूमि को आपसी सहमति के अनुसार आवेदक एवं अनावेदक के मध्य खाता विभाजन किये जाने आवेदक द्वारा निवेदन किया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 21.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500001/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भूईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक मनोज कुमार महेश्वरी पिता जुगल किशोर महेश्वरी निवासी- चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 91 खसरा नंबर 15002 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक क्र. 01/ विक्रेता परशुराम सिंह पिता स्व. कालिका सिंह निवासी- चोपड़ापारा अम्बिकापुर हाल मुकाम कटोरातालाब रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.08.1988 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रेता परशुराम सिंह पिता स्व. कालिका सिंह द्वारा अनावेदक क्र. 02/पूर्व विक्रेता समता गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 09.11.1979 के माध्यम से क्रय किया था। अत: उक्त आवेदित भूमि को श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अत: आवेदित द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.मा.क्र./202504110800107/अ-6/2024-25
ग्राम-उरकुरा, प.ह.नं. 40
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 28.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती पुष्पा कुमारी पति संजीत कुमार निवासी फ्लेट नंबर 602, वार्ड नंबर 20, डी एम. टावर कैलाश नगर बीरगांव रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम उरकुरा, प.ह.नं. 40, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 209/21, रकबा 750 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्रीमती अंजनी साहू पति विष्णु साहू निवासी वार्ड क्रमांक 01. आड़वानी स्कूल के पास बीरगांव रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22.01.2025 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विलोपित कर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदिका का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 14.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500004/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भूईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदकगण कैलाशचंद्र लुंकड़, मनोज लुंकड़ दोनों पिता धरमचंद जी लुंकड़ निवासी- चूड़ी लाईन रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 25 खसरा नंबर 393/1 का भाग रकबा 3600 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण द्वारा अनावेदक क्र. 01/विक्रेता डी. के. चौधरी पिता स्वर्गीय जी चौधरी निवासी- मुगेली नाका के पास बिलासपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.02.1997 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रेता डी.के. चौधरी पिता स्वर्गीय जी चौधरी द्वारा अनावेदक क्र. 02/पूर्व विक्रेता रायपुर को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी चौबे कॉलोनी रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.05.1988 के माध्यम से क्रय किया था। अत: उक्त आवेदित भूमि को श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदकगण अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500006/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भूईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदिका श्रीमती रीया अग्रवाल पति अनुराग अग्रवाल निवासी पार्क रोड चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 4 खसरा नंबर 351/1 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा अनावेदक क्र. 01/विक्रेता श्रीमती सुलभा पिम्पलापुरे पति संतोष पिम्पलापुरे निवासी- प्लॉट नंबर 12 मेघ मल्हार सोसायटी होटल किनारा के पास कोथरूड पुणे महाराष्ट्र हाल मुकाम म.नं. 4 पार्क रोड चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22.10.2009 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रेता श्रीमती सुलभा पिम्पलापुरे पति स्व. संतोष पिम्पलापुरे द्वारा अनावेदक क्र. 02/पूर्व विक्रेता रायपुर को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी चौबे कॉलोनी रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.12.1989 के माध्यम से क्रय किया था। अत: उक्त आवेदित भूमि को श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500002/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भूईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक सुरेश महेश्वरी पिता घनश्याम दास महेश्वरी निवासी चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 78 खसरा नंबर 15002 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक क्र. 01/विक्रेता श्रीमती सिरोसा श्रीवास पति रमेश श्रीवास निवासी- शैलेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.09.1980 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रेता श्रीमती सिरोसा श्रीवास पति रमेश श्रीवास द्वारा अनावेदक क्र. 02/ पूर्व विक्रेता समता गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.05.1980 के माध्यम से क्रय किया था। अत: उक्त आवेदित भूमि को श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अत: आवेदित द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500005/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भुईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदकगण निपुण गोयल, अभिषेक गोयल दोनो पिता स्व. लक्ष्मीनारायण निवासी गोयल नर्सिम होम के पीछे समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदकगण के पिता लक्ष्मी नारायण पिता हरद्वारी मल एवं माता श्रीमती लक्ष्मी देवी पति स्व. लक्ष्मी नारायण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 550 भाग-3 खसरा नंबर 838/56 का भाग रकबा 1000 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि को क्रय पश्चात् आवेदकगण के पिता द्वारा नामांतरण कराया गया जिसका रा.प्र.क्र./3202/अ-6/वर्ष 2015-16 आदेश दिनांक 04.08.2016 है जिसके अनुसार आवेदित भूमि पर आवेदकगण के पिता एवं माता का नाम दर्ज किया गया किन्तु ऑनलाईन अभिलेख में आवेदित भूमि शहीद भगत सिंह नगर गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर के नाम पर दर्ज है। सहखातेदार लक्ष्मी नारायण पिता हरद्वारी मल की मृत्यु दिनांक 2./12.2024 को हो चुकी है। मृतक सहखातेदार स्व. लक्ष्मी नारायण पिता हरद्वारी मल के विधिक वारिसान निपुण गोयल, अभिषेक गोयल दोनो पिता स्व. लक्ष्मीनारायण, श्रीमती लक्ष्मी देवी पति स्व. लक्ष्मी नारायण है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अत: उक्त आवेदित भूमि से मृतक सहखातेदार स्व. लक्ष्मी नारायण पिता हरद्वारी मल का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान का नाम ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं. 00013 बेन्द्री ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425441631700017

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00013 के अंतर्गत ग्राम बेन्द्री के वर्तमान भूमिस्वामी निधि डडवाल पिता/पति अन्नपुर्नेश्वर पिता गोपाल राजपूत डडवाल पता 303 माई होम ज्वेल मरीना गुडा हैदराबाद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 323/6 0.1010 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता निधी राव पिता/पति-पति पी. अन्नपूर्नेश्वर राव पिता मदन गोपाल राजपूत पता एम-22 सेक्टर-1 अवंति विहार तेलीबांधा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार अभनपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722600215

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी डॉ. विजय कुमार अग्रवाल पिता/पति लखन लाल अग्रवाल पता समता कालोनी रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 83/3 0.0023 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती ज्योति अग्रवाल पिता/पति स्व. डॉ. विजय कुमार अग्रवाल पता समता कॉलोनी रायपुर छ.ग., अभिषेक अग्रवाल पिता/पति स्व. डॉ. विजय कुमार अग्रवाल पता समता कॉलोनी रायपुर छ.ग., नीलम अग्रवाल पिता/पति स्व. डॉ. विजय कुमार अग्रवाल पता समता कॉलोनी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00012 जुगेसर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440203800005

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00012 के अंतर्गत ग्राम जुगेसर के वर्तमान भूमिस्वामी शत्रुघन चंद्राकर पिता/पति जी.एन. चंद्राकर पता नारा आरंग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/1 0.0131 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मानवेन्द्र बोराल पिता/पति स्व. काली शंकर बोराल पता म.नं. सी 303 ग्वालिनी प्राइड, सुभम विहार एच.पी. गैस एजेंसी मंगला बिलासपुर (न.नि.) तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202504111500091/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राकेश कुमार प्रजापति पिता स्व. गणेश प्रसाद निवासी म.नं. 1189, वार्ड नं. 16, विवेकानंद आश्रम रामकुण्ड रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि भूखण्ड क्रमांक 1/11, शीट नंबर 17 रकबा 1036 वर्गफुट भूमि प्यारेलाल, अलोपी, गणेश प्रसाद पिसरान स्व. रघुनाथ प्रसाद तथा सुंदरबाई पति स्व. रघुनाथ प्रसाद के नाम पर धारित की जाती है। उक्त भूमि के सहखातेदार स्व. प्यारेलाल पिता स्व. रघुनाथ प्रसाद की मृत्यु दिनांक 20.09.2012 को हो गयी है। सहखातेदार गणेश प्रसाद पिता स्व. रघुनाथ प्रसाद की मृत्यु दिनांक 13.01.2007 को हो गयी है। सहखातेदार सुंदरबाई पति स्व. रघुनाथ प्रसाद की मृत्यु दिनांक 28.07.1999 को हो गयी है। सहखातेदार स्व. प्यारेलाल पिता स्व. रघुनाथ प्रसाद की कोई संतान नहीं है। सहखातेदार स्व. गणेश प्रसाद पिता स्व. रघुनाथ प्रसाद के विधिक वारिसान राकेश कुमार प्रजापति, हेमंत प्रजापति, अनीता दक्ष, सुनिता प्रजापति पिसरान स्व. गणेश प्रसाद है। सहखातेदार स्व. सुंदरबाई पति स्व. रघुनाथ प्रसाद के विधिक वारिसानों का नाम पूर्व से अभिलेख में दर्ज है। अत: आवेदित भूमि में से मृतक सहखातेदारगण स्व. प्यारेलाल, स्व. गणेश प्रसाद दोनों पिता स्व. रघुनाथ प्रसाद तथा स्व सुंदरबाई पति स्व. रघुनाथ प्रसाद का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानगण के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### शपथ-पत्र

मैं श्रीमती स्तूति आचार्य पति श्री संदीप आचार्य उम्र लगभग म.नं. ई-4, सांई वाटिका देवपुरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ:-

01 यह कि मेरा विवाह दिनांक 24.02.1993 को श्री संदीप आचार्य पिता श्री रामचन्द्र आचार्य निवासी अहमदजी कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से हुआ है।

02 यह कि मैं विवाह पूर्व कु. सुनीता रड़के पिता श्री मधुसूदन रड़के के नाम से ही जानी पहचानी जाती थी, और यही नाम मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है।

03 यह कि विवाह के पश्चात् मेरे पति व ससुराल वालों ने मेरा नाम स्तूति आचार्य मेरी सहमति से रखा गया तब से मै श्रीमती स्तूति आचार्य पति श्री संदीप आचार्य के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। मेरे आधार कार्ड एवं पैनकार्ड में मेरा नाम श्रीमती स्तूति आचार्य, पति श्री संदीप आचार्य दर्ज है।

04. यह कि मेरी जन्मतिथि 05.07.1968 है जिसका उल्लेख मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित है।

05.यह कि मेरा नाम शादी के पूर्व कु. सुनीता रड़के पिता श्री मधुसूदन रड़के था। शादी के पश्चात् मेरा नाम श्रीमती स्तूति आचार्य पति श्री संदीप आचार्य के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ, उक्त दोनों नाम मुझ एक व्यक्ति का ही है। इस संबंध में यह शपथ पत्र मेरे द्वारा पासपोर्ट बनवाने के संबंध में प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

### शपथ पत्र

मैं विक्की पुरी गोस्वामी उम्र 39 वर्ष पिता अशोक पुरी गोस्वामी निवासी हर्षित विहार, दुबे काम्पलेक्स बजरंग नगर के पास बिरगांव रायपुर छ.ग. शपथ पुवर्क निम्न कथन करता हूँ:-

1. यह कि, विक्की पुरी गोस्वामी उम्र 39 वर्ष पिता अशोक पुरी गोस्वामी निवासी हर्षित विहार, दुबे काम्पलेक्स बजरंग नगर के पास बिरगांव रायपुर छ.ग. का निवासी हुँ।
2. यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दिलेश्वर पुरी गोस्वामी नाम दर्ज है मैं अपने उक्त वर्तमान नाम दिलेश्वर पुरी गोस्वामी पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी के स्थान पर स्वेच्छा से विवाह पश्चात् नवीन नाम विक्की पुरी गोस्वामी पता श्री अशोक पुरी गोस्वामी रखना चाहता है।
3. यह कि, अपने समस्त दस्तावेजो में वर्तमान व भविष्य में अपना विवाह पश्चात् नवीन नाम विक्कीय पुरी गोस्वामी पता श्री अशोक पुरी गोस्वामी परिवर्तन करवाना चाहता हूँ, इस हेतू विधि के अनुसार नाम परिर्वतन हेतू छ.ग. राजपत्र मे नाम परिर्वतन हेतू प्रकाशन करना चाहता हूँ।
4. यह कि उक्त नाम कुल नाम के परिर्वतन हेतू उक्त शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तूत कर रही हूँ।

शपथकर्ता

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

**क्रमांक 4866/रा.शा./इन्द्रप्रस्थ/वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 05/05/25**

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-2 रायपुरा योजना के अन्तर्गत श्री आशुतोष कुमार राय पिता श्री अरूण कुमार राय को भूखंड क्रमांक डी-112 रकबा 112 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखंड क्रमांक डी-112 रकबा 112 वर्गमीटर को दिनांक 03.03.2025 को श्रीमती अनिता सिंह पति श्री प्रदीप कुमार सिंह को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की पंजीकृत फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्रीमती अनिता सिंह पति श्री प्रदीप कुमार सिंह के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 05.05.25 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

**क्रमांक 4827/आर.सी./रा.वि.प्रा./24**
**रायपुर दिनांक 05/05/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्री नवीन कुमार राठौर पिता स्व. रामकुमार राठौर को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-48 रकबा 129.50 वर्गमीटर सेक्टर 12 में आबंटित हैं। क्रेता श्रीमती रश्मि थारानी पति श्री अजय कुमार थारानी निवासी 38, गोदडीवाल सिटी, गेलाराम नगर, देवपुरी, रायपुर छ.ग. एवं श्रीमती नॅन्सी अजय निहलानी पति श्री अजय एस निहलानी निवासी-मकान नंबर ए-6, फ्लावर वैली, एयरपोर्ट रोड, अमलीडीह, रायपुर छ.ग. उक्त भूखण्ड को दिनांक 08.01.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 05.05.28 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

**क्रमांक 4841/आर.सी./रा.वि.प्रा./24**
**रायपुर दिनांक 05/05/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री रोहित बखारिया पिता श्री किशोर बखारिया को भूखण्ड क्रमांक सी-55/2 (कार्नर) क्षेत्रफल 2940 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती की ओर से मुख्तयार आम श्री महेश कुमार बखारिया पिता श्री किशोर बखारिया द्वारा उक्त भूखण्ड/मकान को भी होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवे तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दाचा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 05.05.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/202504114500045/अ-6/2024-25
ग्राम गोगांव प.ह.नं. 50
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 26.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती टामेश्वरी वर्मा पति स्व. मनोहर सिंह वर्मा निवासी राजनांदगांव बाड़ा हाण्डीपारा तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा ग्राम गोगाँव, प.ह.नं. 70. रा.नि.मं रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 425/47 का भाग रकबा 1175 वर्गफुट भूमि को विक्रेता संजय पोरगडे पिता बम्पालाल पोरगडे निवासी पुराना ओम नेशनल पब्लिक स्कूल परिसर सरोरा तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 09.09.2015 के माध्यम से क्रय किया गया है का लेख करते हुए उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 19.05.2025 को होगी।

अतएव उक्त कृषि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 19.05.2025 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

ई.क्र./202504110200108/अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 81
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रामसरण केवट पिता रामकल्याण केवट निवासी सोनकर किराना स्टोर के पास, लाखे नगर ढाल, हनुमान नगर, भटगांव, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-54, भूखंड क्रमांक-29/6, खसरा नंबर-1132 का भाग रकबा 636 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीतमी लक्ष्मी बाई देवांगन पति स्व. नूतन प्रसाद देवांगन निवासी-1640/3, वार्ड क्रमांक-65, दुर्गा मंदिर के पीछे, हनुमान नगर, लाखे नगर, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22.04.2025 के माध्यम से क्रय किया है। अत: आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 20.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./202505110200014/
ब-121/2024-25
ग्राम दलदलसिवनी प.ह.नं. 109/41
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लक्ष्मी बाई पति दिलीप कुमार निवासी गांधी नगर, पंडरीतराई रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि ग्राम दलदलसिवनी, प.ह.नं. 109/41 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 273/15 रकबा 0.0110 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नामांतरण होने के पश्चात् भूमिस्वामी को ऋण पुस्तिका प्रदाय नहीं किया गया है। अत: आवेदिका द्वारा धारित उक्त वर्णित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 19.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.) आम-सूचना

रा.प्र.क्र. आरडी-202425440207380024/
अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-उमरिया, प.ह.नं. 19, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर
प्रति,
1. श्री संतोष कुमार 2. श्री कृषण कुमार 3. श्री कुंज लाल 4. श्री शेखर सभी पिता बनवाली सतनामी निवसी ग्राम उमरिया तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि आवेदक रत्नेश श्रीवास पिता रामेश्वर श्रीवास, निवासी-अवधपुरी, भाठागाँव, रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, कि ग्राम- उमरिया, प.ह.नं. 19, रा.नि.मं.. मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 565/1 रकबा 0.24 हे. भूमि को आवेदक के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30.06.2014 के माध्यम से विक्रेता संतोष कुमार, कृष्ण कुमार, कुंज लाल, शेखर, सभी पिता बनवाली सतनामी, निवासी ग्राम उमरिया के मुख्त्यार आम संजय जोशी पिता मोती लाल जोशी से क्रय किया गया है। आवेदक के द्वारा उक्त निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30.06.2014 के आधार पर भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर अपना नाम बतौर भूमिस्वामी दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में प्रकरण दिनांक 20.05.2025 को आपकी उपस्थिति हेतु नियत किया गया है। आप स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार मंदिर हसौद

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा, जिला-रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका कमल सिंह यादव पिता करन सिंह द्वारा आवेदित ग्राम सारागांव प.ह.नं. 10 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 529/8 रकबा 0.5390 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 22.04.2025 के परिपालन में दिनांक 07.05.2025 को समय 2.00 के पश्चात् किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 10 के सारागांव स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा, जिला-रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका जिंदल मेडिकेयर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कमल सिंह यादव द्वारा आवेदित ग्राम सारागांव प.ह.नं. 10 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 529/14 रकबा 0.405 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 22.04.2025 के परिपालन में दिनांक 07.05.2025 को समय 12 के पश्चात् किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 10 के सारागांव स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-2025
ग्राम मैनपुरखुर्द, तहसील-मैनपुर
जिला गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खेलन साहू पिता श्री पुरूषोत्तम साहू निवासी कोदोभाट, प.ह.नं. 02, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मैनपुरखुर्द, प.ह.नं. 05, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 63/10 रकबा 0.02 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत् व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति कर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2028 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.) राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./202211113700084/
अ-6/वर्ष 2024-25
रायपुर, दिनांक 25.04.2025
प्रति,
गोविंदराम पिता सुंदर लाल व्यास निवासी फाफाडीह रायपुर छ.ग.
द्वारा-मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिका/क्रेता श्रीमती पार्वती बाई पति श्री जीवराम भाई गोहिल निवासी फाफाडीह, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 277 का टुकड़ा रकबा 2257 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.01.1978 के माध्यम से विक्रेता/अनावेदक श्री गोविंदराम पिता सुंदरलाल व्यास द्वारा मु.आन मेघराज वल्द मोहनलाल व्यास दोनों निवासी फाफाडीह रायपुर (छ.ग.) से क्रय कर स्वामित्व एव आधिपत्य प्राप्त किया गया है। अतएव उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.01.1978 के आधार पर आवेदित भूमि को आवेदिका/क्रेता के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 9.05.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### नाम परिवर्तन

मैं श्रीमान इरूकुवाझुला श्रीनिवास, उम्र 48, म. न.73, शिवा रेजिडेंसी, मठपुरैना, रायपुर (छ. ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मेरी पुत्री आई. नागवैष्णवी (I.NAGAVAISHNAVI) का जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, आधार एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में यह नाम अंकित है। उनका पूरा नाम इरूकुवाझुला नागवैष्णवी (IRUKU-VAJHULA NAGAVAISHNAVI) है। अत: जन्म प्रमाण पत्र, समस्त अंकसूची, आधार एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में उनका नाम इरूकुवाझुला नागवैष्णवी (IRUKUVAJHULA NAGAVAISHNAVI) अंकित करने सर्वसंबंधितों को सूचनार्थ यह सूचना मेरे द्वारा प्रकाशित कराई जा रही है।

**शपथकर्ता**
**आई. श्रीनिवास**
**(I.SRINIVAS)**
म. नं.73, शिवा रेजिडेंसी,मठ पुरैना,रायपुर (छ. ग.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PINKI MEHTA W/O RAJA MEHTA resident of H.NO. 1010 GORKHA COLONY NEW SHANTI NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name PINKI MEHTA W/O RAJA MEHTA so in future I should be recognized by my new name that is PINKY RAJA MEHTA W/O RAJA MEHTA in all Government and other documents.

**PINKY RAJA MEHTA**
H.NO. 1010 GORKHA COLONY NEW SHANTI NAGAR RAIPUR

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, GOPAL KRISHNA S/O CHAKKANCHAT ACHUT MANON resident of H NO 20 SECTOR 1 GEETANJALI NAGAR POST SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name GOPAL KRISHNA S/O CHAKKANCHAT ACHUT MANON so in future I should be recognized by my new name that is GOPAL KRISHNA MENON S/O CHAKKANCHAT ACHUT MANON in all Government and other documents.

**GOPAL KRISHNA MENON**
H NO 20 SECTOR 1 GEETANJALI NAGAR POST SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PRAVEEN KUMAR JAISINGHANI S/O MANOJ JAISINGHANI resident of H.NO-32/811, RAKESH VERMA KE GHAR KE PICHE,SUBHAS NAGAR TELI BANDHA,RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name PRAVEEN KUMAR JAISINGHANI S/O MANOJ JAISINGHANI so in future I should be recognized by my new name that is PRAVEEN JAISINGHANI S/O MANOJ JAISINGHANI in all Government and other documents.

**PRAVEEN JAISINGHANI**
H.NO-32/811, RAKESH VERMA KE GHAR KE PICHE, SUBHAS NAGAR TELI BANDHA, RAIPUR (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VISHAL KUMAR PESHWANI S/O RAMCHAND PESHWANI resident of H.NO. 1 SITA RAM VATIKA, GODRIWALA CITY, BABA GELA RAM NAGAR DEOPURI RAIPUR (C.G.) have changed my old name VISHAL KUMAR PESHWANI S/O RAMCHAND PESHWANI so in future I should be recognized by my new name that is VISHAL PESHWANI S/O RAMCHAND PESHWANI in all Government and other documents.

**VISHAL PESHWANI**
H.NO. 1 SITA RAM VATIKA, GODRIWALA CITY, BABA GELA RAM NAGAR DEOPURI RAIPUR (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RATAN VARLYANI S/O RAMESH LAL VARLYANI resident of KESHA HEIGHTS BLOCK A 3RD FLOOR FLAT NO 301, SHRIRAM NAGAR PHASE 2 SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name RATAN VARLYANI S/O RAMESH LAL VARLYANI so in future I should be recognized by my new name that is RATAN LAL VARLYANI S/O RAMESH LAL VARLYANI in all Government and other documents.

**RATAN LAL VARLYANI**
KESHA HEIGHTS BLOCK A 3RD FLOOR FLAT NO 301, SHRIRAM NAGAR PHASE 2 SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492001

# नलवा सीमेंट लिमिटेड के माइनिंग प्रोजेक्ट से ग्रामीण जीवन हो सकता है प्रभावित

## कंपनी की जनसुनवाई के दिन करेंगे सामूहिक आत्मदाह - पीड़ित

**खरोरा,** 5 मई (देशबन्धु)। खरोरा समीप ग्राम पचरी, छड़ियां, मंधईपुर, आलेसुर में विकास के नाम पर प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। नलवा सीमेंट द्वारा मंधईपुर में प्रस्तावित लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के कारण स्थानीय पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है। इस परियोजना के चलते गांव का वातावरण प्रदूषित होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य में कमी आएगी, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

ऐसे विकास कार्यों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। लगातार भूजल स्तर में गिरावट आ रही है और साथ ही पानी की गुणवत्ता भी बिगड़ रही है। इसके चलते ग्रामीणों को साफ और सुरक्षित पेयजल प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई से न केवल जैव विविधता को नुकसान होगा, बल्कि यह क्षेत्र की पारिस्थितिकी को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।

इस परियोजना के आसपास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित एकल सड़क है, जो खराब स्थिति में जाने की प्रबल संभावना है। खदान की गाड़ियां लगातार इस सड़क पर सरपट दौड़ेगी। इसके कारण सड़क खराब होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसका प्रभाव ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सीधा पड़ेगा।

- 20 मई को प्रस्तावित जनसुनवाई को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, उद्योग समर्थित जनप्रतिनिधि चिंतित
- कई जनप्रतिनिधियों का मौन समर्थन

ग्रामीणों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। यह आवश्यक है कि स्थानीय समुदाय की आवाज को सुना जाए और उनके हितों की रक्षा की जाए।

उल्लेखनीय है कि इस प्रोजेक्ट के कारण ग्रामीणों में चिंता की लहर व्याप्त है। लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के संभावित प्रभावों को लेकर गांव के निवासियों में एक निरंतर भय और असुरक्षा की भावना बनी हुई है, क्योंकि उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि उनके प्रिय गांव का वातावरण गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी, और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में सोचते हुए, ग्रामीणों का मन अशांत है और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

**पचरी का तालाब, मुक्तिधाम, गौठान, चारागाह जमीन सब होगी नलवा की-** नलवा द्वारा पचरी पंचायत में प्रोजेक्ट रिपोर्ट सौंपी गई है उस अनुसार पचरी पंचायत अंतर्गत आने वाले तालाब जिससे सैकड़ों किसानों को निस्तारी का साधन है वह भी नलवा के कब्जे में आ जाएगा, वहीं मुक्तिधाम जहां सैकड़ों मठ आज भी मौजूद है वहां नलवा स्थापित होने के बाद गड्ढे दिखाई देंगे जिससे ग्रामीणों की आस्था जुड़ी हुई है, वहीं पशुओं के चारागाह के लिए जमीन भी आरक्षित है वह भी नलवा के कब्जे में आ जाएगी।

**एक बार विरोध के कारण स्थगित हो चुकी है जनसुनवाई-** नलवा सीमेंट की जनसुनवाई पूर्व में 29 नवंबर 2024 को आयोजित की जाने वाली थी वहीं पचरी सरपंच अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया था जिसके बाद जनसुनवाई को स्थगित कर दिया गया था।

वहीं इस संदर्भ में पचरी सरपंच व तिल्दा जनपद के सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने कहा कि गांव में दस वर्ष पहले लोग रात भर जागकर दूसरे गांव जाकर पानी लाते थे वहीं इन दस सालों में हमने पानी की व्यवस्था को मजबूत किया है और पानी की समस्या खत्म होने के कगार पर है अगर नलवा स्थापित होता है तो गांव का वाटरलेवल फिर गिर जाएगा और जैसे आज खरोरा जैसे बड़े नगर में समस्या है वह समस्या गांव में उत्पन होगी उसके साथ ही मुक्तिधाम और तालाब भी नष्ट हो जाएंगे। चंद पैसों के लिए मैं गांव का सौदा नहीं कर सकता और आरबीआई ने अभी तक ऐसा कोई नोट नहीं छापा जो अभिषेक वर्मा को खरीद सके, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ नलवा का विरोध किया जायेगा और पत्थर खदान लगने नहीं देंगे।

**नलवा अपना पक्ष रखने में पीछे हट रहा-** वहीं इस संदर्भ में नलवा के खरोरा हेड राजेंद्र चौरसिया को फोन किया गया उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। वहीं नलवा की पीआर हेड पूनम कक्कड़ ने कहा जो भी जानकारी है वह राजेंद्र चौरसिया ही देंगे।

# अवैध रूप से रेत खनन पर खनिज विभाग ने की छापामार कार्रवाई





**मौके पर पांच हाईवा व चैन माउंटेन मशीन किया जब्त**

**बालोद,** 5 मई (देशबन्धु)। रविवार को डोंडी ब्लॉक के ग्राम बेलौदा के मर्रामखेड़ा में खनिज विभाग ने दबिश दी। अवैध रुप से संचालित किए जा रहे रेत खदानों पर खनिज विभाग ने छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग ने मौके से पांच हाइवा वाहन और चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया। गांव की सरपंच कांतिबाई ने बताया कि खनिज विभाग ने उनसे कहा है कि जब्त की गई गाड़ियों पर वो नजर रखें। गांव की सरपंच कांतिबाई का कहना है कि उनको छापे की कार्रवाई के बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। खनिज विभाग ने उनसे सिर्फकहा है कि वो गाड़ियों की देख रेख अपनी जिम्मेदारी में करें। गाड़ी यहां से कोई नहीं ले जाए इस पर ध्यान दें। खनिज विभाग के निरीक्षक शशांक सोनी ने बताया कि अवैध रेत खदान के संचालन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त हुई थी जिसके बाद हमने ये कार्रवाई की। बीते कुछ दिनों से वनांचल क्षेत्र के ग्राम मर्रामखेड़ा गांव की नदी में खदान का संचालन किया जा रहा था। यहां पर लगभग तीन दिनों से खदान संचालित किया जा रहा था रविवार को खनिज विभाग ने इसे बंद कराया। वहीं सरपंच और वार्ड मेंबर को गाड़ियों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वंही सरपंच कांतिबाई ने कहा कि यह हमारा आश्रित ग्राम है लेकिन हमें किसी तरह की कोई जानकारी नहीं है। बाहर के कुछ लोग यहां पर रेत निकाल रहे थे वहीं मौके पर पहुंचे तो यह पता चला कि जिले के दिल्लीराजहरा के एक व्यक्ति द्वारा रेत खदान से रेत निकाला जा रहा है। तीन दिन पहले बालोद पहुंचे सांसद भोजराज नाग ने मीडिया के सामने अवैध रेत खदान संचालन को लेकर कार्रवाई की बात कही थी। जिसके बाद से यहां खदानों में कार्रवाई शुरू हो चुकी है। वहीं बालोद जिले के गुरूर ब्लॉक के ग्राम भैंसमुंडी में रात के अंधेरे में महानदी से रेत खदान का संचालन किए जाने का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है।

# डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मासूम पामेलियान डाग की हुई मौत!



**तिल्दा-नेवरा,** 5 मई (देशबन्धु)। डाक्टरों का सेवा भाव के नाम पर महज खानापूर्ति रह गया है, जिसके चलते जीवन का आस में, मौत का ग्रास बनना डाक्टरों की गैरजिम्मेदाराना व बड़ी लापरवाही को उजागर करती है। सवार यह उठता है कि आखिरकार इन कथित डांक्टरो को कब अपने कर्तव्यों का बोध होगा, कब शासन का शिकंजा इन ? पर कसा जावेगा, माना जा रहा है कि, शासकीय कुर्सी का मजा चख रहे डांक्टरों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से इनका हौसला बुलंद हो चुका है। रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा नगर में संचालित पशु चिकित्सालय की डांक्टरों की मनमानी व गैरजिम्मेदाराना हरकतों के चलते एक मासुम डांग की मौत हो गई, लेकिन वहीं पर इसका कसूरवार डांक्टरो के मध्य जरा सा भी मानवता भाव नहीं दिखा, अगर संबंधित डांक्टर जरा सा भी तत्परता दिखाई होती तो संभवत: उस मासूम डांग इस दुनिया में सांसें लेते नजर आता, लेकिन डांक्टर की लापरवाही ने उस मासूम डांग को तड़पते मरने को मजबूर कर दिया। इस मामले पर नेवरा निवासी शरद वर्मा ने पशु चिकित्सालय के डांक्टरों पर बडा आरोप लगाते हुए कहा कि डांक्टरों की गैरजिम्मेदाराना हरकत के चलते दवाई व अन्य संसाधन होने के बावजूद मासूम डांग अपनी इहलीला समाप्त कर दिया, उन्होंने बताया कि 42 दिनों के मासूम पामेलियान पप्पी का स्वास्थ्य खराब होने पर बीते दिन शनिवार को नेवरा में संचालित शासकीय पशु चिकित्सालय में इलाज हेतु ले जाया गया। मौके पर मौजूद डांक्टरों ने नजाकत को समझे बिना बगैर जांच किये मेडिकल से सिरप लेकर पिलाने की बात कहकर चलता कर दिया। डांक्टर के सलाहानुसार डांगी को दवाई का सेवन ? व परहेज कराया गया, उसके बावजूद स्वास्थ्य में सुधार आने के विपरित स्वास्थ्य और बिगड़ने लगा ? एक दिन उपरांत डांगी को पुन: पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पर मोजूदा डांक्टर आर एस वर्मा ने ईलाज हेतु मेडिकल से कुछ मेडिसिन लाने को कहा, मेडिसिन लाने के पश्चात डांक्टर वर्मा ने कहा कि कुछ देर पश्चात अन्य डाक्टर हास्पीटल में आ जायेंगे, फिर अस्वस्थ डांगी को ड्रीप चढ़ाया जावेगा। वहीं पर बताया गया कि एक ट्रेनर डांक्टर जो चिकित्सालय में उपस्थिति दर्ज कराकर शादी समारोह में शरीक होने चला गया था, उन पर ही डागी का इलाज आश्रित बताया गया। कथित डांक्टर को दो बार फोन भी किया गया, वहां पर उन्होंने जल्द ही चिकित्सालय पहूंच जाने को आश्वस्त किया, तीन घंटे बीते गये ना ही वह डांक्टर चिकित्सालय पहूंचा, और ना ही मौजूदा सिनियर डांक्टर के टीम के द्वारा अस्वस्थ डांगी का उपचार किया गया, जिसके चलते मासूम डांगी तड़फ तड़फ कर मौत के आगोश में समां गया, इससे नाराज़ नेवरा निवासी शरद वर्मा ने डाक्टरों के लापरवाही का निंदा किया है।

# सामुदायिक भवन में सत्ताधारी पार्टी के विधायक का कार्यालय खोलने का विरोध, परिषद की बैठक में मचा जमकर बवाल

**पालिका के नियमानुसार उस जगह का उपयोग किया जाए एवं बाकी मंगल भवन की निर्धारित फीस की तरह इसकी भी फीस निर्धारित कर किराया : संध्या राव**



**नवापारा राजिम,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में सामुदायिक भवन में विधायक कार्यालय खोलने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई है। विपक्ष ने इस मुद्दे को पालिका परिषद की बैठक में उठाया जिसके बाद इस मामले में जमकर बवाल मचा।

पालिका में कांग्रेस की प्रतिपक्ष की नेता संध्या राव ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू द्वारा इस तरह किसी भी संपत्ति का दुर उपयोग नहीं किया गया। सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा यह कहना कि इसे ष्हमारी सरकार ने बनाया थाष् इसलिए हम यहाँ कब्जा कर सकते हैयह पूरी तरह हास्यास्पद है। नपा नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने आगे कहा कि जनता की समस्या सुनना अच्छी बात है लेकिन इस काम को वैध तरीके से किया जाना चाहिए, पालिका के नियमानुसार उस जगह का उपयोग किया जाना चाहिए। जिस तरह बाकी मंगल भवन की फीस निर्धारित है उसी तरह इसकी भी फीस निर्धारित कर किराया वसूला जाना चाहिए। जनता की सुविधा के लिए यह भवन बनाया गया है। उसे जनता के लिए ही सुरक्षित रखा जाए। या बाकी भवनो को भी नि: शुल्क किया जाए ताकि गरीब जनता को इसका लाभ मिल सके।

**कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि अभी शादी व्याह का सीजन चल रहा है। गरीब तबके के लोगों के लिए सामुदायिक भवन सस्ता एवं सुलभ:** कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि अभी शादी व्याह का सीजन चल रहा है। गरीब तबके के लोगों के लिए सामुदायिक भवन सस्ता एवं सुलभ होता है जहां वे आराम से अपने बच्चों की शादी कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्मित कलाम कोठी भी है परन्तु उसका किराया अत्यधिक होने से गरीब लोगों की पहुंच से दूर है। परन्तु सत्ताधारी पार्टी का कब्जा होने के कारण यह जन साधारण के लिए उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस भवन के बिजली बिल का भुगतान नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। इस तरह शासकीय संपत्ति का निरू शुल्क उपयोग करना पूरी तरह गलत है। सामुदायिक भवन पूरी तरह जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध रहना चाहिए। लेकिन सत्ता पक्ष (भाजपा) द्वारा इस पर कब्जा कर लेना पूरी तरह गलत है।

**क्या है पूरा मामला:** अभनपुर विधानसभा अंतर्गत गोबरा नवापारा में विधायक इंद्र कुमार साहू का कार्यालय तर्री रोड स्थित ऋषिदास वैष्णव सांस्कृतिक भवन में खोला गया है। जिसकी सूचना भवन के गेट में चस्पा है। जिसके अनुसार सोमवार से शुक्रवार प्रात: 10.30 से दोपहर 1.30 तथा दोपहर 3.00 से शाम 5.30 तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) कार्यालय संचालित होता है। गत दिनों नगर पालिका के सभाकक्ष में परिषद की बैठक आयोजित की गई थी। वार्षिक बजट पर चर्चा के बाद कांग्रेस पार्षदों ने विधायक द्वारा इस कार्यालय संचालन का मुद्दा उठाया तो सत्ता पक्ष ने कहा कि हमारी सरकार ने इसे बनाया था। इस जवाब से कांग्रेस पार्षद नाराज हो उठे और गहमागहमी का वातावरण निर्मित हो गया।

**35 लाख की लागत से बना है सामुदायिक भवन:** नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा द्वारा 35 लाख की लागत से उक्त सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया था। जिसका लोकार्पण तत्कालीन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, सांसद रायपुर रमेश बैस की अध्यक्षता, वित्त आयोग के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष अशोक बजाज, अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू तथा नपा अध्यक्ष विजय गोयल के विशिष्ट अतिथि में 1 सितंबर 2017 को किया गया था।


## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, AVNEET KAUR D/O CHARANJIT SINGH TREHAN resident of H.NO.- A-4/5, GREEN BEETEL APARTMENT, DEEPAK NAGAR, DURG, DIST-DURG, (C.G.) PIN-491001 have changed my old name AVNEET KAUR D/O CHARANJIT SINGH TREHAN so in future I should be recognized by my new name that is AVNEET AKASH CHAWLA W/O AKASH CHAWLA in all Government and other documents.

**AVNEET AKASH CHAWLA**
H.NO.- A-4/5, GREEN BEETEL APARTMENT, DEEPAK NAGAR, DURG, DIST-DURG, (C.G.) PIN-491001

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं गायत्री कश्यप, पति श्री राजेश कश्यप उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नं. 03 सांई नगर उसलापुर, पोस्ट सकरी जिला बिलासुपर, छ.ग. की हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं:-

1. यह कि मेरी शादी दिनांक 18.02.2024 को श्री राजेश कश्यप के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ सम्पन हुआ है।
2. यह कि मैं विवाह के पूर्व अपना नाम कु. गायत्री कौशिक, पिता स्व.श्री अजीत राम कौशिक लिखती थी यही नाम मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज है।
3. चूंकि मेरी शादी हो चुकी है, इसलिए अब में अपना नाम श्रीमती गायत्री कश्यप, पति श्री राजेश कश्यप लिखती हूं। अब मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना संबोधित तथा आगे भी लिखा जावें, जिस हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित करती हूँ।

**शपथकर्ती**

## नाम परिर्वतन सूचना

मैं श्रीमती रत्ना रामटेके पति श्री तरूणेश रामटेके उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 43 बसंतपुरा तहसील एवं जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं:-

1. यह कि मेरी शादी दिनांक 21.04.2024 को श्री तरूणेश रामटेके के साथ सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुई है।
2 यह कि मैं विवाह के पूर्व अपना नाम कु. रत्ना चन्द्रकाम पिता श्री सोनूराम चन्द्रकाम लिखती थी तथा यही नाम मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज है।
3 यह कि चूंकि मेरी शादी हो चुकी है, इसलिये अब मैं अपना नाम श्रीमती रत्ना रामटेके पति श्री तरूणेश रामटेके लिखती हूं. अब मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना सबोधित एवं आगे लिखा जावे, जिस हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित करती हूं।

**शपथकर्ती**
**रत्ना रामटेके**

## न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, रायपुर
### नोटिस

रायपुर, दिनांक 15 अप्रैल, 2025
क्रमांक / 387 / ब-121/ 2022-23/352
प्रति,
1. अन्नु कुमार पति प्रणव सिंह
2. प्रणव कुमार सिंह पिता अनमोल सिंह
निवासी एकपहरा, पो. आरोही पुलिस स्टेशन के पास, जिला मधेपुरा- 852113 (बिहार)

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी आईसीआईसीआई बैंक लि., तेलीबाँधा, रायपुर की ओर से विपिन अग्रवाल अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/ शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र से आपको बैंक ने 11,72,000.00 रुपये का ऋण दिया था, और श्रीमती अन्नु कुमारी के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गई है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है, जिसके कारण बैंक द्वारा आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रुपया 9,07,560.00 अदा करें, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी, की जानकारी दी जाकर बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिए गए ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाए जाने का निवेदन किया है।
2. आपने प्राधिकृत अधिकारी आईसीआईसीआई बैंक लि., तेलीबांधा, रायपुर से 11,72,000.00/- रुपये का ऋण प्राप्त कर मौजा सिलतरा, प.ह.नं. 90/20, रायपुर में जी.के. टाउनशिप द्वारा निर्मित आवासीय परिसर रिया रेजीडेंसी के प्रथम तल में प्रकोष्ठ क्र. 108, रकबा 500 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।
3. अतः आपके द्वारा लिए गए ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जाए। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 26.05.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में निर्णय ले लिया जाएगा।
आज दिनांक 15 अप्रैल, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी**
**रायपुर**

## आम सूचना

**( चल अचल संपत्ति से बेदखल बाबत )**

समस्त आम जनता को सूचित हो कि मैं दुकालू राम ऊर्फ जेठूराम कोसरे उम्र 81 वर्ष अ. बरातूराम जाति सतनामी स्थायी निवासी ग्राम मचौद तहसील गुण्डरदेही जिला-बालोद व वर्तमान निवासी दुकान नं 720, सी मार्केट सेक्टर 6 भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ। मुझे अपने पिता बरातूराम द्वारा अथक मेहनत से क्रय की गई स्व अर्जित भूमि में से मेरे पिता द्वारा निष्पादित पंजीकृत बटवारानामा दिनांक 18.04.1972 से बटवारा में प्राप्त भूमि व मेरे द्वारा क्रय की गई स्व अर्जित भूमि जिसका बन्दोबस्त पश्चात नया खसरा नं 406, 439, 607, 610, 667, 675, 680 रकबा 1.03, 1.00, 0.05, 0.007, 1.28, 0.37, 1.60 हे. कुल खसरा 7 कुल रकबा 05.40 हे. भूमि मेरे एकल नाम एवं निजी स्वामित्व में दर्ज रहा है। जिसमे मेरी बिना जानकारी के मेरी बहने लतेलीन बाई एवं पुन्नी बाई द्वारा छल कपट कर कूटरचित मनगढंत फौती नामांतरण का झूठा आवेदन प्रस्तुत कर मेरे एकल नाम मे 1972 से दर्ज भूमि में सह- खातेदार के रूप मे अपना नाम जुड़वाने पश्चात 1/3 हिस्से में खाता विभाजन करा लिया गया। जिसकी जानकारी होने पर मेरे द्वारा किये गये अपील के बाद प्रथम अपीलीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही द्वारा तहसीलदार गुण्डरदेही द्वारा किये गये त्रुटि पूर्ण नामांतरण आदेश दिनांक 14.08.2020 के निरस्त किये जाने पश्चात मेरी एक बहन पुन्नी बाई के नाम से दर्ज भूमि रकबा 1.80 हे. भूमि को मेरे नाम पर पुन: अभिलेख दुरूस्त किया जा चुका है। व मेरी एक अन्य बहन लतेलीन बाई द्वारा अपील प्रकरण लंबन काल में छलकारित कर अपने नाम मे दर्ज मेरी भूमि 1.80 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा से विक्रय कर दिया है। जिस कारण उक्त भूमि खरीददार के नाम दर्ज हो गया है। जिसके संबंध मे स्वत्व अर्जन के लिये अपीलीय न्यायालय द्वारा सक्षम न्यायालय में जाने की राय दी गई है। इस प्रकार वर्तमान में मेरे एकल नाम पर भूमि स्वामी हक मे भूमि खसरा नं. 406/1, 439/1, 607, 610, 667/1, 675/1, 680/1, 406/3, 439/3, 667/3, 675/3, 680/3 रकबा क्रमशः 0.35, 0.34, 0.05, 0.07, 0.42, 0.04, 0.53, 0.34, 0.33, 0.43, 0.16, 0.54 कुल रकबा 3.60 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। मेरी पहली पत्नी जमुना जो विवाह के बाद मुझे अपनी मर्जी से छोड़कर चली गई और किसी अन्य के साथ रहने लगी उसने ग्राम मचौद स्थित निवास में मेरी अनुपस्थिति में डेढ़ दो वर्ष की बेटी को मेरे पिता के पास यह कहकर छोडकर चली गई कि यह दुकालू राम की बेटी है और उसके पश्चात से ही मैं उसे (चंद्रिका बाई) अपनी बेटी मानकर ग्राम मचौद में अपने माता पिता की देख रेख में पालन पोषण किया तथा उसका विवाह भी अपने सामर्थ अनुसार रीतिरिवाज से किया। उसी चंद्रिका बाई के द्वारा मेरी वृद्धावस्था मे मुझ पर और मेरी व मेरी पत्नी की सेवा जतन कर रहे मेरे पुत्र गोपेन्द्र सिंह कोसरे के खिलाफ मनगढ़ंत झूठा गंभीर आरोप लगाकर एवं मिथ्या साक्ष्य गढ़ कर फर्जी आवेदन व शिकायत थाना गुण्डरदेही व पुलिस अधीक्षक महोदय बालोद व आयुक्त महोदय दुर्ग संभाग दुर्ग में लिखित रूप से झूठा शिकायत एवं झूठा अपील कर वृद्धावस्था में मुझे व मेरे पुत्र को शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान किये जा रही है। जिससे मुझे बहुत तकलीफ व पीड़ा हुई है। चंद्रिका बाई द्वारा किये गये शिकायत की जानकारी मेरे पूरे परिवार, रिश्तेदारों व ग्राम मचौद में भी होने के कारण सब के सामने अपमानित व शर्मिन्दगी महसूस कर रहा हूँ। उम्र के इस पड़ाव में मुझे बदनाम करने का कोई कसर नहीं छोड़ी है जिस कारण मैं अपने नाम की समस्त चल अचल संपत्ति व भविष्य में मुझे मेरे नाम पर जो भी चल अचल सम्पत्ति दर्ज होगी उस पर से चंद्रिका बाई को वंचित व बेदखल करता हूँ। इस आम सूचना के बाद मेरे नाम की समस्त स्वअर्जित चल अचल संपत्ति में चंद्रिका बाई का किसी प्रकार का हक स्वत्व व अधिकार नही रहेगा। आम जनता सूचित हो।

**चन्द्रभान निषाद**
**अधिवक्ता**
**रजि.नं.-141/2008**
**मो.नं. 9131902926**
**तह. एवं सिविल कोर्ट गुण्डरदेही**
**जिला- बालोद (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन ( शपथ पत्र )

में शपथकर्ता सबा अहमद पति शोएब अहमद कुरैशी, निवाती क्वार्टर नं. 1/एफ, स्ट्रीट नं. 4, जोन-3 सेक्टर-11 भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि मैं जब कुमारी थी उस समय मेरा नाम सबा पिता मोहम्मद असलम निवाती एच. न. 7/396 बैजना पारा रापपुर ,छ.ग. वाली के नाम से जानी व पहचानी जाती थी। यह कि जब मेरा विवाह (शादी) दिनाक 14.10.2021 को शोएब अहमद कुरैशी निवासी क्वा. नं. 1/एफ, स्ट्रीट नं.-4 जोन-3 सेक्टर-11 भिलाई, जिला-दुर्ग छ.ग. वाले के साथ होटल वेलिंग्टन जेल रोड रायपुर छ.ग. में सम्पन्न हो चुकी है। यह है कि अब मैं उक्त विवाह के बाद अपना नाम बदलकर कर सबा अहमद पति शोएब अहमद कुरैशी रख लिया गया है। यह कि सबा पिता मोहम्मद असलम के स्थान पर श्रीमती सबा अहमद पति शोएब अहमद कुरैशी के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं व भविष्य में मुझे सबा अहमद पति शोएब अहमद कुरैशी के नाम से जाना व पहचाना जावे। अत: श्रीमती होने का उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ

**शपथकर्ती**
**सबा अहमद**
**पति शोएब अहमद कुरैशी,**

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ, जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ.ग.)

### ईश्तहार

क्र/418/अ.वि.अ./खाद्य-शाखा/2025 बिलाईगढ दिनांक 25.04.2025

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत ग्राम पंचायत पण्डरीपानी में शासकीय उचित मूल्य दुकान आई.डी.क्रमांक 442007064 का संचालन किया जाना है। अत: इच्छुक संस्था जैसे कि ग्राम पंचायत/महिला स्व. सहायता समूह/प्राथमिक कृषि साख समितियां/अन्य सहकारी संस्थाएं/राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम/वन सुरक्षा समितियां से निर्धारित प्रपत्र अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है कि इच्छुक संस्था/महिला अपने पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र इस कार्यालय में दिनांक 09.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**बिलाईगढ़**

## CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Co. of CSEB)
CIN – U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX website: - www.cspc.co.in
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (COMMUNICATION & TELEMETRY), C.S.P.TRANS.Co.Ltd., BHILAI
E-mail ID-ceentcsptcl.bhilai@cspc.co.in,Ph.No.-0788-2281300,Website:-www.cspc.co.in

No. 02-18/CE (C&TM)/ TR-25/136 Bhilai, Dtd. 30.04.2025

### NOTICE INVITING E-TENDER

Sealed tenders are invited from eligible and experienced bidders registered in CSPC through e-bidding. The detailed as below: -

| Tender No. | Name of work | EMD (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) (Incl. GST@18%) | Date and time of opening |
|---|---|---|---|---|
| TR-25/136, Dtd. 30.04.2025 (RFX- 8100042958) | AMC of PLCC panels and RTUs at various 25 Nos. EHV S/s of (C&TM) Dn., Korba and Bilaspur by providing 04 Nos. qualified engineer (highly skilled) having degree BE in (Electronics and Communication) or (Electrical & Electronics). | 31,000/- | 4237.00 + applicable GST 763.00 = Rs. 5000/- | 22.05.2025 15:30Hrs. |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site 'www.cspc.co.in/csptcl/tender notices/Communication & Telemetry/Latest Tenders'.

SAVE ELECTRICITY

**Chief Engineer**
**(Communication & Telemetry) CSPTCL, Bhilai**

## शपथ पत्र ( नाम परिवर्तन )

मैं शपथकर्ता पुरेन्द्र कुमार आ. स्व. मंगीलाल साहू उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम नंदिनी खुन्दिनी तह. अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. का हूं जो कि निम्न कथन शपथ पुर्वक करता हूं, कि मैं उपरोक्त पते का निवासी है। यह किए मेरे पुत्री डेविना (DEVINA) आ. पुरेन्द्र कुमार (PURENDRA KUMAR) माता का नाम ज्योति (JYOTI) है जिनका जन्म जिला चिकित्सालय दुर्ग, जिला दुर्ग में दिनांक 25/01/2016 को हुआ है। यह किए मेरे पुत्री डेविना का जन्म प्रमाण पत्र उप रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु पंजीयन जिला अस्पताल दुर्ग, जिला-दुर्ग के द्वारा क्रमांक बी.2016.22.90171.000638 दिनांक 08/02/2016 को जारी किया गया है जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्री का नाम आश्लेषा साहू पिता का नाम श्री पुरेन्द्र कुमार साहू एवं माता का नाम श्रीमती ज्योति साहू दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर पुत्री का नाम डेविना (DEVINA) आ. पुरेन्द्र कुमार (PURENDRA KUMAR) माता का नाम ज्योति (JYOTI) दर्ज कराना चाहता हूँ। यह की मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम सुधार कर पुत्री का नाम डेविना (DEVINA) आ. पुरेन्द्र कुमार (PURENDRA KUMAR) माता का नाम ज्योति (JYOTI) दर्ज किये जाने हेतु यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष राजपत्र प्रकाशन हेतु प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**पुरेन्द्र कुमार 38 वर्ष**
**निवासी-ग्राम नंदिनी खुन्दिनी**
**तह. अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग.**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, कबीरधाम ( छ.ग. )

नि.सू.क्रं. 01 ले.शा/का.अ./ लो.स्वा.यां. खंड/2025 कबीरधाम, दिनांक 29.04.2025

### मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र 'अ' में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अधिकृत फर्मों, प्रदायकर्ताओं से जिन्हे इस निविदा सूचना में वर्णित सामग्री प्रदाय करने में कुशलता प्राप्ति हो से ठेकेदारों से स्पीट पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09-05-2025 समय शाम 5.30 बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 13-05-2025 समय शाम 5.30 बजे तक

कार्य का नाम: कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला, कवर्धा, पंडरिया एवं स.लोहारा के डी.एम.एफ मद से पेयजल हेतु खदानो से अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होने वाले ग्रामों में जल प्रदाय योजना पेयजल स्त्रोत निर्माण हेतु 150 मी.मी. व्यास 120 मी.मी. गहराई नलकूप खननं कार्य।

| क्रं. | विकास खंड | विवरण | नलकूप की संख्या ( नग ) | अनुमानित राशि ( रु.लाख में ) | धरोहर राशि ( रूपय में ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बोड़ला | समूह क्रमांक 01 से समूह क्रमांक 10 तक | प्रत्येक समूह में 03 नग (कुल 30 नग) | प्रत्येक समूह की लागत राशि 04.65 लाख | प्रत्येक समूह की धरोहर राशि 4700.00 |
| 2 | कवर्धा | समूह क्रमांक 11 से समूह क्रमांक 17 तक | प्रत्येक समूह में 03 नग (कुल 21 नग) | प्रत्येक समूह की लागत राशि 04.65 लाख | प्रत्येक समूह की धरोहर राशि 4700.00 |
| 3 | पंडरिया | समूह क्रमांक 18 से समूह क्रमांक 38 तक | प्रत्येक समूह में 03 नग (कुल 63 नग) | प्रत्येक समूह की लागत राशि 04.65 लाख | प्रत्येक समूह की धरोहर राशि 4700.00 |
| 4 | पंडरिया एवं स.लोहारा | समूह क्रमांक 39 | पंडरिया 02 नग एवं स.लोहारा 01 नग | लागत राशि 04.65 लाख | धरोहर राशि 4700.00 |
| 5 | स. लोहारा | समूह क्रमांक 40 से समूह क्रमांक 43 तक | प्रत्येक समूह में 03 नग (कुल 12 नग) | प्रत्येक समूह की लागत राशि 04.65 लाख | प्रत्येक समूह की धरोहर राशि 4700.00 रु. |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

जी-252600648

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड**
**कबीरधाम ( छ.ग )**

## न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला-बेमेतरा ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्र./2017/प्रस्तुत/तह./2025
रा.प्र.क्र. ब-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामलाल साहू पिता दयाराम साहू जाति-तेली, निवासी ग्राम भैंसा, तहसील व जिला बेमेतरा छ.ग. ने इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने माता गंगा बाई पति दयाराम साहू के मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका जिसकी मृत्यु दिनांक 29.06.2022 को ग्राम भैंसा में होना और भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाना बताया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी दिनांक 23.05.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित ईश्तहार जारी।

**मुहर** **तहसीलदार**
**बेमेतरा**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) महासमुंद, जिला-महासमुंद ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/190/वा.-1/अविअ./2025
महासमुंद, दिनांक 02.05.2025
ग्राम-महासमुंद, प.ह.नं. 42
राजश्री ठाकुर पति इन्दर सिंह ठाकुर जाति राजपूत निवासी ग्राम महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) ...... आवेदिका
विरूद्ध
छ.ग. शासन ...... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम महासमुन्द प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका राजश्री ठाकुर पति इन्दर सिंह ठाकुर, जाति राजपूत निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुन्द, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1889/22 रकबा 0.0255 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुननिर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन करानेआवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात् प्रस्तुत स्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

**मुहर** **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**महासमुंद**

## न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00017 बनरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440 213800006

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00017 के अंतर्गत ग्राम बनरसी के वर्तमान भूमिस्वामी सुकदेव वो भुखऊ पी. जुगतू पिता/पति पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1987/1 0.2300 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रेमीन बाई पिता/पति गोपाल पटेल पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.04.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नायब तहसीलदार**
**आरंग**

# आम जनता की समस्याओं के निराकरण और जमीनी स्तर पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की हकीकत जानने का माध्यम है सुशासन तिहार: मुख्यमंत्री साय

## कोरबा के पाली विकासखंड के ग्राम मदनपुर में उतरा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर, समाधान शिविर में हुए शामिल

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत कोरबा जिले के पाली विकासखण्ड के ग्राम मदनपुर में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन तिहार आमजन से सीधे संवाद और योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में हम प्रदेश के किसी भी कोने में बिना पूर्व सूचना के जाएंगे, वस्तुस्थिति जानेंगे और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने च्मोदी की गारंटीज्ञ के हर वादे को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए। किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य निर्धारित करते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई। महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में राशि पहुंचाकर उन्हें आर्थिक संबल दिया गया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए पारिश्रमिक राशि 4 हजार से बढ़ाकर 5500 रुपये कर दी गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को पुन: प्रारंभ कर बुजुर्गों की आस्था को सम्मान देने की दिशा में कदम उठाया गया है।



### गांव में ही मिलेंगी बैंक जैसी सुविधाएं

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि 24 अप्रैल से प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। अब ग्रामीणों को बैंक तक दौड़ने की जरूरत नहीं होगी। इन सेवा केंद्रों में राशि आहरण, जाति, निवास जैसे दस्तावेजों की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाया है। अब भूमि की रजिस्ट्री के साथ-साथ नामांतरण भी एक घंटे से कम समय में संपन्न हो जाएगा, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक दौड़धूप से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब पीएम आवास योजना के अंतर्गत पात्रता की शर्तों को शिथिल किया गया है। अब 5 एकड़ असिंचित या 2.5 एकड़ सिंचित भूमि वाले, दोपहिया वाहन रखने वाले और 15 हजार रुपये मासिक आय वाले हितग्राही भी योजना में पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि देश का हर गरीब परिवार पक्के मकान में रहे।

### छत्तीसगढ़ के विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ को भरपूर संसाधन मिल रहे हैं। डबल इंजन की सरकार होने के कारण कोरबा से पेंड्रा और धरमजयगढ़ तक नई रेललाइन सहित अनेक परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जो क्षेत्र के विकास को नई गति देंगी।

समाधान शिविर में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का कोरबा आगमन पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश भर में शिविर लगाकर नागरिकों से सीधे संवाद और समस्या-समाधान का यह अभिनव प्रयास शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में यह सरकार धरातल से जुड़ी है और बिना किसी पूर्व सूचना के दौरा कर आमजन की स्थिति स्वयं देख रही है।

### योजनाओं से बदल रही है ग्रामीणों की ज़िंदगी

समाधान शिविर में उपस्थित हितग्राहियों ने बताया कि शासन की योजनाओं ने उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। पीएम आवास की लाभार्थी श्रीमती राजनंदिनी डोंगरे ने बताया कि अब उनका परिवार पक्के मकान में सुरक्षित है। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी श्रीमती रमाबाई पैकरा ने बताया कि उन्हें 15 किश्तें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें उन्होंने अपनी बेटियों के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश किया है। किसान कन्हैया लाल ने बताया कि सुशासन तिहार में दिए गए आवेदन से उनकी जमीन का रिकॉर्ड ऑनलाइन हो गया है और प्रमाणपत्र भी प्राप्त हो गया है। उन्होंने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# 142 वर्षों बाद जांजगीर को मिला नया तहसील भवन

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत 'संवाद से समाधान' की भावना के साथ आकस्मिक दौरे पर जांजगीर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिलेवासियों को 142 वर्षों बाद एक ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने नव-निर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। अंग्रेजी शासन काल में वर्ष 1883 में बना पुराना तहसील भवन अब इतिहास बन गया है, और उसकी जगह 4 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन जनता को समर्पित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन तक सेवाओं की सरल, सहज और सुगम पहुँच सुनिश्चित हो, और यह नवीन तहसील कार्यालय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस भवन से क्षेत्र के 54 गांवों और 24 पटवारी हल्कों के नागरिकों को राजस्व से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।



■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांजगीर में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

नवीन तहसील भवन में प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के कुशल संचालन के लिए आवश्यक समस्त सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसमें लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वहीं आवक-जावक शाखा में दस्तावेजों का नियमानुसार प्रेषण और आवाज सुनिश्चित किया जाएगा। न्यायालयीन दस्तावेजों के संधारण के लिए नजीर शाखा, निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिए निर्वाचन शाखा, भूमि व राजस्व अभिलेखों के लिए कानूनगो शाखा तथा राजस्व वसूली और आर्थिक प्रबंधन के लिए मालजमादार कक्ष की स्थापना की गई है। साथ ही, कार्यालय भवन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के लिए सर्वसुविधायुक्त कक्ष बनाए गए हैं।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, विधायक व्यास कश्यप, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# डंगाल की छंटनी करते वक्त हैंडकटर से युवक की मौत

**बागबाहरा,** 5 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा थानांतर्गत वार्ड न. 04 में आंधी तूफ़ान से गिरे हुए नीम की डंगाल की छंटनी करते वक्त एक युवक की हैंडकटर से गला कट गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बागबाहरा पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लाश का पंचनामा करके पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले को विवेचना में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को आंधी तूफ़ान और भारी बारिश में वार्ड न. 04 निवासी बसंत यादव की बाड़ी में नीम की एक डंगाल टूट कर नीचे जमीन में गिर गई। जिसकी छंटनी करने के लिए आज सोमवार की सुबह ललित यादव (30 वर्ष) हैंड कटर लेकर बसंत यादव के घर पहुंचा। करीब साढ़े 8 बजे वह हैंड कटर से नीम डंगाल की छंटनी कर रहा था। इसी दौरान बसंत यादव की पत्नी सावित्री यादव को हैंड कटर की आवाज बदला-बदला लगा। जिसे सुनकर वह बाहर गई तो देखा कि ललित यादव की आधी गर्दन हैंडकटर के कटर से कट चुकी थी। और उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी। बाद में सावित्री यादव ने इसकी सूचना मृतक युवक ललित यादव के घर वालों और पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। तथा पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया युवक की मौत हैंडकटर से नीम की डंगाल की छंटनी करते वक्त दुर्घटनावश घटित हुई है। फिलहाल इस मामले की पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। युवक ललित यादव के अचानक हैंडकटर से मौत होने पर पूरा परिवार सदमे में हैं। तथा वार्डवासियों में गहरा शोक व्याप्त है।



# बस्तर की बेटियों ने सॉफ्टबॉल में रचा इतिहास

- ■ ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में चौथा स्थान मिला
- ■ विषम चुनौतियों के बीच सफलता की नई उड़ान
- ■ बदलते बस्तर का प्रतीक बनी प्रतिभावान बेटियां



**दंतेवाड़ा,** 5 मई (देशबन्धु)। बस्तर की होनहार बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रतिभा और जज्बा किसी क्षेत्र की सीमाओं से बंधा नहीं होता। विक्रम सिम्हापुरी यूनिवर्सिटी, नेलोरे (आंध्रप्रदेश) में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल महिला प्रतियोगिता 2025 में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर की महिला सॉफ्टबॉल टीम ने 96 टीमों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया।

यह उपलब्धि न केवल बस्तर के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण है। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की सोलापुर यूनिवर्सिटी ने पहला, पंजाब यूनिवर्सिटी ने तीसरा, और हरियाणा की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बस्तर, जो लंबे समय से नक्सलवाद और चुनौतियों के लिए जाना जाता रहा है, आज अपनी बेटियों की बदौलत खेल के मैदान में एक नई पहचान बना रहा है। यह पहली बार है, जब शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की महिला सॉफ्टबॉल टीम ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया और टॉप-4 में अपनी जगह बनाई। इस उपलब्धि ने न केवल बस्तर की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर बस्तर की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। टीम की कप्तान( अरुणा पुनेम) ने अपनी जीत के बाद कहा कि हमारे लिए यह सिर्फ एक खेल नहीं था, बल्कि बस्तर की ताकत और एकता को दिखाने का मौका था। हमने दिन-रात मेहनत की, और आज हमारा सपना सच हुआ। कोच मारुती नंदन मरकाम ने भी टीम की मेहनत और लगन की तारीफ करते हुए कहा कि ये लड़कियां बस्तर की शान हैं। इन्होंने न केवल खेल में, बल्कि समाज में बदलाव की एक नई कहानी लिखी है।

बस्तर का नाम अक्सर नक्सलवाद, हिंसा और पिछड़ेपन के संदर्भ में लिया जाता रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, शिक्षा और खेल जैसे क्षेत्रों में बस्तर ने अपनी नई पहचान बनानी शुरू की है। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जिसका नाम बस्तर के एक महान सपूत के नाम पर रखा गया है, इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। विश्वविद्यालय ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज की है। सॉफ्टबॉल जैसे खेल, जो भारत में अभी भी अपेक्षाकृत कम लोकप्रिय हैं, में बस्तर की बेटियों का यह प्रदर्शन कई मायनों में प्रेरणादायक है। यह उपलब्धि उन युवाओं के लिए एक मिसाल है जो सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को पूरा करने की हिम्मत रखते हैं। बस्तर जैसे क्षेत्र में, जहां खेल के लिए बुनियादी सुविधाएं और प्रशिक्षण सीमित हैं, वहां से राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल महिला प्रतियोगिता में देश भर की 96 यूनिवर्सिटी टीमें शामिल थीं। यह प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल, बल्कि मानसिक दृढ़ता और रणनीति का भी परीक्षण थी। बस्तर की टीम ने अपने पहले ही प्रयास में कई मजबूत टीमों को कड़ी टक्कर दी। क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में उनके प्रदर्शन ने दर्शकों और विशेषज्ञों का ध्यान खींचा। हालांकि फाइनल में पहुंचने से चूक गईं, लेकिन चौथा स्थान हासिल करना उनके जुझारूपन और समर्पण का प्रतीक है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि बस्तर की टीम ने जिस तरह से रणनीति और एकजुटता का परिचय दिया, वह भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की नींव रखता है। सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया टीम मैनेजर राजेन्द्र सिराज ने कहा, बस्तर की टीम ने इस बार सभी को चौंकाया है। अगर इन खिलाड़ियों को और बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें, तो ये भविष्य में और ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

बस्तर की इस जीत का असर केवल खेल के मैदान तक सीमित नहीं है। यह उपलब्धि सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी एक बड़ा संदेश देती है। बस्तर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में, जहां लड़कियों को अक्सर घरेलू जिम्मेदारियों और सामाजिक रूढ़ियों का सामना करना पड़ता है, वहां से एक महिला सॉफ्टबॉल टीम का राष्ट्रीय स्तर पर उभरना एक क्रांतिकारी बदलाव का संकेत है। यह जीत बस्तर की युवा पीढ़ी को यह विश्वास दिलाती है कि वे भी मुख्यधारा में शामिल होकर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। साथ ही, यह समाज को यह संदेश देती है कि बस्तर केवल नक्सलवाद का पर्याय नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी भूमि है जहां प्रतिभा और संभावनाएं प्रचुर मात्रा में हैं।

हालांकि यह उपलब्धि गर्व करने योग्य है, लेकिन बस्तर की बेटियों के लिए अभी लंबा सफर बाकी है। सॉफ्टबॉल जैसे खेलों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे, प्रशिक्षण सुविधाओं, और वित्तीय सहायता की जरूरत है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर बस्तर में खेल अकादमियां और नियमित कोचिंग सेंटर स्थापित किए जाएं, तो यह क्षेत्र भविष्य में और अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दे सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार और खेल मंत्रालय से अपेक्षा है कि वे बस्तर जैसे क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं लागू करें। साथ ही, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय को भी अपनी खेल सुविधाओं को और मजबूत करने की जरूरत है ताकि बस्तर की बेटियां भविष्य में और बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

# दिनदहाड़े हत्या, अधेड़ के सीने में घुसा दी दारू की बोतल

**भिलाई नगर,** 5 मई (देशबंधु)। नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिंद नगर बाजार पारा तालाब पार आज दोपहर को आपसी विवाद के दौरान आरोपी ने अधेड़ की सीने में शराब की बोतल घुसा दी। इस प्राण घातक हमले में अधेड़ की मौत हो गई। नेवई पुलिस के द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

■ नेवई पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में

नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि आज दोपहर 1:00 बजे के लगभग थाना नेवई क्षेत्र के हिंद नगर बाजार पारा तालाब पार में दो लोगों के मध्य आपसी विवाद हो रहा था। इस दौरान आरोपी डोमेन्द्र निवासी शिवाजी चौक रिसाली द्वारा मृतक मोहन उर्फ मेहतरु उम्र 45 वर्ष निवासी बाजार चौक रिसाली को शराब की बोतल को तोड़कर प्राणघातक हमला कर सीने में गंभीर चोट पहुंचाया गया। जिससे मृतक को हृदय में आई गम्भीर चोट से उसकी मृत्यु हो गई है।

प्रकरण में आरोपी डोमेन्द्र के विरुद्ध 103 (1)बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है। आरोपी को घटना के तत्काल बाद पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# सुशासन तिहार में लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में लोगों के द्वारा की गई शिकायतों पर विभाग द्वारा सबंधितों पर कार्यवाही की जा रही है। शिकायत की जांच के आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक व्याख्याता के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव एवं 3 शिक्षकों के अध्यापन स्थल परिवर्तित किया गया है।

■ व्याख्याता के विरुद्ध निलंबन प्रस्तावव 3 शिक्षकों का बदला कार्य स्थल

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल खरतोरा में पदस्थ व्याख्याता एल बी प्रतिभा वर्मा लम्बे समय से अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। सुनील कुमार सोनी, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बैकोनी विकासखंड सिमगा को शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला सिमगा, देवेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ओड़ान विकासखंड पलारी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैजनाथ खपरी विकासखंड पलारी, निविषा उपाध्याय सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बैकोनी को शासकीय प्राथमिक शाला कचलोन विकासखंड सिमगा में अध्यापन हेतु आदेशित किया गया है। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी ने सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायतों पर विधिवत जांच उपरांत सम्बधित पर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# भाजपा नेताओं ने केन्द्रीय मंत्री को सौंपा 50 करोड़ की योजनाओं का मांग पत्र

**महासमुंद** 05 मई (देशबंधु)। आवास एवं शहरी विकास केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के उड़ीसा प्रवास से वापसी पर महासमुन्द रेल्वे स्टेशन में भाजपा नेताओं द्वारा पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका के नेतृत्व में स्वागत अभिनन्दन किया गया। साथ ही शहर के विकास पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने लगभग 50 करोड की मांग ज्ञापन देकर की। जिसमें प्रमुख मांग में पिटियाझर से मौहारीभाठा तक मृत नहर लिंक रोड निर्माण 3200 लाख रूपये जो की वर्षो से लंबित मांग है। रोड निर्माण से आवागमन सुलभ होगा नवीन एवं आधुनिक बस स्टैण्ड खैरा में निर्माण के लिए 650 लाख, संजय कानन में सौन्दर्यकरण, उन्नयन एवं स्वीमिंग पुल निर्माण के लिए 500 लाख, शहर के हृदय स्थल नेहरू चौक के ट्रेफिक सिग्नल के चारो रास्ते में उंची हाईट का शेड निर्माण लाइटिंग के लिए 100 लाख रूपये ,ओव्हर ब्रीज के नीचे दोनो तरफ व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स एवं सौन्दर्यकरण के लिए 200 लाख रूपये एवं तालाबों का संरक्षण, सौन्दर्यकरण, पचरी निर्माण के लिए राशि मांगी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास के नियमों में गरीब जनता के लिए सिथिलता बरतने हेतु मंत्री श्री साहू से मांग की गई कि संयुक्त स्वामी के जमीन पर सहमति देने पर आवास की अनुमति दी जावे, भूमिहीन परिवारों के लिए शासकीय भूमि में मल्टी स्टोरी आवास बनाया जावे। नगरीय क्षेत्रों मे कालोनाइजर से प्राप्त डब्ल्यु,ई.एस. की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास मल्टी स्टोरी में बनाकर तालाब किनारे रेल्वे किनारे बसे लागों को बसाया जावे। शासकीय जमीन में वर्षो से निवासरत गरीब मध्यम वर्गीय परिवारों को नजूल पट्टा जारी कर आवास योजना का लाभ दिया जावे। इसी तरह शहरी आजीविका मिशन में वर्षों से कार्यरत महिला संगठकों को नियमितिकरण व वेतन वृद्धि किया जावे। वर्तमान में आजीविका मिशन योजना 1 अप्रैल से बन्द कर दिया गया पुन: चालू कराया जावे। इन सभी मांगों को भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने भी अनुमोदित किया तथा मंत्री श्री साहू से शहर विकास के लिए राशि जारी करने का अनुरोध किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री साहू ने आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर गम्भीरता पूर्वक ध्यान देकर शहर का विकास कराया जावेगा। इस दौरान पार्षदगण - भाऊराम साहू, पियूष साहू, धनेश्वरी सोनवानी, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, मोहन साहू, पवन साहू, पूर्व पार्षद मीना वर्मा, जितेन्द्र साहू, जिला मिडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, राहूल चन्द्राकर, राकेश सचदेव, फगवा पटेल,मनीष बंसल, हनीष बग्गा, रमेश साहू, पंकज चन्द्राकर, सोनाधर सोनवानी, आनंद साहू, अभिषेक पाण्डेय, सूर्यप्रताप सिंग, रोशन बग्गा, गौरव राठी, गुलशन राठी, हरेन्द्र जांगड़े आदि उपस्थित थे।



■ उड़ीसा प्रवास से वापसी पर महासमुंद रेल्वे स्टेशन में भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

# मगरलोड जय स्तंभ चौक हुआ खून से लाल

- ■ डिवाइडर से हाई स्पीड पल्सर टकराया, दो युवक की मौत
- ■ दोनों मृत युवक भरदा निवासी, सुबह 5 बजे की घटना
- ■ हाई स्पीड पल्सर 200 मीटर दूर जाकर हुआ चकनाचूर



**मगरलोड,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत मगरलोड की जय स्तंभ गुरु घासीदास चौक में तड़के सुबह 5 भरदा की ओर से हाईस्पीड पल्सर में आ रहा है दो युवक दीपांशु एवं टेमन डिवाइडर से जबरदस्त टकराया सड़क खून से लथपथ हो गया जिसमें मौके पर दीपांशु 21 वर्ष युवक की मौत हो गई और दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी ए एस आई धनीराम नेताम ने पुलिस स्टाफ के साथ पहुंचकर दोनों युवक को मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने दीपांशु को मृत घोषित किया एवं अत्यंत गंभीर जख्मी टेमन नामक 20 वर्ष युवक का दोनों टांग टूटने के कारण उसे तत्काल 108 एंबुलेंस से धमतरी रेफर किया गया जहां से उसे रायपुर ले जाए जा रहा था की गंभीर अवस्था होने से उसकी मौत हो गई

प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने बताया पल्सर की हाई स्पीड इतनी थी की 200 मीटर दूर जाकर एक सीढी में टकराकर गाड़ी चकनाचूर हो गया

पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है इस हृदय विदारक घटना से ग्राम भरदा एवं नगर मगरलोड में शोक की लहर है एवं जागरूक लोगों ने नगर के मुख्य चौक चौराहे पर गतिरोधक बनाने की मांग की आए दिन यह घटना देखने को मिल रही है और कुछ लोग अभी भी गतिरोधक नहीं होने से घायल होकर इलाज कर रहे हैं मगरलोड पुलिस ए एस आई धनीराम नेताम के साथ पुलिस जवान गोविंदा घृत लहरे, अजय गिरी, धर्मेंद्र साहू, कतलम, प्रफुल्ल रात्रे, राम दिन मरकाम दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को थाने में लाकर कार्यवाही में जुटे हुए हैं।

**NECC**

| 06.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 496 | 65 | 135 |
| विल्हर | 6 | 90 | 160 |

डिलीवरी 511 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### अनजान पार्सलों को 'ना' कहें!

ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ता जा रहा है। होटलों से खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर विलासिता की सामग्रियां तक लोग घर बैठे मंगवा रहे हैं। इससे दुकानों या बाजारों में जाने की ज़हमत नहीं उठानी पड़ती और ऑनलाइन मंगवाने से वस्तुएं काफी सस्ती पड़ती हैं। यह चलन जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है, उसके कई तरह के खतरे भी सामने आ रहे हैं। सामानों की धोखाधड़ी से लेकर नगदी ऐंठने के कई प्रकरण हो चुके हैं।

छत्तीसगढ़ में भी ऑनलाइन शॉपिंग सतत लोकप्रिय हो रही है। करोड़ों रुपयों की वस्तुएं राज्य में देश के अलग-अलग कोनों से पहुंच रही हैं। लोग इसका पर्याप्त लाभ ले रहे हैं। इसके साथ ही यहां भी धोखाधड़ी या अन्य तरह के मामले बढ़ रहे हैं। कई बार पार्सल के बहाने से घरों की रेकी कर ली जाती है तो कई बार इस नाम से अनजान बनकर असामाजिक तत्व घरों में घुसने की कोशिश करते हैं। देश के कई हिस्सों में इस तरह के मामले हो चुके हैं। कई बार ऐसे फोन कॉल आते हैं जिनके जरिये झांसा देकर राशि ऐंठ ली जाती है।

नवा रायपुर के सुनील मेश्राम को कुछ दिन पहले फोन आया कि जिसमें कॉल करने वाले ने बताया कि वह मुम्बई के कस्टम विभाग से बोल रहा है। उसने कहा कि उनकी पत्नी के नाम पर विदेश से एक पार्सल आया है जिसमें 5.21 लाख रुपये मूल्य की करेंसी तथा आभूषण हैं। उन्होंने उसे छुड़ाने के लिये पहले 25 हजार रुपये एक बैंक खाते में डालने को कहा। बाद में अलग-अलग कारणों से मेश्राम से 5.21 लाख रुपये ऐंठ लिये गये। इसके बाद भी जब पार्सल नहीं आया तो पुलिस में शिकायत दर्ज की गयी। पुलिस पतासाजी कर रही है।

असली बात तो यह है कि जब किसी ने कुछ मंगाया ही नहीं है तो ऐसे पार्सलों को छुड़ाना खुद को संकट में डालने जैसा है क्योंकि इसमें कोई भी अवैध सामग्री हो सकती है। ऐसे पार्सलों को स्वीकार करने का अर्थ यही निकलेगा कि उसे मंगाया गया है। कई बार ऐसे पार्सलों को बिना नष्ट किये ही फेंक दिया जाता है जिस पर व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि लिखा होता है। इस जानकारी का भी दुरुपयोग हो सकता है इसलिये पते लिखे स्टीकर आदि को नष्ट कर देना चाहिये। होम डिलीवरी करने वाली कम्पनियों के बारे में जब तक अच्छे से पता न हो, पार्सल लेकर आने वाले व्यक्ति की ठीक से पूछताछ कर ली जानी चाहिये। कभी उनके नाम से असामाजिक तत्व घरों में घुस सकते हैं। खासकर, घरों में अकेली रहने वाली गृहिणियां, बच्चे, बुजुर्गों, आदि को सावधान रहना चाहिये। उन्हें भीतर तक न आने दें तथा पैसे लेने अंदर जायें तो दरवाजा बन्द कर के जाना चाहिये। उनकी उपस्थिति के दौरान पूरी सतर्कता बरतें।

# समाधान शिविर में कलेक्टर-सीईओ ने ग्रामीणों से किया संवाद

## सुशासन तिहार का पहला समाधान शिविर ग्राम पंचायत डोडपाल में सम्पन्न





**सुकमा,** 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण का पहला समाधान शिविर सोमवार को सुकमा विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र के कलस्टर ग्राम पंचायत डोडपाल में आयोजित किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, जनपद अध्यक्ष सुकमा संतोष इड़ो सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कलस्टर पंचायत में शामिल 5 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे। समाधान शिविर में ग्रामीणों को कलेक्टर और सीईओ के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिला। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और माँग के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर के निर्देशानुसार समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा तत्काल उनकी समस्या का निराकरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनके माँग सड़क निर्माण और पेयजल आपूर्ति पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर एवं जिला सीईओ की उपस्थिति में ग्रामीणों को दी गई निराकरण की जानकारी**

विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी। इस समाधान शिविर में डोडपाल, चिंगावरम, मारोकी, कोर्रा एवं मानकापाल पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदन निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा मांग से संबंधित आवेदनों में मुख्य रूप से पीएम आवास, पेयजल की समस्या, वन अधिकार पत्र, फौती, बटवारा, नामांतरण, अहाता निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र, महतारी वंदन योजना का लाभ, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सीसी रोड, मिट्टी-मुरूम रोड, नाली, पुलिया आदि मांग शामिल है।

**आवेदकों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही : कलेक्टर**

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने तीन चरणों में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सभी विकासखंडों में समाधान शिविर लगाकर आवेदकों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। नवीन सीसी रोड, सड़क, पुलिया आदि निर्माण कार्यों को जिले की कार्य योजना में शामिल कर किया जा रहा है।

**प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा : सीईओ**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों एवं द्वितीय चरण में किए गए निराकरण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोगों से प्रापत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। शिविर में जनपद सीईओ सुकमा सुश्री मधु तेता, जनपद अध्यक्ष सुकमा संतोष ईड़ो, उपाध्यक्ष रीना पेद्दी, जनपद सदस्य सुकड़ी मोड़ी, कलस्टर में शामिल सभी पंचायतों के सरपंच, सचिव गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पॉस्को एक्ट के अपराधी को हुआ 20 वर्ष का कारावास, 5000 का जुर्माना

**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। 16 वर्ष की नाबालिक के साथ बलात्कार करने के अपराधी को पॉस्को न्यायालय ने 20 वर्ष का कठोर कारावास और ?5000 जुर्माना की सजा सुनाया है। थाना बुरगुम में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गांव में मेला देखने गई थी। दूसरे दिन अपनी सहेली के साथ शाम 5¬00 बजे झूला झूलने गई थी। शाम 7¬00 बजे तक झूला झूलने के बाद झूला से उतरकर अपनी सहेली के साथ जंगल की ओर बाथरूम गई तभी आरोपी पांडू बेको तथा संतोष बेको दोनों पीछे से आकर पांडु बेको प्रार्थिया के मुंह में गमछा बांधकर जंगल की ओर ले गया और दूसरा संतोष बेको ने अपने पास रखे हुए गमछा से प्रार्थीया की सहेली के मुंह में गमछा बांधकर जंगल की ओर ले जाकर दोनों के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। प्रार्थीया पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस विवेचना के दौरान प्रार्थिया की उम्र 16 वर्ष से कम होने के कारण अभियुक्त पांडु के विरुद्ध पॉस्को अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी विशेष न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के पीठासीन अधिकारी संगीता नवीन तिवारी के न्यायालय में हुआ। न्यायाधीश ने अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (3) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 के तहत एक समान दंड होने के कारण अभियुक्त को पाक्सो अधिनियम 2012 की धारा 4 के तहत दोषी ठहराते हुए, 20 वर्ष का आश्रम कारावास और ?5000 अर्थ दंड की सजा सुनाई गई। अर्थ दंड का भुगतान नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा होगी। इसके साथ ही पीड़िता को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357-क >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# समाधान शिविर में शामिल हुए विधायक किरण देव



**कहा- जन कल्याणकारी योजनाओं का हो रहा है क्रियान्वयन**

**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। विकासखंड जगदलपुर के तहत ग्राम पंचायत तितिरगांव में सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि शासन प्रशासन लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार अपन मन के सरकार, हमर द्वार के तहत सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार-प्रशासन ग्राम पंचायतों और ग्रामों में समस्या तथा मांग को आवेदन के माध्यम से लिया अब समाधान शिविर के द्वारा आवेदनों की निराकरण की जानकारी दी जा रही है। लगभग एक लाख 88 हजार से अधिक आवेदन पूरे जिले में मिले जिसमें 85 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण हमारे विभिन्न विभागों के द्वारा किया गया। तत्परता से आवेदनों का निराकरण के लिए सभी विभाग को बधाई, साथ ही उन्होंने कहा कि जो मांग शासन स्तर से होना उसके निराकरण में समय लगेगा। जिले में मिले आवेदनों में सर्वाधिक मांग प्रधानमंत्री आवास योजना की रही, जनता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि हर पात्र हितग्राही को आवास योजना का लाभ मिले। आवेदनों के निराकरण में पात्र हितग्राही न छुटे इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और सरपंच भी ध्यान रखें। विधायक श्री देव ने तितिरगांव के पहुंच मार्ग के लिए विकास हेतु प्रस्ताव की बात कही साथ ही बालिकोंटा स्वास्थ्य केंद्र में मानव संसाधन बढ़ाने भी कहा। कार्यक्रम को जगदलपुर जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदलाम नाग ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में विधायक श्री देव ने विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर सभी से योजनाओं के लिए मिले आवेदनों की स्थिति का संज्ञान लिया, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में अपना स्वास्थ्य जांच भी करवाया। कार्यक्रम से पहले कमिश्नर श्री डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने भी विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर आवेदनों के स्वरूप और निराकरण की स्थिति का जायजा लिया।

सीईओ प्रतीक जैन ने बताया कि तितरगांव शिविर से संबंधित 13 पंचायत क्षेत्र से 6599 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 6530 का निराकरण किया गया है। इस तितिरगांव समाधान शिविर में तितिरगांव, कालीपुर, बालिकोंटा, आसना, तामाकोनी, घाटपदमुर, बिरिंगपाल, कुम्हरावंड, पल्ली, परपा, पंडरीपानी और मावलीगुड़ा ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। तितिर गांव के हाई स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई तथा लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी गई। शिविर में सुशासन तिहार के तहत आवेदन करने वालों में आसना निवासी गोमती नाग को स्थाई सामाजिक प्रस्तुति प्रमाण बनाकर दिया। इसी प्रकार वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदन करने वाले भक्कू राम को .06 रकबा का पट्टा तैयार कर दिया गया। सुशासन तिहार में तितरगांव के निवासी सुरेन्द्र कुमार बघेल ने राजस्व विभाग को सीमांकन के लिए आवेदन किया था जिसका >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला टीम की ऐतिहासिक जीत



**नेल्लूर में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में रही 4 स्थान पर**

**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की सॉफ्टबॉल महिला टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता नेल्लूर में आयोजित है में प्रथम मैच में माधव यूनिवर्सिटी राजस्थान को 10ङ्क0 से एवं दूसरे मैच में सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात को 3ङ्क2 दो से और तीसरे मैच में बेंगलुरु यूनिवर्सिटी कर्नाटक चौथे मैच में बरकततुल्ला यूनिवर्सिटी को हराकर प्री चाटर में प्रवेश किया फिर पांचवे मैच में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी एवं गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी पंजाब को हारा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में देश भर की 96 विश्वविद्यालय ने भाग लिया जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला टीम ने अंतिम 4 में अपनी जगह बनाई। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के इतिहास में पहली बार कोई टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय में चालीफाई किया, महिला टीम में कु ज्योति हेमला पिचर एवं कु अरुणा पुनेम कैचर की जुगलबंदी ने टीम को विजय बनाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई टीम में कु चंद्रकला, कु रेणुका, कु विमला शासकीय शहीद वेंकट राव महाविद्यालय बीजापुर, लक्ष्मी मौर्य, माड़वी शांति, शामबती, जयमती, शर्मिला, आकांक्षा ये शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा से यलका, लालिमा, अनीता विमला शासकीय नवीन महाविद्यालय धनोरा कोंडागांव से ,, और ओमेश्वरी बस्तर यूनिवर्सिटी से सभी खिलाड़ी ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं टीम को गौरवान्वित किया।

इस टीम के कोच मारुति नन्दन मरकाम क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा एवं मैनेजर राजेन्द्र सिंह राज थे। टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति, शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक बी एल केवट, नवीन सिंह वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी, सोपान कार्निवाल कोच बीजापुर एकेडमी रजनीश ओसवाल कोच एकलव्य कीड़ा परिसर जावांगा।

राहुल गौरखेड़े एवं सभी अधिकारियों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी एवं खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# समर कैंप के रचनात्मक गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग ले रहे स्कूली बच्चे



**बच्चों के सृजनात्मक कौशल को देवें बढ़ावा : डोमन सिंह**

**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। विकासखंड जगदलपुर के तहत ग्राम पंचायत तितिरगांव में सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि शासन प्रशासन लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार अपन मन के सरकार, हमर द्वार के तहत सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार-प्रशासन ग्राम पंचायतों और ग्रामों में समस्या तथा मांग को आवेदन के माध्यम से लिया अब समाधान शिविर के द्वारा आवेदनों की निराकरण की जानकारी दी जा रही है। लगभग एक लाख 88 हजार से अधिक आवेदन पूरे जिले में मिले जिसमें 85 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण हमारे विभिन्न विभागों के द्वारा किया गया। तत्परता से आवेदनों का निराकरण के लिए सभी विभाग को बधाई, साथ ही उन्होंने कहा कि जो मांग शासन स्तर से होना उसके निराकरण में समय लगेगा। जिले में मिले आवेदनों में सर्वाधिक मांग प्रधानमंत्री आवास योजना की रही, जनता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि हर पात्र हितग्राही को आवास योजना का लाभ मिले। आवेदनों के निराकरण में पात्र हितग्राही न छुटे इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और सरपंच भी ध्यान रखें। विधायक श्री देव ने तितिरगांव के पहुंच मार्ग के लिए विकास हेतु प्रस्ताव की बात कही साथ ही बालिकोंटा स्वास्थ्य केंद्र में मानव संसाधन बढ़ाने भी कहा। कार्यक्रम को जगदलपुर जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदलाम नाग ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में विधायक श्री देव ने विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर सभी से योजनाओं के लिए मिले आवेदनों की स्थिति का संज्ञान लिया, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में अपना स्वास्थ्य जांच भी करवाया। कार्यक्रम से पहले कमिश्नर श्री डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने भी विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर आवेदनों के स्वरूप और निराकरण की स्थिति का जायजा लिया।

सीईओ प्रतीक जैन ने बताया कि तितरगांव शिविर से संबंधित 13 पंचायत क्षेत्र से 6599 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 6530 का निराकरण किया गया है। इस तितिरगांव समाधान शिविर में तितिरगांव, कालीपुर, बालिकोंटा, आसना, तामाकोनी, घाटपदमुर, बिरिंगपाल, कुम्हरावंड, पल्ली, परपा, पंडरीपानी और मावलीगुड़ा ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। तितिर गांव के हाई स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई तथा लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी गई। शिविर में सुशासन तिहार के तहत आवेदन करने वालों में आसना निवासी गोमती नाग को स्थाई सामाजिक प्रस्तुति प्रमाण बनाकर दिया। इसी प्रकार वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदन करने वाले भक्कू राम को .06 रकबा का पट्टा तैयार कर दिया गया। सुशासन तिहार में तितरगांव के निवासी सुरेन्द्र कुमार बघेल ने राजस्व विभाग को सीमांकन के लिए आवेदन किया था जिसका विभाग के मैदानी अमलों के द्वारा आवेदनकर्ता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला में शामिल हुए महापौर, सभापति एवं एमआईसी सदस्यगण



**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम छत्तीसगढ़ के 14 महापौर, सभापति एवं एमआईसी जनप्रतिनिधियों का प्रबोधन कार्यशाला रायपुर के होटल बेबीलान इंटरनेशनल मे सोमवार को आहूत किया गया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के शहरों का रूपांतरण( स्वच्छ सुंदर एवंद्व सुविधापूर्ण शहर) नगर सुराज संगम 2025 सुशासन मे समृद्धि की ओर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से तालाबों में स्वच्छता रहेगी। नगरीय निकायों द्वारा संपत्ति कर एवं यूजर चार्ज की वसूली में कमी दिखती है यह हमारे लिए चुनौती है। हमारे सामने सीवेज एवं जल निकासी, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संकट, पक्के आवास की कमी, नियमन एवं शहरीकरण, सड़क नेटवर्क यातायात, आपातकालीन प्रबंधन, हितग्राही मूलक सेवाओं की आपूर्ति जैसे हमारे लिए चुनौती है। हमें अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। नगरीय निकायों का मुख्य उद्देश्य शहरी नागरिकों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है इसके लिए पाइपलाइन विस्तार, जल स्रोत संरक्षण एवं शुद्धिकरण द्वारा हर घर में नल से स्वच्छ जल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाता है। जगदलपुर महापौर संजय पांडे, द्वारा उपमुख्यमंत्री अरुण कुमार साव को नगर निगम बजट की प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर सभापति खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य गण जिसमे योगेंद्र पांडेय, निर्मल पानीग्राही, राणा घोस, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, स्वेता बघेल, आयुक्त प्रवीण वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर में मिली प्रधानमंत्री आवास की सौगात, हितग्राहियों ने सरकार को दिया धन्यवाद



**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। निर्धन परिवार के लिए एक सुरक्षित आशियाना बनाना किसी सपने से कम नहीं है और सरकार की संवेदनशील पहल से करीब महीने भर में ही पक्के आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो तो गरीब परिवार को सबसे बड़ी खुशी मिलती है। यह कहते हुए जगदलपुर ब्लॉक के तितिरगांव निवासी निर्मला पाण्डे, सुमित्रा और इंद्रा बताती हैं कि राज्य शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत पहले चरण में ग्रामीण आवास के लिए आवेदन पत्र जमा किए थे जिसे अब स्वीकृति देकर गांव में आयोजित समाधान शिविर में विधायक किरण देव के हाथों स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया है। इन हितग्राहियों के साथ ही कुम्हरावण्ड निवासी बुकी एवं देवकी और तितिरगांव के हेमबती, गौरीबाई, इपोबती, शिवराम, पदमा, अमलचन्द्र, सुमसीताराम, एवं सोनाय को प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नवीन आवास निर्माण की स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। उक्त सभी हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में 21 विद्यार्थियों के साथ समर कैंप शुरू



**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार 5 तारीख से 22 तारीख तक चलने वाले 21 विद्यार्थियों की उपस्थिति में समर कैंप की शुरुआत मुख्य अतिथि परपा तोकापाल सरपंच सोनमती भारती एवं अध्यक्ष उपसरपंच फूलमती सेठिया की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच सोनमती भारती एवं उपसरपंच फूलमती सेठिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे समर कैंप में इतनी सारी जानकारी को सीख रहे हैं और इसका जवाब दे रहे हैं यह प्रसन्नता की बात है। शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी ले रहे हैं यह देखकर खुशी हो रही है। संस्था के प्राचार्य विधु शेखर झा ने बताया कि हम प्रतिदिन शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार खेल-खेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे। श्री झा ने बताया कि प्रथम दिवस में शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार भारत, छत्तीसगढ़ एवं बस्तर के बारे में सामान्य जानकारी को विषय के रूप में लिया गया था। संबंधित शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को खेल-खेल में सामान्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 1 कुकर आईईडी एवं डेटोनेटर समेत दो नक्सल सहयोगी को पकड़ने में डीआरजी बल, बीडीएस टीम व नारायणपुर पुलिस को मिली सफलता

**नारायणपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नारायणपुर पुलिस के द्वारा एक ओर नक्सल विरोधी माड़ बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में शांति सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आपराधिक तत्वों पर नजर रखकर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि कैम्प कड़ेमेटा से डीआरजी बल एवं पुलिस पार्टी गश्त सर्चिंग वास्ते निकली थी कि ग्राम छोटेबुरगूम के जंगल में रोड किनारे 1 नग कुकर आईईडी मिट्टी में गाड़कर प्लांट किये थे 2 संदेही पुलिस को देखकर भागे जिसे कि घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर बताया गया कि सुकमन कोर्राम एवं बुधराम कोर्राम उर्फ विश्वनाथ निवासी तुशवाल है, इनके द्वारा नक्सलियों के कहने पर पुलिस को नुकसान पहुचाने की नियत से बुरगूम रोड किनारे कुकर आईईडी लगाने एवं अन्य कई नक्सल घटनाओं में शामिल था, उनकी निशानदेही पर कूकर आईईडी बम बरामद कर मौके पर ही बीडीएस टीम के द्वारा सुरक्षा मानको का पालन करते हुए विस्फोटक कूकर आईईडी को नष्टीकरण किया गया।

आरोपियों से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर नक्सल सहयोगी के रूप मे आईईडी लगाने की घटना




## मामला थाना छोटेडोंगर का

को अंजाम देना स्वीकार किया। साथ ही बताया गया कि थाना छोटेडोंगर क्षेत्रान्तर्गत 21.02.2025 को ग्राम तोयामटा, हितुलवाड़, कावानार एवं मढ़ोनार रोड निर्माण कार्य बाधित करने एवं डीआरजी बल से झुमा झटकी करने और आईईडी लगाने की घटना में शामिल था। आमदई एरिया कमेटी के नक्सली संगठन में जैयसिंह, सुकमन, बल्ली, सोनू, रैनू, पाकलू, सकरू, मनाजी, रामधेर, महेश, महादेव, बीरसिंह, बनसिंह एवं अन्य लोगों के साथ बम तैयार करने व रेकी करने में शामिल रहा था। इन आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी जिन्हे कि पुलिस पार्टी द्वारा बजह सबूत में मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक तरीके से न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में डीआरजी बल, बीडीएस टीम एवं नारायणपुर पुलिस का विशेष सहयोग रहा है।

**गिरफ्तार आरोपी–**

1 – सुकमन कोर्राम पिता सोनू कोर्राम उम्र 25 वर्ष जाति गोड़ साकिन तुशवाल थाना बारसूर जिला बीजापुर (छ.ग.)।

2 – बुधराम कोर्राम उर्फ विश्वनाथ पिता नरसिंग उम्र 35 वर्ष जाति गोड़ साकिन तुशवाल थाना बारसूर जिला बीजापुर (छ.ग.)।

**आपराधिक प्रकरण–**

थाना छोटेडोंगर अपराध क्रमांक– 04/2025 धारा 191(2), 191(3),190,109, 221, 121(1), 132 भा.न्या.सं. 4, 5 वि.प.अधिनियम, 10,13(1),16,20,38(2),39(2) वि.वि.क्रि.क.नि.अधि.।

# रेसिंग कैपिटल एंड मैनेजिंग फाइनेंस फॉर स्टार्टअप विषय पर कार्यशाला



**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को रेसिंग कैपिटल एंड मैनेजिंग फाइनेंस फॉर स्टार्टअप विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वाणिज्य एवं मनोविज्ञान अध्ययनशाला द्वारा हुए इस ऑनलाइन कार्यशाला में कंपनी सेक्रेटरी एवं युवा उद्यमी रौनक राठी ने नए स्टार्टअप प्रारंभ और संचालन के लिए विभिन्न वित्तीय स्रोतों की जानकारी स्टोरी टेलिंग और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से दी। श्री राठी ने कहा कि आपका बिजनेस आईडिया और वर्किंग प्रोसेस स्टैंडर्ड होंगे तो फंड मिलने में दिक्कत नहीं होगी। फंड रेजिंग के लिए अपने स्टार्टअप कार्य का रिकार्ड मेंटन रखना चाहिए। श्री राठी ने बताया कि नए स्टार्टअप के लिए सामान्यत: बूटस्ट्रैपिंग, वेंचर कैपिटल, एंजेल इंवेस्टमेन्ट, गवर्नमेंट ग्रांट्स और फाइनेंशियल फोरकास्टिंग जैसे फंड रेजिंग ऑप्शन हैं। सभी की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। आज सक्सेसफुल बिजनेस ऑनर एंजेल इंवेस्टर के रूप में वित्तीय सहयोग करने आगे आ रहे हैं। कई दानवीर भी वित्तीय सहयोग करते हैं। राज्य और केंद्र सरकारें स्व सहायता समूहों और रजिस्टर्ड सोसाइटी को फंड ग्रांट कर रही हैं। उपलब्धता और बिजनेस हित के अनुसार फंड रेजिंग किए जा सकते हैं। श्री राठी ने बताया कि छोटे-बड़े शहरों में इंडस्ट्री पेसिफिक सेमिनार सेशन होते रहते हैं। उसमें भाग लेकर नए स्टार्टअप फंड के लिए प्रयास कर सकते हैं। विवि आईआईसी मेंबर डॉ. रश्मि देवांगन में स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन शैली पटेल ने किया। रंजीता पटेल ने आभार जताया। कार्यशाला में राहुल सिंह, नीलम किरन, भारती भवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भीतरमठ में नौ दिवसीय शिव महापुराण ज्ञानपर्व का आयोजन

## 8 मई को कलश यात्रा से महायज्ञ शुरू तथा 16 मई रुद्राक्ष वितरण से समापन

**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। शहर मध्य स्थित भीतरमठ अर्थात पुराना बालाजी मंदिर परिसर में 8 से 16 मई तक श्री कालिका शिव महापुराण सर्व ज्ञानयज्ञ आयोजित किया गया है। शिवकृपा से यह अनुष्ठान सुश्री कमला कुमारी कश्यप द्वारा उनके दिवंगत पुत्र शिबू कश्यप की स्मृति में आयोजित है। इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान की शुरुआत 8 मई को कलश यात्रा से होगी, वही इसका समापन 16 मई को रुद्राक्ष दान के साथ होगा। आयोजन समिति ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं को इस अनुष्ठान में आमंत्रित किया है।

पावर हाउस चौक के पास बाहरमठ में आयोजित शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ हेतु कथा वाचक सुमित भारद्वाज जी कवर्धा में आ रहे हैं। वे तुलसी मानस मंदिर कांशी से दीक्षित हैं। बताया गया कि शिव महापुराण की कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी। कथा आयोजिका सुश्री कमला कुमारी कश्यप ने बताया कि उसने छह वर्ष के एक बच्चे को गोद लिया था और अब उसकी शादी की तैयारी कर रही थी, किंतु 24 साल की आयु में अचानक शिबू की मृत्यु हो गई। यह शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ स्वर्गीय शिबू को समर्पित है। विदित हो कि कमला कश्यप पिछले 25 साल से मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने नारियल - फूल माला बेचने का व्यवसाय करती आ रही हैं।

**शिव महापुराण कार्यक्रम विवरण**

8 मई गुरुवार को कलश यात्रा, सप्तवेदी स्थापन, शिवपुराण महात्म्य। 09 मई शुक्रवार को विद्येश्वर संहिता, मंत्र महात्म्य, सहस्त्ररूद्रार्चन। 10 मई शनिवार को नारदमोह, सृष्टि वर्णन, गुरूमहात्म्य, रूद्राक्ष पूजन। 11 मई रविवार को कुबेर चरित्र, शक्ति प्रादुर्भाव, सती-जन्मोत्सव।

12 मई सोमवार को शक्ति पीठ महिमा, शिव-गौरी विवाह। 13 मई मंगलवार को कुमार चरित्र, गणेश उपाख्यान, अष्ट सिद्धि पूजन। 14 मई बुधवार को शिवअवतार, द्वादश ज्यार्तिलिंग, महाविद्यापूजन। 15 मई गुरुवार को शिवरात्रि-पशुपति व्रत कथा, चढोत्री। 16 मई शुक्रवार को शिव गीता, बिल्व वर्षा, हवन पूर्णाहूति, सहस्त्रधारा,भण्डारा प्रसादी, रूद्राक्ष वितरण।

# पालकी समाधान शिविर में शामिल हुए वनमंत्री एवं सांसद

**नारायणपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदन पत्रों के मांग एवं शिकायतो का 31 मई 2025 तक समाधान शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनो का समाधान किया जाएगा, जिसके परिपालन में विकासखण्ड नारायणपुर में 8 कलस्टर में शिविर आयोजित है। प्रथम शिविर 5 मई को ग्राम पंचायत पालकी में आयोजित किया गया, जिसमें संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप शामिल हुए। शिविर में वनमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके आंकलन के लिए सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या, शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदनों को 08 से 11 अप्रैल तक शिविर के माध्यम से आवेदन लिया गया था, जिसका निराकरण करने के लिए राज्य सरकार के निर्देशन में जिले में 14 समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 31 मई तक संपन्न होगी। शिविर के माध्यम से लोंगो को राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। बस्तर सांसद महेश कश्यप के द्वारा समाधान शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन में हमारी सरकार द्वारा प्रदेश के अंतिम लोंगो तक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास,



## शिविर में हितग्राहियों को किए गए चेक एवं सामग्री वितरण

महतारी वंदन योजना, जल जीवन मिशन, सोलर लाईट नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से अबुझमाड़ के पहुंचविहीन गांवो तक आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं, जिससे अबुझमाड़ क्षेत्र के विकास के सपने साकार हो रहे है, यही विष्णुदेव साय की सुशासन है।

शिविर में 5 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड, नक्सल पीड़ित 05 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास के प्रथम किस्त की राशि 40-40 हजार रूपये चेक के माध्यम से वितरण किया गया। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अंतर्गत 14 हितग्राहियों को डबरी निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश वितरण किया गया। राजस्व विभाग के माध्यम से शिविर में निवास प्रमाण पत्र, किसान किताब और जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। बिहान योजना के माध्यम से महिमा स्व सहायता समूह पालकी को 15 हजार रूपये का चेक, स्वास्थय विभाग के माध्यम से वय वंदना कार्ड, शिशु देखभाल किट, और मच्छरदानी, समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 17 हितग्राहियों को दिव्यांग प्रमाण वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका के अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन गौतम एस गोलछा, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम गौतमचंद पाटिल, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के सदस्य और नगर पालिका परिषद के पार्षदगण उपस्थित थे।


# सुशासन तिहार, तृतीय चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का खमतराई से आगाज

**आरंग,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में आज सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज हुआ। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम खमतराई में अब तक 1,964 मांग और शिकायतें प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी आवेदनों का निराकरण हो चुका है। वहीं, तीसरे चरण के पहले दिन समाधान शिविर में 76 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 75 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होने और कागजात हाथ में आने से खुशी से आमजन के चेहरे खिल उठे। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार में समस्याओं के समाधान के लिए आमजनों से आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनका समाधान हो चुका है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता के समस्याओं का निराकरण करना है। श्री अग्रवाल ने आमजनों से अपील करते हुए कहा आप सभी समाधान शिविर का लाभ अवश्य उठाएं। समाधान शिविर के अंतर्गत जो आवेदन लिए गए उनमें से लगभग सभी का निराकरण मौके पर किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों को राहत पहुंचाने और उनका जीवन खुशहाल बनाने की दिशा में पहल किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि शिविर में आमजनों की समस्याओं का समाधान तिहार के रूप में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के मंशानुरूप मिनीमम गवर्नमेंट-मैग्जिमम गवर्ननेंस के तहत जिला प्रशासन काम कर रही है।




## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में समाधान शिविर में मौके पर 75 मांग एवं शिकायतों पर हुई त्वरित कार्रवाई

मुख्यमंत्री का विजन है कि आमजनों के चेहरे पर खुशहाली आए और इसी दिशा में शासन-प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के अंतर्गत आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में समाधान शिविर लगाया गया है और इसे हम तिहार के रूप में मना रहे है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ अक्सर यह देखा जाता है कि उनके पास ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसे मूलभूत दस्तावेज नहीं होने की वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सुशासन तिहार में युवाओं के लिए यह सुविधा शुरू की गई ताकि उनके पास यह दस्तावेज आवश्यक रूप से हो। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। यह आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर के साथ हाट बाजारों में की गई थी। समाधान शिविर के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण करते हुए जमीनी स्तर पर हुए लाभ का फीडबैक लेंगे। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री श्री साय जिला मुख्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी।



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक म्हस्के जगदलपुर सर्किट हाउस पहुंचे। एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल के संभाग प्रभारी पंकज आचार्य एवं अन्य भाजपाईयों ने किया स्वागत। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं दीपक म्हस्के।

## विवि सेमेस्टर परीक्षा के लिए आज आवेदन का अंतिम दिन

**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। सत्र 2024-25 के जनवरी से जून सत्र के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तारीख 6 मई निर्धारित है। स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के सभी स्टूडेंट्स से निर्धारित तारीख में फॉर्म ऑनलाइन कर लेने की अपील की गई है। किसी भी प्रकार के दिक्कत होने पर परीक्षा विभाग के हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन के लिए अस्थाई संविदा भर्ती हेतु वॉक इन इंटरव्यू

**कोण्डागांव,** 5 मई (देशबन्धु)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा जिला कोण्डागांव हेतु 01 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) चलित वाहन के संचालन हेतु मानव संसाधन की अस्थाई संविदा भर्ती वॉक इन इंटरव्यू से किया जाना है। इच्छुक पात्र उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर निर्धारित तिथि को स्वयं उपस्थित होकर वॉक-इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिकित्सा अधिकारी भर्ती हेतु पदों की संख्या 1 (अनारक्षित) और शैक्षणिक अर्हता एमबीबीएस सी.जी. मेडिकल काउंसिल पंजीकरण के साथ आवश्यक है। इस हेतु वॉक-इन इंटरव्यू 11 मई 2025 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में निर्धारित है। विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक निर्देश जिले की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कल

**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर में 7 मई 2025 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से सांयकाल 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजी सेक्टर के दो नियोजकों के कुल 14 पदों पर भर्ती किया जाएगा, जिसके तहत सिविल इंजीनियर एवं डिप्लोमा सिविल इंजीनियर के लिए सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा, आउट रीच वर्कर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण तथा राज मिस्त्री हेतु राज मिस्त्री प्रशिक्षित इच्छुक आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर आड़ावाल में समयावधि में अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां एक-सेट छायाप्रतियां एक पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पॉस्को एक्ट के अपराधी को हुआ...

के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा घोषित मुआवजा एवं पुनर्वास नीति के तहत राशि प्रदान करने का निर्णय सुनाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक पॉस्को वरुणा मिश्रा ने पैरवी की।

### समाधान शिविर में शामिल...

विभाग के मैदानी अमलों के द्वारा आवेदनकर्ता सुरेन्द्र बघेल के जमीन का सीमांकन किया गया। विनोद कुमार सरोद ने सुशासन तिहार में आवेदन के माध्यम से श्रमिक कार्ड बनाने की मांग की थी जिसे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हाथों दिलवाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनपद जगदलपुर के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप सहित 10 पंचायत के सरपंच, जिला नोडल, सहायक नोडल, जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### समर कैंप में रचनात्मक...

सुरेन्द्र बघेल के जमीन का सीमांकन किया गया। विनोद कुमार सरोद ने सुशासन तिहार में आवेदन के माध्यम से श्रमिक कार्ड बनाने की मांग की थी जिसे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हाथों दिलवाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनपद जगदलपुर के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप सहित 10 पंचायत के सरपंच, जिला नोडल, सहायक नोडल, जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर में मिली प्रधानमंत्री...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। समाधान शिविर में अन्य ग्रामीणों की मांग भी पूर्ण हुई, जिसमें सुशासन तिहार 2025 के तहत श्रम विभाग में विभिन्न प्रकार की मांग हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन हेतु प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करते हुए हितग्राही नीला बघेल एवं हेमनाथ को श्रमिक पंजीयन कार्ड प्रदान किया गया। कार्ड प्राप्त करनीला बघेल एवं हेमनाथ ने सरकार की त्वरित पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी...

जानकारी से परिचित कराया। दिनांक 6 मई 2025 को शब्द विन्यास ,कविता पाठक एवं चित्र देखकर कविता बनाना आदि को बताया जाएगा। समर कैंप प्रभारी राजीव सिंह के नेतृत्व में इसकी तैयारी लता जोशी ,रूमा निकहत, सरिता यादव एवं रूपिंदर कौर कर रही हैं।

# पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अनिवार्य

**जगदलपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुरके विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा 5 मई सोमवार को स्किल एनहांसमेंट कोर्स ( एस ई सी ) के अंतर्गत ग्रीन केमिस्ट्री तथा बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स विषयों पर आधारित दो अलग-अलग शैक्षणिक भ्रमण किए गए। ग्रीन केमिस्ट्री विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों ने हेलीवाल कोल्ड स्टोरेज का भ्रमण किया, जिसकी भंडारण क्षमता 12,000 टन है और यह अमोनिया गैस संयंत्र पर आधारित है। इस कोल्ड स्टोरेज के सभी चेंबर पूर्णतः इंसुलेटेड हैं, जिससे वायु का आदान-प्रदान नहीं होता और भंडारित सामग्री लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। यहां इमली, महुआ, लाल मिर्च एवं गुड़ जैसे पारंपरिक उत्पादों का संग्रहण किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल भंडारण और रसायन विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

वहीं, बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स के अंतर्गत विद्यार्थियों ने राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जगदलपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन विभाग का भ्रमण किया, जहां उन्हें मल्टीमीटर, वोल्टमीटर, एम्पीयरमीटर, सोल्डरिंग आयरन, वायर स्ट्रिपर, पीसीबी टेस्टिंग उपकरण आदि के उपयोग की जानकारी दी गई। विभागीय शिक्षकों द्वारा विद्युत उपकरणों की मरम्मत, परीक्षण तथा पुनः संयोजन की विधियां प्रदर्शित की गईं और विद्युत सुरक्षा के उपायों को भी समझाया गया। इस व्यावहारिक अनुभव से विद्यार्थियों में तकनीकी आत्मविश्वास का विकास हुआ।



## शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करते हैं : प्राचार्य डॉ. गुहे

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हैं। उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस शैक्षणिक भ्रमण में रसायन विज्ञान विभाग की अतिथि व्याख्याता सौम्या ताम्रकार एवं भौतिक विभाग की अतिथि व्याख्याता भूमिका नाग के मार्गदर्शन में यह शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ।

# जल स्तर बढ़ाने शुरू हो गांवों में कुओं की परम्परा : चैतराम

**दंतेवाड़ा**, 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समयबद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी अभियान ''सुशासन तिहार 2025'' के तहत समाधान शिविरों का आज से जिले में विधिवत आगाज हो गया।

जिले के दंतेवाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बालूद, मैलावाड़ा, गीदम अंतर्गत छिंदनार, और कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत टेटम में समाधान शिविरों की शुरुआत हुई। इन समाधान शिविरों में पूर्व में आवेदकों से प्राप्त उनके आवेदनों की स्थिति, उसके समाधान की जानकारी के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं के तहत उन्हें लाभान्वित भी किया जा रहा है। बालूद में आयोजित शिविर में विधायक चैतराम अटामी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे ग्रामीणों तक पहुँच रहा है। उन्होंने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान हो रहा है, जिससे आने वाले समय में जिला समस्याओं से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है।




श्री अटामी ने कहा कि समाधान शिविर जैसे आयोजन उन ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जो किसी कारणवश जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते। शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की मांग, शिकायत और समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों में भाग लेकर विभागीय योजनाओं की जानकारी लें और उनका भरपूर लाभ उठाएं। विधायक ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि बोरवेल के अत्यधिक उपयोग से जल स्तर में गिरावट आई है, ऐसे में ग्राम पंचायतों के माध्यम से खेतों में परंपरागत कुएं खोदने का प्रस्ताव आना चाहिए। यह न केवल जल संरक्षण की दिशा में अहम कदम होगा, बल्कि सतत कृषि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। समाधान शिविर में ग्रामीणों की सहभागिता उत्साहजनक रही और बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं को रखा। अधिकांश मामलों का तत्काल निपटारा कर शेष समस्याओं को निर्धारित समय-सीमा में हल करने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। इसके साथ ही विधायक श्री अटामी ने शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। बालूद समाधान शिविर अन्तर्गत बालूद ग्राम पंचायत के अलावा चितालूर, टेकनार, बालपेट, पोन्दुम, जारम, और मटेनार के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। यहा पूर्व में प्राप्त आवेदनों के अलावा ऐग्रीस्टॉक पंजीयन के तहत 4, आधार पंजीयन के तहत 17, पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने के 9, प्रकरण, वोटर कार्ड अपडेट के तहत 3 इस प्रकार कुल 27 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही जिला परिवहन विभाग द्वारा शिविर में लर्निंग लाइसेंस भी जारी किए गए।

- **बालूद समाधान शिविर में विधायक का आह्वान**
- **समस्या, समाधान के लिए साय सरकार संकल्पित**
- **दंतेवाड़ा जिले में भी समाधान शिविरों की शुरूआत**

# जुआ खेलते 6 आरोपी पकड़ाए

**कोण्डागांव**, 5 मई (देशबन्धु)। जुआ खेलते हुए 6 आरोपियों को पकड़ने के साथ ही आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 21500 रूपये एवं 4 नग मोटर सायकल को माकड़ी पुलिस द्वारा जप्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के द्वारा जुआ सट्टा के विरुद्ध ठोस कार्यवाही करने के सख्त आदेश पर अति.पुलिस अधीक्षक कौशीलेन्द्र पटेल तथा उप पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में सायबर सेल एवं थाना माकड़ी पुलिस द्वारा 04 मई को मुखबीर सूचना पर ग्राम ओटेण्डा खासपारा जंगल किनारे में 06 व्यक्ति आरोपी रमेश कुमार पिता सुखदास नेताम 48 वर्ष, निरंजन पिता रूपसिंग मरकाम 36 वर्ष, अमलसाय मण्डावी पिता स्व.अंधारू राम 42 वर्ष, मानसाय पिता स्व. सोनारू राम 48 वर्ष, लक्ष्मीनाथ दिवान पिता तुला राम दिवान 27 वर्ष एवं जयलाल नेताम पिता स्व.फूलसिंग नेताम 27 वर्ष को जुआ खेलते पकड़ा गया और आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 21500 रूपये 04 नग मोटर सायकल किमती 1 लाख रूपय एवं 02 कार किमती 8 लाख (जुमला 9 लाख 21500 रूपये) को जप्त किया गया है। उक्त आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा का पाये जाने से थाना माकड़ी में धारा छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 की कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव एवं अजय बघेल, अजय देवांगन किर्तन मण्डावी चंदन यादव एवं थाना माकडी से राकेश जुर्री, राजू पाणीग्राही, हेमलाल रावटे का सराहनीय योगदान रहा।




**कब्जे से नगदी रकम 21500 एवं 4 नग मोटर सायकल व 2 कार जप्त किए**

# कलेक्टर ने अस्पताल का लिया जायजा

**दंतेवाड़ा**, 5 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण अभियान में स्वास्थ्य केंद्र, स्टेडियम, जिम, पुस्तकालय, कॉलेज भवन, बाजार तथा सोलर स्ट्रीट लाइट्स जैसी आधारभूत सुविधाएं शामिल रहीं।



निरीक्षण की शुरुआत कटेकल्याण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हुई, जहां कलेक्टर ने मरीजों से संवाद किया और अस्पताल में पाई गई अव्यवस्थाओं को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित नहीं रहने वाले कर्मचारियों को भी तलब कर कार्य के प्रति सजग रहने की हिदायत दी गई। इसके उपरांत उनके द्वारा परचेली स्टेडियम में नवनिर्मित जिम व पुस्तकालय का जायजा लिया गया। यहां उन्होंने जिम में नियमित संचालन हेतु पंचायत द्वारा प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के निर्देश दिए गए। साथ ही उनके द्वारा पुस्तकालय भवन को हालिया तेज तूफान से हुई क्षति की मरम्मत शीघ्र कराने को कहा गया। इसके साथ ही उन्होंने तुमकपाल में निर्माणाधीन सीएचसी और कॉलेज भवन का निरीक्षण करते हुए जून 2025 तक कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा तय की गई। इसके उपरांत कलेक्टर श्री दुदावत ने कटेकल्याण बाजार का भी दौरा कर मॉडल बाजार के रूप में विकास हेतु सफाई और सुव्यवस्था पर जोर दिया। साथ ही विद्युत विभाग व क्रेडा द्वारा लगाए जा रहे सौर स्ट्रीट लाइट्स की प्रगति की समीक्षा की और समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ आशीष डे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

- **कटेकल्याण में मरीजों से भेंट, डॉक्टरों को हिदायत**
- **समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश**
- **बाजार में सफाई पर विशेष जोर**

# आदिवासियों की शुभ चिंतक साय सरकार : चैतराम

**दंतेवाड़ा**, 5 मई (देशबन्धु)। सुकमा जिले में तेन्दुपत्ता संग्राहकों के राशि वितरण में हुए घोटाले और कार्रवाई को लेकर विधायक चैतराम अटामी ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्री अटामी ने बताया कि कांग्रेस शासन में किये गए घोटालों पर नकेल कसने कार्रवाई करने का काम साय सरकार में हो रहा है। उन्होंने बताया कि सुकमा जिला में तेन्दुपत्ता संग्राहकों को दो साल की बोनस राशि में प्रबंधकों ने केवल एक साल का ही भुगतान किया, वो भी आधा-अधूरा। वनमंडल सुकमा के कोंटा, किस्टाराम और गोलापल्ली वन परिक्षेत्र में कई फर्जी संग्राहकों के नाम पर भुगतान दर्शाया गया। भाजपा सरकार द्वारा जांच कराये जाने पर जांच के दौरान मामला उजागर हुआ। कई ऐसे संग्राहकों को भी राशि दी गई है, जिनकी मौत सालों पहले हो चुकी है। श्री अटामी ने बताया कि सुकमा वनमंडल के तहत तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2021 में 15 समिति और वर्ष 2022 में 10 समितियों में कुल 6 करोड़ 54 लाख 71 हजार 902 रुपए की राशि बोनस के रूप में मिली थी। इसे सुकमा वनमंडल के करीब 66 हजार संग्राहकों को भुगतान किया जाना था। इस राशि को बीते अप्रैल में ही समिति प्रबंधकों ने आहरण कर लिया और 8 महीने तक इसका भुगतान संग्राहकों को नहीं किया। नक्सलवाद और संवेदनशीलता का हवाला देकर अफसरों ने 3 करोड़ 62 लाख 78 हजार 881 की राशि का वितरण नगद करने विशेष अनुमति ली।



विधायक श्री अटामी ने कहा कि आदिवासियों के लिये तेंदुपत्ता हरा सोना है। उनके आर्थिक सुधार की महत्वपूर्ण कड़ी है। मामले को लेकर उन्होंने वनमंत्री केदार कश्यप से चर्चा की और घोटाले के संबध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिला यूनियन सुकमा के अंतर्गत कुछ प्राथमिक लघुवनोपज समितियों द्वारा कुछ संग्राहकों को नगद वितरण किया जा चुका है एवं 11 समितियों में कुछ संग्राहकों को वितरण नहीं किया गया है, इसके कारण वनमण्डलाधिकारी को सरकार द्वारा निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा जांच की जा रही है, जिसमें वनमंडलाधिकारी सुकमा पर आपराधिक मामले दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी की गई। सुकमा जिला भाजपा की मांग पर जिन 11 समितियों में नगद प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण नहीं किया गया है, उन समस्त 11 समितियों के प्रबंधकों को कार्य से पृथक कर दिया गया है, उन 11 समितियों के संचालक मंडल को भंग कर दिया गया है। समितियों के नोडल अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है। इस कार्रवाई के लिये उन्होंने मंत्री श्री कश्यप का आभार जताया। उन्होंने वनमंत्री से निवेदन किया है कि 11 समितियों के कितने संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उसकी छानबीन/परीक्षण किया जाये और स्थिति स्पष्ट होने के उपरांत उचित कार्रवाई करें।

- **सुकमा में तेंदूपत्ता बोनस घोटाला पर त्वरित कार्रवाई**
- **संग्राहकों को अब मिलेगा न्याय**
- **दोषी अफसर सलाखों के पीछे**

# केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 5वीं में जिले में दूसरे स्थान पर आई तनुश्री पटेल

**कोण्डागांव**, 5 मई (देशबन्धु)। शिक्षाण सत्र 2024-25 में केंद्रीय विद्यालय 5 वीं परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है, जिसमे कोंडागांव जिले के ग्राम अड़ेगा निवासी लीलाराम पटेल श्रीमती उमेश्वरी पटेल की पुत्री कु.तनुश्री पटेल ने 96.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। तनुश्री के प्राप्त परीक्षा परिणाम देखकर माता पिता ग्रामीणों के साथ सामाजिकजनों ने हर्ष जाहिर करते शुभकामनायें प्रेषित कर उज्वल भविष्य की कामना किया है। तनुश्री के माता-पिता पेशे से शिक्षक हैं।



# योजनाओं से लाभान्वित करना सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा**, 5 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत टेटम में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित हुए। यहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जिन समस्याओं और मांगों को लेकर आवेदन किया था, उनका समाधान सुनिश्चित करने के लिए ही पूरा जिला प्रशासन आपके गांव आया है।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आपको समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही सुशासन तिहार में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के क्रम में स्वीकृत किया जाएगा और राज्य शासन स्तर वाले प्रकरणों को भेज कर निराकृत किए जाएगें। जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने इस मौके पर सभी स्वीकृत आवासों को शीघ्र अतिशीघ्र प्रारम्भ करने व पूर्ण करने का आग्रह सभी आवास हितग्राहियों से किया। इस समाधान शिविर में 20 विभागों से कुल 953 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 942 मांग व 11 शिकायत थे, जिसमें 942 आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया। कृषि विभाग द्वारा 7 किसानों का कृषक पंजीयन व 3 किसानों का पीएम किसान योजना में पंजीयन किया गया। पीएचई द्वारा शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए कुल 17 जगहों पर नए बोर खनन हेतु प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। क्रेडा विभाग द्वारा भी आवेदनों का निराकरण करते हुए गुड़से में 3 हाई मास्क लाईट व टेटम में 1 हाई मास्क लाईट की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। समाधान पेटी में पेंशन के 15 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 7 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई, एवं 8 हितग्राहियों को जिन्हें पेंशन खाते में जा रही थी, लेकिन जानकारी नहीं थी उन्हें सूचित किया गया। इसी प्रकार मनरेगा अंतर्गत 44 कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हांकित कर उनकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई, आवास में प्राप्त 104 आवेदनों को वर्तमान में चल रहे आवास प्लस सर्वे 2.0 में शामिल कर सर्वे किया गया है, एवं पात्रता के आधार पर स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है।



- **टेटम में कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीण हुए उत्साहित**
- **मौके पर ही 942 आवेदनों का किया गया निराकरण**
- **बोर खनन, घाट कटिंग, सड़क-पुलिया की मंजूरी**

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत टेटम में पहली बार किसी कलेक्टर को अपने बीच देखकर ग्रामीणों में काफी उत्साह नजर आया। कलेक्टर ने भी उनकी खुशी को दोगुना करते हुए, टेटम में घाट कटिंग और पुलिया, गुड़से में 2 घाट कटिंग और नयानार में घाट कटिंग की प्रशासकीय स्वीकृति की घोषणा की। इस तरह से शिविर में कुल 1100 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया व अपने दिये आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की व शिविर में उपलब्ध आधार, ड्राइविंग लाइसेंस आदि सुविधा का लाभ उठाया।

इसके अलावा नगरीय निकायों के तहत नगर पालिका अन्तर्गत वार्ड क्रमाक 4 बस स्टैण्ड यात्री प्रतिक्षालय, बारसूर नगर पंचायत अन्तर्गत नगर पंचायत भवन, बड़े बचेली अंतर्गत गोंडवाना भवन, और किरंदुल नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 1 में रामपुर कैंप में समाधान शिविर संपन्न हुए। बारसूर स्थित नगर पंचायत में सुशासन समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास कार्यालय बारसूर द्वारा वार्ड क्रमांक 01 एवं 2 के गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम करवाया गया। इसके अलावा गोंडवाना भवन बड़े बचेली में वार्ड क्रमांक 1, 2 व 3 में 98 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें सभी का निराकरण किया गया। इसके साथ ही 9 मई को गामावाड़ा, जावंगा, पालनार और कटेकल्याण में समाधान शिविर आयोजित होगें। उल्लेखनीय है कि गीदम ब्लॉक अन्तर्गत जावंगा में जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप समाधान शिविर में उपस्थित होगें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम मूलचंद चौपड़ा, सीईओ जनपद पंचायत, सहित खाद्य, राजस्व, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन जर्जर, आंबा केन्द्र भवन में हो रहा संचालन

**कोण्डागांव**, 5 मई (देशबन्धु)। उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के जर्जर होने से भवन में ताला लटकाकर, उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन आंगन बाड़ी केंद्र भवन में किए जा रहे होने का मामला सामने आया है। यह मामला उप स्वास्थ्य केंद्र हरवेल का है। कोंडागांव जिले के उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों में पसरी अव्यवस्था दूर होने का नाम नहीं ले रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित कई शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र भवन जर्जर हालात में नजर आ रही है। षासन-प्रषासन इन उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों को दुरुस्त करने की पहल करती नजर नहीं आ रही है, जिससे ऐसे जर्जर भवनों में अन्य दिक्कतों के बीच मरीजों को ईलाज कराना लाचारी बन चुकी है।




**बुनियादी सुविधाओं से महरूम हैं ग्रामीण मरीज**

कोंडागांव जिले के विकास खंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र का जर्जर स्थिति में होने के कारण हमेशा ताला लगा हुआ रहता है। यहां पर ग्रामीण मरीजों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से महरूम होना पड़ रहा है, साथ ही स्टाफ और मरीजों की सुरक्षा पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जर्जर स्थिति के कारण मरीजों को बुनियादी सुविधाएं जैसे संस्थागत प्रसव, गर्भवती पंजीयन, जांच, टीकाकरण, मलेरिया जांच, उपचार, बीपी, शुगर जांच उपचार, टीबी स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन हेतु रेफरल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

**जर्जर भवन स्टाफ और मरीजों के लिए भी खतरनाक**

जर्जर भवन में ड्यूटी करना स्टाफ सहित मरीजों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है, इसलिए स्टाफ गांव में संचालित आंगन बाड़ी केंद्र भवन में बैठकर अपना ड्यूटी करने को मजबूर है। केंद्र भवन की जर्जर स्थिति के कारण स्टाफ किराए के घर पर रहकर सेवाएं दे रही है, जिससे संसाधन की कमी के कारण रात्रि में आपातकालीन सेवा नहीं दे पाती, ग्रामीणों को गांव से कई किलोमीटर दूर बडबत्तर या विश्रामपुरी के अस्पतालों में जाना पड़ता है।

**पंचायत ने की मांग**

वहीं गांव के सरपंच महेश नेताम ने कहा कि हरवेल के उप स्वास्थ्य केंद्र भवन को बेहतर बनाने के लिए षासन-प्रषासन को ध्यान देना चाहिए और जर्जर भवनों का मरम्मत करने अथवा नए भवन बनाने की दिषा में कार्य करना चाहिए। इसके अलावा, उन्हें आवश्यक सुविधाओं और स्टाफ से भी लैस किया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

# 17 साल से पदोन्नति की प्रतीक्षा में सहायक शिक्षक

**दंतेवाड़ा**, 5 मई (देशबन्धु)। संयुक्त संचालक बस्तर की ओर से पदोन्नति में समय सीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। इस मनमानी के कारण बस्तर संभाग पदोन्नति में काफी पीछे है। वहीं इस बात को लेकर शिक्षकों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

संयुक्त संचालक बस्तर जगदलपुर कार्यालय में शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया केवल वरिष्ठता सूची जारी करने तक ही सीमित है। जुलाई 2024 से अब तक 6 बार अलग- अलग तिथि में सहायक शिक्षक एल बी की संभाग स्तरीय वरिष्ठता सूची जारी हुई है। हाल ही में 1 मई 2025 को लगभग 8500 सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है। इसमें बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक और प्रधान पाठक ने पदोन्नत सहायक शिक्षकों का नाम भी शामिल हैं। बस्तर संभाग में 5 मई की स्थिति में वरिष्ठता सूची के आगे की कार्यवाही का कोई अता- पता नहीं है। जबकि राज्य के अन्य संभाग दुर्ग, बिलासपुर आदि में सहायक शिक्षकों की पदोन्नति हेतु समय सीमा का निर्धारण कर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। बिलासपुर में पदोन्नति आदेश जारी करने के साथ ही कांउसिलिंग के जरिए पदस्थापना भी की जा चुकी है। इससे पूर्व 17 मार्च 2025 को जेडी बस्तर की ओर से आदेश जारी कर संस्कृत विषय में पदोन्नति के नाम पर 3 हजार 500 से अधिक सहायक शिक्षकों की सीआर मंगाई गई। लगभग 50 दिन होने जा रहा है, पात्र सहायक शिक्षकों की पदोन्नति आदेश जारी नहीं हुई है। एक तरफ वर्ष 2023 में विषय बाध्यता को समाप्त करने का गजट नोटिफिकेशन जारी हुआ है। वहीं दूसरी और इस नियम का पालन भी नहीं किया जा रहा है। इसलिए शिक्षकों ने नाराजगी जाहिर की है। बस्तर संभाग के सुदूर इलाके में पदस्थ शिक्षकों का कहना है कि विषय बाध्यता की शर्त थोपने की वजह से वरिष्ठ शिक्षकों का प्रमोशन नहीं हो पाएगा। शिक्षकों ने कहा है कि बस्तर संभाग में सहायक शिक्षकों की पदोन्नति में पारदर्शिता का अभाव है। आज तक कितने पदों पर सहायक शिक्षकों की पदोन्नति होगी या फिर कब तक प्रक्रिया पूरी होगी। इस बात को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। लंबे अरसे से सहायक शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई है। सुदूर अंचल में सेवा देने वाले सहायक शिक्षक पदोन्नति की आस लगाए बैठे है। शिक्षक थलेश ठाकुर ने बताया कि बीजापुर जिले के सहायक शिक्षकों को अन्य जिले की तुलना में अधिक नुकसान हो रहा है। 2008 बैच के सहायक शिक्षक लगातार 17 साल बाद भी एक ही पद पर कार्य कर रहे हैं। इन शिक्षकों को ना क्रमोन्नत वेतन मिल रहा है ना ही प्रमोशन। एक तरह से सबसे अधिक वेतन विसंगति की मार बीजापुर जिले के सहायक शिक्षकों को झेलना पड़ रहा है।

- **शिक्षकों की पदोन्नति में समय का पालन नहीं**
- **विषय बाध्यता की शर्त, नहीं हो रहा वरिष्ठ शिक्षकों का प्रमोशन**

# सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर का शुभारंभ

**कोंडागांव**, 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कोंडागांव जिले में समाधान शिविर का शुभारंभ हुआ। केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम खाले मुरवेण्ड में आयोजित समाधान शिविर का केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुभारम्भ हुआ, जिसमें खाले मुरवेंड, डोंडेरापारा, सालेभाट और चिपरेल ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन शामिल हुए। शिविर में सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई और विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया।

केशकाल विधायक श्री टेकाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जनता के समस्याओं के समाधान की शुरूआत आज से हो रही है। जिले में लगभग 95 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारी पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ समुचित निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि पूरे देश के नागरिकों के साथ छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों में सभी व्यक्ति का पक्का मकान हो। इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा 18 लाख आवास की स्वीकृति दी गई हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छुटे हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने आवास प्लस 2.0 का सर्वे कार्य जारी है और इस दौरान कोई भी पात्र हितग्राही छूटने न पाए। शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है साथ ही जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से हर घर पेयजल पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं को बहुत राहत मिलेगी। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का पहला दिन है। इस दौरान पहले चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के साथ ही प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाएगा।



- **ग्राम खाले मुरवेण्ड में आयोजित शिविर में केशकाल विधायक और कलेक्टर हुए शामिल**
- **विभिन्न शासकीय योजनाओं अंतर्गत 91 हितग्राहियों को किया गया सामग्रियों का वितरण**

इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्रामीणों से सड़क सुरक्षा के संबंध में यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। साथ उन्होंने महिलाओं को अपने बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाने की अपील की। इस मौके पर विधायक एवं कलेक्टर के द्वारा शिविर स्थल में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक टेकाम एवं अतिथियों ने सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों के निराकरण पश्चात शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। इसके अंतर्गत मछली पालन विभाग द्वारा 02 नग जाल का वितरण, 06 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र का वितरण, 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण, 11 व्यक्तियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, 04 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 04 कृषकों को किसान किताब, 06 गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी और उद्यानिकी विभाग द्वारा 22 हितग्राहियों को सब्जी बीज वितरण और कृषि विभाग द्वारा 06 किसानों को धान बीज का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों से कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सर्वाधिक 32 और खाद्य विभाग को 31 आवेदन सहित परिवहन विभाग को 14, समाज कल्याण को 08, वन विभाग को 05, राजस्व विभाग को 04, क्रेडा विभाग को 03 तथा कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग और श्रम विभाग को दो-दो एवं विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और जल संसाधन विभाग के एक-एक आवेदन शामिल है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई सहित जनपद सदस्यगण, विभिन्न गांवों के सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## संपादकीय

### अनजान पार्सलों को 'ना' कहें!

*ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ता जा रहा है। होटलों से खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर विलासिता की सामग्रियां तक लोग घर बैठे मंगवा रहे हैं। इससे दुकानों या बाजारों में जाने की ज़हमत नहीं उठानी पड़ती और ऑनलाइन मंगवाने से वस्तुएं काफी सस्ती पड़ती हैं। यह चलन जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है, उसके कई तरह के खतरे भी सामने आ रहे हैं। सामानों की धोखाधड़ी से लेकर नगदी ऐंठने के कई प्रकरण हो चुके हैं।*

*छत्तीसगढ़ में भी ऑनलाइन शॉपिंग सतत लोकप्रिय हो रही है। करोड़ों रुपयों की वस्तुएं राज्य में देश के अलग-अलग कोनों से पहुंच रही हैं। लोग इसका पर्याप्त लाभ ले रहे हैं। इसके साथ ही यहां भी धोखाधड़ी या अन्य तरह के मामले बढ़ रहे हैं। कई बार पार्सल के बहाने से घरों की रेकी कर ली जाती है तो कई बार इस नाम से अनजान बनकर असामाजिक तत्व घरों में घुसने की कोशिश करते हैं। देश के कई हिस्सों में इस तरह के मामले हो चुके हैं। कई बार ऐसे फोन कॉल आते हैं जिनके जरिये झांसा देकर राशि ऐंठ ली जाती है।*

*नवा रायपुर के सुनील मेश्राम को कुछ दिन पहले फोन आया कि जिसमें कॉल करने वाले ने बताया कि वह मुम्बई के कस्टम विभाग से बोल रहा है। उसने कहा कि उनकी पत्नी के नाम पर विदेश से एक पार्सल आया है जिसमें 5.21 लाख रुपये मूल्य की करेंसी तथा आभूषण हैं। उन्होंने उसे छुड़ाने के लिये पहले 25 हजार रुपये एक बैंक खाते में डालने को कहा। बाद में अलग-अलग कारणों से मेश्राम से 5.21 लाख रुपये ऐंठ लिये गये। इसके बाद भी जब पार्सल नहीं आया तो पुलिस में शिकायत दर्ज की गयी। पुलिस पतासाजी कर रही है।*

*असली बात तो यह है कि जब किसी ने कुछ मंगाया ही नहीं है तो ऐसे पार्सलों को छुड़ाना खुद को संकट में डालने जैसा है क्योंकि इसमें कोई भी अवैध सामग्री हो सकती है। ऐसे पार्सलों को स्वीकार करने का अर्थ यही निकलेगा कि उसे मंगाया गया है। कई बार ऐसे पार्सलों को बिना नष्ट किये ही फेंक दिया जाता है जिस पर व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि लिखा होता है। इस जानकारी का भी दुरुपयोग हो सकता है इसलिये पते लिखे स्टीकर आदि को नष्ट कर देना चाहिये। होम डिलीवरी करने वाली कम्पनियों के बारे में जब तक अच्छे से पता न हो, पार्सल लेकर आने वाले व्यक्ति की ठीक से पूछताछ कर ली जानी चाहिये। कभी उनके नाम से असामाजिक तत्व घरों में घुस सकते हैं। खासकर, घरों में अकेली रहने वाली गृहिणियां, बच्चे, बुजुर्गों, आदि को सावधान रहना चाहिये। उन्हें भीतर तक न आने दें तथा पैसे लेने अंदर जायें तो दरवाजा बन्द कर के जाना चाहिये। उनकी उपस्थिति के दौरान पूरी सतर्कता बरतें।*

**उल्टा पुल्टा**

शिक्षक- रावण के पास ऐसी कौनसी कला थी जो दूसरे किसी के पास नही थी?
पप्पू - वो अकेला ही सामूहिक गीत गा सकता था..?

# आपके शहर ने आपको बहुत कुछ दिया, अब देने की बारी आपकी : अरुण साव

## उप मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का किया शुभारंभ



14 नगर निगमों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शहरी विकास की कार्ययोजना पर दिनभर किया मंथन

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला ''नगर सुराज संगम'' का शुभारंभ किया। कार्यशाला के पहले दिन आज प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौरों, सभापतियों, एमआईसी सदस्यों और वरिष्ठ अभियंताओं ने अपने-अपने निकायों की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना पर मंथन किया। उप मुख्यमंत्री साव ने इस दौरान सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास तथा शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने का रोडमैप साझा किया। उन्होंने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से संसाधनों के बेहतर उपयोग, नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहर को सुविधापूर्ण बनाने देश-विदेश में स्थानीय स्वशासनों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की भी जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ''नगर सुराज संगम'' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में हाल ही में संपन्न नगरीय निकायों के चुनाव में निर्वाचित होकर आने वाले जनप्रतिनिधियों पर जनता ने अपना भरोसा जताया है। शहर के विकास और वहां सुविधाएं जुटाने का बड़ा काम आप लोगों को सौंपा है। आपके शहर ने आपको भरपूर स्नेह, मान-सम्मान और संस्कार दिया है। आपकी कर्मस्थली, आपके शहर ने आपको बहुत कुछ दिया है, अब शहर को देने की बारी आपकी है। आप लोग अपने-अपने शहरों में अपने कार्यकाल में ऐसा काम करें जो यादगार हो, शहर को नई दिशा देने वाला हो, नागरिकों की सुख-सुविधाएं बढ़ाने वाला हो, शहर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाने वाला हो। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यशाला में नगर निगमों के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि आपके शहरों से प्रदेश की छवि बनती है। आप लोग प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर शहरों का सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास करें। आपके कार्यों और लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा दो दिनों के इस प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर का नेतृत्वकर्ता होने के नाते शहरवासियों की आप लोगों से बड़ी अपेक्षाएं हैं। इस लिहाज से आप लोगों की जिम्मेदारी भी बड़ी है। दो दिन साथ बैठकर हम लोग शहरों के विकास का रोडमैप और प्राथमिकताएं तय करेंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने ''नगर सुराज संगम'' में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को केंद्र व राज्य सरकार तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्डा) की योजनाओं की जानकारी देने इसका आयोजन किया गया है। इस दौरान नगरीय निकायों से संबंधित अधिनियमों और उनके महत्वपूर्ण प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगी। यह संगम दोनों तरफ से संवाद का मंच है। इस मंच के माध्यम से आप लोग नगरीय प्रशासन और विकास से जुड़ी अपनी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का और सुडा के सीईओ शशांक पाण्डेय भी कार्यशाला में मौजूद थे।

**उप मुख्यमंत्री ने 'मार्गदर्शिका बुकलेट' का किया विमोचन**

उप मुख्यमंत्री साव ने आज ''नगर सुराज संगम'' के उद्घाटन सत्र में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा तैयार की गई 'मार्गदर्शिका बुकलेट' का विमोचन किया। इसमें विभाग से जुड़ी बुनियादी जानकारी के साथ ही केंद्र व राज्य प्रवर्तित योजनाओं, विभाग द्वारा शहरी नागरिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं तथा विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी गई है।

कार्यशाला के पहले दिन आज नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य ने नगरीय प्रशासन से संबंधित अधिनियमों और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। सुडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त ने सुडा द्वारा संचालिय योजनाओं के बारे में बताया।

''नगर सुराज संगम'' के दूसरे दिन 6 मई को प्रदेश की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही इन निकायों के विकास के लिए आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। उप मुख्यमंत्री साव ने सभी नगर निगमों के साथ ही सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पाती लिखकर प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

### उप मुख्यमंत्री ने कार्यशाला में खुद संभाली प्रशिक्षण की कमान



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज %नगर सुराज संगम% में खुद प्रशिक्षण की कमान संभाली। नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम-सह-

- **पीपीटी के जरिए सवा घंटे तक साझा किया शहरों के विकास का रोडमैप**
- **देश और दुनिया के विभिन्न शहरों में हो रहे उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्यों की भी दिखाई झलक**

कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने करीब 50 स्लाइड्स की पीपीटी के माध्यम से स्वयं शहरों के विकास का रोडमैप राज्य के 14 नगर निगमों के महापौरों, सभापतियों, एमआईसी सदस्यों, आयुक्तों और वरिष्ठ अभियंताओं से साझा किया। उन्होंने अपने सवा घंटे के संबोधन और पीपीटी प्रस्तुतिकरण के दौरान एक-एक स्लाइड्स की डिटेलिंग भी की।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यशाला में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाएं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, शहरी वानिकी, शहरी परिवहन, स्ट्रीट लाइटिंग, कर संग्रहण और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कोयंबटूर, चेन्नई, अहमदाबाद, इंदौर, पिंपरी चिंचवाड़ जैसे शहरों तथा गुजरात एवं तेलंगाना में स्थानीय निकायों द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों की झलक दिखाई। साव ने अपने प्रेजेंटेशन के दौरान डेनमार्क, सिंगापुर, जर्मनी और जापान जैसे देशों में शहरी संसाधनों के मितव्ययतापूर्ण उपयोग तथा रिसाइक्लिंग-रियूज के लिए हो रहे नवाचारों के बारे में भी बताया।

# रायपुर होकर गुजरने वाली वंदे भारत समेत कई ट्रेनें रद्द

## देरी से चल रही हैं 6 से अधिक गाड़िय

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। गर्मी के महीने में रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. रेलवे ने एक बार फिर कई ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है. इसके साथ ही कुछ ट्रेनें देरी से चल रही है. ऐसे में आज कुल 12 से अधिक ट्रेनें प्रभावित रहेगी.



समरसता एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें 2 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। काफी संख्या में ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

5 मई को रायपुर स्टेशन से रवाना होने वाली कई ट्रेनें पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं। इनमें रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, गोंदिया-रायगढ़-गोंदिया एक्सप्रेस, बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस, जसीडीह-वास्कोडिगामा एक्सप्रेस और सूरत-मालदाटाउन एक्सप्रेस शामिल हैं।

# सुशासन तिहार: रायपुर नगर निगम ने किया 14657 आवेदनों का निराकरण

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत विगत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक वार्ड स्तर शिविर लगाकर आम जनता से उनकी मांगों और शिकायतों को ऑनलाइन / ऑफलाइन दर्ज किया गया। सुशासन तिहार 2025 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आम जनता से प्रथम चरण में प्राप्त मांगों और शिकायतों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु अग्रिम कार्यवाही करने अग्रेषित किया गया और रायपुर नगर पालिक निगम से सम्बंधित आम जनता की मांगों और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने की कार्यवाही राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा - निर्देश के अनुसार रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में और रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार की गयी। सुशासन तिहार 2025 के द्वितीय चरण के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा आम जनता से प्रथम चरण में प्राप्त 14657 आवेदनों का त्वरित निराकरण करने की कार्यवाही की गयी है। इसमें आम जनता की 12543 मांगों और 2114 शिकायतों को त्वरित निराकृत किया गया है। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के सभी अपर आयुक्तगण, उपायुक्तगण, जोन कमिश्नरगण सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत आम जनता से ऑनलाइन / ऑफलाइन प्राप्त सभी मांगों और शिकायतों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण की प्रशासनिक कार्यवाही की प्रतिदिन सतत निरंतरता से मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

- **12543 मांगें, 2114 शिकायतें त्वरित निराकृत**

# प्रधानमंत्री आवास योजना में लेन-देन की शिकायत मिलने पर कलेक्टर होंगे निलंबित

**रायपुर**, 5 मई(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार के तीसरे चरण की आज शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत सभी जिलों में समाधान शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस दौरान सीएम साय समाधान शिविरों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। सीएम साय पहले सक्ती के करिगांव में पहुंचे थे। वहां सौगातों का पिटारा खोलने के बाद सीएम साय कोरबा के मदनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। इसी बीच उन्होंने क्क्रूआवास योजना को लेकर बड़ा बयान दिया है।



सीएम विष्णुदेव साय ने कोरबा के मदनपुर में आयोजित समाधान शिविर में पीएम आवास योजना में किसी प्रकार के लेन-देन (रिश्वतखोरी) होने पर जिले के कलेक्टर पर गाज गिरने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी प्रकार की लेन-देन की शिकायत मिलने पर अब सीधे कलेक्टर को सस्पेंड किया जाएगा। हालांकि उन्होंने इस मामले में अब तक उन्हें ऐसी कोई शिकायत नहीं मिलने की भी बात कही।

वहीं जल जीवन मिशन को लेकर भी सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बिना जलस्त्रोत जानें कई जगहों पर पानी की टंकी लगा दी। हमारी सरकार इनका सुधार कर रही है। इसके बाद हर घर पानी पहुंचेगा।

# एफआईसीसीआई ने विदेश व्यापार महानिदेशालय को लिखा पत्र

## आरओडीटीईपी योजना के विस्तार की उठाई मांग

**रायपुर**, 5 मई(देशबन्धु)। आरओडीटीईपी योजना के भविष्य को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता को लेकर भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (स्नद्बष्टष्टद्ब) ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय को पत्र लिखा है। पत्र में एडवांस ऑथोराइज़ेशन (एए), एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट्स (ईओयू) और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) के तहत काम करने वाली इकाइयों के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्कों या करों में छूट (आरओडीटीईपी) योजना के तत्काल विस्तार की मांग की है।

एफआईसीसीआई ने वाणिज्य मंत्रालय को लिखे पत्र में 5 फरवरी 2025 के बाद इन एक्सपोर्ट ओरिएंटेड जोन में स्थित इकाइयों के लिए आरओडीटीईपी लाभ की समाप्ति पर चिंता जाहिर की है। मंत्रालय से आग्रह किया है कि कम से कम 30 सितंबर 2025 तक विस्तार की अधिसूचना में तेजी लाई जाए। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए स्नद्बष्टष्टद्ब ने इस जरूरत पर जोर दिया है कि भारतीय मैन्युफैक्चरिंग की लागत प्रतिस्पर्धी बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए एए/ईओयू/एसईजेड इकाइयों को इस योजना के तहत बरकरार रखा जाना चाहिए।

एफआईसीसीआई का प्रतिनिधित्व फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) और एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) जैसे शीर्ष उद्योग निकायों द्वारा हाल ही में किए गए इसी तरह के प्रस्तुतीकरण के बाद आया है, जो वैश्विक व्यापार के बारे में उद्योग जगत की आशंकाओं को दर्शाता है। भारत के उद्योग को आगे ले जाने में एल्युमीनियम की प्रमुख भूमिका है, जिसमें 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। इससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक देश बन गया है।

इससे पहले अपने प्रस्तुतीकरण में एफआईएमआई ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के एल्युमीनियम निर्यात का लगभग 45 प्रतिशत एए/ईओयू/एसईजेड लोकेशनों पर स्थित इकाइयों से आता है। इसमें बताया गया कि आरओडीटीईपी समर्थन वापस लेने से वैश्विक कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने कि भारतीय कंपनियों की क्षमता काफी कम हो गई है, क्योंकि अंतर्निहित कर और शुल्क जो एल्युमीनियम उत्पादन लागत का 10 प्रतिशत तक है, वे छूट-रहित और अनसुलझे रहेंगे।

वाणिज्य मंत्रालय के प्रगतिशील उपायों की सराहना करते हुए फिक्की ने आगाह किया है कि कारोबारी माहौल में बहुत दबाव है। ऐसे में देश की निर्यात प्रतिस्पर्धा को बहाल करने के लिए आरओडीटीईपी कवरेज को बढ़ाने में होने वाली देरी नुकसानदेह साबित होगी। गौरतलब है कि एफआईएमआई ने अपने प्रतिनिधित्व में बताया था कि इससे उत्पादन में कटौती, नौकरी छूटने और भारतीय एल्युमीनियम सेक्टर में डॉमेस्टिक वैल्यू ऐडिशन में बाधा उत्पन्न हो सकती है, जिसकी वर्तमान वार्षिक क्षमता 41 लाख टन है। तरक्की के रास्ते पर इंडस्ट्री को गतिमान रखने के लिए घरेलू क्षमता विस्तार के लिए नए निवेश महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

वैश्विक व्यापार में जारी चुनौतियों को देखते हुए एफआईसीसीआई ने कहा कि एए/ईओयू/एसईजेड निर्यातकों के लिए विस्तार मिलने से उद्योग को वह निश्चितता और स्थिरता मिलेगी, जिसकी उसे बहुत जरूरत है। स्नद्बष्टष्टद्ब ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की त्वरित कार्रवाई समानता बहाल करने और वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने की भारत की महत्वाकांक्षा को सहयोग देने में बेहद अहम साबित होगी।

एक प्रगतिशील कदम उठाते हुए वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2026 के लिए आरओडीटीईपी योजना के लिए 18,000 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दे दी है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 16,575 करोड़ रुपए था। अब एएआई, एफआईएमआई और स्नद्बष्टष्टद्ब सहित अग्रणी उद्योग संगठन डीटीए के अनुरूप एए/ईओयू/एसईजेड इकाइयों के लिए आरओडीटीईपी योजना को 5 फरवरी 2025 से आगे बढ़ाकर कम से कम 30 सितंबर 2025 तक करने की वकालत कर रहे हैं। उद्योग जगत को उम्मीद है कि सरकार आरओडीटीईपी विस्तार को औपचारिक रूप से अधिसूचित करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करेगी। यद्यपि भू-राजनीतिक संकट और वैश्विक मंदी के चलते आगे बढ़ना मुश्किल हो रहा है, किंतु फिर भी एए/ईओयू/एसईजेड के लिए आरओडीटीईपी का विस्तार उद्योग को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करेगा और अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य के बीच भारतीय निर्यात की निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो पाएगी।

**आय से अधिक संपत्ति मामला**

# 30 साल के बाद ईओडब्लू ने पेश किया चालान

**रायपुर**, 5 मई(देशबन्धु)। प्रदेश में आय से अधिक संपत्ति के मामले में ईओडब्लू एसीबी ने 30 साल बाद कोर्ट में चालान पेश किया है। यह मामला 1995 का है। तब आरोपी अधिकारी की आयु 55 वर्ष थी, अब वह 85 वर्ष के हैं और सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

- **सेवानिवृत्त हो चुके हैं अधिकरी डी डी भूतड़ा**

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश एक था तब ईओडब्लू भोपाल ने 13 सितंबर 1995 को मामला पंजीबद्ध कर ईओडब्लू की रायपुर शाखा को मामला सौंप दिया था। तब भोपाल में पदस्थ खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के तत्कालीन ज्वाईंट डायरेक्टर डीडी भूतड़ा के विरुध्द कार्यवाही में ईओडब्लू ने बिलासपुर में राईस मिल, कई जमीनें, स्वर्णाभूषण सहित पांच लाख रुपए नगद बरामद कर किया था। इस मामले में 30 सालों से चार्जशीट/फ़ाइनल रिपोर्ट ही कोर्ट में दाखिल नहीं हुई थी। तीस वर्षों के बाद इओडब्लू ने जो अंतिम प्रतिवेदन पेश किया है, उसमें यह बताया है कि ईओडब्लू ने कार्यवाही की तब आरोपी डीडी भूतड़ा ने आय से 303.4 प्रतिशत अधिक अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की थी।

# फिर मुखर हुआ दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी संघ

## रमन ने अनुकंपा नियुक्ति को लेकर सीएम को लिखा खत



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में 307 दिनों तक हड़ताल करने वाले दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी कल्याण संघ की अनुकंपा नियुक्ति की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है।

छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में 307 दिनों तक हड़ताल करने वाले दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी कल्याण संघ की अनुकंपा नियुक्ति की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। एक बार फिर अपनी मांगों को पूरा करने के लिये संघ ने बीजेपी सरकार से आग्रह किया है। इस क्रम में संगठन के नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। अनुकंपा संघ के पदाधिकारियों ने अपनी व्यथा को बयां किया। अपात्र हितग्राही जितने भी टेट उत्तीर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिये अनुरोध किया।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर तत्काल अनुकंपा नियुक्ति जैसे संवेदनशील विषय का निराकरण करने की बात कही है। रमन ने सभी शेष बचे आश्रितों को को प्रयोगशाला शिक्षक सहायक ग्रेड 3 एवं सहायक ग्रेड 4 के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री महोदय को पत्र लिखा है। मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया है।

इसके अलावा अनुकंपा संघ ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भी मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। इस पर उप मुख्यमंत्री साव और शर्मा ने गंभीरता को समझते हुए आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में अनुकंपा संघ की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद चौबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमर कुमार गुप्ता, गीता साहू, दीपक पटेल आदि मौजूद रहे।

**307 दिनों तक चली थी हड़ताल, महिला कर्मियों ने कराया था सामूहिक मुंडन** -पूर्व की कांग्रेस सरकार में इस लंबित मांग को लेकर संघ की महिला पदाधिकारियों ने अपना सामूहिक मुंडन कराकर विरोध जताया था। 307 दिनों तक रायपुर के बढ़ातालाब पर हड़ताल की थी। उस दौरान बीजेपी नेताओं ने संघ के कार्यकर्ताओं और शिक्षाकर्मियों से मिलकर हड़ताल को समर्थन दिया था। इतना ही नहीं प्रदेश में अपनी सरकार बनने पर मांगें पूरी करने का वादा किया था पर आज पर्यंत तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। अब भी दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी कल्याण संघ के परिजन और पदाधिकारी दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं।

# तृतीय चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई से हुआ आगाज

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में आज सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज हुआ। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम खमतराई में अब तक 1,964 मांग और शिकायतें प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी आवेदनों का निराकरण हो चुका है। वहीं, तीसरे चरण के पहले दिन समाधान शिविर में 76 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 75 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होने और कागजात हाथ में आने से खुशी से आमजन के चेहरे खिल उठे। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार में समस्याओं के समाधान के लिए आमजनों से आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनका समाधान हो चुका है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता के समस्याओं का निराकरण करना है। श्री अग्रवाल ने आमजनों से अपील करते हुए कहा आप सभी समाधान शिविर का लाभ अवश्य उठाएं। समाधान शिविर के अंतर्गत जो आवेदन लिए गए उनमें से लगभग सभी का निराकरण मौके पर किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों को राहत पहुंचाने और उनका जीवन खुशहाल बनाने की दिशा में पहल किया जा रहा है।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि शिविर में आमजनों की समस्याओं का समाधान तिहार के रूप में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के मंशानुरूप मिनीमम गवर्नमेंट-मैग्जिमम गवर्नेंस के तहत जिला प्रशासन काम कर रही है। मुख्यमंत्री का विजन है कि आमजनों के चेहरे पर खुशहाली आए और इसी दिशा में शासन-प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के अंतर्गत आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में समाधान शिविर



- सुशासन तिहार के अंतर्गत 1,964 आवेदनों का शत-प्रतिशत हुआ निराकरण
- कलेक्टर के मार्गदर्शन में समाधान शिविर में मौके पर 75 मांग एवं शिकायतों पर हुई त्वरित कार्रवाई

लगाया गया है और इसे हम तिहार के रूप में मना रहे है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ अक्सर यह देखा जाता है कि उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसे मूलभूत दस्तावेज नहीं होने की वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सुशासन तिहार में युवाओं के लिए यह सुविधा शुरू की गई ताकि उनके पास यह दस्तावेज आवश्यक रूप से हो।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। यह आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर के साथ हाट बाजारों में की गई थी।

समाधान शिविर के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण करते हुए, जमीनी स्तर पर हुए लाभ का फीडबैक लेंगे। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री श्री साय जिला मुख्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। इस दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार विश्वरंजन, एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा समेत विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनता के 40 लाख आवेदनों का निराकरण नहीं फिर कहां है सुशासन ? : दीपक बैज

## सुशासन तिहार ढकोसला जनता को कोई लाभ नहीं

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सुशासन तिहार ढकोसला है, जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बढ़ते अपराध, यातायात समस्या, शिक्षक भर्ती और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर पत्र लिखे हैं और सुशासन तिहार के पहले दूसरे चरण में आम जनता की समस्याओं से सम्बंधित लगभग 40 लाख आवेदन आए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75,000 से अधिक आवेदन आया था। जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। फिर कहां है सुशासन? ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा, हर वर्ग हताश और परेशान है, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं।



श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है। प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए है। अनियमित कर्मचारी, दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है। नया 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से एक भी आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है। 500 रू. में गैस सिलेंडर का वादा जुमला निकला। प्रधानमंत्री आवास को तोड़ा जा रहा है। अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है क्या यही सुशासन है? उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में सड़क का मरम्मत नहीं हो पाया, स्कूलों के बिल्डिंग ध्वस्त हो रही है, अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, जांच मशीने खराब पड़ी है, आयुष्मान का भुगतान रोके जाने से निजी अस्पताल इलाज में बहानेबाजी करके मरीजों को लौटा रहे है। मरीज इलाज के लिए भटक रहे, महतारी वंदन योजना में नाम काटा जा रहा है, रेडी टू ईट को महिला स्वास्थ्य समूह को देने की घोषणा की गई थी लेकिन वह सिर्फ घोषणा ही साबित हुई है, भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हो गई है।

# महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया का 302वां जन्मदिवस गुरुद्वारा टाटीबंध में मनाया गया



**रायपुर**, 5 मई। 5 मई को टाटीबंध गुरुद्वारे साहिब में महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया जी का जन्म दिवस मनाया गया। सुबह सुखमणि साहेब पाठ के बाद,कथा एवं कीर्तन किया गया। सिक्ख समाज के सरदार भूपेंद्र सवन्नी जी, सरदार गुरप्रीत सिंह बाबरा, सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा, सरदार अवतार सिंह बागल,सरदार सुखदेव सिंह नाटो को सरोपा एवं मोमेंटो अध्यक्ष बलदेव सिंह सचिव ओंकार सिंह द्वारा प्रदान किया गया। मंच का संचालन एवं आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरपाल सिंह द्वारा किया गया। शाबिल (मीठा शरबत) वितरण की सेवा रामगढ़िया की युवा टीम ने की। शहर एवं आसपास के वरिष्ठ एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# फिल्म 'रेड 2' की हुई स्क्रीनिंग



**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। चार्टर्ड अकाउंटेंसी के छात्रों को अकादमिक तनाव से राहत देने और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, सीआईसीएसएए रायपुर द्वारा रविवार, 4 मई को कलर मेल पचपेड़ी नाका में बहुप्रतीक्षित फिल्म रेड 2 की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्रों के साथ-साथ रायपुर के कई चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्य भी शामिल हुए, और सभी ने सिनेमाई अनुभव का भरपूर आनंद उठाया।

सीआईसीएसएए रायपुर द्वारा आयोजित इस मूवी आउटिंग ने प्रतिभागियों को न केवल मनोरंजन का मौका दिया, बल्कि एक-दूसरे के साथ समय बिताने और नेटवर्किंग का भी अवसर प्रदान किया। अजय देवगन द्वारा अभिनीत यह फिल्म अपने दमदार एक्शन और कथानक के चलते सभी को बांधे रखने में सफल रही।

रायपुर के सीए सदस्यों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया, इस मौके पर सीए विकास गोलछा, चेयरमैन, रायपुर ब्रांच; सीए ऋषिकेश यादव, चेयरमैन, सीआईसीएसएए रायपुर (सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई) एवं अन्य मैनेजिंग कमेटी के सदस्यगण भी उपस्थित रहे जिससे छात्रों को वरिष्ठों से मिलने और प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर मिला। सीआईसीएसएए रायपुर हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता आया है, और यह आयोजन भी उसी श्रृंखला की एक कड़ी था। छात्रों और सदस्यों दोनों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे और आयोजनों की उम्मीद जताई।

# भारतीय बौद्ध महासभा की बैठक



**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा की राष्ट्रीय ट्रस्टी आयुष्मति अलका बोरकर एवं प्रदेश के कोषाध्यक्ष एन. एस. सिंघाड़े के मार्ग दर्शन पर बौद्ध समाज में जागृति अभियान को गति प्रदान करने तथा बौद्ध पूर्णिमा को विभिन्न कार्यक्रम करने, नई बॉडी के गठन हेतु विस्तार से चर्चा हुई जिसमें गरियाबंद के समाज के लोगों ने रुचि पूर्वक सहमति जताई। इस अवसर पर रायपुर से सामाजिक पदाधिकारी बेनीराम गायकवाड़, ज्ञानेश्वर बावनगड़े उपस्थित रहे तथा गरियाबंद के अध्यक्ष शिव खापर्डे, नागेश गजभिए, नंदकुमार रामटेके, मुकुंद कुटारे, पंकज पाटिल, सूरज रंगारी,मुकेश रामटेके, भगवंत कुटारे एवं महिला प्रतिनिधि अंजली लान्हिरे, आशा गजभिए, पूर्णिमा गजभिए, नरेंद्र बोरकर आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी, भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर रवि दांडगे 9926781341

## बल्दीडीह के रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**पिथौरा**, 5 मई। पिथौरा विकासखंड के ग्राम बल्दीडीह (सॉकरा जोक) में आयोजित रामायण कार्यक्रम पुर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव सहित कौशल रोहिल्ला अध्यक्ष युवा कांग्रेस बसना, जसपाल ध्रुव, हराधन प्रधान ,महेस सिन्हा, रुखमन डड़सेना, मेहतर बरिहा सोनू कुरुमा डीह प्रमुख रूप से शामिल हुए।



## निधन

### श्रीमती शांतिबाई सोनी



**महासमुंद**, 5 मई। स्थानीय कुम्हारपारा वार्ड नंबर 17 निवासी श्रीमती शांतिबाई सोनी 82 वर्ष का सोमवार 5 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधा में किया गया। वे व्यास नारायण सोनी की माता, मयंक सोनी की दादी एवं विराट व हार्दिक की परदादी थी।

### श्रीमती ए. सरस्वती



**कुम्हारी**, 5 मई। वार्ड क्रमांक 15 आरटीआर बी-3, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुम्हारी निवासी श्रीमती ए, सरस्वती का आकस्मिक निधन रविवार की रात्रि 8.30 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को खारुन नदी तट के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# शालेय शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव और डीपीआई संचालक से की मुलाकात

**रायपुर**, 5 मई। शालेय शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मंत्रालय और संचालनालय में शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी और नव नियुक्त डीपीआई संचालक ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने किया. मुलाकात का उद्देश्य प्रदेश में चल रहे युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया और रायपुर संभाग की लंबित पदोन्नति के मुद्दों पर चर्चा करना था।



**युक्तियुक्तकरण में विसंगतियों पर जताई आपत्ति**

संगठन ने युक्तियुक्तकरण से संबंधित वर्तमान दिशा-निर्देशों और मापदंडों में पाई जा रही विसंगतियों और व्यावहारिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा. संगठन ने सुझाव दिया कि शिक्षकविहीन और एकल शिक्षक विद्यालयों में प्राथमिकता से पदस्थापन हो, जबकि पुराने सेटअप के साथ छेड़छाड़ न की जाए, जिससे शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के गुणवत्ता युक्त शिक्षाधिकार पर असर न पड़े।

- युक्तियुक्तकरण और पदोन्नति को लेकर की चर्चा
- सुझाव के साथ रखी मांगे

**पदोन्नति को प्राथमिकता देने की मांग**

प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने रायपुर संभाग की लंबित पदोन्नतियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया और अधिकारियों से आग्रह किया कि युक्तियुक्तकरण से पहले पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की जाए. उनका कहना था कि यदि पदोन्नतियां पहले कर दी जाएं, तो कई स्थानों पर युक्तियुक्तकरण की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी. उन्होंने बताया कि अधिकारिगणों ने संगठन की बातों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, जिससे उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन पर अमल होगा.

**प्राथमिक शिक्षा पर विशेष जोर**

प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने कहा कि मौजूदा मापदंडों से प्रदेश के कई स्कूलों में अव्यवस्था फैल रही है और इससे प्राथमिक शिक्षा प्रणाली प्रभावित हो रही है. उन्होंने चेताया कि 2008 के सेटअप से हटकर यदि शिक्षकों की संख्या कम की जाती है, तो इससे बच्चों के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन होगा।

**मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन**

शालेय शिक्षक संघ ने आज की मुलाकात के दौरान माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन और सुझाव पत्र भी सौंपा है, जिसमें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को शिक्षकों और छात्रों दोनों के हित में सुधारने की मांग की गई है.

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे ये पदाधिकारी**

प्रांतीय मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सांत्वना ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# छग विवि पेंशनर्स कल्याण समिति ने कमल वर्मा के पुन: फेडरेशन के निर्विरोध संयोजक चुने जाने पर मंत्रालय जाकर दी बधाई

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति ,, के बेनर तले नया रायपुर के मंत्रालय के अधिकारी, कर्मचारी फेडरेशन के विगत दिनों हुए चुनाव में आदरणीय कमल वर्मा जी के पुन्ह फेडरेशन के निर्विरोध संयोजक चुने जाने पर मंत्रालय जाकर स्वागत करते हुए बधाई दिये। विदित हो कि कमल वर्मा के नेतृत्व में फेडरेशन नई उचाइयों छूते हुए कर्मचारीहित में निरंतर कार्य किये हैं जिसका ये सुखद परिणाम है कि वे पुन्ह फेडरेशन के निर्विरोध संयोजक बने हैं।



कमल वर्मा और उनके प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी और उनकी पूरी टीम को छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव जी ने कमल वर्मा जी और उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई और ढेरसारी शुभ कामनाएं देते हुये वर्मा जी से आग्रह किये कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन आदेश जारी कराने के लिए पहल करने का निवेदन किया गया उक्त आदेश के लिए वित्त विभाग में नस्ति विगत चार पांच माह से अटकी पड़ी है उक्त आदेश शीघ्र जारी करवायें साथ ही आप यूं ही सभी कर्मचारियों की समस्याओं को एक साथ लेकर कर्मचारीहित में निरंतर कार्य करते हुए प्रगति के नये नये सोपान तय करें।

## सुशासन तिहार

# रायपुर ननि में 7 मई से समाधान शिविर

**रायपुर**, 5 मई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2025 के तहत नगर पालिक निगम रायपुर व्यापक जनसंपर्क अभियान चला रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक सभी 10 जोनों में आमजन की मांगों एवं शिकायतों से संबंधित ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन प्राप्त किए गए। इसके बाद द्वितीय चरण में प्राप्त शिकायतों और मांगों का गुणवत्तापूर्ण समाधान तेजी से किया जा रहा है. अब सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण में रायपुर नगर निगम की ओर से 7 मई से सभी 10 जोनों में सार्वजनिक स्थलों पर जोनवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

समाधान शिविरों में अधिकारी आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी देंगे और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे, ताकि पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकें।

जानिए जोनवार कहां-कब लगेगा समाधान शिविर

- जोन 1- 10 मई, दही हांडी मैदान, गुढ़ियारी
- जोन 2- 7 मई, शहीद स्मारक भवन, जीई रोड
- जोन 3- 13 मई, बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर
- जोन 4- 15 मई, सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम
- जोन 5- 19 मई, डीडी नगर सामुदायिक भवन, सेक्टर-2
- जोन 6- 20 मई, शहीद संजय यादव उच्चतर माध्यमिक शाला, टिकरापारा
- जोन 7- 23 मई, पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, जीई रोड
- जोन 8- 27 मई, सामुदायिक भवन, भारत माता स्कूल के सामने, टाटीबंध
- जोन 9- 28 मई, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कम्युनिटी हॉल, जोरा
- जोन 10- 30 मई, सामुदायिक भवन, गुरुद्वारा, देवपुरी।

# समाधान शिविर के पहले दिन लोगों में दिखा भारी उत्साह

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। समाधान शिविर के पहले दिन लोगों में दिखा भारी उत्साहआम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाने और जनता, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप पूरे प्रदेश में आज से सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर प्रारंभ हुआ। समाधान शिविर में समस्याओं के निराकरण होने से आमजनों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। आज बीजापुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नैमेड़ में आयोजित शिविर में सम्मिलित गांव नैमेड़, एरमनार, पेद्दाकोड़ेपाल, कैका, कड़ेर, दुगोली, मुसालूर, तुमनार एवं भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुटरू में कुटरू, अडावली, अम्बेली, मंगापेठा, दरभा, पेठा, उसकापटनम, करकेली, दर्रागुवाली के हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों के निराकरण के लिए उत्साहित होकर पहुंचे।

शहरी क्षेत्र में नगरपालिका बीजापुर अर्न्तगत प्राथमिक शाला भवन परिसर जेलबाड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहीद बुधराम राना वार्ड, पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड एवं बीजा हल्वा नगर वार्ड के आम नागरिक शामिल होकर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुए। जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी शिविरों में पहुंचकर शिविर का अवलोकन किया। ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या एवं मांगो से अवगत होकर आवेदनों का निराकरण त्वरित करने के निर्देश दिए।

## पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे आज करबला तालाब चौबे कॉलोनी में स्वामी आत्मानंद वार्ड के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत के मुख्यआतिथ्य और नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में दिनांक 6 मई 2025 मंगलवार को संध्या 4 बजे करबला तालाब चौबे कॉलोनी रायपुर में रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 38 के क्षेत्र के विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, लोक कर्म विभाग के भारसाधक सदस्य श्री दीपक जायसवाल, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद श्री आनंद अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

# समाधान शिविर में बना सुश्री इंदु साहू का लर्निंग लाइसेंस

## मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार



**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 08 अप्रैल से 30 मई तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत आज आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम रानीसागर की सुश्री इंदु साहू का चेहरा खिल उठा जब उनके हाथ में लर्निंग लाइसेंस आया। सुश्री इंदु साहू ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए समाधान शिविर आई थीं और अपना आवेदन पेश करने के कुछ ही देर बाद मुझे लर्निंग लाइसेंस प्राप्त हुआ। सुश्री साहू के हाथ में लाइसेंस आते ही उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर कल प्रात: 10 बजे मूर्ति स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर**, 5 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की जयन्ती दिनांक 7 मई 2025 को प्रात: 10 बजे राजधानी शहर में टैगोर नगर चौक में स्थित उनके मूर्ति स्थल पर सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 6 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

# शराब घोटाला, बिना सबूत आरोप लगाने का ईडी ने नया पैटर्न बनाया

## अरविंद सिंह की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की ईडी पर तल्ख टिप्पणी



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। शराब घोटाले मामले केस में बंद आरोपी अरविंद सिंह की जमानत याचिका सोमवार (5 मई) को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि बिना सबूत के आरोप लगाने का ई डी ने आजकल नया पैटर्न बनाया है। सुनवाई के दौरान ई डी के वकील एसवी राजू आरोपी के खिलाफ सबूत पेश करने का समय मांगा था। इस दौरान जस्टिस अभय एस ओका ने ई डी की जांच पर सवाल खड़े किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच पर सवाल उठाए, जिसमें आरोपी पर 40 करोड़ रुपये कमाने का आरोप है, लेकिन कंपनी से संबंध साबित नहीं हुआ। जस्टिस ओका ने कहा कि ईडी बिना सबूत के आरोप लगाता है, यह एक पैटर्न है। ईडी के वकील एसवी राजू ने सबूत पेश करने के लिए समय मांगा।

यह कथित घोटाला 2019-2022 के बीच हुआ था, जिसमें 2,161 करोड़ रुपये की हानि का अनुमान है। ईडी ने आरोपी अरविंद सिंह पर 40 करोड़ रुपये कमाने का आरोप लगाया है। ईडी के वकील एसवी राजू ने सबूत पेश करने के लिए समय मांगा। इसके बाद शीर्ष न्यायालय ने मामला अगली सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया।

**अनगिनत मामलों में हम यही देख रहे:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किए गए अनगिनत मामलों में यही देख रहे हैं कि आप बिना किसी सबूत के सिर्फ आरोप लगाते हैं। यह एक पैटर्न सा हो गया है। पिछली सरकार के दौरान ईडी की जांच में यह सामने आया था कि प्रदेश के आबकारी विभाग में 2000 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान सरकार को हुआ है। ई डी ने इसमें तत्कालीन आईएएस अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी कारोबारी अनवर ढेबर और अरविंद सिंह समेत नेताओं और मंत्रियों के सिंडिकेट का खुलासा किया था।

यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच राज्य के सरकारी शराब दुकानों से अवैध तरीके से शराब बेचने का था, जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान होने का आरोप है। इस घोटाले में लगभग दो हजार करोड़ रुपए के नुकसान का खुलासा हुआ है। ईडी की जांच में यह सामने आया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासनकाल में आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी ए.पी. त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के गठजोड़ ने यह घोटाला किया। ईडी ने इस मामले में 28 दिसंबर 2024 को कवासी लखमा और उनके परिवार के सदस्यों के घरों पर छापे मारे थे और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए थे, जिनमें अपराध से अर्जित आय के सबूत मिले थे।

# प्रदेश में फिर आंधी-बारिश की चेतावनी



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बीते कुछ दिनों से तापमान सामान्य से कम रहने के चलते गर्मी से राहत बनी हुई है। आज फिर मौसम करवट लेगा। प्रदेश में आज अंधड़, वज्रपात और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना है। इसके बाद तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है।

**2 दिन बाद तापमान में वृद्धि के आसार**

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि मध्य उत्तर प्रदेश से दक्षिण तमिलनाडु तक एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका 0.9 किलोमीटर ऊंचाई पर फैला हुआ है। साथ ही अन्य चक्रवाती परिसंचरण भी एक्टिव है, जिसके प्रभाव से नमी बनी हुई है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, हल्की बारिश और वज्रपात होने की भी संभावना है। इसके अलावा प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।


पिछले 24 घंटों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान रायपुर में 37.2 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान पेण्ड्रा रोड में 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**23 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट:** मौसम विभाग ने अगले 3 घंटों के लिए 23 जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है। कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर, में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा (30-40 KMPH) और वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

**रायपुर में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट:** रायपुर में आज मौसम आंशिक मेघमय रहने और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## तेंदूपत्ता बोनस घोटाला

# ईओडब्ल्यू-एसीबी की बड़ी लापरवाही





**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। तेंदूपत्ता बोनस घोटाले मामले में EOW-ACB की बड़ी लापरवाही सामने आई है. निलंबित डीएफओ अशोक पटेल को गिरफ्तार कर दंतेवाड़ा के विशेष कोर्ट में पेश करना था, लेकिन EOW ने उसे रायपुर कोर्ट में पेश कर दो बार रिमांड पर ले लिया. इस पर रायपुर के विशेष कोर्ट ने EOW-ACB को कड़ी फटकार लगाई है. इसके बाद डीएफओ को दंतेवाडा विशेष कोर्ट में पेश कर अशोक पटेल को 9 मई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया.

**डीएफओ को दंतेवाड़ा की जगह रायपुर में किया पेश, कोर्ट ने लगाई फटकार**

आरोप है कि वर्ष 2021-22 में वन विभाग ने तेंदूपत्ता बोनस वितरण के दौरान लगभग 7 करोड़ रुपये की आर्थिक अनियमितता की. यह राशि तेंदूपत्ता संग्राहकों को अप्रैल-मई 2022 में वितरित की जानी थी, लेकिन राशि के आहरण के बावजूद आदिवासी संग्राहकों को भुगतान नहीं किया गया. जब इस मामले की जानकारी पूर्व विधायक मनीष कुंजाम को हुई तो उन्होंने जनवरी 2025 में कलेक्टर सुकमा और सीसीएफ को पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग की.

शिकायत के बाद कलेक्टर और वन विभाग ने अलग-अलग जांच समितियां गठित की. नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्राहकों के बयान दर्ज किए गए, जिनमें तत्कालीन डीएफओ सुकमा अशोक पटेल की भूमिका सामने आई. प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया. इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो (EOW/ACB) ने अशोक कुमार पटेल और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया. 8 अप्रैल 2025 को एफआईआर दर्ज होने के बाद 10 अप्रैल को छापेमार कार्रवाई की गई.

# भगवान चित्रगुप्त न्याय और कर्म के देवता, उनका संदेश साफ है- जो जैसा करेगा, वैसा फल पाएगा : मुख्यमंत्री



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित श्री चित्रगुप्त प्राकट्य उत्सव में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री चित्रगुप्त आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं कायस्थ समाज के सदस्यों को प्राकट्य उत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में चित्रांश महोत्सव स्मारिका सहित बच्चों की सीख एवं ग़ज़ल-मुक्तक संग्रह पुस्तिका का विमोचन किया गया। कायस्थ समाज के प्रतिभावान छात्रों और विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर कहा कि भगवान चित्रगुप्त न्याय और कर्म के देवता हैं और उनका संदेश साफ है—जो जैसा करेगा, वैसा फल पाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन में सच्चाई, न्याय और कर्तव्यनिष्ठा ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और यही मूल्य हमारे समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कायस्थ समाज के इतिहास को गौरवशाली बताते हुए कहा कि इस समाज ने शिक्षा, लेखन, प्रशासन, न्याय और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार समाज के सभी वर्गों के सम्मान और विकास के लिए संकल्पित है और सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और जनकल्याण के कार्य उनकी प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री ने भगवान श्री चित्रगुप्त के आशीर्वाद की कामना करते हुए कहा कि उनका आशीष हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आयोजक मंडल को भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन से न केवल हमारी सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि इससे नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से भी परिचित होगी। कायस्थ समाज के सदस्यों का देश की आज़ादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान रहा, साथ ही कला, साहित्य, संगीत सहित विभिन्न विधाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने समाज की महान विभूतियों को याद किया।

इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित करते हुए समाज की गतिविधियों से अवगत कराया। इस मौके पर आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं कायस्थ समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गोदावरी पावर एंड इस्पात लि. ने मिरानिया परिवार को 21 लाख देने घोषणा की


**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। हीरा ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद रायपुर के स्व. दिनेश मिरानिया के परिवार को 21 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की है। यह सहायता जीपीआईएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत दी जा रही है, जिसका उद्देश्य मिरानिया के दोनों बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करना है। यह मानवीय पहल ऐसे परिवारों के प्रति जीपीआईएल की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हीरा ग्रुप, जिसका ध्येय Growing Stronger Together है, इस प्रकार की सामाजिक पहल के माध्यम से लगातार अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करता रहा है।

# आस्था झा को नेशनल में 3 गोल्ड मेडल मिले



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। आगरा में 2 से 4 मई को आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग चेम्पियन शिप में छग के आस्था झा ने 3 गोल्ड मेडल लेकर छग का नाम रोशन किया छग पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि आस्था फूल पावर लिफ्टिंग बेंच और डेड लिफ्ट में कुल टोटल 220 किलो वजन उठाकर गोल्ड पर कब्जा जमाया आस्था रायपुर की निवासी है इनके अलावा बिलासपुर में कार्यरत रेलवे विभाग की प्रथम श्रेणी टिकिट कलेक्टर टी प्रकाश राव ने दो गोल्ड मेडल जीते उसी प्रकार रायपुर के आलोक शर्मा ने ब्रॉन्ज मैडल जीता नेशनल पावर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता में 400 खिलाड़ी भाग लिया था सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रोटीन विला के डायरेक्टर दुर्गेश साहू प्रदीप क्षत्रिय हरिवल्लभ अग्रवाल शिव मोहन शुक्ल हेमंत परमाले गौरव सेन राजेश साहू शशि साहू श्रवण ठाकुर माता शरण साहू पोषण बांधे ने विजेता पावर लिफ्टर को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए।

# पद्मश्री डॉ बाफना दुबई आमंत्रित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशेष वक्ता



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ के चिकित्सा विशेषज्ञों में एक मात्र पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना को दुबई में आयोजित हो रहे इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन पीडियाट्रिक्स एंड चाइल्ड हेल्थ में प्रारंभिक सत्र में एक विशेष वक्ता की हैसियत से आमंत्रित किया गया है। वे रोल ऑफ स्पिरिचुअलिटी इन एडोलसेंट वेल बिइंग विषय पर व्याख्यान देंगे। डॉ बाफना भारत से एक मात्र प्रस्तोता होंगे। 15,16 मई को आयोजित इस सम्मेलन मेंपूरे विश्व से बाल स्वास्थ्य से संबंधित विविध विषयों पर अनेक विशेषज्ञ व्याख्यान, शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस तेईसवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की कांफ्रेंस मैनेजर डॉ फ्रेया विल्सन ने डॉ बाफना को आमंत्रित करते हुए लिखा है कि भारत जैसे महान देश के प्रतिनिधि से ऐसे विशेष विषय पर व्याख्यान इस सम्मेलन के लिए महत्वपूर्ण है।

# रंग संस्कार महोत्सव को लेकर बैठक



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार स्व. अशोक चंद्राकर की स्मृति में आयोजित होने वाले 'रंग संस्कार महोत्सव रायपुर' के द्वितीय वर्ष के त्रिदिवसीय आयोजन की आवश्यक बैठक महोत्सव के संरक्षक पद्मश्री अनुज शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संरक्षक योगेश अग्रवाल, संस्कार भारती महानगर रायपुर इकाई के अध्यक्ष शशांक शर्मा, महोत्सव के छः नाट्य निर्देशक, प्रांतीय पदाधिकारी और रायपुर महानगर इकाई के सदस्यों की उपस्थिति में महोत्सव की रचना एवं अभी तक की तैयारी के संबंध में प्रांतीय महामंत्री हेमन्त माहुलीकर ने सबको अवगत कराया। 16 - 17 - 18 मई के त्रिदिवसीय महोत्सव में रोज दो नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

उद्घाटन अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायको आमंत्रण देने के लिए शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने जाएगा। महोत्सव में देश के प्रसिद्ध फिल्म कलाकार मनोज जोशी की उपस्थिति का भी प्रयास किया जा रहा है।

विगत दिनों राजधानी रायपुर में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय नाट्य कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पधारे चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष सुदेश शर्माके साथ रायपुर के सभी वरिष्ठ और ख्यातिलब्ध नाटक कलाकारों की एक स्नेह भेंट हुई थी जिसमें प्रदेश और देश में नाटकों पर चल रहे प्रयोगों की चर्चा के साथ-साथ रंग संस्कार महोत्सव रायपुर पर भी चर्चा हुई थी।

बैठक में उपस्थित नाट्य निर्देशकों ने अपने नाटक का संक्षिप्त परिचय देते हुए कलाकारों की संख्या, प्रस्तुति समय आदि की जानकारी दी। सभी नाटक 30 मिनट से लेकर 45 मिनट तक की अवधि के रहेंगे। तीनों दिन प्रस्तुत होने वाले छः नाटक निम्न प्रकार से हैं

पेइंग गेस्ट- निर्देशक रंजन मोडक, भारत मिलाप- निर्देशक किशोर वैभव, शहीद वीर नारायण सिंह लोक गाथा (छत्तीसगढ़ी- निर्देशक संत फरिकार, लांछन-निर्देशक श्रीमती अर्पिता बेडेकर, आधी आबादी का काव्य कोलाज़- निर्देशक सुमेधा अग्रश्री, स्वाभिमान- निर्देशक स्वप्निल हुद्दार रहेंगे।

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर एक चित्रमाला तैयार की गई है। उनके संघर्षमयी जीवन के प्रमुख प्रसंगों को 50 पेंटिंग्स के माध्यम से प्रदेश के 50 चित्रकारों ने तैयार किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भी त्रिदिवसीय महोत्सव में होगा। रंगमंच और चित्रकला के कलाकारों की प्रस्तुतियां एक ही स्थान पर अवलोकन करने का सौभाग्य रायपुर के कला प्रेमियों को मिलेगा। दो नाटकों के बीच के समय को संयोजित करने विभिन्न सुझाव बैठक में आये जिसमें प्रमुख हैं अहिल्याबाई होलकर पर काव्यपाठ, नाट्य शास्त्र के रचयिता आचार्य भरत मुनि के बारे में संक्षिप्त जानकारी, नाट्य के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों से व्याख्यान, अन्य आकर्षक प्रस्तुति।

महोत्सव संरक्षक पद्मश्री अनुज शर्मा एवं संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के संरक्षक योगेश अग्रवाल ने इस अवसर पर रायपुर के सभी कला प्रेमियों को उक्त महोत्सव का आनंद उठाने का आग्रह किया है।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत सह महामंत्री डॉ पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रांत मातृशक्ति संयोजिका श्रीमती शैली दुलारी सार्वा, रायपुर महानगर इकाई के महामंत्री कबीर चंद्राकर, लव कुश तिवारी, श्रीमती रंजना यदु सहित अनेक सदस्य गण उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त अधीक्षिका को प्रमोशन से रखा गया वंचित

**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने समाज कल्याण विभाग की सेवानिवृत्त अधीक्षिका मंगला शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए विभाग के अधिकारियों पर सख्त नाराजगी जताई है और कड़ी टिप्पणी की है. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ता को प्रमोशन नहीं देना था इसलिए विभागीय अधिकारियों ने जानबुझकर अड़ंगा लगाया. कोर्ट ने विभाग को 90 दिनों के भीतर समीक्षा डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) आयोजित कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है.

### क्या है मामला

मंगला शर्मा ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में बताया कि उन्होंने 15 फरवरी 1972 को प्रोबेशन ऑफिसर (क्लास-III) के रूप में नौकरी शुरू की थी और 19 अक्टूबर 1981 को अधीक्षक (राजपत्रित सहायक निदेशक कैडर) के पद पर पदोन्नत हुईं थीं. 31 मार्च 2017 को वे सेवानिवृत्त हो गईं. लेकिन उनके करियर के महत्वपूर्ण पड़ाव यानी उप निदेशक पद की पदोन्नति से उन्हें जानबूझकर वंचित किया गया.

22 नवंबर 2007 को हुई डीपीसी में उन्हें एसीआर (वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि) उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर पदोन्नति के योग्य नहीं माना गया. जबकि अधिवक्ता संदीप दुबे ने कोर्ट को बताया कि 3 जून, 3 मार्च, 8 मई और 4 जून 2007 को संबंधित अधिकारी द्वारा याचिकाकर्ता की एसीआर संयुक्त संचालक को भेज दी गई थी. इसके बावजूद उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई और जूनियर अधिकारियों को आगे बढ़ा दिया गया.

**हाईकोर्ट ने समाज कल्याण विभाग के अफसरों पर जताई सख्त नाराजगी**

हाईकोर्ट ने 28 अगस्त 2017 को अपने आदेश में विभाग को निर्देश दिया था कि याचिकाकर्ता के पदोन्नति मामले पर विचार कर निर्णय लें. इस आदेश की अवहेलना पर मंगला शर्मा ने अवमानना याचिका दायर की, जिस पर 14 मई 2018 को फिर से कोर्ट ने आदेश दिया कि पूर्व के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए. लेकिन विभाग ने 4 जून 2018 को उनका आवेदन खारिज कर दिया.

न्यायमूर्ति एनके चंद्रवंशी की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद कहा कि मंगला शर्मा को 2007 की डीपीसी में अवैध रूप से उप निदेशक के पद पर पदोन्नति से वंचित किया गया है. यह स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण कृत्य है. अदालत ने सचिव, समाज कल्याण विभाग द्वारा पारित 4 जून 2018 के आदेश को निरस्त करते हुए समीक्षा डीपीसी आयोजित करने का आदेश दिया है.

### कोर्ट ने कहा- समीक्षा डीपीसी आयोजित कर लें निर्णय

कोर्ट से सचिव समाज कल्याण विभाग को नोटिस जारी कर निर्देशित किया है कि वे 22.11.2007 को हुए डीपीसी की तर्ज पर समीक्षा डीपीसी बुलाएं, ताकि याचिकाकर्ता के सहायक निदेशक/उप निदेशक, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के पद पर पदोन्नति के मामले पर विचार किया जा सके. कोर्ट ने कहा है कि जिस तिथि से उसके कनिष्ठों को उक्त पद पर पदोन्नत किया गया था, तथा उसके पश्चात, याचिकाकर्ता को दिए जाने वाले वेतन और अन्य सेवानिवृत्ति देय राशि के संबंध में परिणाम का पालन किया जाएगा. कोर्ट ने 90 दिनों की अवधि के भीतर पूरी कार्रवाई करने कहा है.

# सोशल मीडिया पर छाया साय सरकार का 'सुशासन तिहार', देशभर में नंबर 1 पर ट्रेंड कर रहा



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पहले दिन सक्ती जिले के ग्राम करिगांव में पीपल के पेड़ के नीचे चैपाल लगाई। यह उनका आकस्मिक दौरा था। उनके सुशासन तिहार का यह अभियान सोशल मीडिया के एक्स #CGkasushanTihar के साथ देश भर में पहले स्थान पर ट्रेंड कर रहा है। एक्स हेण्डल पर 2704 पोस्ट के साथ पहले नम्बर पर ट्रेंड कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार का तीसरा चरण आज से शुरू हो गया है, जो 31 मई तक चलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज पहले दिन सक्ती जिले के ग्राम करिगांव में पीपल के पेड़ के नीचे चैपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उनके गांव में अचानक पंहुचने पर महिलाओं ने तिलक लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीपल पेड़ के नीचे चौपाल लगाया और खाट पर बैठकर ग्रामीणों से योजनाओं का फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास की लाभार्थी सोनाई बाई के घर पहुंचकर योजना के तहत निर्मित आवास का निरीक्षण किया। ग्राम करिगांव में आकस्मिक भ्रमण के बाद वे कोरबा जिले के मदनपुर समाधान शिविर में पहुंचे।

# नगर निगम जोन 7 ने कारी तालाब के समीप मुख्य मार्ग के किनारे खुले चेम्बर को तत्काल बन्द किया



**रायपुर,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 7 की टीम द्वारा जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, लोक कर्म विभाग के भार साधक सदस्य दीपक जायसवाल, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे के मार्ग निर्देशन में जोन 7 क्षेत्र के तहत शहीद चूड़ामणि वार्ड क्षेत्र में आमापारा कारी तालाब के समीप मुख्य मार्ग के किनारे खुले हुए चेम्बर को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जनहित में जन जीवन सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल बन्द करवाने की कार्यवाही स्थल पर नगर निगम जोन 7 की टीम द्वारा की गयी और इस सम्बन्ध में नगर निगम को प्राप्त जन शिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया.

संपादकीय

## अनजान पार्सलों को 'ना' कहें!

*ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ता जा रहा है। होटलों से खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर विलासिता की सामग्रियां तक लोग घर बैठे मंगवा रहे हैं। इससे दुकानों या बाजारों में जाने की ज़हमत नहीं उठानी पड़ती और ऑनलाइन मंगवाने से वस्तुएं काफी सस्ती पड़ती हैं। यह चलन जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है, उसके कई तरह के खतरे भी सामने आ रहे हैं। सामानों की धोखाधड़ी से लेकर नगदी ऐंठने के कई प्रकरण हो चुके हैं।*

*छत्तीसगढ़ में भी ऑनलाइन शॉपिंग सतत लोकप्रिय हो रही है। करोड़ों रुपयों की वस्तुएं राज्य में देश के अलग-अलग कोनों से पहुंच रही हैं। लोग इसका पर्याप्त लाभ ले रहे हैं। इसके साथ ही यहां भी धोखाधड़ी या अन्य तरह के मामले बढ़ रहे हैं। कई बार पार्सल के बहाने से घरों की रेकी कर ली जाती है तो कई बार इस नाम से अनजान बनकर असामाजिक तत्व घरों में घुसने की कोशिश करते हैं। देश के कई हिस्सों में इस तरह के मामले हो चुके हैं। कई बार ऐसे फोन कॉल आते हैं जिनके जरिये झांसा देकर राशि ऐंठ ली जाती है।*

*नवा रायपुर के सुनील मेश्राम को कुछ दिन पहले फोन आया कि जिसमें कॉल करने वाले ने बताया कि वह मुम्बई के कस्टम विभाग से बोल रहा है। उसने कहा कि उनकी पत्नी के नाम पर विदेश से एक पार्सल आया है जिसमें 5.21 लाख रुपये मूल्य की करेंसी तथा आभूषण हैं। उन्होंने उसे छुड़ाने के लिये पहले 25 हजार रुपये एक बैंक खाते में डालने को कहा। बाद में अलग-अलग कारणों से मेश्राम से 5.21 लाख रुपये ऐंठ लिये गये। इसके बाद भी जब पार्सल नहीं आया तो पुलिस में शिकायत दर्ज की गयी। पुलिस पतासाजी कर रही है।*

*असली बात तो यह है कि जब किसी ने कुछ मंगाया ही नहीं है तो ऐसे पार्सलों को छुड़ाना खुद को संकट में डालने जैसा है क्योंकि इसमें कोई भी अवैध सामग्री हो सकती है। ऐसे पार्सलों को स्वीकार करने का अर्थ यही निकलेगा कि उसे मंगाया गया है। कई बार ऐसे पार्सलों को बिना नष्ट किये ही फेंक दिया जाता है जिस पर व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि लिखा होता है। इस जानकारी का भी दुरुपयोग हो सकता है इसलिये पते लिखे स्टीकर आदि को नष्ट कर देना चाहिये। होम डिलीवरी करने वाली कम्पनियों के बारे में जब तक अच्छे से पता न हो, पार्सल लेकर आने वाले व्यक्ति की ठीक से पूछताछ कर ली जानी चाहिये। कभी उनके नाम से असामाजिक तत्व घरों में घुस सकते हैं। खासकर, घरों में अकेली रहने वाली गृहिणियां, बच्चे, बुजुर्गों, आदि को सावधान रहना चाहिये। उन्हें भीतर तक न आने दें तथा पैसे लेने अंदर जायें तो दरवाजा बन्द कर के जाना चाहिये। उनकी उपस्थिति के दौरान पूरी सतर्कता बरतें।*

उल्टा पुल्टा

शिक्षक- रावण के पास ऐसी कौनसी कला थी जो दूसरे किसी के पास नही थी?

पप्पू - वो अकेला ही सामूहिक गीत गा सकता था..?

# सुशासन तिहार के अंतिम चरण में ग्राम अंडा एवं लिटिया में लगाए समाधान शिविरों में कई प्रकरणों का निपटारा




**दुर्ग,** 5 मई (देशबन्धु)। जिले में सुशासन तिहार.2025 के तृतीय चरण अंतर्गत ग्राम अंडा में समाधान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम अण्डा विकासखण्ड दुर्ग से हुआ। मुख्य अतिथि सांसद बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर, आईजी आर.जी.गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर माल्र्यापण एवं दीप प्रज्जवलित किया। अण्डा समाधान शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों से संबंधित 6 हजार 722 आवेदन प्राप्त हुए थेए जिसमें मांग के 6 हजार 579 और शिकायत के 143 आवेदन शामिल है जिसमें विभागों द्वारा सुशासन तिहार के द्वितीय चरण में 6 हजार 345 मांग एवं 107 शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण किया गया।

इसी प्रकार जिले के धमधा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम लिटिया में भी विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यहां पर ग्राम पंचायतों से संबंधित मांग एवं शिकायत संबंधी 2 हजार 168 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 2 हजार 068 आवेदन निराकृत किए गए है।

अण्डा समाधान शिविर में मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल ने अपने कर.कमलों से ग्राम अण्डा के 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि श्री बघेल एवं अन्य अतिथियों व कमिश्नरए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के स्टॉल में जाकर अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। समाधान शिविर में विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैए ताकि आम जनता की समस्याओं और मांगों का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। सिमयबद्धए पारदर्शी और ईमानदारी से आवेदनों का निराकरण करें।

इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शासन और प्रशासन को जनता के और अधिक निकट लाना है, ताकि लोग बिना किसी परेशानी के घर बैठे अपनी शिकायतें और मांगें दर्ज करा सकें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस अभियान की शुरुआत की गई है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता न हो। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ बी.के.दुबे, जिला नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, जनपद पंचायत सीईओ दुर्ग रूपेश कुमार ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ धमधा किरण कौशिक तथा समस्त विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित थे।

## विधायक ने आयुक्त के साथ लाभान्वित हितग्राहियों को वितरित किये प्रमाण पत्र



नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज शासकीय कामकाज में पारदर्शिता तथा योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सुशासन तिहार के तृतीया चरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन आज सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों का समाधान करने शासकीय तिलक कन्या स्कूल में शिविर में लगाया गया। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के स्टॉल में निरीक्षण कर अवलोकन कर समस्यों के निराकरण प्रकरणों की जानकारी। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य काशीराम कोसरे और पार्षदो के साथ समाधान शिविर में लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

इस क्रम में आवेदन लेकर शिविर में पहुँचे हितग्राहियों का राशन कार्ड, श्रम कार्ड सहित अन्य प्रमाण पत्र का आवदेन दिया तत्काल श्रम कार्ड, राशन कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया। सुशासन के समाधान शिविर में नगर निगम दुर्ग आज के सम्बंधित वार्ड के कुल आवेदन 408, निराकृत 359 शेष 49 के अलावा स्वास्थ्य विभाग मुख्य चिकित्सलय आवेदन 8 निराकृत 8, महिला बाल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## महात्मा फूले पर आधारित फिल्म को टेक्स फ्री करने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग,** 5 मई (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी के दुर्ग शहर विधानसभा अध्यक्ष सचिन गवई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर देश में शिक्षा की ज्योति जलाने वाले महात्मा ज्योतिबा फूले एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले के जीवन दर्शन पर केन्द्रित फिल्म फूले को टेक्स मुक्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म फूले में 19 वीं सदी में भारत में व्याप्त जातीय भेदभाव, रूढ़ीवाद असमानता के विरूद्ध किये गये संघर्ष को दर्शाया गया है। श्री गवई ने इस फिल्म को सभी स्कूलों, कालेजों में नि:शुल्क दिखाये जाने की मांग की है।

## पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर



**दुर्ग**, 5 मई (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी के कुलन मार्गदर्शन में पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त विधिक जागरुकता शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज दीक्षित एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भगवान दास पनिका ने उपस्थित गणमान्य वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों तथा उनके संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस शिविर में वृद्धजनों को नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 जैसे विभिन्न ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## चौथे दिन भी निगम अमले ने हटाया अतिक्रमण




- मान चौक से लेकर शनिचरी बाजार, हटरी बाजार तक तोड़े गये अतिक्रमण
- कहीं से मार्ग अवरोध बोर्ड हटाये तो कहीं नाले-नालियों पर बनें स्लेब तोड़े गये

**दुर्ग**, 5 मई (देशबन्धु)। नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान आज चौथे दिन भी जारी रहा। होटल मान चौक से लेकर हटरी बाजार, अनाज लाईन गली सहित विभिन्न स्थानों पर किये गये अवैध कब्जे हटाये गये। शनिचरी बाजार बर्तन लाईन में दूकानों के बाहर बर्तन रखने से यातायात की समस्या को देखते हुए कतिपय दूकानों से बर्तनों की जब्ती भी बनाई गयी। इधर तीन दिन पहले इंदिरा मार्केट में मेहता मेडिकल से लेकर मध्यानी चौक तथा तहसील क्वार्टर, आयुर्वेदिक औषधालय के सामने से जो अतिक्रमण हटाये गये है उनका मलमा अभी तक सड़कों पर पड़ा हुआ है। इन्हें न तो अभी तक संबंधित व्यवसाइयों ने और न ही नगर निगम द्वारा हटवाया गया है। इन दोनों स्थानों के साथ ही पुलिस थाने की अहाता दीवार से लेकर मोती काम्पलेक्स के सामने जूते चप्पल लाईन भी दूकानें तो नगर निगम ने तोड़ दी मगर दूकानदारों ने कुछ एक स्थानों पर अपनी दूकानों के ढांचे मौके पर ही रखे है।

अतिक्रमण हटाओ अभियान आज भी चौथे दिन हटरी बाजार से शुरू हुआ। बाजार अधिकारी शुभम गोईर, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर ईश्वर वर्मा की टीम अन्य साथियों के साथ आज भी हटरी बाजार पहुंची। यहां से लेकर गांधी चौक तक जगह जगह लोगों ने जो लोहे के साइन बोर्ड लगा रहे थे, उन्हें तोड़ा। ऐसे कुल 22 बोर्ड तोड़े गये। जगह जगह व्यापारियों ने दूकानों से बाहर नालियों पर स्लेब ढालकर अपनी दूकानें लगा ली थी। इन दूकानों में गुंडी टंकी तथा विभिन्न आयटमों के साथ ही सेनेटरी, हार्डवेयर के आयटम रखकर दूकानें बढ़ा ली गई थी। इस तरह 8-10 स्थानों पर बना लिये गये ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## जातीय जनगणना की मांग पूरी होने पर कांग्रेस ने मनाया जश्न




**दुर्ग,** 5 मई (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना की घोषणा को कांग्रेस अपनी जीत बताते हुए आज राजीव भवन गवलीपारा में जबर्दस्त जोश खरोश के साथ जश्न मनाया। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र की जीत बताते हुए कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता वर्षो से जातीय जनगणना का मामले उठाते रहे व भाजपा इस पर कांग्रेस नेता राहूल गांधी व कांग्रेस की खिल्ली उड़ाते रहें। आज उन्हें ही झुकना पड़ा।

कांग्रेस जिला मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित सभा को पूर्व विधायक अरूण वोरा, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, दुर्ग जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भी संबोधित किया। सभा के बाद फटाके फोड़े गये और मिष्ठान का वितरण भी किया गया।

आज की बैठक में पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा, प्रभारी कमलाकांत शुक्ला, कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक साहू, भास्कर कुंडले, भोला महोबिया, राजकुमार नारायणी, राजकुमार पाली, रत्ना नारमदेव, विशाल देशमुख, फतेह सिंह भाटिया, कन्या ढीमर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**दलितों को अधिकार दिलाने राहूल का संकल्प : अय्यूब**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अय्यूब खान ने अपने पृथक वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस के नेता राहूल गांधी ने देश के दलितों, पिछड़ा वर्ग के लोगों एवं आदिवासियों को उनका वाजिब हक दिलाने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प के तहत उन्होंने जातीय जनगणना पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि राहूल गांधी के दबाव में केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय सामाजिक न्याय के एजेंडा की जीत है।

## गोस्वामी समाज ने मनाई शंकराचार्य जयंती



**बेमेतरा,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के द्वारा शहीद स्मारक जय स्तंभ चौक के पास रायपुर में भगवान श्री आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, अध्यक्ष महापौर मीनल चौबे रायपुर, विशेष अतिथि महंत डॉ रामसुंदर दास महामंडलेश्वर पीठाधीश्वर दूधाधारी मठ रायपुर, महंत विवेक गिरी थानापति महाराज गौर कापा आश्रम उपस्थित थे। प्रदेश के समस्त पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि एवं महंत सामाजिक जन, मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही। समाज के लोगों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। भगवान शंकराचार्य की पूजा, अचर्ना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आद्य जगतगुरु शंकराचार्य ने सनातन धर्म एवं अद्वैत वेदांत से संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधा। आज उनके उपदेशों को छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्य कमजोर पड़ रहे हैं, हमें आद्य शंकराचार्य जी के संदेशों को और अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाना होगा। हमारे युवा पीढ़ी को सनातन धर्म के महत्व से अवगत कराना होगा। मौजूद लोगों से जगतगुरु आद्य शंकराचार्य के आदर्शों एवं जीवन के मूल्यों को उतारने और छत्तीसगढ़ में सनातन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि महंत रामसुंदर दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान शंकराचार्य जैसी हस्तियां अगर भारत में ना होती तो शायद ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## सुशासन तिहार : तेजराम को मिला छड़ी का सहारा

**गुरुर**, 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार न सिर्फ लोगों की मांगो एवं समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि लोगों का सहारा देने का माध्यम भी बन गया है। ऐसा ही एक सहारा मिला है गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डाडेसरा के बुजुर्ग तेजराम साहू को, जिन्होंने सुशासन तिहार में अपने चलने-फिरने की समस्या के समाधान हेतु छड़ी की मॉग की थी। उम्र के इस पड़ाव पर, जब उनके कदम डगमगाने लगे थे और चलने-फिरने में असमर्थता उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किल बना रही थी, एक साधारण छड़ी उनके लिए बड़ा सहारा बनकर आई। उनके लिए बाजार जाना, गाँव की गलियों में चलना, सामुदायिक आयोजनों में शामिल होना कठिन हो गया था। लेकिन अब एक साधारण छड़ी इस समस्या का समाधान बन गई है।



**मुख्यमंत्री का जताया आभार-**

तेजराम ने चलने-फिरने में हो रही अपनी समस्या को लिखकर, एक छड़ी उपलब्ध कराने की एक छोटी-सी माँग सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन तक पहुँचायी। उनके आवेदन पर समाज कल्याण विभाग ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## चबूतरे के अतिक्रमण को लेकर पटेल मरार समाज ने सौंपा ज्ञापन

**परपोड़ी**, 5 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत परपोड़ी के मरार (पटेल) समाज के द्वारा कार्यालय नगर पंचायत परपोड़ी पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 100 की संख्या में मरार पटेल समाज के लिए बनाए गए चबूतरा को अन्य लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर घेर लिया गया है , जिससे पटेल मरार समाज के लोगों को सब्जी बेचने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है , मरार समाज के द्वारा विगत वर्षों से नगर पंचायत कार्यालय को सब्जी बेचने के लिए बनाए गए चबूतरे पर केवल सब्जी बेचा जाए अन्य लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर अन्य दुकान संचालित किया जा रहा है , जबकि वह चबूतरा सब्जी एवं अन्य सामान हटरी बनाया गया है , जिसमें नियम ये है कि सुबह से शाम तक बैठकर अपनी दुकानदारी करनी है , लेकिन कुछ लोगों के द्वारा तीनशेड लगाकर पक्का निर्माण किया गया है , इस अतिक्रमण में पूर्व पार्षद एवं वर्तमान पार्षद भी शामिल है। जिसमें अतिक्रमण हटाने की मांग पटेल मरार समाज द्वारा किया गया है , इस सम्बन्ध में नगर पंचायत अध्यक्ष देसूराम साहू से जब चर्चा किया गया तो उन्होंने अतिक्रमण होना स्वीकार किया और कहा कि अतिक्रमण होने से हटरी बैठने वाले को जगह नहीं मिल पा रहा है , इस सम्बन्ध में शीघ्र ही परिषद की बैठक लेकर एवं विधायक से मार्गदर्शन लेकर उचित कार्यवाही किया जावेगा ।



# दुर्ग जिला मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशीप का समापन

## पारस, श्रेष्ठा, आकांक्षित, मयूरिका, शिल्प कुमार, मानस्वी, अभिनव, परिधि विजेता

**दुर्ग,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से आयोजित दुर्ग जिला मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का कल समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचार्या निधि शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा की अध्यक्षता तथा साहित्यकार डॉ रौनक जमाल, अंतरास्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन के विशेष आतिथ्य में किया गया। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 चक्र में खेले गए मैच में अंडर 7 के बालक वर्ग में प्रथम स्थान पारस यादव 5.5 अंक द्वितीय अव्यव बिचपुरिया 5 अंक अंडर 7 के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान श्रेष्ठा भारद्वाज 3 अंक द्वितीय शांभवी सिंह 3 अंक अंडर 9 बालक वर्ग में प्रथम स्थान आकांक्षित साहू 5.5 अंक द्वितीय तुषार यादव 5 अंक बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मयूरिका मान्या 4 अंक द्वितीय आशरिया शर्मा 3 अंक अंडर 11 बालक वर्ग में प्रथम स्थान शिल्प कुमार घोड़ेसवार 5.5 अंक द्वितीय वी विराट अय्यर 5 अंक बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मानस्वी शर्मा 3.5 अंक द्वितीय शानविका उदवाला अंडर 13 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अभिनव सिंह राजपूत 5 अंक द्वितीय गुणवंत साहू बालिका वर्ग में प्रथम स्थान परिधि लिलहरे 6 अंक द्वितीय स्थान काशवी जैन 4.5 अंक ने प्राप्त कर राज्य मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप बेमेतरा के लिए चयनित हुए। सभी चयनित खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उक्त जिला चैंपियनशिप में तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# भिलाई जिला संघ ने निकाली स्काउट गाइड साइकिल रैली




**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। बीएसपी शिक्षा विभाग जिला संघ भिलाई की ओर से स्काउट गाइड की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने साइकिल से सवारी करते हुए पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण एवं वृक्षारोपण का संदेश दिया। बच्चों ने भिलाई विद्यालय से आगे जाकर पूरे परिवेश को तन मन धन, सवसे ऊपर वन नारे से गुंजायमान कर दिया। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में विभाग के अधिकारीगण, शिक्षक एवं पालक सम्मिलित हुए। भिलाई संघ के इस आयोजन में प्रमुख रुप से सरिता शाक्य जिला सचिव, डी.ओ.सी गाइड कीर्तिलता देशमुख, डी.ओ.सी. स्काउट सत्य नारायण साह, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा, डी.टी.सी. वंदना सोनवाने, डी.टी.सी, मीनाक्षी अय्यर, रजनी रजक, अविनाश चंद्र शील, वरिष्ठ व्याख्याता डी.के. साहू और श्रवण कुमार साहू आदि ने कार्यक्रम में भागीदारी की। उक्त जानकारी डी.ओ. सी गाइड श्रीमती कीर्तिलता देशमुख ने दी।

# ग्रीन वैली में छापा, एक को लिया हिसारत में

**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। वीति रात्रि चौहान ग्रीन वैली में पुलिस ने एक घर में छापा मारकर आपत्तिजनक सामान जप्त कर एक आरोपी को हिरसात में लेकर पुछताछ कर रही है। इस मोहल्ले के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है, कि इस कालोनी में पुलिस की समय-समय पर जांच की जावे, ताकि मोहल्ले के लोगों को राहत मिल सके। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की छापा मार कार्यवाही में एक बड़ा कांड के होने का अनुमान लगा रही है। पुलिस कर रही तफ्तीश एक मकान से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की है। भिलाई की चौहान ग्रीन वैली में देर रात बाहरी लड़के झुंड बना कर छत पर जाते हैं और देर रात तक पार्टी मनाते। ग्रीन वैली में रहने वाले कुछ लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने वीति रात्रि ग्रीन वैली के ब्लाक बी/6 में छापा मारा। जहां पुलिस को भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान मिले हैं। हिरासत में लिये गये आरोपी कमल किशोर रेलवे में कर्मचारी है। आरोपी कमल किशोर के पास भिलाई में दो मकान है। पहला चौहान ग्रीन वैली और दूसरा दीन दयाल उपाध्याय कॉलोनी खमरिया में है। आरोपी खमरिया के मकान में रहता था और रूम देने और अपनी संदिग्ध गतिविधियों के लिए ग्रीन वैली के फ्लैट का उपयोग करता था। मामला स्मृति नगर चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार मकान मालिक कमल किशोर ने ओएलएस् में विज्ञापन डाला था कि यहां कपल के लिए रूम किराए से एक दिन के लिए मिलेगा। इस पर कॉलोनी के ही युवक.युवती ने मिलकर उसके दिए नंबर में बात की और रविवार वहां ग्राहक बनकर गए। जब वो लोग पहुंचे तो देखा कि कमल किशोर ने एक 16 साल के लड़के को रूम दिखाने के लिए रखा हुआ है। जब लड़के को संदेह हुआ तो उसने कमल किशोर को बताया।



इसके बाद तुरंत कमल फ्लैट पहुंचा। कॉलोनी के लोगों ने कमल किशोर और लड़के को पकड़कर स्मृति नगर पुलिस को बुलाया। आरोपी 500 रुपए में कपल को एक दिन के लिए रूम किराए से भी देता था। आरोपी कमल किशोर से पूछताछ की जा रही है। रूम की तलाशी ली गई तो अंदर से 100 से ज्यादा पुराने मोबाइल, उनकी यूज बैट्री, वायर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, सिम, ढेर सारे ताले मिले। इसके साथ ही कंप्यूटर और ढेर सारी सीडी भी जब्त की गई। कमरे से एक पुराना रजिस्टर मिला है उसमें उसने न्यूज कटिंग लगाया था और उसे अपनी हैंडराइटिंग में कुछ लिखकर मार्क किया था। मिली जानकारी के अनसुार इस मकान में कई महीनों से बाकायदा पर घंटे के हिसाब से रूम किराया पर दिये जाने की बात कही जा रही है। रात जब उन्होंने पुलिस के साथ पूरे कॉलोनी के लोगों को इकट्ठा कर वहां दबिश दी तो आधे घंटे पहले ही वहां आए कपल जा चुके थे। साथ ही पुलिस ने वहां से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो कि रायगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा है, कि उक्त यवक मानसिक रुप से परेशान है।

# तकनीक के उपयोग से बच्चों को हुनरमंद बनाने पर बल



**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग भिलाई चेप्टर की महत्वपूर्ण बैठक भिलाई निवास काफी हाउस में संपन्न हुई। बैठक में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक क्षेत्र का विस्तार करते हुए इसका उपयोग बच्चों को हुनरमंद बनाने एवं उनकी बौद्धिक गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया गया। बैठक में चैप्टर की आगामी कार्य योजना एवं सामाजिक दायित्वों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में अन्य प्रस्ताव भी पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता संयंत्र के पूर्व महाप्रबंधक एवं भिलाई चैप्टर के पूर्व चेयरमैन एच. के. देसाई ने की। श्री देसाई ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के उत्कृष्ट परिचालन मानव संसाधन का बेहतर उपयोगए उत्पादकता में वृद्धि एवं लागत में कमी आदि क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग कर सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे सभी तरह के गतिविधियों की कार्यक्षमता में वृद्धि, लागत में कमी और उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है। इसका घरेलू जिंदगी से लेकर कृषि, व्यापार, उद्योग धंधे आदि में भी व्यापक उपयोग संभव है। इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग बच्चों को हुनरमंद बनाने एवं उनकी बौद्धिक गुणवत्ता बढ़ाने में भी किया जाएगा। नागेश्वर राव ने बैठक में जानकारी दी कि वे इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग पर एक शोधपत्र लिखने का कार्य कर रहे हैं। बैठक में एक्स चेयरमैन एच.के. देसाई, वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव अवनीश दुबे, कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता, सीनियर इंजीनियर कमलेश कुमार गुप्ता, बी.के. सराफ, संतोष अग्रवाल, व्ही के सिंह, नागेश्वर राव, देवेन्द्र पाल सिंह बराड़, कांतिलाल विश्वकर्मा उपस्थित थे। बैठक का समापन सचिव अवनीश दुबे के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# आज से सुशासन तिहार समाधान शिविर विभिन्न वार्डों में

**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में प्राप्त 1683 आवेदनों का निराकरण हो चुका है। जो शेष है उसे प्रशासनिक अनुमति के लिए भेजा जाएगा। निराकृत आवेदनों के समाधान के पश्चात निगम का दल नोडल अधिकारी आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंचकर किए गए समाधानों कार्यों का निरीक्षण करेंगे। संबंधित व्यक्ति से भी बात करेंगे। इसी उददेश्य से समाधान शिविर लगाया जा रहा है। समाधान शिविर में भी यदि कोई नागरिक अन्य कार्य के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे भी स्वीकार किया जायेगा। शिविर के सहायक नोडल अधिकारी जोन 1 आयुक्त अजय सिंह राजपूत, जोन 2 ऐशा लहरे, जोन 3 सतीश यादव, जोन 4 अमरनाथ दुबे, जोन 5 कुलदीप गुप्ता रहेंगे। अपने-अपने जोन के समाधान शिविर में रहेंगे। प्रथम शिविर नेहरू नगर जोन-1 में लगाया जा रहा है। शिविर स्थल 6 मई, वार्ड-18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी समाधान शिविर आयोजित है। जिसमें कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर, प्रभारी सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा दल के सदस्यों के साथ सामुहिक रूप से उपस्थित रहेंगे। 6 मई के समाधान शिविर में सम्मिलित वाड 9 राजीव नगर, वार्ड 10 लक्ष्मी नगरए वार्ड 11 फरीद नगर, वार्ड 12 अवंती बाई कोहका, वार्ड 13 पुरानी बस्ती कोहका, वार्ड 17 नेहरू भवन, वार्ड 18 कांट्रेक्टर कालोनी के नागरिकगण उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते है। 9 मई जोन-1 कार्यालय नेहरू नगर पानी टंकी में सम्मिलित वार्ड -1 जुनवानी, वार्ड 02 स्मृति नगर, वार्ड 3 मॉडल टाउन, वार्ड 4 नेहरू नगर, वार्ड 5 कोसा नगर, वार्ड 6 प्रियदर्शिनी परिसर, वार्ड 7 राधिका नगर, वार्ड 8 कृष्णा नगर के नागरिकगण सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत अपने मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदन किए हैए उसका समाधान किया जा चुका है। शिविर का उददेश्य है। शासन की जनकल्याणकारी नितीयों एवं किए जा रहे जन उपयोगी कार्यो से लोगो को अवगत कराना। जिससे अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो सके।

# वृद्धा आश्रम खोलने के नाम पर ठगी




**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। नेवई पुलिस ने ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थी मनेन्द्र साहू ने 15 अक्टूबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी एम प्रकाश आन्ध्राप्रदेश के द्वारा वृद्धा आश्रम एवं एनजीओं खोलने पर 25 करोड रूपये मिलने का झांसा देकर एनजीओं व वृद्धा आश्रम खोलने के लिये प्रोसिंग शुल्क व रजिस्टेशन के नाम पर 25 लाख रुपये अलग अलग किस्तों में रकम लेकर ठगी करना बताने पर थाना नेवई ने धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण का आरोपी एम प्रकाश सकुनत से लुक छिप रहा था। पुलिस द्वारा पता तलाश की जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग सुखनंदन राठौर. नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाष तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नेवई के नेतृत्व में आरोपी एम प्रकाश को पकडने टीम गठित कर आन्ध्राप्रदेश रवाना किया गया जहां से पूछताछ हेतु थाना लेकर आया जो अपराध घटित करना स्वीकार करने व रकम को खर्च होना बताने पर आरोपी एम प्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी राहुल बसंल प्रषिक्षु भापुसे, निरीक्षक आनंद शुक्ला, सहायक पुलिस निरीक्षक रामचन्द्र कंवर, प्रआर पूनम चंद, आरक्षक भूमिन्द्र वर्मा, लक्ष्मी नारायण, हेमशंकर साहू, छत्रपाल वर्मा, का सराहनीय योगदान रहा। धारा अपराध क्रमांक 301/2024 धारा 420 भादवि नाम गिरफ्तार आरोपी एम प्रकाश 52 साल एसपीजी पालेम गिद्दलूरू जिला प्रकाशम आन्ध्रा प्रदेश बताया गया है।

# पूर्व अधिकारियों की बैठक में पेंशन का उठा मुद्दा



**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। एक्स ओए की 60वीं सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से 11 महीने के भत्ते बकाया भुगतान में असामान्य देरी और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सदस्यों की चिंता पर चर्चा की गई। बैठक शुरू होने से पहले 22 अप्रैल को पहलगम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक की अध्यक्षता बीएसपी एक्स.ओ ए के अध्यक्ष सरोज रंजन दास ने की। जिसमें मुख्य रूप से 11 महीने के भत्ते के बकाया भुगतान में अप्रत्याशित देरी, ईपीएस 95 पी और सेल मेडिक्लेम स्कीम 2025 जैसे सदस्यों की बड़ी चिंता के मुद्दों पर चर्चा की गई। नरेन्द्र बंछोर अध्यक्ष बीएसपी ओए एवं सेफी चेयरमैन, परविंदर सिंह महासचिव, अंकुर मिश्रा कोषाध्यक्ष ने बैठक में भाग लिया और सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक को संबोधित किया। जिसमें विशेष रूप से 11 महीने के भत्ते के बकाए राशि के वितरण में अप्रत्याशित देरी के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया गया। आरंभ में एक्स.ओ के अध्यक्ष एस.आर.दास ने सदस्यों की चिंता के सभी मुद्दों पर संक्षिप्त जानकारी दी। जैसे कि पूर्व ओए द्वारा भत्तों के बकाए के भुगतान में तेजी लाने के लिए किए गए प्रयास, संबंधित अधिकारियों से मिलना, प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए 21 अप्रैल को प्रभारी निदेशक को पत्र लिखना, भुगतान में तेजी लाने में मदद करने के लिए 26 अप्रैल को पूर्व अधिकारियों के एक समूह के साथ सेफी अध्यक्ष और ओए पदाधिकारियों से मिलना, उन सेवानिवृत्त अधिकारियों की सूची तैयार करना जिन्हें अभी तक भुगतान नहीं मिला है, हालांकि उन्होंने 17 फरवरी से पहले आवेदन किया था। उन्होंने सेल मेडिक्लेम योजना के कुछ पहलुओं में संशोधन के लिए सेल अध्यक्ष से की गई अपीलय हाल ही में ईडी मेडिकल और एचएस के साथ बैठक दिल्ली उच्च न्यायालय में ग्रेच्युटी का मामला आदि का भी उल्लेख किया। सेफी के अध्यक्ष श्री बंछोर और परविंदर सिंह ने आश्वस्त किया कि वे प्रबंधन के साथ दैनिक आधार पर भत्तों के मुद्दे पर विचार.विमर्श कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप प्रबंधन द्वारा 31 मई तक सभी मौजूदा आवेदकों (लगभग 2200) को भुगतान पूरा करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सेफी और ओए बीएसपी की इस कार्रवाई की सदस्यों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई। श्री बंछोर ने बताया कि ओए बीएसपीए आरपीएफसी रायपुर द्वारा बीएसपी अधिकारियों सहित पूर्व अधिकारियों के संबंध में ईपीएस 95 पेंशन अवरोध के लिए कानूनी कार्रवाई करने के विकल्प पर विचार कर रहा है। सेफी ने पहले ही मेडिक्लेम आईपीडी राशि को बढ़ाकर 5 लाख रुपये या पति.पत्नी दोनों के लिए 10 लाख रुपये करने का मुद्दा उठाया है। सदस्यों के ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग प्रक्रिया शुरू करने के लिए बीएसपी प्रबंधन से चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में जे.बी. पाटिल, आर.बी. गुप्ता, आर.एस.श्रीवास्तव और कई वरिष्ठ सदस्य सर्वश्री एस. बर्धन, एन.के. देवांगन, बी.एल. खोबरागड़े, बी.सी. जैन, नरेश विश्वकर्मा. एस.एन. बक्सी और अन्य उपस्थित थे।

# कलाकारों ने सांसद विजय से की भेंट

**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोलने के लिए छत्तीसगढ़ के कलाकारों को धैर्य बनाकर रखना होगा। एक समय ऐसा जरूर आएगा जब उनकी मांगे पूरी होगी। यह बातें सांसद विजय बघेल ने उनके निवास में मिलने आए अंचल के नामचीन कलाकारो के समक्ष कही। इस दौरान चित्रकार हरीसेन, गिलबर्ट जोसफ, रोहिणी पाटणकर, विजय शर्मा, कला साहित्य मित्र समूह से शक्तिपद चक्रवर्ती, बबलू विश्वास, बारोम चक्रवर्ती, गीत वितान कलाकेन्द्र से मिथुन दास, ललित कला अकादमी समूह से कमलेश वर्मा, तरूण धोटे, प्रशांत क्षीरसागर, वीरेन्द्र पटनायक, इंद्रजीत सिंह, पूर्णानन्द देवांगन, हुलेश्वर देवांगन, रूपा साह, ललेश्वरी साहू, यश दलवी, कांता देवी, देवकी टंडन, गुणेश्वरी, सरिता साहू, सुभद्रा गंधर्व, खैरागढ़ विश्वविद्यालय से गुंजन शर्मा, प्रीति साहू, धीरज साहू, रीतिक साहू तथा ललित कला अकादमी में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन उपस्थित थे। ज्ञात हो कि भिलाई मे ललित कला अकादमी की स्थापना के लिए सांसद विजय बघेल ने निरंतर प्रयास किए हैं। जिससे छत्तीसगढ़ के कलाकारों में वैश्विक कलाकारों के समक्ष खड़े होने का भाव तैयार होने लगा है लेकिन यह मांग अब तक अधूरा है। मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने कहा कि सांसद के नेतृत्व में ही यह सपना हम लोगो ने देखा है कि भिलाई मे रीजनल सेन्टर हो। उनके कारण ही अकादमी के एक्जीक्यूटिव बोर्ड और जनरल काउंसिल मे प्रस्ताव लाया गया। दिल्ली से हाईपावर कमेटी का भी शहर में आगमन हुआ। यही नहीं सांसद के कारण ही भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने सुव्यवस्थित हाईस्कूल भवन देने की पेशकश की है। मुलाकात करने आए कलाकारों से सांसद ने कहा कि जब अकादमी की शीघ्र स्थापना नहीं हो पा रही है तब उन्हें धैर्य से काम लेना चाहिए। अनेक बार ऐसा होता है कि प्रयास असफल हो जाते हैं। संभव है इस विषय में भी ऐसा हो परन्तु हां हम प्रयास करने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। कला साहित्य मित्र समूह से शक्तिपद चक्रवर्ती और बबलू विश्वास ने सांसद को बताया कि अकादमी स्थापना के लिए आपके द्वारा उठाए गए कदम की सराहना की जाए उतनी कम है। इसमें अब यही काम बचा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री दिल्ली जाकर केन्द्रीय संस्कृति मंत्री से मिले और विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में इस मांग को शामिल होने की जानकारी दे।



# चेम्बर के पदाधिकारियों ने एसपी से की मुलाकात



**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई का दल महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में भेंट की। अजय भसीन ने पुलिस अधीक्षक से चेम्बर की गतिविधियों पर चर्चा की। चेम्बर ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजारों में सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किये जायें। लगभग सभी मार्केय में सीसी कैमरा लगाया गया है। भसीन ने जानकारी देते हुए औद्योगिक क्षेत्रों में हो रही चोरी पर रोक लगाने की मांग की। श्री विजय अग्रवाल ने सारे विषयों को गंभीरता से लिया। ट्रैफिक के विषय पर भी चर्चा की गई। बाजारों में जाम की स्थिति निर्मित न हो उसके लिए भी व्यवस्था की जाए। पुलिस अधीक्षक के साथ भेंट करने अशोक राठी, सुनील मिश्रा, कुलदीप सिंह, दीपक चोपड़ा, टोनी खंडेलवाल व अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

# महिला के गले से चैन की लूट

**भिलाईनगर**। भिलाई नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत टाउनशिप के सेक्टर 8 से वॉकर लेकर चल रही बुजुर्ग महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर बाइक सवार फरार हो गया। रिपोर्ट पर से भिलाई नगर पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। प्रार्थी पवन कुमार सिंह सेक्टर 08 भिलाई में रहता है। कल सुबह घर में सोया हुआ था। पवन की माता विमला सिंह 70 वर्ष प्रात: 6 बजे उठ कर घर के पास सड़क के बगल में लगे कनेर फुल के पौधे से फुल तोड़ कर घर की तरफजा रही थी। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति जो जिसका रंग काला था तथा कान में बाली पहना हुआ था। बाईक खड़ी कर माता जी को अकेली देख कर गले में पहने मंगल सूत्र जिसमें 3 नग सोने के लॉकेट लगे हुये थे, गले से खींचकर बाइक में फरार हो गया। पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ304 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ ने किया डॉक्टर उदय का सम्मान

**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। संयंत्र में पदोन्नति उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ बनाए जाने पर डॉ. उदय कुमार धाबर्डे का समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ की पूरी टीम ने तालपुरी स्थित उनके निवास पहुंच कर विशिष्ट सम्मान किया। यह पहली बार हुआ किए बौद्ध समुदाय के प्रतिनिधि के तौर पर सेक्टर 9 मे यह पदोन्नति हुई है। इस दौरान समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरविन्द चौधरी ने कहा डॉ. धाबर्डे अस्पताल की बर्न यूनिट का प्रभारी होने के साथ-साथ अपना तमाम कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज के लिए भी समय निकालते है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीएमओ पद पर जाने के बाद डॉक्टर उदय अपने अनुभव के साथ चिकित्सा सेवा से सेक्टर-9 हॉस्पिटल को और भी ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। सम्मान करने अनिल जोग, विजय बोरकर, अजय शेंडे, विकास सापेकर, शैलेश चाहंदे, आनंद भावे, योगेंद्र चौरे, कौशिक पंचभाई, आशीष ऊके, सी. के. डोंगर, बी. आर. कठाने, सार्थक गजभिये, प्रमोद वासनिक, आकाश रामटेके, प्रबुद्ध गणवीर, अजित वैध, संकेश राहूलकर, सुनील श्यामकुवर, अविनाश अड़काने, सेवकराम बांगरे, कुम्भराज खांडेकर, डा. वेदिता जोग, राया बागड़े, पूनम शेंडे, बबिता भौतिक, रेखा भौतिक, रत्नमाला भौतिक, रसिया सहारे, सचिता चौधरी, जयमाला नंदेश्वर, पुष्पा बडोले, काजल नंदेश्वर, देवला सागोंड, प्रेरणा चौधरी, अस्तित्व चौधरी इत्यादि उपस्थित थे।



# भिलाई-3 मंडल देवांगन समाज के चुनाव संपन्न



**भिलाईनगर**, 5 मई (देशबन्धु)। नगर मंडल देवांगन समाज भिलाई-3 की नई कार्यकारिणी का चुनाव परमेश्वरी भवन भिलाई-3 में संपन्न हुआ। जिसमें शत्रुघ्न देवांगन सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। दुर्ग जिला देवांगन समाज के देखरेख में संपन्न चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। समिति में बृजभूषण देवांगन सचिव, विकरेंद्र देवांगन कोषाध्यक्ष, सालिगराम देवांगन उपाध्यक्ष, मोहनलाल देवांगन सह.सचिव तथा रूपराम देवांगन एवं भगवती देवांगन कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव के पश्चात सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष पुरानिक देवांगन ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक चुनाव में निर्विरोध निर्वाचन सामाजिक एकता को दर्शाता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आपस में तालमेल बनाकर सभी को साथ लेकर समाज के विकास हेतु मिलजुल कर कार्य करने की बात कही। चुनाव प्रक्रिया के संचालन हेतु जिला देवांगन समाज के कोषाध्यक्ष राजेंद्र लिमजे मुख्य चुनाव अधिकारी, प्रह्लाद देवांगन चुनाव अधिकारी, जगदीश देवांगन उप चुनाव अधिकारी, राजेश देवांगन एवं नारायण देवांगन सहायक चुनाव अधिकारी थे। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन सहित सभी सदस्यों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है। यह जानकारी देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष धनश्याम देवांगन ने दी है।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर 9 को विविध आयोजन

**महासमुंद,** 5 मई। राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद की बैठक 4 मई को सामाजिक भवन में हुई। बैठक में 9 मई को स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।



# खेल मैदान समतलीकरण का भूमिपूजन पूर्व जनपद सदस्य ने किया



**डौण्डी,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत अरमुरकसा में खेल मैदान का समतलीकरण का भूमिपूजन पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस के मुख्यातिथि में सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच हलधर गोरे और विशिष्ट अतिथि ग्राम के पटेल रतन लाल रहे साथ ही ग्राम के उप सरपंच और पंच गण उपस्थित रहे सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस के द्वारा धरती मैया के पूजा अर्चना कर कार्य को प्रगति दिया गया इस अवसर पर सरपंच हलधर गोरे ने कहा कि हमारे गांव के युवाओं द्वारा इस मैदान पर खेल के साथ पुलिस और आर्मी भर्ती के लिए यहां पर प्रैक्टिस करते है जिसका परिणाम दस से बारह बच्चे पुलिस और आर्मी में भर्ती भी हो चुके है हमारे गांव के पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस से मांग किए थे मैदान का समतलीकरण हो और इस मैदान में स्टेडियम बने उनके ही प्रयास से इस मैदान के लिए राशि स्वीकृति हुआ है जो इस मैदान के लिए मिल का पत्थर साबित होगा मैं पूरे ग्रामवासियों के तरफ से उनका आभार व्यक्त करता हु ग्राम पटेल रतन लाल ने कहा कि हमारे पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस जी का कार्यकाल पूरे अरमुर के लोग नहीं भूल सकते हम

### अरमुरकसा के ग्रामीणजन मेरे परिवार को दिया भरपूर आशीर्वाद : संजय बैस

इतने वर्षों में किसी भी जनपद का विकास कार्य नहीं देखे थे जितना विकास कार्य संजय बैंस ने कराया है ।शीतला मंदिर और स्कूल के साथ इसी मैदान में जो जीम का निर्माण कार्य संजय बैंस के माध्यम से हुआ है, हमारे गांव में लाखों की सौगात दिए हम संजय बैंस का साधुवाद करते हैं कार्यक्रम के मुख्यातिथि संजय बैंस ने कहा कि निश्चित रूप से युवाओं के मनोबल बढ़ाने वाले कार्य का आज हम भूमिपूजन कर रहे है आज के भूमिपूजन के बाद ये मैदान पहले से और बेहतर होगा मैने अपने पूरे कार्यकाल में जनहित के कार्य को पूरे ईमानदारी के साथ क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास किया है। जिसका परिणाम आप सभी देख रहे है मैने जितना अरमूरकसा को संवारने में समय दिया इसी अरमूरकसा ने भरपूर आशीर्वाद मेरे धर्मपत्नी को दिया जिसका परिणाम मंजू बैंस ब्लाक में जनपद सदस्य के चुनाव में सर्वाधिक वोटो से जीतकर आई मै और मेरा पूरा परिवार आपकी सेवा में सदा लगे रहेंगे इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सचिव बिना टेकाम ने किया इस कार्यक्रम में उप सरपंच ओम प्रकाश योगेश्वरी निर्मलकार रिखी राम गोरे हुमन लाल रावते सुरेश जायसवाल कुमार जगनायक गैंदी बाई केराम दुर्गा रावते जागृति राम लीडिया मुन्ना गोरे बहुरबती पिस्दा पवन बाई विनोद बालेंद्र रमेश निर्मलकार सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# बेमौसम ओलावृष्टि से परेशान किसानों ने क्षतिपूर्ति राशि दिलाने को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**खैरागढ़,** 5 मई (देशबन्धु)। ब्लॉक के ग्राम करमतरा के किसानों ने भीषण ओलावृष्टि के चलते मूंग और धान की फसल पूरी तरह से नष्ट हो जाने पर मुआवजा की राशि दिलाने को लेकर कलेक्टर व एसडीम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि गुरुवार 1 मई को आये आंधी-तूफान और भारी ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। मूंग की फसल में एक भी पत्ती नहीं बची है और धान की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। ज्ञापन में किसानों ने अनुरोध किया है कि राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा तत्काल सर्वे कराकर राज्य आपदा मोचन निधि (आरबीसी 6) के तहत उन्हें क्षतिपूर्ति राहत राशि प्रदान की जाए। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि इस प्राकृतिक आपदा को राज्य शासन द्वारा गंभीरता से लेते हुए प्रभावित किसानों की मदद के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, बलीराम, तुलेश्वर साहू, विनोद वर्मा, शिवप्रसाद, राजेश साहू, गोवर्धन, कौशल कुमार, प्रभुवन कुमार, विष्णु राम, रामखिलावन, आकाश कुमार, महेन्द्र साहू, तेजेश्वर साहू, दिनेश, भोला दास, होमलाल, तुकाराम, हेमदास, सिलोचन, नवल पटेल सहित चार पांच गांवों के दर्जनों कृषक उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण से पूर्व पदोन्नति आवश्यक

**नगरी,** 5 मई (देशबन्धु)। संयुक्त शिक्षक संघ जिला धमतरी के संयोजक लोमश साहू ने शासन की युक्ति युक्त करण की प्रक्रिया से पूर्व पदोन्नति की आवश्यकता की मांग करते हुए आदिवासी विकास खंड नगरी में माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति ना होना आदिवासी विकासखंड केलिए दुर्भाग्य पूर्ण बताया है। छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में प्रधान पाठक माध्यमिक शाला का पदोन्नति पूर्ण हो चुका है लेकिन रायपुर संभाग में आज पर्यंतक पदोन्नति नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे संस्था, बच्चे पढ़ाई, सभी प्रभावित हो रहे हैं। अतिशेष शिक्षक की व्यवस्था एवं युक्ति युक्तकरण किया जाना उचित है ।

## 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नवंबर लगवाना अनिवार्य मोबाइल नंबर अपडेट की प्रक्रिया जारी

**बेमेतरा** 5 मई 2025/- जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन स्वामियों कहा है कि 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट हाई सिक्यूरिटी लगवाना अनिवार्य किया गया है। हाई सिक्यूरिटी हेतु वाहन स्वामी परिवहन विभाग की वेबसाइट https://cgtransport.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं। जिला परिवहन कार्यालय, बेमेतरा में पंजीकृत ऐसे वाहन स्वामी जिनके मोबाइल नंबर वाहन पोर्टल में अपडेट नहीं हैं, उनसे अपील की जाती है कि वे निम्नानुसार आवश्यक दस्तावेज व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर मोबाइल नंबर अपडेट करवाए- जिला परिवहन अधिकारी, बेमेतरा के नाम आवेदन पत्र,आधार कार्ड की स्वसत्यापित प्रति और वाहन क्रमांक अंकित रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (ऋष्ट) की स्वसत्यापित प्रति उपरोक्त दस्तावेजों को एक ही पीडीएफ फॉर्मेट में तैयार कर व्हाट्सएप नंबर 9826196593 पर कार्यालयीन समय में (प्रातः 10-30 बजे से सायं 4-00 बजे तक) भेजें।

# मारूटोला कला में पुल निर्माण को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### क्षतिग्रस्त हुए पुल के कारण ग्रामीणों को आवागमन में हो रही लगातार परेशानी

**खैरागढ़,** 5 मई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मारूटोला कला स्थित है। मारुटोला कला की मेन रोड पर नदी मौजूद है। विगत दिनों देशबन्धु अखबार में ग्राम मारुटोला कला की क्षतिग्रस्त हुए पुल की प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। खैरागढ़ के स्टेट हाइवे मार्ग से ग्राम मारूटोला कला को जोड़ने वाली रपटा नदी के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। माह भर बाद बरसात का मौसम लगने वाला है ऐसे में नदी में पानी का बहाव तेज होने के बाद क्षतिग्रस्त पुल के कारण ग्रामीणों की परेशानी और अधिक बढ़ जाएगी। ग्रामवासियों की समस्या को देखते हुए पांडादाह के भाजपा मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द पुल निर्माण की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि ग्राम मारूटोला कला से जिला मुख्यालय खैरागढ़, थाना छुईखदान मिडिल स्कूल पिपरिया, हाईस्कूल कांचरी एवं खैरागढ़ तहसील आफिस जाने का एक ही मार्ग है, उक्त मार्ग में नदी मौजूद है जिसमें 2003 मे रपटा का निर्माण किया गया था लेकिन लगातार बाढ़ कि वजह से नदी मे बना रपटा पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है और जान माल की हानि हो सकती है। उन्होंने मांग की है कि गांव की सुविधा को देखते हुए जल्द से जल्द पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए।




# राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भटगांव में किया एसडीएम लिंक कोर्ट का लोकार्पण



**बिलाईगढ़,** 5 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार में मांग पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ का नगर पंचायत भटगांव में राजस्व एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में लिंक कोर्ट भटगांव सरसीवा का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने कहा कि एसडीएम लिंक कोर्ट से किसानों सहित आम नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक बिलाईगढ़ कविता लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, जिला पंचायत सदस्यगण, ज्योति पटेल, सुभाष जालान, मनोज जायसवाल, अनुपमा केशरवानी कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय, एसडीएम बिलाईगढ़ वर्षा बंसल आदि उपस्थित थे।

## बल्दीडीह के रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**पिथौरा,** 5 मई। पिथौरा विकासखंड के ग्राम बल्दीडीह (सॉकरा जोक) में आयोजित रामायण कार्यक्रम पुर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव सहित कौशल रोहिल्ला अध्यक्ष युवा कांग्रेस बसना, जसपाल ध्रुव, हराधन प्रधान ,महेस सिन्हा, रुखमन डड़सेना, मेहत्तर बरिहा सोनू कुरुमा डीह प्रमुख रूप से सामिल हुए।



## निधन

### श्रीमती शांतिबाई सोनी



**महासमुंद,** 5 मई। स्थानीय कुर्मीपारा वार्ड नंबर 17 निवासी श्रीमती शांतिबाई सोनी 82 वर्ष का सोमवार 5 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधा में किया गया। वे व्यास नारायण सोनी की माता, मयंक सोनी की दादी एवं विराट व हार्दिक की परदादी थी।

### श्रीमती ए. सरस्वती



**कुम्हारी,** 5 मई। वार्ड क्रमांक 15 आरटीआर बी-3, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुम्हारी निवासी श्रीमती ए. सरस्वती का आकस्मिक निधन रविवार की रात्रि 8.30 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को खारुन नदी तट के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# युक्तिकरण नीति का छग विद्यालियन शिक्षक कर्मचारी संघ ने किया विरोध

**पलारी,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विद्यालियन शिक्षक कर्मचारी संघ पलारी ने राज्य सरकार की न ई युक्तिकरण नीति का तीव्र विरोध करते हुए इसे शिक्षकिय संरचना के लिए हानिकारक बताया है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने जारी बयान में कहा है कि सरकार एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर कक्षा एवं विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति की बजाय मात्र छात्र संख्या के आधार पर युक्तिकरण लागू कर रही है जो अव्यवहारिक है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020के अनुसार अब बालवाड़ी कक्षाओं को भी प्राथमिक विद्यालयों में जोड़ा गया है लेकिन युक्तिकरण प्रकिया में इसका कोई उल्लेख या व्यवस्था नहीं की गई है श्री तिवारी ने इसे शालाओं को केवल मध्यान्ह भोजन वितरण केन्द्रों मे बदलने की प्रयास बताया, उन्होंने सवाल उठाया कि 60 विद्यार्थियों पर केवल एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक से कैसे पांच कक्षाओं और पांच विषयों की संचालन संभव होगा। संघ के पदाधिकारी रमेश वर्मा, छबि श्याम वर्मा, उमाशंकर वर्मा, अरविंद कुमार चन्द्रवंशी, ओमप्रकाश कुर्रे, कमलेश कुमार यदु, मोतीलाल वर्मा,शोभा ईराम लहरी,टैकराम वर्मा, बेदराम बांधे,गिरीश वर्मा, बाबू लाल साहू,आदि ने भी इस निति का विरोध करते हुए तत्काल प्रभाव से युक्तिकरण को स्थगित करने, प्रमोशन देने, एवं केन्द्र के समान 55प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की मांग की है। विद्यालियन शिक्षक संघ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

# पेयजल समस्या को लेकर नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग को लिखा पत्र



**बागबाहरा,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर में बढ़ते जल समस्या को लेकर श्रीमती खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष बागबाहरा ने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग महासमुंद अजय खरे को पत्राचार किया है। नपाध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी छोटू बघेल ने बताया कि विगत 15 साल से नगर पालिका क्षेत्र में पानी की समस्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। लगातार भूजल स्तर नीचे चला गया है। नगर में लगे सरकारी हैंडपंप एवं नलकूप सूखने के कगार पर पहुंच चुके हैं। ऐसे में नगरवासियों को पानी के लिए त्राही-त्राही होना पड़ रहा हैं। नगर पालिका परिषद बागबाहरा की वर्तमान जनसंख्या 26 हज़ार से ऊपर है। नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा जल आवर्धन योजना को नलकूप के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्रीष्मकाल में नलकूपों का जल स्तर अत्यंत नीचे चले जाने के कारण प्रतिवर्ष पेयजल आपूर्ति किया जाना संभव नही है। निकाय के आस-पास महज पांच कि.मी. की दूरी पर चण्डी बांध, साथ ही 20 किमी की दूरी पर चरौदा बांध एवं 30 किमी की दूरी पर कोडार बांध स्थित है। इन तीनो बांधों पर पूरे वर्ष भर पानी भरा रहता है। अतः आम नागरिको के सुदृढ पेयजल व्यवस्था हेतु अमृत मिशन 2.0 के तहत् तीनों बांधों में से किसी एक बांध से पानी उपलब्धता के अनुसार पेयजल आपूर्ति हेतु चिन्हांकित कर बागबाहरा नगर पालिका को जल समस्या से निजात दिलाने की पहल किया जाए। ताकि भीषण गर्मी में नगरवासियो को पेयजल के लिए भुगतना न पड़े।

# अवैध लकड़ी परिवहन ने बछड़े को मारी टक्कर, मौत



**परपोड़ी,** 5 मई (देशबन्धु)। सोमवार शाम 5 बजे नगर पंचायत परपोड़ी में एक अत्यंत दुःखद एवं मर्मस्पर्शी घटना घटित हुई, जहां अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन कर रही एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने एक गौवंश के नन्हे बछड़े को भीषण टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। मृत बछड़े की मां अत्यंत व्याकुल होकर रंभा रही थी और अन्य गौवंश भी उसके आजू-बाजू मंडराते रहे, मानो अपनी संवेदना व्यक्त कर रहे हों। यह दृश्य इतना करुण था कि वहां उपस्थित हर व्यक्ति की आंखें भर आईं। यह घटना दर्शाती है कि ममता केवल मनुष्यों में ही नहीं, पशुओं में भी उतनी ही गहन और सजीव होती है। इस गंभीर दुर्घटना के बावजूद प्रशासन की चुप्पी और निष्क्रियता अत्यंत निंदनीय है। परपोड़ी क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से लकड़ियों की तस्करी हो रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया है। इसी लापरवाही का परिणाम है कि ऐसे दुःखद हादसे सामने आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अवैध परिवहन पर रोक लगाने, दोषियों की शीघ्र पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। यदि शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो यह न केवल कानून व्यवस्था की विफलता होगी, बल्कि समाज में असंवेदनशीलता को भी बढ़ावा देगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक ने आयुक्त साथ ...

विकास कुल प्राप्त आवेदन 20 निराकरण 20 किया गया। पशुधन विकास विभाग निरंकएआदिमजाति विकास विभाग निरंक, श्रम विभाग प्राप्त आवेदन 25 निराकृत 25, इसके अलावा समाज कल्याण विभाग प्राप्त आवेदन 4 निराकृत 4, कृषि विभाग आवदेन 1 निराकृत 1 सहित आबकारी विभाग प्राप्त आवेदन 2 वार्ड 56 बघेरा निराकृत 2, लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग क्रमांक 1 दुर्ग प्राप्त आवेदन 71 निराकृत 71 किया गया।( सीएसपीडीसीएल) बिजली विभाग कुल शिकायत 32 निराकृत 31 शेष 1, कुल मांग 108 निराकृत 108 शेष शून्य है। समाधान शिविर के अवसर पार्षद गोविंद देवांगन, गुलाब वर्मा, मनीष कोठारी, खालिक रिजवी, जिंतेंद्र ताम्रकर सहित कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता गिरीश दिवान, संजय ठाकुर, राजेंद्र ढाबाले, हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, आरके बोरकर, अनिल सिंह, संजय मिश्रा, ईश्वर वर्मा, अभ्युदय मिश्रा, शशिकांत यादव, महिला बाल विकास अधिकारी अनिता सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

### पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में ...

विधिक योजनाओं तथा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम 2007 की जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही वृद्धजनों को प्राप्त सुविधाओं, उनकी देखभाल तथा उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत आनकारी ली गयी। इसके अतिरिक्त वृद्धजनों की जिज्ञासाओं का संतोषप्रद उत्तर देकर समाधान किया गया।

### चौथे दिन भी निगम अमले ने ...

नाली के स्लेब तोड़े गये। इन अतिक्रमणों के हट जाने से अब तक जिन बाजारों की सड़कें नालियों की तरह नजर आ रही थी आज लोगों ने वर्षो बाद इन्हें सही शक्ल में देखा। सड़के चौड़ी हो जाने से यहां आसपास के निवासियों ने भी राहत की श्वांस महसूस ली। व्यापारियों ने शुरू अब अतिक्रमण हटाये जाने का कड़ा विरोध किया। कतिपय व्यापारियों में से कतिपय लोगों ने विधायक पूर्व विधायक, पूर्व महापौर को इस कार्य में हस्तक्षेप कर तोड़ फोड़ को रूकवाने की गरज से मोबाईल पर बात करने की कोशिश की थी मगर न ही फोन उठाया। किसी ने फोन भी किसी अधिकारियों से चर्चा भी की मगर अधिकारियों ने किसी का भी फोन रिसीव्ह नहीं की। नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता विभिन्न बाजारों व मार्गो में पहुंचकर इस प्रकार माहौल बना रहा है कि लोग स्वयं होकर अतिक्रमण हटाने लगते है। पूरे कार्यक्रम के दौरान बाजार अधिकारी शुभम गोईर माईक पर लोगों में समझाते व चेतावनी भी देते रहे। आज भी उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वे लोग मौके पर से कचरा व दूकानों के ढांचे भी हटा लें अन्यथा सामान जब्त कर लिये जायेगें।

### गोस्वामी समाज ने मनाई ...

सनातन का सुरक्षित रह पाना असंभव था। आज उनकी जयंती पर संपूर्ण भारत में स्थित सनातन धर्म की सुरक्षा भगवान शंकराचार्य ने किया। विशेष अतिथि विवेक गिरी ने कहा कि भगवान आद्य शंकराचार्य के अवतरण के समय भी धर्म की हानि हो रही थी और सनातन का अस्तित्व को समाप्त किए जाने का प्रयास किया जा रहा था। जिसे सुरक्षित रखने के लिए भगवान शंकर ने स्वयं शंकराचार्य के रूप में अवतार लिया और सनातन की छवि को सुरक्षा प्रदान की। सनातन रहेगा तो पूरा विश्व सुरक्षित रहेगा। श्रीमती मीनल चौबे नगर निगम रायपुर के महापौर कार्यक्रम में उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि सनातन दशनाम गोस्वामी समाज की इस भव्य आयोजन की सराहना की। इस आयोजन में उपस्थित होकर बहुत ही खुशी हुई। महंत सुरेंद्र पुरी गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता एवं बहनों ने इतनी भारी संख्या में वास्तव में आद्य गुरु शंकराचार्य जी का हम प्रगट दिवस मनाते हैं। यह एक छोटा सा कार्यक्रम नहीं है। यह सनातन धर्म का मूल उत्सव है। एकमात्र प्रणेता आधुनिक युग में हुए हैं आद्य शंकराचार्य हुए हैं। इसमें यदि उपनिषद के भाष्य नहीं होते, गीता के भाष्य नहीं होता तो उनके गुण रहस्यों को को सनातन धर्म तक कैसे आता। एक 13 वर्ष का बालक कालड़ी (केरल) से चलता है और बद्री आश्रम तक जाता है और तीन बार जाता है। उस समय 72 पंथ द 72 मत थे। अपने तर्कों से परास्त करता है इसका सीधा सा मतलब है कि सनातन धर्म एवं तर्क प्रतिष्ठित धर्म है। तर्क की कसौटियां से कसा हुआ धर्म है और जिस समय धर्म व विज्ञान अलग-अलग नहीं थे। विज्ञान की उत्पत्ति धर्म से होती थी। आज कहा जाता है कि धर्म में मत विज्ञान की उत्पत्ति सनातन से हुई है। महंत हरभूषण गिरि, महंत विनोद पुरी, महंत चिंतामणि ने भी जयंती उत्सव में अपने उद्बोधन दिया। प्रदेश अध्यक्ष मोहनपुरी की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों एवं समाज के अच्छे अंक पाने वाले विद्यार्थियों एवं अतिथियों का सम्मान भी हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महंत सुरेंद्रपुरी गोस्वामी, महंत हरभूषण गिरी, महंत विनोद पुरी, महंत चिंतामणि गिरी, महंत कुमार गिरी, महंत अखिलेन्द्र पुरी, लिलारपुरी, संरक्षक प्रभाकर कृष्ण बन, रायपुर अध्यक्ष वेदपुरी, योगेंद्र पुरी, संजय गिरी, राजेंद्र पुरी, सुधीर बन, प्रीतम गिरी, चित्र सेन गिरी, कुबेर प्रकाश गिरी, कमल पुरी, कपिल पुरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पुरी, दीपक बन, दत्तजैन पुरी, नीलम बन, अश्विनी बन, अवनीश गिरी, अशोक पुरी गोस्वामी, सुशील पुरी गोस्वामी, रेखा राजपुरी, किशोर पुरी, मनोज पुरी, राधा गोस्वामी, सीमा गोस्वामी, मधु गोस्वामी, हीरा गोस्वामी, ममता गोस्वामी, रंजीत गोस्वामी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार: तेजराम को मिला ...

द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा उन्हें एक मजबूत और आरामदायक छड़ी उपलब्ध कराई गई। यह छड़ी उनके लिए सिर्फ़ एक उपकरण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान का प्रतीक बनी। जब तेजराम ने पहली बार छड़ी के सहारे कदम बढ़ाए, तो उनके चेहरे पर संतुष्टि और खुशी की मुस्कान थी। उन्होंने कहा, च्मैं सोच भी नहीं सकता था कि मेरी इतनी छोटी-सी बात को सरकार इतनी गंभीरता से लेगी। अब मैं गाँव में आसानी से घूम-फिर सकता हूँ। इस मदद के लिए तेजराम साहू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें दिल से आशीर्वाद दिया।

### दुर्ग जिला मिनी सब जूनियर शतरंज ...

प्रदान किया गया। तथा सभी वर्ग के भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि निधि शर्मा ने विजेता खिलाडि़यों एवं भाग लेने वाले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपमें से कोई विश्वनाथ आनंदए डी गुकेश जैसा मुकाम हासिल करे यही मेरी शुभकामनाएं है। समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाडि़यों से कहा कि खेल में हार जीत लगे रहती है। हार से मायूस न होकर खिलाड़ी इससे प्रेरणा लेकर आगे अपने प्रदर्शन में सुधार लाए। विशेष अतिथि डॉ रौनक जमाल ने भी भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा आयोजन की सराहना की। उपस्थित अतिथियों का स्वागत संघ के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, अनिल शर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, त्रिलोक सोनी, शेख लतीफमोहन सिन्हा ने किया। टूर्नामेंट में अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े चीफआर्बिटर एवं फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन डिप्टी चीफआर्बिटर थे। सहायक आर्बिटर के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा, शेख लतीफ़ विक्रम सिंह, आशुतोष चावर, चंदन विश्वकर्मा थे। कार्यक्रम का संचालन जिला शतरंज संघ के सचिव तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

# बिलाईगढ़ में 30 दिवसीय समर कैंप का आयोजन



**बिलाईगढ़** 5 मई (देशबंधु)। विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ में प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी पीएलसी बिलाईगढ़ द्वारा ग्रीष्मावकाश में समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप में अभी तक 52 विद्यार्थी पंजीकृत होकर के विभिन्न गतिविधि सीख रहे हैं। पीएलसी हेड एवं समर कैंप संचालक महेत्तर लाल देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष पीएलसी द्वारा समर कैंप का संचालन किया जाता है इसी के तहत इस वर्ष भी समर कैंप का संचालन विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ के देवांगन सामुदायिक भवन में संचालित किया जा रहा है । इस समर कैंप में स्पोकन इंग्लिश के अलावा वैदिक गणित ,चित्रकला, पेपर क्राफ्ट,नृत्य, मुखौटा निर्माण साहित्यिक गतिविधि कहानी कविता निबंध लेखन, रंगोली ,मेहंदी आदि का आयोजन किया गया है इसके साथ ही शासन के महत्वाकांक्षी योजना अंगना म शिक्षा एवं एफ एल एन आधारित गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। इस समर कैंप में प्रति दिवस 1 घंटे का स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं उड़ीसा के शिक्षक शेष देव प्रधान द्वारा लिया जा रहा है। महेत्तर लाल देवांगन द्वारा गणित, विनोद डडसेना द्वारा पेपर क्राफ्ट खिलौना निर्माण, गंगाराम मांझी द्वारा चित्रकला, लोकनाथ तांडेय द्वारा कहानी कविता निबंध लेखन, महादेव जायसवाल और हेमंत साहू द्वारा एफ एल एन एवं अन्य गतिविधियां कराया जा रहा है। बिलाईगढ़ में आयोजित समर कैंप की सराहना पूरे नगर वासी के साथ साथ एवं अन्य अधिकारी ,जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रहीं है।

# खाद्य मंत्री बघेल पहुंचे खेड़ा समाधान शिविर 2641 आवेदनों का हुआ गुणवत्तापूर्ण निराकरण

■ किसानों को किताब, बुजुर्गों को कार्ड, बच्चों को सम्मान पत्र वितरित



**बेमेतरा,** 5 मई (देशबन्धु)। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आज नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खेड़ा में आयोजित समाधान शिविर में शिरकत की। यह शिविर छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार-2025 के तीसरे चरण के तहत लगाया गया। जिले के तीन जनपद पंचायत — बेरला, साजा और नवागढ़ — के क्रमश: सिगदेही, कन्हेरा और खेड़ा ग्राम पंचायतों में एक साथ समाधान शिविरों का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत खेड़ा में आयोजित शिविर में खेड़ा सहित कुल 13 ग्राम पंचायतों — घोरहा, पुटपुरा, बुंदेला, बिनैका, जेवरा एस., अधियारखोर एस, रमपुरा, खटई, बोटेबोड, गनियारी, बेवरा और अमोरा — की समस्याएं सुनी गईं। इन पंचायतों से कुल 2,641 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया गया।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, च्आपकी सरकार और जिला प्रशासन अब आपके द्वार पर आकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहा है। आपके द्वारा दिए गए आवेदनों की स्थिति की जानकारी भी यहीं पढ़ कर सुनाई जा रही है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।ज् उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ताओं को शिविर में उपस्थित रहकर यह देखना चाहिए कि उनके आवेदन पर क्या कार्यवाही हुई है।

इस अवसर पर मंत्री बघेल ने ग्राम के दो किसानों जितेंद्र वर्मा और प्रीतम वर्मा को किसान किताब, बुजुर्गों को वायवंदन कार्ड, पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के प्रमाण पत्र, नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत सामग्री और मछुआरों को मछली जाल वितरित किए। साथ ही कक्षा 9वीं और 11वीं के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर उनका सम्मान किया।

शिविर में कलेक्टर रणबीर शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोटाई, जनप्रतिनिधि अजय साहू, ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्रामीणजन और जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री बघेल ने शिविर के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि, च्समाधान शिविर में अधिकारी पूरी तैयारी के साथ आएं। अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी विस्तार से दें और यह भी स्पष्ट करें कि आमजन उन योजनाओं का लाभ कैसे ले सकते हैं। अधूरी जानकारी देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ज्

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक संपन्न हुआ, जिसमें समाधान पेटियों के माध्यम से कुल 1,40,780 आवेदन प्राप्त हुए। दूसरे चरण के तहत अब तक 99,000 से अधिक आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा चुका है। जिले में सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आए हैं — लगभग 90,000 में से 22,000 आवास स्वीकृत हो चुके हैं और 50,000 का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। स्वच्छता मिशन, पेंशन, बिजली कनेक्शन, राशन कार्ड, भूमि सीमांकन और फौती के मामलों का भी शत-प्रतिशत निराकरण किया जा चुका है।

मंत्री बघेल ने अंत में कहा, च्यह समाधान शिविर केवल समस्याओं के निराकरण का मंच नहीं, बल्कि शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम भी है। हमारी सरकार हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 15वें वित्त की राशि सभी जिला पंचायत क्षेत्र में वितरित की जाए: आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा,** 5 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला पंचायत सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल बेमेतरा जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा से मुलाकात कर उन्हें बेमेतरा जिला पंचायत मैं चल रहे पार्टी वादी भाजपा के षड्यंत्र से अवगत कराते हुए कहा कि जिला पंचायत को प्राप्त हुई 15वीं वित्त की राशि को भाजपा समर्थित सदस्य गण मात्र अपने जिला पंचायत क्षेत्र में लगाना चाह रहे हैं जबकि उपरोक्त राशि पूरे बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र के लिए दी गई है ऐसे में 15वें वित्त की राशि का वितरण पूरे बेमेतरा जिले में समान रूप से किया जाए जिससे बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र का विकास उत्तरोत्तर हो सके किंतु भाजपा के लोग षडयंत्र पूर्वक उक्त राशि को केवल भाजपा समर्थित जिला पंचायत क्षेत्र में ही खर्च करने के लिए गुणा भाग करने में लगे हुए हैं इसके संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कलेक्टर को मामले की जानकारी देते हुए अवगत कराते हुए कहा कि अगर 15वें वित्त की राशि का समान रूप से वितरण नहीं किया गया तो कांग्रेस संबंध में बड़ा जन आंदोलन करेगी जिला कलेक्टर से मिलने वाले प्रतिनिधि जनों में श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा श्रीमती सुशीला जोशी सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा जोगिंदर छाबड़ा मिथिलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा देवा गर्ग सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।




# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद कर मानवता की मिसाल पेश की विधायक दीपेश साहू

**बेमेतरा,** 5 मई (देशबन्धु)। आज बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू ने एक बार फिर अपने कर्तव्यों और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मानवता की मिसाल पेश की। ग्राम सिंगदेही मे आयोजित समाधान शिविर से लौटते समय विधायक दीपेश साहू बेरला की ओर जा रहे थे। इस दौरान सोरला मोड़ के पास एक अज्ञात व्यक्ति सड़क हादसे में पुलिया के नीचे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला।



घटना को देखकर विधायक साहू ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और बिना विलंब किए घायल व्यक्ति को अपने फॉलो वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बेरला भिजवाया। उन्होंने मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों से संपर्क कर तत्काल व उचित इलाज के निर्देश भी दिए।

विधायक साहू ने घटना पर संवेदना जताते हुए कहा जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। घायल व्यक्ति की मददकरना मेरा फर्ज था, और मैं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि सड़क पर कोई भी व्यक्ति संकट में हो तो उसकी मदद के लिए हम सबसे पहले खड़े हों। मैं जनता से भी अपील करता हूं कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और मानवता के इस धर्म को निभाएं।

# समाधान शिविर में विधायक ने कहा: सरकार बदल गई अधिकारी नहीं बदले

**थानखम्हरिया,** 5 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम कन्हेरा में आयोजित समाधान शिविर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू, भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, गोविंद पटेल जिला पंचायत सभापति, श्रीदेवी परमेश्वर वर्मा जिला पंचायत सभापति, जितेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत साजा, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, बसंत साहू जनपद सदस्य, लोकु वर्मा अध्यक्ष सहकारी समिति कन्हेरा उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू के द्वारा समाधान शिविर में अधिकारियों को हिदायद दी गई। जनता को ग्रामीणों को घुमाना फिरा आना बंद करें। ग्राम पंचायत कन्हेरा लगभग 10 ग्राम पंचायत को शिविर में आमंत्रित किया गया था। लेकिन चार पंचायत के लोग पहुंचे थे। शिविर में 23 विभाग का स्टाल लगा हुआ था। विधायक ईश्वर साहू व जनप्रतिनिधि प्रत्येक स्टाल में पहुंचकर हाल-चाल जाना। समस्याओं से अवगत हुए। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने संबोधित किया। संबोधन में आपने कहा, विष्णु देव की सरकार ईश्वर साहू की सरकार है। यहां पर जनता की समस्याओं का निदान होगा। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा, हमारे विधायक को हल्के में मत लेना। उनकी सीधेपन का नाजायज फायदा नहीं उठाना। नहीं तो आप लोगों को गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।






और कार्यक्रम के अव्यवस्था को भी लेकर नाराजगी व्यक्ति की गई। और जनता से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे शिविरों में जुड़ने के लिए अपील की गई। उसके पश्चात विधायक साजा ईश्वर साहू ने सीईओ टेकचंद अग्रवाल को फटकार लगाई। रविन्द्र चौबे की चापलूसी करने को मना किया। सरकार के हिसाब से चलने की हिदायत दी। कार्यकर्ताओं का काम करने की बात कही। 23 विभाग शिविर के हिसाब से उपस्थित कम रही। व लोगों में समस्याओं को लेकर उत्साह में कमी देखी गई।विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने कई गांव का दौरा किया। जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों से मुलाकात की। लोगों ने पीने का पानी सिंचाई सड़क और नाली जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन विधायक को सौंपे। विधायक ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया। कुछ मामलों में अधिकारियों को जल्द समाधान का निर्देश दिया। विधायक ने कहा, जनता ने उन्हें विधानसभा भेजा है। तो उनकी समस्याओं का समाधान करना उनका संकल्प हैं। आगे आपने कहा, बेझिझक अपनी बात रखे। लोग भी जाकर अपनी बात रखें समाधान करना उनका काम है ।आगे विधायक ने आयोजित किया जा रहे हैं। समाधान शिविर के प्रति अपने जिम्मेदारी का निर्वाह करें। व आम जनता की समस्याओं को लटकाये नहीं। तुरंत उसका समाधान करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तहसीलदार के आर वासनिक, संबंधित विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। बसंत साहू जनपद सदस्य, लोकूराम अध्यक्ष सहकारी समिति कन्हेरा, रामावतार सिंह राजपूत अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कुरूद, राजेंद्र गुप्ता पंच समुन्दवारा, युवराज साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सेगोना, गणपत दुबे, दौलत नाथ योगी, आदर्श जोशी, अश्वनी पटेल, नरोत्तम चंद्राकर, रविंद्र चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि रोहित पटेल, अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

■ पालिकाध्यक्ष प्रतिभा चौधरी रहे मुख्य अतिथि

**बालोद,** 5 मई (देशबन्धु)। घनश्याम सिंह गुप्त शासकीय महाविद्यालय बालोद में स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया जिसमें अतिथि के रूप में नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष तोमन साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष नपा सभापति राजू पटेल, वार्ड 15 के पार्षद आदिवासी नेता गोकुल ठाकुर, समाज सेवा करने वाले सुरेश निर्मलकर व अन्य अतिथियों ने शिरकत की। जिसमें अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता और सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया स्वागत के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य श्री खलखो सर ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रेडक्रॉस के प्रदेश अध्यक्ष तोमन साहू ने अपनी बात रखते हुए पुरानी यादों को याद किया। कॉलेज के इतिहास के बारे में जानकारी दी विद्यार्थियों से कहां की आप अपने जीवन का स्वर्णिम काल जो इस महाविद्यालय में दे रहे हैं उसमें अपना शत प्रतिशत दें क्योंकि यह समय दोबारा नहीं आता है और यहां से आप अपना भविष्य तय करने वाले है। जनभागीदारी के अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विगत दिनों जो बैठक जनभागीदारी की हुई थी उसमें कॉलेज के हित को ध्यान में रखते हुए बहुत सारे विषयों पर सहमति बनी है आने वाले समय में कॉलेज के विकास के लिए काम किया जाएगा कॉलेज के लिए विभिन्न मांगों को रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष से निवेदन चोपड़ा ने किया। जिन विद्यार्थियों का सम्मान हो रहा है उन्हें बहुत.बहुत बधाई दी नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि आज अपने वह दिन याद आ गए जब हम भी कॉलेज में पढ़ते थे मैं विद्यार्थियों से एक बात कहना चाहूंगी आप अपने जीवन में कोई भी क्षेत्र को चुने उसके लिए तन्मयता से अपना मन लगाकर कार्य करें तभी आपका भविष्य उज्जवल होगा और आपके माता.पिता को आप पर गर्व होगा क्योंकि आप बालोद के प्रदेश के और देश के भविष्य हो आज जो मांगे मेरे समक्ष जनभागीदारी अध्यक्ष भाई अमित ने रखी है इस कॉलेज के लिए आने वाले कुछ दिनों में सारी मांगों को पूर्ण किया जाएगा। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष राजू पटेल ने महाविद्यालय को वाटर फिल्टर देने की घोषणा की। अतिथियों के उद्बोधन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ अंत में आभार प्रदर्शन छात्र संघ प्रभारी मानकर सर ने किया उन्होंने सभी अतिथियों को उपस्थित जनों को अपना मूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। आभार स्वरूप अतिथियों को प्रतीक चिन्ह दिया गया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि गण जनभागीदारी के सदस्य गण, नागरिक गण, पालक गण सहित पूरा महाविद्यालय परिवार विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# श्रीरामहर्षण कुंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा जानकी प्रकटोत्सव



**थानखम्हरिया,** 5 मई (देशबन्धु)। श्रीरामहर्षण कुंज साजा में 6 मई को सुबह 10.30 बजे से जानकी प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर श्री प्रेम रामायण का संगीतमय पाठ, भजन - कीर्तन, जानकी जन्मोत्सव के पदों का गायन, सोहर गायन होगा न्यौछावरी लुटायी जायेगी। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव आरती होगी पश्चात् प्रसादी होगी। महंत श्री वैष्णवदास जी ने श्रद्धालु भक्तों से आग्रह किया है कि प्रभु श्री राम की नित्य लीला सहचरी, त्याग, प्रेम, धैर्य, करूणा की प्रतिमूर्ति मॉ जानकी के प्रकटोत्सव में अवश्य सम्मिलित हों।

# मंत्री केदार कश्यप ने रामजानकी दास महात्यागी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर संत बालकदास से लिया आशीर्वाद



**बालोद,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप अपने एकदिवसीय दौरे पर रविवार को बालोद जिला पहुंचे। इस दौरान मंत्री कश्यप शाम तक चले दौरे में अलग अलग जगहों पर पहुंचे। वही बालोद जिले के डौंडीलोहारा ब्लाक के जामड़ी पाटेश्वर धाम में बन रहे नवनिर्माधिन माता कौशल्या एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पर मंदिर के निर्माण कार्यों को देखे और राम बालक दास महात्यागी से आशीर्वाद लिए। इन दौरान मंत्री केदार ने रामजानकी दास महात्यागी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कि। वही बाबा बालक नाथ से आशीर्वाद लिया। इस दौरान निर्माधिन मंदिर का निरीक्षण कर बन रहे मंदिर की तारीफ करते हुए कहा कि इतना भव्य सुंदर मन्दिर का निर्माण छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी बात है। हिन्दू संतान धर्म आस्था का प्रतीक बनेगा ये कौशल्या धाम मन्दिर मंदिर की भव्यता और आकर्षण से लोगो की आस्था बढ़ेगी। सब के प्रयाश से ये निर्माण जल्द पूरा होगा।

मंत्री केदार कश्यप अपने बालोद जिला दौरे में पाटेश्वर धाम से वापसी के वक्त डौंडी लोहारा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास पर पहुंचे। जहां पर मंत्री केदार कश्यप का भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर स्वागत किए और इस दौरान मंत्री कश्यप को छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत ष्अरपा पैरी के धारष् वाले फोटो फ्रेम संप्रेम भेंट किया गया। इस स्वागत में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, डौंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, हरीश कटझरे, जिला पंचायत पूर्व सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, देवेंद्र जायसवाल, जसराज शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# सहकार भारती संस्था के जिला प्रमुख बने: नरेंद्र सोनी

**खैरागढ़,** 5 मई (देशबन्धु)। सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है जिसके परिप्रेक्ष्य मे छत्तीसगढ़ सरकार के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के निर्देशन मे सहकर भारती संस्था द्वारा राज्य, सम्भाग, जिला, खंड तथा ग्राम स्तर पर सहकारी संस्था का गठन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य लोगों मे आपसी सहयोग या मिल जुलकर काम करने की भावना विकसित करना है। सहकारिता आंदोलन को गति प्रदान करने सहकार भारती छत्तीसगढ़ राज्य के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चन्द्रवंशी, राजेश ताम्रकार विभाग संघ चालक राजनंदगांव तथा कमलेश कुमार देवांगन जिला केसीजी प्रभारी ने शनिवार 3 मई को खैरागढ़ मे बैठक ली। बैठक मे सहकारिता आंदोलन के सम्बध मे राधेश्याम चन्द्रवंशी ने सहकारिता का शाब्दिक अर्थ बताते हुए कहा कि सहकारिता का मतलब मिल जुलकर कार्य करना तथा एक साथ काम करना। सहकारिता आंदोलन का उद्देश्य ऐसे हित समूहों को संगठित कर उनका समिति बनाकर विविध स्तर पर उनकी उत्पादक गतिविधियों को बढ़ाना है तथा जन साधरण को साहुकारों, बिचोलियो के शोषण से बचाना है। उनकी पारस्परिक सहयोग पर आधारित सामूहिक, आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित कर उनका आर्थिक विकास सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है। राजेश ताम्रकार ने कहा कि सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्वक मिल जुलकर समान स्तर पर सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक हितों की वृद्धि करना है। ज्ञात हो कि हाल ही मे भारत सरकार ने एक अलग से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है जिसके केबिनेट मंत्री अमित शाह है तथा उनके सहयोग के लिए कृष्ण पाल एवं मुरलीधरण मोहोल सहकारिता राज्य मंत्री बनाये गए है। बैठक मे सहकारिता छत्तीसगढ़ मे आंदोलन को गति प्रदान करते हुए जिला प्रमुख का दायित्व नरेंद्र सोनी, जिला सहायक का दायित्व हेमू साहू कुम्ही को दिया गया है। इसी तरह महिला जिला प्रमुख का दायित्व पिंकी ठाकुर दाऊचौरा खैरागढ़ को दिया गया है। विकासखण्ड का दायित्व सुभाष सिंह खमतराई, तथा महिला खण्ड प्रमुख का दायित्व तान्या सिंह राजपूत को दिया गया है। कार्यकारिणी मे फिरतु राम वर्मा सुरेश सिंह अधिवक्ता, संदीप दास वैष्णव अधिवक्ता, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र राव, अभिषेक, चन्द्रशेखर सोनी, डॉ कमलेश्वर सिंह, योगेंद्र कर्महे को शामिल किया गया है। अंत मे जिला खैरागढ़ छूईखदान गण्डई के सहकारिता आंदोलन के जिला प्रभारी कमलेश कुमार देवांगन ने उपस्थित सभी सदस्यों को नई ऊर्जा के साथ मिलजुलकर गाव मे सहकारी समिति का गठन करना है तथा उनमें सहकारिता की भावना का संचार करना है।



■ सहकारिता को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य

# कलेक्टर ने किया प्रधानपाठ बैराज का निरीक्षण, शीघ्र मरम्मत के दिए निर्देश



**खैरागढ़,** 5 मई (देशबन्धु)। ब्लॉक के ग्राम लछना स्थित प्रधानपाठ बैराज का कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने 5 मई सोमवार को निरीक्षण किया। उन्होंने बैराज की वर्तमान स्थिति, जल संग्रहण क्षमता एवं मरम्मत आवश्यकताओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बैराज के नक्शे के माध्यम से जल प्रवाह के स्त्रोत क्षेत्रों का अवलोकन किया और जल संचयन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र कुमार मरकाम ने जानकारी दी कि बैराज का निर्माण वर्ष 2017 में पूर्ण हुआ था, किंतु वर्ष 2019 में आई बाढ़ के कारण इसके गेट क्षतिग्रस्त हो गए थे। श्री मरकाम ने बताया कि गेटों के सुधार के लिए 711.74 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने वैकल्पिक उपाय के रूप में बल्क गेट की मरम्मत विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, दुर्ग के सहयोग से शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसके तहत जल संसाधन विभाग द्वारा तत्काल दूरभाष पर संबंधित विभाग से संपर्क कर स्थापित किया गया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बैराज से अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ पहुंचे, और जल का उपयोग सिंचाई व निस्तारी दोनों उद्देश्यों के लिए सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बैराज के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले किसान एवं ग्रामीणों को इससे खेती और जल आपूर्ति में बड़ा लाभ मिलेगा, जिससे स्थानीय कृषि उत्पादन और जीवन स्तर में सुधार संभव हो सकेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम (राजस्व) टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम मोहारा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

■ 12 ग्राम पंचायतों से प्राप्त 1379 मांगों एवं 12 शिकायतों का किया गया निराकरण



**राजनांदगांव,** 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत आज जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम मोहारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 ग्राम पंचायत मोहारा, सिवनीकला, बिजनापुर, चैतुखपरी, मुढिया, सहसपुर, पुरैना, खुर्सीपार, सेम्हरा, बिल्हरी, खैरा, रूवातला से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शत-प्रतिशत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया।

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ने वाचन किया। उन्होंने बताया कि 12 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित 488, शौचालय निर्माण से संबंधित 265, राशन कार्ड से संबंधित 109, निर्माण कार्य से संबंधित 96, समाज कल्याण विभाग से संबंधित 177, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 3 एवं रोजगार गारंटी योजना संबंधित 132 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्राप्त 12 शिकायतों का निराकरण कर वाचन किया गया। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा, उपाध्यक्ष श्री हीराराम वर्मा सहित सम्मिलित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, नायब तहसीलदार श्री सतपाल यादव, श्रीमती प्राची लांगे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# शिक्षकों और बच्चों पर अन्याय व शिक्षा पर बाधक नीति है युक्तियुक्तकरण: कांग्रेस

■ 4 हजार स्कूल और 32 हजार पद समाप्त कर निजी स्कूलों को बढ़ावा का खेल: रूपेश दुबे




**राजनांदगांव,** 5 मई (देशबन्धु)। छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छ ग की भाजपा सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था बदहाल है स्वास्थ व्यवस्था दम तोड़ चुकी है वही मुख्यमंत्री के विभाग शिक्षा की व्यवस्था को बिना शिक्षा विदो से चर्चा किए युक्तियुक्तकरण के बेतुके निर्णय लेकर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को बाधित कर निजी स्कूलों के व्यवसाय को बढ़ावा देने का घिनौना खेल खेल रही है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि नई शिक्षा नीति पढ़ने के साथ-साथ सीखने की कला पर फोकस और स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों के विद्यार्थियों को प्रेरित कर उनमें पाठ्यक्रम से और आगे बढ़कर गहन बौद्धिक सोच उत्पन्न करने की निती है प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा आंतरिक योग्यता को विकसित करने के उद्देश्य से यह लागू किया गया है लेकिन युक्तियुक्तकरण नई शिक्षा नीति के विपरीत है इससे यह प्रमाणित होता है कि भाजपा सरकार को शिक्षा से कोई लेना देना नहीं है। प्राथमिक स्तर पर पांच कक्षाएं और चार विषय को पढ़ने के लिए शिक्षकों की आवश्यकता होती है प्रचलित सेटअप के अनुसार एक हेड मास्टर और दो शिक्षक है किंतु युक्तिकरण में इसे एक हेड मास्टर और एक शिक्षक की नीति बनाई गई है जिसके कारण बच्चों को विषय शिक्षा के लाभ से वंचित होना पड़ेगा इसी प्रकार मिडिल स्कूल में 6 से 8 तक की कक्षाएं विषय आधारित होती है 11 से 14 आयु के बच्चों को कौशल विकास कोर्स प्रारंभ की योजना है वर्तमान सेटअप में एक हेड मास्टर और चार शिक्षक हैं लेकिन अब एक हेड मास्टर और तीन शिक्षक की नीति बनाई गई है जबकि मिडिल स्कूल में 6 विषयों का अध्यापन कराया जाता है इसी क्रम में 9 वी से 10 वीं में 6 विषय और 11वीं और 12वीं में विषय विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है। प्रदेश में कुल 20000 से ज्यादा प्राइमरी स्कूल है जहां 1+ 4 से पढ़ाई हो रही है अब एक हेड मास्टर और तीन शिक्षक की नियुक्ति सेटअप करने से एक झटके में 20000 पद समाप्त होने की स्थिति बन गई है वहीं जहां 10 से कम बच्चे हैं उन स्कूलों की संख्या 4 हजार है और ऐसी दशा में इन स्कूलों को बंद कर 12000 पद और कुल मिलाकर 32000 शिक्षकों की पद समाप्त करने की सोची समझी साजिश की योजना है प्रदेश सरकार शिक्षकों के पद रिक्त होने के बाद भर्ती ना कर स्कूल बंद करने पर तुली है वहीं सरकार शराब के लिए ऐप बना नई शराब दुकान खुलवाने पर तुली है इससे यह प्रमाणित होता है कि सरकार राज्य को विकास नहीं विनाश की ओर अग्रसर कर रही है।

## पद्मश्री डॉ बाफना दुबई आमंत्रित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशेष वक्ता

**राजनांदगांव,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ के चिकित्सा विशेषज्ञों में एक मात्र पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना को दुबई में आयोजित हो रहे इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन पीडियाट्रिक्स एंड चाइल्ड हेल्थ में प्रारंभिक सत्र में एक विशेष वक्ता की हैसियत से आमंत्रित किया गया है।वे *रोल ऑफ स्पिरिचुअलिटी इन एडोलसेंट वेल बिइंग* विषय पर व्याख्यान देंगे। डॉ बाफना भारत से एक मात्र प्रस्तोता होंगे।दिनांक 15,16 मई को आयोजित इस सम्मेलन मेंपूरे विश्व से बाल स्वास्थ्य से संबंधित विविध विषयों पर अनेक विशेषज्ञ व्याख्यान,शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।



इस तेईसवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की कांफ्रेंस मैनेजर डॉ फ्रेया विल्सन ने डॉ बाफना को आमंत्रित करते हुए लिखा है कि भारत जैसे महान देश के प्रतिनिधि से ऐसे विशेष विषय पर व्याख्यान इस सम्मेलन के लिए महत्वपूर्ण है।

# मवेशी तस्कर के विरूद्ध चिचोला पुलिस की कार्यवाही, दो आरोपी धरे गए



**राजनांदगांव,** 5 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर मवेशी तस्कर के विरूद्व कार्यवाही किया गया मुखबीर की सूचना मिला कि राजनांदगांव की ओर से पिकअप वाहन में मवेशियों को बिना चारा पानी के कुतापूर्वक भरकर परिवहन करते कत्लखाना नागपुर की ओर ले जा रहा है। ग्राम पाटेकोहरा आर0टी0ओ0 बेरियर के पास नाकाबंदी किया। नाकाबंदी के दौरान राजनांदगांव की ओर से एक पिकअप वाहन आते दिखी जिसे रोककर चेक किया पिकअप का नंबर एम एच 36. ए ए 4271 का था। उक्त पिकअप के अंदर देखे तो भैंस ठुंस कर भरा हुआ था। चारा-पानी का कोई व्यवस्था नहीं था तब चालक को भैंस ले जाने के संबंध में पुछताछ किया जो कोई वैध कागजात का नहीं होना लिखित में दिया एवं मवेशियों को नागपुर महाराष्ट्र कत्ल खाना ले जाना बताया। गवाहों के समक्ष पिकअप वाहन में भरे 02 नग भैंस एवं पिकअप वाहन एम एच 36. ए ए 4271 को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया एवं आरोपीगण चालक रोहित संजय ठवकर पिता संजय ठवकर उम्र 26 साल टवेपार थाना व जिला भण्डारा महाराष्ट्र एवं ड्रायवर सीट के बगल में बैंठा व्यक्ति का नाम गणेश मयाराम लूटे पिता मयाराम लूटे उम्र 44 साल निवासी टवेपार थाना व जिला भण्डारा महाराष्ट्र वाहन स्वामी के विरूद्ध धारा- 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 4, 6, 10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 , 66/192 एमव्हीएक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक सुमेन्द्र कुमार खरे ,सउनि विनोद कुमार वर्मा,सउनि मो.शरीफुददीन शेख ,आर. 1187 विष्णु साहू ,आर. 171 गजेन्द्र भारद्वाज कार्य सहरानीय रहा है।

## मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 को

### कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी

**राजनांदगांव,** 5 मई (देशबन्धु)। जिला साहू संघ एवं माँ भानेश्वरी मंदिर समिति सिंघोला द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सिंघोला में स्थित सिद्धपीठ माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव का वृहद स्तर पर मनाया जाना है जिसकी तैयारियों को अंतिम रुप देने जिला साहू संघ एवं मंदिर समिति जोर शोर से जुटे हुए हैं।



जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि ग्राम सिंघोला मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 मई को बृहद रूप से मनाया जाएगा। जिसको लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक के माध्यम से सभी को कार्यभार सोपा जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उपस्थिति की अपील की है। साथ ही साथ भानेश्वरी जयंती हेतू संचालन समिति का गठन किया गया जिसमे संयोजक डॉ. नीरेंद्र साहू, अन्य सदस्य भागवत साहू, नीलमणी साहू, नोबल साहू, शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू एवं श्रीमती अंजू साहू, कुलेश्वर साहू, हेमंत साहू, हसंराज साहू, लक्ष्मण साहू, मंथीर साहू, भुनेश्वर साहू, मिलाप साहू, सभी तहसील अध्यक्ष आज बैठक में इसके अतिरिक्त डॉ. महेश साहू, चंद्रशेखर साहू, मदन साहू, माधव साहू, चन्दन साहू, ज्ञानचंद साहू, तुलदास साहू, जगमोहन आदि शामिल हुए। उक्त जानकारी जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने दी है।

# सुशासन तिहार में मिले 4 वार्डों के आवेदनों का शिविर के माध्यम से हुआ समाधान



**डोंगरगढ़,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को स्थानिक कृषि उपज मंडी में नगर के चार वार्ड 1ए 22 ए 23 व 24 में सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों का समाधान शिवीर आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारतीए नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे एजिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना एशहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआनाए पार्षद संजीव श्रीवास्तव एडॉ रेखा राघवते एबबीता मलागार एशारदा यादव एशिवानी साखरे एसुमित ताम्रकार सहित नायब तहसीलदार कमल किशोर साहू एनगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्माए सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे । शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री श्री भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार.2025 का आयोजन किया जा रहा हैए सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधानए शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानीए विकास कार्यों में तेजी लाना है ताकि निचले स्तर पर सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल सके । नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आएए योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचेए जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। शिविर का महत्व तब होगा जब हम आमजन की समस्या समय पर दूर कर करे इसके लिए सभी विभागों को आगे आकर कार्य करना होगा । जानकारी के अनुसार सुशासन तिहार. 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैंए नगरीय क्षेत्र के 24 वार्डों में लगभग 3000 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें सबसे ज्यादा आवास और पट्टा संबंधित आवेदन मिले । सुशासन तिहार के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभागए जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। और तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 मई 2025 से हो रही हैए जो 30 मई 2025 तक चलेगी। इस दौरान नगर के विभिन्न वार्डो के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा ।

## भीम नेताम हत्या मामले में गहराई से जांच करने की मांग, ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च



**डोंगरगढ़,** 5 मई (देशबन्धु)। ग्राम अछोली में भीम नेताम हत्या मामले में ग्रामीणों ने गहराई से जांच करने की मांग को लेकर रविवार को कैंडल मार्च निकाला है । ग्रामीणों ने पुलिस पर उक्त मामले में संलग्न आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस के खिलाफआक्रोश व्यक्त किया है। बता दे कि ग्राम के 28 वर्षीय युवक भीम नेताम पिता सामसिंग नेताम निवासी पुराना अछोली का ऑटो की लाइट चेहरे पर पड़ने को लेकर विवाद में आरोपी राहुल वर्मा भास्कर वर्माए शिवम यादव के द्वारा भीम नेताम को सीने एवं पेट में चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दिया गया थाए जिसके विरोध में ग्राम अछोली के पुराना बस्ती के गोकुल गौठान में भीम नेताम के माता पिताए के साथ सरपंच नंदकुमार साहूए सरपंच पुखराज साहूए कांग्रेस महामंत्री रुपेश वर्माए पंच अछोली पंच मूलचंद साहूए खेमचंद सहारेए सुप्रिया रानी जितेंद्र गुप्ताए खिलेश्वरी साहूएमुन्ना यादवएज्योति नेतामए पारख साहूएपुनीता साहूए पुर्णिमा साहू भंवर सिंगए सूर्या मानिकपुरीए भागचंद वर्माएखुशबु साहूए ईश्वरी साहूएमोहनीश साहूए वंदना यूईके जीना सांदेकर ने मृत व्यक्ति के सगे संबंधियों एवं परिवार के हाथ में फोटो लेकर कैंडल मार्च निकालकर प्रशासन से उक्त हत्या की गहराई से जांच करने की मांग की ।

## धोखाधड़ी और प्रताड़ना से व्यापारी ने की आत्महत्या, अब तक दर्ज नहीं हुई एफआईआर

### सुसाइड नोट में लिखा- निकुंज सिंघल ने किया आर्थिक और मानसिक शोषण

**राजनांदगांव,** 5 मई (देशबन्धु)। शहर के रिद्धि सिद्धि कॉलोनी निवासी राजीव गुप्ता की आत्महत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस महकमे की कार्यवाही पर सवालिया निशान भी खड़े हो रहे हैं। मृतक राजीव गुप्ता के पुत्र मयंक गुप्ता का आरोप है कि सिंघल परिवार ने उनके पिता के साथ धोखाधड़ी की है, जिसकी वजह से उन्हें साढ़े तीन करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा। इस वजह से राजीव गुप्ता लंबे समय से परेशान चल रहे थे और डिप्रेशन के भी शिकार हो चुके थे। रुपयों की वजह से हो परेशानी का जिक्र उन्होंने अपने परिवार समते तमाम करीबी लोगों से भी किया था। इसके साथ ही निकुंज सिंघल से भी उन्होंने गुजारिश की कि उनके हक के रुपये उन्हें मिल जाये। कई बार समझौते की कोशिश की गई, जिसमें अग्रवाल समाज की मध्यस्थता भी हुई, लेकिन हर प्रयास को निकुंज सिंघल ने अनदेखा कर दिया। वर्षों से मानसिक तनाव झेल रहे राजीव गुप्ता अंततः टूट गए और उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया।



गौरतलब है कि मृतक राजीव गुप्ता की आत्महत्या के मामले में अब उनके पुत्र मयंक गुप्ता ने पुलिस को आवेदन देकर बलदेवबाग निवासी निकुंज सिंघल के विरुद्ध कड़ी जांच और स्नद्बक्रदर्ज करने की मांग की है।मयंक गुप्ता के अनुसार, 15 अप्रैल को उनके पिता ने आत्महत्या कर ली थी। मृतक के कमरे से मिले सुसाइड नोट में स्पष्ट रूप से निकुंज सिंघल द्वारा किए गए आर्थिक और मानसिक शोषण का उल्लेख है। आवेदन के अनुसार, राजीव गुप्ता और स्व. प्रेमप्रकाश सिंघल के बीच वर्ष 2012 से 2018 तक 50-50 फीसदी हिस्सेदारी में ज़मीन व्यापार हुआ था। प्रेमप्रकाश सिंघल के निधन के बाद उनके पुत्र निकुंज सिंघल ने साझेदारी से इनकार करते हुए सम्पूर्ण संपत्ति पर नियंत्रण कर लिया। मयंक गुप्ता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि निकुंज सिंघल अपनी राजनीतिक और आर्थिक पहुँच का दुरुपयोग कर जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। परिवार ने मांग की है कि सुसाइड नोट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तुरंत स्नद्बक्रदर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। इस मामले को लेकर पुलिस सुसाइड नोट को राइटिंग एक्सपर्ट के यहां भेज कर रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## योग मन व शरीर के लिए आवश्यक, नियमित अभ्यास कर सर्वांगीण विकास करें: मधुसुदन



**राजनांदगांव,** 5 मई (देशबन्धु)। शहर के जी ई रोड स्थित सत्यानंद योग आश्रम में चल रहे बाल योग शिविर का आज समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्यानंद योगाश्रम में बच्चों के लिए विशेष योग शिविर लगाए जाने का उद्देश्य शारीरिक, मानसिंक क्षमता, एकाग्रता तथा बौद्धिक विकास करना रहा। जिससे उनमें विवेक व आत्मविश्वास जागृत किए जाने की बात प्रमुख रही। कार्यक्रम में राजनांदगांव के महापौर, मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि पहुंचकर अपने अतिथि उद्बोधन में बताया कि योग मेरे द्वारा भी घर में किया जाता है। यही एक साधना है जिसके माध्यम से मैंने चुनाव में प्रतिदिन 20 किलोमीटर की यात्रा कर स्वस्थ रहकर प्रचार प्रसार किया। योग का ही परिणाम है जो आज मैं जीत कर महापौर के रूप में आप लोगों की सेवा करने का अवसर मुझे पुनःप्राप्त हुआ।

सत्यानंद योगाश्रम में बिहार योग विद्यालय - मुंगेर की सत्यानंद योग पद्धति की योग शिक्षा व प्रशिक्षण नियमित होता है। कार्यक्रम मे योग का अभ्यास कर बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। गुरु मंत्र के साथ शांति पाठ, बच्चों द्वारा योगाभ्यास का प्रदर्शन और उन्हें प्रोत्साहन सामग्री देकर अनुग्रहित किया गया। कार्यक्रम में आश्रम के स्वामी स्वयंभूनाथ जी, स्वामी गोरखनाथ जी, योग प्रशिक्षक - आत्मचैतन्य जी, तारिणी जी, और बड़ी संख्या में आश्रम से जुड़े गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

## कंडरापारा में आपसी विवाद के चलते युवक की हत्या



**डोंगरगढ़,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर के कंडारापारा वार्ड में आपसी विवाद के चलते युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है मिली जानकारी के अनुसार बीती रात कंडरापारा क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप लेकर वार्ड के निवासी संजय उइके ;निवासी बजरंग चौकए कंडरापाराए डोंगरगढ़द्ध के रूप में हुई है। घटना रविवार रात लगभग 9 बजे की है जब शराब के नशे में हुए एक मामूली विवाद ने खौफ्नाक मोड़ ले लिया। आरोपी ने संजय उड़के पर जानलेवा हमला कर दियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। सभी एंगल से छानबीन की जा रही है। वहीं दूसरी और घटना में सलिप्त आरोपी समाचार लिखे जाने तक पुलिस पकड़ से बाहर बताई जा रहा है पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लगातार हो रही हत्याओं और अपराधों से आम नागरिकों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर शराब माफ्यिा पर समय रहते लगाम नहीं कसी गईए तो शहर की स्थिति और बिगड़ सकती है।

उल्टा पुल्टा

टीचर- टिट्टू बताओ, अकबर ने कब तक शासन किया था ?
टिट्टू- सर जी, पेज नंबर 14 से लेकर पेज नंबर 22 तक।

संपादकीय

## अनजान पार्सलों को 'ना' कहें!

ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ता जा रहा है। होटलों से खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर विलासिता की सामग्रियां तक लोग घर बैठे मंगवा रहे हैं। इससे दुकानों या बाजारों में जाने की ज़हमत नहीं उठानी पड़ती और ऑनलाइन मंगवाने से वस्तुएं काफी सस्ती पड़ती हैं। यह चलन जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है, उसके कई तरह के खतरे भी सामने आ रहे हैं। सामानों की धोखाधड़ी से लेकर नगदी ऐंठने के कई प्रकरण हो चुके हैं।

छत्तीसगढ़ में भी ऑनलाइन शॉपिंग सतत लोकप्रिय हो रही है। करोड़ों रुपयों की वस्तुएं राज्य में देश के अलग-अलग कोनों से पहुंच रही हैं। लोग इसका पर्याप्त लाभ ले रहे हैं। इसके साथ ही यहां भी धोखाधड़ी या अन्य तरह के मामले बढ़ रहे हैं। कई बार पार्सल के बहाने से घरों की रेकी कर ली जाती है तो कई बार इस नाम से अनजान बनकर असामाजिक तत्व घरों में घुसने की कोशिश करते हैं। देश के कई हिस्सों में इस तरह के मामले हो चुके हैं। कई बार ऐसे फोन कॉल आते हैं जिनके जरिये झांसा देकर राशि ऐंठ ली जाती है।

नवा रायपुर के सुनील मेश्राम को कुछ दिन पहले फोन आया कि जिसमें कॉल करने वाले ने बताया कि वह मुम्बई के कस्टम विभाग से बोल रहा है। उसने कहा कि उनकी पत्नी के नाम पर विदेश से एक पार्सल आया है जिसमें 5.21 लाख रुपये मूल्य की करेंसी तथा आभूषण हैं। उन्होंने उसे छुड़ाने के लिये पहले 25 हजार रुपये एक बैंक खाते में डालने को कहा। बाद में अलग-अलग कारणों से मेश्राम से 5.21 लाख रुपये ऐंठ लिये गये। इसके बाद भी जब पार्सल नहीं आया तो पुलिस में शिकायत दर्ज की गयी। पुलिस पतासाजी कर रही है।

असली बात तो यह है कि जब किसी ने कुछ मंगाया ही नहीं है तो ऐसे पार्सलों को छुड़ाना खुद को संकट में डालने जैसा है क्योंकि इसमें कोई भी अवैध सामग्री हो सकती है। ऐसे पार्सलों को स्वीकार करने का अर्थ यही निकलेगा कि उसे मंगाया गया है। कई बार ऐसे पार्सलों को बिना नष्ट किये ही फेंक दिया जाता है जिस पर व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि लिखा होता है। इस जानकारी का भी दुरुपयोग हो सकता है इसलिये पते लिखे स्टीकर आदि को नष्ट कर देना चाहिये। होम डिलीवरी करने वाली कम्पनियों के बारे में जब तक अच्छे से पता न हो, पार्सल लेकर आने वाले व्यक्ति की ठीक से पूछताछ कर ली जानी चाहिये। कभी उनके नाम से असामाजिक तत्व घरों में घुस सकते हैं। खासकर, घरों में अकेली रहने वाली गृहिणियां, बच्चे, बुजुर्गों, आदि को सावधान रहना चाहिये। उन्हें भीतर तक न आने दें तथा पैसे लेने अंदर जायें तो दरवाजा बन्द कर के जाना चाहिये। उनकी उपस्थिति के दौरान पूरी सतर्कता बरतें।

## व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के समापन में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल



**बलौदाबाजार,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर स्थित गायत्री मंदिर में आयोजक युवा प्रकोष्ठ, जिला बलौदाबाजार भाटापारा के तत्वाधान में पाच दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन कराया गया था। जिसके अंतिम दिवस मे मुख्य अतिथि के तौर पर आज जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अकांक्ष गोलू जायसवाल उपस्थित हुई। इस अवसर पर जनपद पंचायत बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। आयोजित कार्यक्रम में आयोजक समिति के द्वारा अतिथियों का श्रीफल, गमछा एवं चरित्र निर्माण पुस्तक भेट कर उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया। गायत्री मंदिर में चल रहे पाच दिवसीय इस कार्य क्रम में युवाओं के सर्वागिण विकास के लिए अलग-अलग दिन कई प्रकार के नैतिक शिक्षाए प्रदान की गई। जिसमे मुख्य रूप से तनाव प्रबंधन, सदा प्रसन्न रहने के तरिके एवं ब्रम्हचर्य पालन नियम एवं स्वस्थ्य जीवन जीने के कई तरिके युवाओं को कार्यक्रम के दौरान सिखाया गया।

आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए श्रीमती अकांक्षा गोलू जायसवाल ने कहा कि आप लोगो के द्वारा कराये जा रहे यह कार्यक्रम युवाओं को दिव्य प्रेरणा प्रदान करेगी, जो उनके जीवन के सर्वागिण विकास मे सहायक सिद्ध होगी। वहा पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका भविष्य आपके हाथों मे है, आप अपने जीवन को जैसा चाहे वैसा बना सकते है यदि आप सभी अपने गुरूजनों के द्वारा बताये गये उचित मार्ग का अनुसरण कर उन बातों को अपने जीवन मे अमल करते है तो निश्चित रूप से आप अपने जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शांतिकुंज प्रतिनिधि चम्पेश्वर साहू, लेखराम साहू, भागीरथी सोनकर, गोपाल साहू, मीना ध्रुव उपस्थित होकर मार्ग दर्शन दिये। इस कार्यक्रम में जिले के 110 युवा युवती व्यक्तित्व निर्माण शिविर का लाभ लिया। गायत्री शक्तिपीठ बलौदाबाजार के प्रमुख कौशल साहू, हरिश वर्मा, कुंजबिहारी पटेल, जितेन्द्र पटेल, शशिकांत साहू, कोशल वर्मा सहित महिला मंडल की सभी बहने उपस्थित थी। जिनके विशेष सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## समायोजन के निर्णय पर पंडित विकास मिश्रा ने विधायक रोहित साहू का किया आभार व्यक्त



**राजिम,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के समायोजन के निर्णय पर पंडित विकास मिश्रा ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। विकास मिश्रा ने कहा कि जब हम सब संकट की घड़ी में थे तब राजिम विधायक रोहित साहू के पास पहुंचकर मुख्यमंत्री को समायोजन के लिए पत्र लिखने आग्रह किया और विधायक श्रीसाहू द्वारा एक सकारात्मक पत्र समायोजन की मांग को लेकर के प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को लिखा गया था। आज उसी पत्र का एक सुखद परिणाम समायोजन के रूप में समस्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को मिला है। जिसके लिए हम सभी विधायक रोहित साहू और छत्तीसगढ़ शासन का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। कैबिनेट के निर्णय से समस्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के मन में सरकार को लेकर के बड़ी प्रसन्नता है। सरकार के इस ऐतिहासिक कदम से छत्तीसगढ़ के 2621 परिवारों के रोजी-रोटी का संकट दूर हो गया है। इस फैसले से सभी के माता-पिता और उनके परिवार वाले बहुत खुश हैं और सरकार के निर्णय की सराहना कर रहे हैं।

## संजय कानन के सामने से चखना ठेला हटाने नपाध्यक्ष ने दिए सख्त निर्देश



**महासमुंद,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष ने संजय कानन के समीप संचालित चखना सेंटरों को हटाने के निर्देश दिए हैं। नगर वासियों की ओर से श्री साहू से चखना सेंटरों को हटाने की मांग की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नपाध्यक्ष ने केवल शाम संजय कानन उद्यान का औचक निरीक्षण किया। जहां उद्यान के प्रवेश द्वार पर ही अनेक चखना ठेला संचालित हो रहे थे। वहीं शराबियों की जमघट भी लगी थी। शराबियों के कारण उद्यान आने वाले नागरिक काफी असहज व भयभीत महसूस करते थे। उन्होंने चखना ठेला संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए तत्काल ठेला हटाने कहा। वहीं समझाइश के बाद भी यदि कोई उद्यान के समीप चखना ठेला लगाएगा तो ठेला जब्ती की बात कही। नपाध्यक्ष की समझाइश पर ठेला संचालकों ने चखना दुकान अन्यत्र लगाने हामी भरी। इस दौरान नपा के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## रिया फुटान ने राष्ट्रीय कराते में गोल्ड जीतकर धीवर समाज एवं छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया



**धमतरी,** 5 मई (देशबन्धु)। झारखंड के रांची में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में धमतरी के रिया फूटान (धीवर) ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने परिवार, धीवर समाज एवं छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया।

ज्ञात हो कि रांची में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में धमतरी नगर के 11 कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें से 09 खिलाड़ियों ने झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को हराकर फाइनल जीत कर पदक प्राप्त किया। ओवरआल चैम्पियन में छत्तीसगढ़ दूसरे नंबर पर रहा।

रिया फूटान के इस उपलब्धि पर धमतरी कराते डू एसोसिएशन ने बहुत-बहुत बधाई दिया साथ ही धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, कोषाध्यक्ष सोनू नाग, फिरोज हिरवानी, विष्णुप्रसाद निषाद, दुर्गेश रिगरी, राजू ओझा, कृष्णा हिरवानी, तीरथराज फूटान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संध्या हिरवानी, अध्यक्ष आशा धीवर, धृति हिरवानी, शत्रुघ्न धीवर, यशवंत कोसरिया, राजकुमार फूटान, प्रकाश नाग सहित समस्त धीवर समाज ने रिया फूटान और उनके परिवार को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।

## पाकिस्तानी नागरिकों को दीर्घकालिक वीजा के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**बलौदाबाजार,** 5 मई (देशबन्धु)। जिले में निवासरत समस्त विदेशी पाकिस्तानी नागरिक जो दीर्घ निवास वृध्दि आवेदन पत्र के आधार पर निवासरत हैं उन्हें तत्काल अपना नवीन आवेदन पत्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। दीर्घकालिक वीजा के लिए पुन: आवेदन 10 मई से पोर्टल पर उपलब्ध होगा और 10 जुलाई 2025 तक खुला रहेगा। किसी भी विदेशी पाकिस्तानी नागरिक का दीर्घकालिक वीजा जो उक्त अवधि में फिर से आवेदन करने में विफल रहता है वह रद्द कर दिया जाएगा। इसके माध्यम से जिला में निवासरत समस्त विदेशी पाकिस्तानी नागरिक जो दीर्घ निवास वृध्दि आवेदन पत्र के आधार पर निवासरत हैं, वह तत्काल अपना नवीन आवेदन पत्र उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते हुए उसकी एक प्रति के साथ पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में प्रस्तुत करना होगा। विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं भारत सरकार गृह मंत्रालय विदेशी-01 प्रभाग के आदेश क्रमांक 25022,28,2025-1 दिनांक 28.04.2025 के तारतम्य में उक्त आदेश के तहत सभी दीर्घकालिक वीजा धारकों को उनके वीजा के निरीक्षण से छूट दी गई थी। उपरोक्त निर्णय पर सरकार द्वारा विचार किया गया और सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे सभी पाकिस्तानी नागरिक जिनके पास दीर्घकालिक वीजा है और जिन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की है उन्हें दस्तावेजों के साथ ईएफआरआरओ पोर्टल पर नए सिरे से आवेदन करना होगा। जरुरी दास्तावेज-दीर्घकालिक वीजा प्रमाण पत्र की प्रति, नवीनतम फोटो (सफेद पृष्ठभूमि के साथ पासपोर्ट आकार का), नवीनतम पता की प्रमाणित प्रति, व्यवसाय एवं धर्म का विवरण, यदि भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया गया है तो आवेदन पत्र की एक प्रति पोर्टल पर उपलोड करना होगा।

## सुशासन तिहार- क्रेडा को मिले आवेदनों पर की गई त्वरित कार्रवाई



- सोलर हाईमास्ट लाईट, सोलर पम्प मरम्मत और सोलर ड्यूल पम्प के बदले गए वॉल्व
- हितग्राही हुए खुश, कहा सोचा नहीं था इतना जल्द हो जाएगा निराकरण किया मुख्यमंत्री का आभार

**धमतरी,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में लोगां की मांग, शिकायत और समस्या संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने और योजनाओं तथा कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सहित जिले में भी सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों की अधिकांश आवेदनों पर त्वरित गति से कार्रवाई भी की गई। इनमें क्रेडा को मिले हाई मास्ट लाईट सुधार के संबंध में दो आवेदन, सोलर पम्प में सुधार करने संबंधी दो आवेदन सहित ड्यूल पम्प के खराब गेट वॉल्व बदलने जैसे आवेदनों का निराकरण किया गया। सुशासन तिहार में धमतरी विकासखण्ड के ग्राम डांगीमाचा के श्री कमलेश्वर उईके ने गांव में लगे जल जीवन मिशन के तहत सोलर ड्यूल पम्प के खराब गेट वॉल्व को बदलने संबंधी आवेदन दिया। इस पर विभागीय मैदानी अमले द्वारा सोलर ड्यूल पम्प का निरीक्षण कर तत्काल संयंत्र सुधार किया गया और अब सोलर ड्यूल पम्प क्रियाशील हो गया। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। वहीं ग्राम किशनपुरी के पांचूराम ने गांव में लगे सोलर हाईमास्ट लाईन को सुधारने के लिए आवेदन किया। क्रेडा विभाग के मैदानी कर्मचारियों ने संयंत्र में खराब बैटरियों और लाईट के स्थान पर नये सामग्री बदलकर पूरी तरह क्रियाशील कर दिया है, जिससे ग्रामीणों को सोलर हाईमास्ट के माध्यम से रात के समय में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है।

इसके साथ ही कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पचपेड़ी के लोमश कुमार साहू, चर्रा के तिलक राम ध्रुव, अैर गिरौद के गजेन्द्र कुमार साहू ने भी सोलर पंप और सोलर हाईमास्ट लाईट की मरम्मत के संबंध में सुशासन तिहार में आवेदन दिया। क्रेडा विभाग द्वारा सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई। हितग्राहियों खुश होकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया और कहा कि सुशासन तिहार में उनके आवेदनों का तत्काल निराकरण कर दिया गया है। वे कहते हैं कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि आवेदनों का इतना जल्द निराकरण होगा।

## परशुराम प्राकट्य महोत्सव पर विप्रजनों ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**महासमुंद,** 5 मई (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में 30 अप्रैल को प्राकट्य तिथि अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना की गई। प्राकट्य महोत्सव की इस श्रृंखला में शनिवार की संध्या 3 मई को आश्रम मार्ग स्थित ब्रह्म निवास से शालीनतापूर्वक मधुर संगीत के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसके पूर्व समाज के गौरव 9 विभूतियों को सम्मानित किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के आतिथ्य में वरिष्ठ पुरोहित पंडित दाऊलाल तिवारी, व्यंग्य लेखन में विशेष योगदान के लिए ईश्वर शर्मा, पत्रकारिता के लिए कृष्णानन्द दुबे, लगातार 9 बार अधिवक्ता संघ के निर्वाचित अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग छ ग शासन श्रीमती वर्णिका शर्मा, प्रसिद्ध ज्योतिष पंडित जवाहर त्रिवेदी, संवेदनशील चिकित्सा सेवा के लिए डॉ श्रीमती सुरेखा तिवारी, सुगम व शास्त्रीय गायन में विशेष दक्षता के लिए डॉ साधना राहटगांवकर एवं दो बार निर्वाचित पार्षद श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा का शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि विप्रजन सदैव पूज्यनीय रहे हैं व रहेंगे।उनके चरण स्पर्श कर लेने से सारे वास्तुदोष दूर हो जाते हैं। इसके बाद भगवान श्री परशुराम जी के शौर्य व पराक्रम प्रदर्शित करती जीवंत झांकी के साथ सैकड़ों की संख्या में विशेष परिधान में महिला पुरुष विप्रजन शंखनाद, मंत्रोच्चार करते हुए शोभा यात्रा में शामिल हुए। प्रतिकूल मौसम के कारण यात्रा को संक्षिप्त करते हुए नेहरू चौक, अम्बेडकर चौक से वापसी होते सिटी स्पोर्ट्स क्लब में यात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने गुलदस्ता भेंटकर विप्रजनों का स्वागत किया। समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने इस सफल शोभायात्रा में शामिल सामाजिक जनों व प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए समस्त जनों का आभार व्यक्त किया। भोजन प्रसादी के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## स्व. शर्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने राजनेताओं सहित बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



**राजिम,** 5 मई (देशबन्धु)। राजिम क्षेत्र के ग्राम पांडुका के जनप्रिय शिक्षक स्व खोवालाल शर्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने राजनेताओं सहित बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालो में राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय-प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, हरिभूमि रायपुर से एजीएम नीलेश द्विवेदी, भारतीय जनता पार्टी के गरियाबंद जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, राजिम नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, नवापारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, नवापारा नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, पूर्व सभापति रमेश तिवारी, समाजसेवी कैलाश शुक्ला, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, राजिम के जमींदार पूर्व जनपद अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर देवांगन, मुकेश ढीढी, संजीव सोनी, राघवेंद्र साहू, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के सचिव चंद्रहास साहू, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य कांग्रेस नेत्री लक्ष्मी साहू, सुनील तिवारी, ओंकार सिंह ठाकुर, ठाकुर राम साहू, जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम सिन्हा, रूपसिंह सिन्हा, नागेंद्र साहू, केशव साहू, डेके ठाकुर, भाजपा नेता रामाधार साहू, श्रमजीवी पत्रकार संघ के महासचिव रमेश चौधरी, आलोक पहाड़िया, राकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, सोमा शर्मा, मनीष जैन, प्रकाश वर्मा, किसान नेता चंद्रिका साहू, राजा चावला, रेशम हुंदल, परदेशी राम साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि टीकम चंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में परिजन एवं शुभचिंतक सहित पूरा पांडुका गांव व रजनकटा, खट्टी, अतरमरा, कुरूद, पोड़, कुटेना, घटकर्रा, आसरा, पचपेड़ी, नागझर के लोग शामिल थे।

**प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय पहुंचे रविवार को, धनेंद्र साहू भी पहुंचे:** रविवार की शाम राजिम के वरिष्ठ पत्रकार श्रमजीवी पत्रकार संघ के गरियाबंद जिलाध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा के निवास में उनके बड़े भाई स्व खोवालाल शर्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ देवकर साहेब, राजिम विधायक रोहित साहू, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## पहले दिन के शिविर में 20866 आवेदनों का किया गया वाचन, 371 हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित



- संभागायुक्त महादेव कावरे ने कुसमी शिविर का किया अवलोकन
- जिले में लोक समाधान शिविर का हुआ शुभारम्भ

**बलौदाबाजार,** 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तीसरे चरण के तहत जिले में आज 5 मई 2025 को लोक समाधान शिविर का शुभारम्भ हुआ। पहले दिन जिले के पांचो विकासखंड के एक-एक ग्राम पंचायत क्लास्टर एवं 4 नगरीय निकायों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से आवेदको को अवगत कराया गया। आज के शिविर में कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 20866 जिसमें मांग 20041 एवं शिकायत सम्बधित आवेदन की संख्या 363 है। इस दौरान विभिन्न योजना के 371 हितग्राहियो को सामग्री वितरण एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे पलारी जनपद के कुसमी में आयोजित समाधान शिविर का अवलोकन किया वहीं भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत देवरी शिविर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शामिल हुए।

इस अवसर पर संभागायुक्त श्री कावरे ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत आज से समाधान शिविर का आयोजन शुरू हुआ है जिसमें प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा दी जा रही है। इसके साथ ही विभाग में संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। पात्रता अनुसार हितग्राहियो को योजना से लाभन्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रशासन की पहुंच आमजन तक हो तथा योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मांग से सबंधित आवेदनो का निराकरण यथासंभव मांग की पूर्ति होने पर विभाग द्वारा किया जाए तथा शिकायतों का निराकरण गंभीरतापूर्वक जांच पड़ताल के पश्चात कार्यवाही करें। उन्होंने मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत नलकूपो के पास सोखता गड्ढा निर्माण, सफाई अभियान, वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की सराहना करते हुए पानी बचाने के लिए सबकी सहभागीता पर जोर दिया। देवरी शिविर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत तीसरे चरण की शुरुआत आज से हो रही है जिसमें समाधान शिविर आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आवेदको को उनके आवेदन की निराकरण की जानकारी देने के साथ योजनाओं से हितग्राहियो को लाभान्वित भी किया जा रहा है। ऐसे शिविरो से जनता को लाभ लेना चाहिए।

कलेक्टर दीपक सोनी ने सुशासन तिहार की जानकारी देते हुए कहा कि जिलेवासी हर्षोल्लास के साथ सुशासन तिहार मना रहे है। हमारा जिला प्रदेश में सर्वाधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करने में दूसरा स्थान पर है जो यह दिखाता है कि इस जिले के निवासी कितना जागरूक हैं। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत जल संचयन के काम में सबकी सहभागिता सूनिश्चित करने कहा। उन्होने पंचायतों में विकास कार्य के साथ साथ सप्तरंगी सूत्र के अनुसार सभी मानको >> शेष पृष्ठ 9 पर >

CMYK



# जनता की हर मांग पूरी की जाएगी : विधायक



## समाधान शिविर के पहले दिन बिरकोनी में 12 ग्राम पंचायतों से मांग के 11558 एवं शिकायत के 81 आवेदन मिले

**महासमुंद,** 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज 5 मई को जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम गोपालपुर हाई स्कूल भवन, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोमाखान, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी एवं नगरीय निकाय तुमगांव वार्ड क्रमांक 14 में हुआ। समाधान शिविर के पहले दिन विधायकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सहित आला अधिकारी शिविर में शामिल हुए। बिरकोनी शिविर में 12 ग्राम पंचायतों से कुल 11639 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका निराकरण किया गया। यहां मांग के 11558 एवं शिकायत के 81 आवेदन प्राप्त हुए थे। महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी में आयोजित समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिशा रामस्वरूप दीवान, जनपद सदस्य श्रीमती विजयलक्ष्मी जांगड़े, सरपंचगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा कार्यक्रम में मौजूद थे। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि संवाद से समाधान तक शिविर के उद्देश्य से आयोजित शिविर में जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार वंचितो और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। शिविर में श्री सिन्हा ने विभागीय योजना स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला गैस योजना आदि का लाभ शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए सरकार कमर कसी है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वे का कार्य 15 मई तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी की हर कच्चे छत वाले परिवार को पक्का छत मुहैय्या कराया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत पुनः पोर्टल खुलने पर छूटे हुए का नाम जोड़ा जाएगा। विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि महासमुंद क्षेत्र में भी तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महासमुंद में इंग्लिश मीडियम महाविद्यालय का निर्माण जल्द होगा। बीटीआई रोड में गौरव पथ का टेंडर हो गया है। वहीं महासमुंद से तुमगांव तक के चौड़ीकरण के लिए टेंडर का कार्य प्रक्रिया में हैं। अंचल में खाद की दिक्कत न हो इसलिए बड़े गोदाम बनाए जा रहे हैं। किसान साथियों को राज्य बीज निगम से ट्रैक्टर खरीदने पर छूट दी जाएगी। उन्हांने कहा कि विष्णु के सुशासन में जनता की हर मांग पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। इस अवसर पर शिविर में आए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अभिनंदन पत्र, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड एवं पौध वितरण भी किया गया। शिविर में छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य समस्या के निदान के लिए है। अधिकारी जनता की हितों को ध्यान में रखते हुए समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यहां विभागीय स्टॉल भी लगाए गए हैं जहां योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार लाभ उठा सकते है। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों को भी इस शिविर में सुलझाया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने लोगों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की भी अपील की। शिविर में प्रकाश शर्मा, मुन्ना साहू, बिरकोनी सरपंच चंदन चंद्राकर, तुला साहू, तेजेन्द्र शर्मा, जनपद सीईओ बीएस मंडावी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी.कर्मचारी और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।

# सीनापाली में लगा जिले का पहला समाधान शिविर, 2,406 शिकायतों का हुआ समाधान



## 10 पंचायतों के लोग पहुंचे शिविर में, सरकारी योजनाओं का भी मिला लाभ

**गरियाबंद,** 5 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण में देवभोग ब्लॉक के ग्राम सीनापाली में जिले का पहला समाधान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में सीनापाली क्लस्टर के 10 ग्राम पंचायतों से आए 2406 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में राजस्व विभाग ने चार हितग्राहियों लक्ष्मण, धर्मेन्द्र, प्रहलाद एवं जागेश्वर को ऋण पुस्तिका दी। समाज कल्याण विभाग ने ग्राम सरगीगुड़ा के दिव्यांग भजनलाल मांझी को ट्रायसायकल एवं कैटपदर के अरूण सिंह ठाकुर श्रवण यंत्र प्रदान प्रदान किया। वहीं अलग-अलग विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। कई ग्रामीणों ने योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन भी दिए।

इस दौरान कलेक्टर बीएस उइके ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाना और योजनाओं का सही क्रियान्वयन करना है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में मिले आवेदनों की जांच कर दूसरे चरण में उनका निराकरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री की पहल की सराहना की। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम तुलसीराम मरकाम, जनपद अध्यक्ष पद्मालया निधि, जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ट्राइसाइकिल मिलने पर भजनलाल मांझी ने कहा कि अब मुझे किसी के सहारा की जरूरत नहीं पड़ेगी। अकेले ही अपने दैनिक जीवन के कार्यों को ट्रायसाइकिल के माध्मय से कर सकेंग। अरुण ठाकुर ने श्रवण यंत्र मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार का आभार जताया। किसान लक्ष्मण, धर्मेन्द्र, प्रहलाद एवं जागेश्वर ने भी सुशासन तिहार की सराहना की। कहा इससे हमारे जीवन में खुशहाली आई है।

# देशी कट्टा से डराने वाले आरोपीगण गिरफ्तार



**भाटापारा,** 5 मई (देशबन्धु)। सुरखी रोड शराब भट्टी के पास भाटापारा में अपने हाथ में देशी कट्टा रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा* धमका रहा है। की सूचना पर *थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी रिंकू साहू उर्फ़ उमेश को हिरासत में लिया गया। पूछताछ पर उसने बताया कि उसके 03 अन्य साथी पुलिस को देखकर शराब भट्टी के पास छिपे हुए हैं। कि सूचना पर पुलिस द्वारा 03 अन्य आरोपी अजीत कुमार साहू, गौतम कुमार साहू एवं 01 अपचारी बालक को भी पकड़ा गया तथा आरोपियों से एक देशी कट्टा जप्त किया गया है*। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम- 1. रिंकू उर्फ उमेश साहू उम्र 18 साल निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण 2. अजीत कुमार साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण 3. गौतम कुमार साहू उम्र 21 साल निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण 4. अपचारी बालक 01

# अवैध शराब के साथ एक महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार





## 17 लीटर अवैध शराब जप्त

**राजिम,** 5 मई (देशबन्धु)। राजिम थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दो प्रकरणों में एक माहिला और एक पुरुष के पास अवैध शराब बेचने की सूचना के बाद यह कार्रवाही की गई है। दोनों प्रकरणों में कुल 17 लीटर अवैध शराब जप्त किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से थाना प्रभारी राजिम को सूचना प्राप्त हुआ की कॉलेज के पीछे पथर्रा रोड में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहा है। जिसकी सूचना नजदीक पर थाना राजिम से पुलिस टीम रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताए गए घटना स्तर पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम संतराम तारक निवासी देवरी का होना बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से कुल 10.440 लीटर अवैध देशी मदिरा कीमती 5,800 रुपए पाया गया। जिसके बाद अवैध शराब के साथ परिवहन करते उपयोग में लिए गए मोटर साइकिल डीलक्स सीजी 04 एमई 8481 को जप्त कर पुलिस ने अपने कब्जे में लिया।

इसी तरह दूसरे मामले में राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में एक महिला द्वारा अपने घर में अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री करने की सूचना मिली थी। जिसके बाद महिला के घर छापा मारने पर मौके से तलाशी के दौरान 6.480 लीटर कीमती 3600 रुपए को जप्त किया गया और आरोपी महिला कांति तारक को हिरासत में लिया गया। दोनों आरोपियों को अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर बनकर विवेचना में लिया गया दोनों मामले में कार्रवाई पूर्ण कर प्रकरण के आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दे कि गरियाबंद पुलिस नया सवेरा अभियान के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावि कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिये गए थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किये हुए है।

# सुशासन तिहार में शामिल शिवरतन शर्मा ने किया संवाद



## शिविर में अधिकारियों से शीघ्र समस्याओं के समाधान के लिए कहा

**भाटापारा,** 5 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के च्जनसेवा और सुशासनज्ज के संकल्प को साकार करने की दिशा में चलाए जा रहे च्सुशासन तिहारज्ज अभियान के अंतर्गत सोमवार को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाटापारा ब्लॉक के देवरी में आयोजित समाधान शिविर में भाग लिया। शिवरतन शर्मा ने शिविर में ग्रामवासियो से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया और बिजली, पानी, सड़क, मकान, साफ-सफाई, राशन कार्ड जैसी अन्य मूलभूत जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को जल्द ही समाधान के लिए कहा. साथ ही हितग्राहियो को सामग्री का वितरण भी किया..

शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह अभियान जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को जनता के और निकट लाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। च्अब जनता को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, सरकार स्वयं उनके द्वार पर आ रही है।ज्ज

शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे शिविर के माध्यम से सुशासन को हर नागरिक तक पहुँचाया जा रहा है।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सशिमं नवापारा के शैलेन्द्र सूर्यवंशी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया



**नवापारा राजिम,** 5 मई (देशबन्धु)। शिक्षा सत्र 2024-25 कक्षा पांचवी का केंद्रीकृत परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा के 25 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 24 विद्यार्थी प्रथम एवं 01द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। तेरह बच्चों ने 80 से अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शैलेन्द्र सूर्यवंशी पिता शिवराज सूर्यवंशी ने पूरे विद्यालय में प्रथम, श्याम कंसारी, पिता द्वारिका कंसारी ने द्वितीय एवं साक्षी साहू, पिता संतोष साहू ने तृतीय स्थान पर रही।

कक्षाचार्य सरोज कंसारी ने बताया कि शैलेन्द्र सूर्यवंशी बचपन से ही प्रतिभावान छात्र हैं, पढ़ाई के अलावा खेल, पेंटिंग, सांस्कृतिक, बौद्धिक हर विधा में आगे हैं। कक्षा में स्थान प्राप्त बच्चों को प्राचार्य ने मिठाई खिलाकर तिलक- वंदन कर स्वागत किया।सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया इसके लिए श्री राम जानकी शिक्षण समिति के अध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष रमेश पहाड़िया, सचिव प्रफुल्ल दुबे, सहसचिव कोमल साहू, कोषाध्यक्ष अशोक गंगवाल, प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर वरिष्ठ शिक्षक नरेश यादव, परीक्षा प्रमुख कृष्ण कुमार वर्मा, दीपक देवांगन, नरेंद्र साहू, सरोज कंसारी, वाल्मीकि धीवर नारायण पटेल, रेणु निर्मलकर, नंद कुमार साहू, तामेश्वर साहू, संजय सोनी ने बधाई दी एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

# बंद पड़े रेलवे अंडरब्रिज का निरीक्षण



**भाटापारा,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका भाटापारा अंतर्गत हटरी बाजार गुरुद्वारा के समीप वर्षों से बंद पड़े रेलवे अंडर ब्रिज की सफाई एवं जल निकासी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे विभाग एवं नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, रेलवे विभाग से सीनियर ए.डी.ई.एन टी. मोहम्मद, ए.डी.एस.टी. प्रदीप कुमार, एस.एस.सी. (सिग्नल) सुधीर मिश्रा तथा नगर पालिका भाटापारा से सभापति सतीश तलरेजा, कुंजराम कोसले, पार्षद सतीश साहू, नंदू वैष्णव, बंटी टंडन, जुन्नु तंवर, काके थड़वानी, हारून, राजू सलूजा, जैकी मोटवानी, सोनू ख़ान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफ़र ख़ान एवं स्वास्थ्य विभाग प्रमुख आनंद राठौड़ सहित अन्य अधिकारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा अंडर ब्रिज की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा नियमित निगरानी की आवश्यकता पर चर्चा की गई। यह अंडर ब्रिज क्षेत्र में जलभराव की प्रमुख वजह रहा है, जिससे हर वर्ष स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शीघ्र अंडर ब्रिज की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को सुधारने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं ताकि नागरिकों को आने वाले समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन गरियाबंद के जिला संयोजक बने एम आर खान



**राजिम/गरियाबंद,** 5 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन गरियाबंद जिले के जिला संयोजक एम आर खान प्रधान पाठक विकासखंड छुरा को बनाया गया है छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने कहा कि खान जी के जिला संयोजक बनने पर कर्मचारियों में हर्ष व्यापत है तथा अब संगठन का कार्य जिले में सुचारू रूप से चलेगा खान जी को बधाई देने वालों में रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा सचिवआत्माराम साहू किशोर कुमार निर्मलकर धर्मेंद्र सिंह ठाकुर राजेंद्र कुमार नाग धनेश कुमार मरकाम पतीराम यादव केशव राम साहू आदि प्रमुख हैं।

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में समर कैम्प का शुभारंभ



**महासमुंद,** 5 मई (देशबन्धु)। छग शासन के आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश मे विद्यार्थियों के लिए समर कैम्प आयोजन करने निर्देशित किया गया। इसी कड़ी में 05 से 16 मई तक चलने वाले समर कैम्प का शुभारंभ संस्था के प्राचार्यअमी रूफस एवं स्टॉफ पालक की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसअवसर पर संस्था के प्रमोद कुमार कन्नौजे, विकास यादव, दिव्येश वाणी उपस्थित थे। प्राचार्यअमी रूफस ने बच्चों को संबोंधित करते हुए कहा कि समर कैम्प का भरपूर लाभ उठाईये। यहांआपको बहुंत कुछ सीखने को मिलेगा। समर कैम्प का सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक रखा गया है, जिससे गर्मी में विद्यार्थियों को असुविधा न हो। समर कैम्प में विद्यार्थियों को प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां कराई जावेगी जिससे बच्चे बोर न हों। इसमें स्वामीआत्मानंद हिन्दी मीडियम के छात्र भी भाग ले रहें। समर कैम्प में विद्यार्थियों को जो गतिविधियां कराई जावेगी उसमे मुख्य रूप से योगा, म्यूजिक एण्ड डांस, खेल एवं गेम्स, आर्ट एवं क्राफ्ट, वैदिग गणित, ऑरगेमी, क्लेआर्ट, सुडोकू, पर्सनॉलिटीडवलपमेंट, आदि गतिविधियां कराई जावेगी। समर कैम्प मे संस्था के शिक्षक नेहा सिंह, आकांक्षाजैन, अंशुमालाबारिक, रौनकअग्रवाल, अंजूचन्द्राकर, धरुतिश्रीवास्तव, पूर्णिमा चन्द्राकर, प्रेम यादव, अंजलीकहार के द्वारा समर कैम्प का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा जैन ने एवं आभार प्रदर्शन मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। समर कैम्प में संस्था के प्रकाश साहू, मोहन कन्नौजे, झम्मन साहू, दुर्गा मानिकपुरी, माहेश्वरी पटेल का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

CMYK

**महाराणा प्रताप की जयंती पर 9 को विविध आयोजन**

**महासमुंद,** 5 मई। राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद की बैठक 4 मई को सामाजिक भवन में हुई। बैठक में 9 मई को स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

# सुशासन तिहार तृतीय चरण के अंतर्गत समाधान शिविर खमतराई से हुआ आगाज

**आरंग,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में आज सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज हुआ। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम खमतराई में अब तक 1,964 मांग और शिकायतें प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी आवेदनों का निराकरण हो चुका है। वहीं, तीसरे चरण के पहले दिन समाधान शिविर में 76 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 75 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होने और कागजात हाथ में आने से खुशी से आमजन के चेहरे खिल उठे।

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार में समस्याओं के समाधान के लिए आमजनों से आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनका समाधान हो चुका है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता के समस्याओं का निराकरण करना है। श्री अग्रवाल ने आमजनों से अपील करते हुए कहा आप सभी समाधान शिविर का लाभ अवश्य उठाएं। समाधान शिविर के अंतर्गत जो आवेदन लिए गए उनमें से लगभग सभी का निराकरण मौके पर किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों को राहत पहुंचाने और उनका जीवन खुशहाल बनाने की दिशा में पहल किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि शिविर में आमजनों की समस्याओं का समाधान तिहार के रूप में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के मंशानुरूप मिनीमम गवर्नमेंट-मैग्जिमम गवर्ननेंस के तहत जिला प्रशासन काम कर रही है। मुख्यमंत्री का विजन है कि आमजनों के चेहरे पर खुशहाली आए और इसी दिशा में शासन-प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने




**कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में समाधान शिविर में मौके पर 75 मांग एवं शिकायतों पर हुई त्वरित कार्रवाई**

कहा कि तीसरे चरण के अंतर्गत आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में समाधान शिविर लगाया गया है और इसे हम तिहार के रूप में मना रहे है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ अक्सर यह देखा जाता है कि उनके पास ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसे मूलभूत दस्तावेज नहीं होने की वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सुशासन तिहार में युवाओं के लिए यह सुविधा शुरू की गई ताकि उनके पास यह दस्तावेज आवश्यक रूप से हो।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। यह आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर के साथ हाट बाजारों में की गई थी।

समाधान शिविर के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण करते हुए जमीनी स्तर पर हुए लाभ का फीडबैक लेंगे। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री श्री साय जिला मुख्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी।

इस दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा समेत विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उदंती के जंगलों में दिखा मादा भालू और शावकों का दुर्लभ दृश्य

**गरियाबंद,** 5 मई (देशबन्धु)। जिले के उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक सुखद और दुर्लभ दृश्य सामने आया है। यहां जंगल में लगाए गए ट्रैप कैमरे में एक मादा भालू अपने दो नन्हे शावकों के साथ नजर आई, जो उसकी पीठ पर सवार थे। यह दृश्य न केवल मनमोहक है, बल्कि यह वन्यजीव संरक्षण के सफल प्रयासों की जीती-जागती तस्वीर भी है।



वन विभाग के अनुसार, यह दृश्य रविवार रात करीब 9 बजकर 40 मिनट में जंगल के भीतर लगे ऑटोमैटिक ट्रैप कैमरे में कैद हुआ। तस्वीरें सामने आने के बाद वन विभाग की टीम भी उत्साहित है। उनका कहना है कि यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों का परिणाम है। अब यहां धीरे धीरे वन्य जीवों के संख्या में वृद्धि होने लगी है।

उदंती टाइगर रिजर्व के डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि क्षेत्र में भालुओं के लिए प्राकृतिक आहार प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जंगलों में शहद, मधुमक्खियों के छत्ते, दीमक, टेंदू फल और बाँबियों की भरमार है, जो भालुओं का मुख्य भोजन हैं। यही वजह है कि भालू अब जंगल में ही सीमित रह रहे हैं और बस्तियों की ओर आने की घटनाएं काफी कम हो गई हैं। वहीं वन विभाग की मानें तो यह पहला मौका नहीं है जब जंगल की जैव विविधता कैमरे में इस तरह से कैद हुई हो। अब इस क्षेत्र में भालुओं के साथ-साथ कई अन्य दुर्लभ वन्यजीव भी दिखाई देने लगे हैं। ट्रैप कैमरे में हाल में ही दो से तीन तेंदुआ, नीलगाय, सियार, दक्षिणी लाल मुंटजैक (बार्किंग डियर) और मालाबार जायंट गिलहरी जैसे वन्य जीव भी दर्ज किए गए है। इसके अलावा इस रिजर्व का गौरव वन भैंसा भी अब नियमित रूप से दिखाई दे रहा है। इन प्रजातियों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि जंगल अब पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और अनुकूल हो गया है। डीएफओ जैन ने बताया कि वन्यजीवों को यहां न सिर्फ भरपूर आहार मिल रहा है, बल्कि उनका रहवास भी सुरक्षित है। सतत मॉनिटरिंग और गश्ती, रहवास संरक्षण योजनाओं के चलते अब वन्यजीव इंसानी बस्तियों की ओर भी कम जा रहे हैं। जंगल में शहद, दीमक, टेंदू फल, बाँबी और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता ने भालुओं समेत अन्य प्राणियों को वहीं रहने के लिए प्रेरित किया है।

## युक्तियुक्तकरण से पूर्व पदोन्नति आवश्यक

**नगरी,** 5 मई (देशबन्धु)। संयुक्त शिक्षक संघ जिला धमतरी के संयोजक लोमश साहू ने शासन की युक्ति युक्त करण की प्रक्रिया से पूर्व पदोन्नति की आवश्यकता की मांग करते हुए आदिवासी विकास खंड नगरी में माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति ना होना आदिवासी विकासखंड केलिए दुर्भाग्य पूर्ण बताया है। छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में प्रधान पाठक माध्यमिक शाला का पदोन्नति पूर्ण हो चुका है लेकिन रायपुर संभाग में आज पर्यंतक पदोन्नति नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे संस्था, बच्चे पढ़ाई, सभी प्रभावित हो रहे हैं। और उसके पूर्व शासन की युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया अप्रासंगिक हैद्य शिक्षकों को पदोन्नति के उपरांत अतिशेष शिक्षक की व्यवस्था एवं युक्ति युक्तकरण किया जाना उचित है ।संयुक्त शिक्षक संघ जिला धमतरी रायपुर संभाग के सभी पदोन्नति को पूर्ण करने के पश्चात युक्ति युक्त करण की प्रक्रिया करने की मांग किया है ।जिससे सभी शालाओं में उचित व्यवस्था हो सके।

## आकाश व प्रियंका का चयन ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए

**खरोरा,** 5 मई (देशबन्धु)। आंध्र प्रदेश की नेल्लूर में 4 से 8 मई को आयोजित होने वाली ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में सेंचुरी सीमेंट महाविद्यालय के छात्र आकाश वर्मा एवं प्रियंका गौतम का चयन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम में हुआ है इस प्रतियोगिता के लिए रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला टीम नेल्लूर आंध्र प्रदेश के लिए रवाना हो चुकी है पुरुष टीम के मैनेजर डॉक्टर पूर्णेन्द्र वर्मा एवं कोच रेड्डी सर है।




## कोमाखान में आयोजित समाधान शिविर में जनसमस्याओं का निराकरण

**बागबाहरा,** 5 मई (देशबन्धु)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन त्यौहार पूरे प्रदेश में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के माध्यम से शिविर आयोजित किया गया था। इसी तारतम्य में आज सोमवार 5 मई को महासमुंद जिले के तहसील कोमाखान में जनसमस्या निवारण हेतु 'समाधान शिविर' का आयोजन किया गया।




उक्त शिविर में जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद सच्चिदानंद आलोक, जिला पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जिले के समस्त विभागीय अधिकारीगण सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा उमेश कुमार साहू, तहसीलदार बागबाहरा युगल किशोर पटेल, कोमाखान तहसीलदार हरीशकांत ध्रुव, बागबाहरा जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा केशव नायकराम चंद्राकर सहित विभागीय अधिकारीगण एवं 15 ग्राम पंचायतों के सरपंचगण एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा (बीजेपी) दुबेलाल साहू, (बीजेपी) कोमाखान मंडल अध्यक्ष नितिन जैन सहित क्षेत्रीय नेतागण एवं क्षेत्र की आम जनता उपस्थित थें। उक्त शिविर के माध्यम से उपस्थित अधिकारी एवं अतिथि गणों के द्वारा हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण, फलदार पौधों के वृक्षारोपण हेतु पौधा वितरण, मत्स्यपालन विभाग से मछुआरे को मछली जाल, सौंखी एवं महिलाओं को मातृत्व शिशु पोषण आहार का वितरण किया गया। इस समाधान शिविर में आए हुए हितग्राही अपनी समस्या का हल होने से खुश नज़र आए। वही भीषण गर्मी में जिले एवं विकासखंड के समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी जनसमस्याओ का निराकरण करने में दिन भर जुटे रहे।

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भटगांव में किया एसडीएम लिंक कोर्ट का लोकार्पण



**बिलाईगढ़,** 5 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार में मांग पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ का नगर पंचायत भटगांव में राजस्व एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में लिंक कोर्ट भटगांव सरसीवा का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने कहा कि एसडीएम लिंक कोर्ट से किसानों सहित आम नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक बिलाईगढ़ कविता लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, जिला पंचायत सदस्यगण, ज्योति पटेल, सुभाष जालान, मनोज जायसवाल, अनुपमा केशरवानी कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय, एसडीएम बिलाईगढ़ वर्षा बंसल आदि उपस्थित थे।

## बल्दीडीह के रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**पिथौरा,** 5 मई। पिथौरा विकासखंड के ग्राम बल्दीडीह (सॉकरा जोक) में आयोजित रामायण कार्यक्रम पुर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव सहित कौशल रोहिल्ला अध्यक्ष युवा कांग्रेस बसना, जसपाल ध्रुव, हराधन प्रधान ,महेस सिन्हा, रुखमन डड़सेना, मेहत्तर बरिहा सोनू कुरुमा डीह प्रमुख रूप से सामिल हुए।



## निधन

### श्रीमती शांतिबाई सोनी

**महासमुंद,** 5 मई। स्थानीय कुर्मीपारा वार्ड नंबर 17 निवासी श्रीमती शांतिबाई सोनी 82 वर्ष का सोमवार 5 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधा में किया गया। वे व्यास नारायण सोनी की माता, मयंक सोनी की दादी एवं विराट व हार्दिक की परदादी थी।



### श्रीमती ए. सरस्वती

**कुम्हारी,** 5 मई। वार्ड क्रमांक 15 आरटीआर बी-3, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुम्हारी निवासी श्रीमती ए. सरस्वती का आकस्मिक निधन रविवार की रात्रि 8.30 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को खारुन नदी तट के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।



## युक्तिकरण नीति का छग विद्यालियन शिक्षक कर्मचारी संघ ने किया विरोध

**पलारी,** 5 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विद्यालियन शिक्षक कर्मचारी संघ पलारी ने राज्य सरकार की न ई युक्तिकरण नीति का तीव्र विरोध करते हुए इसे शिक्षकिय संरचना के लिए हानिकारक बताया है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने जारी बयान में कहा है कि सरकार एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर कक्षा एवं विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति की बजाय मात्र छात्र संख्या के आधार पर युक्तिकरण लागू कर रही है जो अव्यवहारिक है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020के अनुसार अब बालवाड़ी कक्षाओं को भी प्राथमिक विद्यालयों में जोड़ा गया है लेकिन युक्तिकरण प्रकिया में इसका कोई उल्लेख या व्यवस्था नहीं की गई है श्री तिवारी ने इसे शालाओं को केवल मध्यान्ह भोजन वितरण केन्द्रों मे बदलने की प्रयास बताया, उन्होंने सवाल उठाया कि 60 विद्यार्थियों पर केवल एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक से कैसे पांच कक्षाओं और पांच विषयों की संचालन संभव होगा। संघ के पदाधिकारी रमेश वर्मा, छबि श्याम वर्मा, उमाशंकर वर्मा, अरविंद कुमार चन्द्रवंशी, ओमप्रकाश कुर्रे, कमलेश कुमार यदु, मोतीलाल वर्मा,शोभा ईराम लहरी,टैकराम वर्मा, बेदराम बांधे,गिरीश वर्मा, बाबू लाल साहू,आदि ने भी इस निति का विरोध करते हुए तत्काल प्रभाव से युक्तिकरण को स्थगित करने, प्रमोशन देने, एवं केन्द्र के समान 55प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की मांग की है। विद्यालियन शिक्षक संघ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

## पेयजल समस्या को लेकर नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग को लिखा पत्र



**बागबाहरा,** 5 मई (देशबन्धु)। नगर में बढ़ते जल समस्या को लेकर श्रीमती खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष बागबाहरा ने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग महासमुंद अजय खरे को पत्राचार किया है। नपाध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी छोटू बघेल ने बताया कि विगत 15 साल से नगर पालिका क्षेत्र में पानी की समस्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। लगातार भूजल स्तर नीचे चला गया है। नगर में लगे सरकारी हैंडपंप एवं नलकूप सूखने के कगार पर पहुंच चुके हैं। ऐसे में नगरवासियों को पानी के लिए त्राही-त्राही होना पड़ रहा हैं। नगर पालिका परिषद बागबाहरा की वर्तमान जनसंख्या 26 हज़ार से ऊपर है। नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा जल आवर्धन योजना को नलकूप के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्रीष्मकाल में नलकूपों का जल स्तर अत्यंत नीचे चले जाने के कारण प्रतिवर्ष पेयजल आपूर्ति किया जाना संभव नही है। निकाय के आस-पास महज पांच कि.मी. की दूरी पर चण्डी बांध, साथ ही 20 किमी की दूरी पर चरौदा बांध एवं 30 किमी की दूरी पर कोडार बांध स्थित है। इन तीनो बांधों पर पूरे वर्ष भर पानी भरा रहता है। अत: आम नागरिको के सुदृढ पेयजल व्यवस्था हेतु अमृत मिशन 2.0 के तहत् तीनों बांधों में से किसी एक बांध से पानी उपलब्धता के अनुसार पेयजल आपूर्ति हेतु चिन्हांकित कर बागबाहरा नगर पालिका को जल समस्या से निजात दिलाने की पहल किया जाए। ताकि भीषण गर्मी में नगरवासियो को पेयजल के लिए भुगतना न पड़े।

## महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला में परीक्षा परिणाम घोषित

**भखारा,** 5 मई (देशबन्धु)। महाश्वेता शिशु मन्दिर सुपेला द्वारा सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत् प्रतिशत रहा ।विद्यालय की परीक्षा परिणाम में कक्षा 8 वीं में कु.निलिमा बघेल पिता गौकरण बघेल ने केंद्रीय कृत परीक्षा में 94.67 प्रतिशत अंक के साथ पूरे सेमरा( बी) संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त की है इसी प्रकार कु.रश्मि पिता राजेश दुबे एवं कु निकिता पिता ललित दुबे ने 92.17 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं कु. योगेश्वरी पिता श्री रामकुमार यादव ने 91 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 5 वीं में मुदित कुमार पिता प्रेमलाल साहू ने विद्यालय मे 94.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है । कु. तुलिका देवांगन पिता श्री यशवंत देवांगन 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं कु. रिया दुबे 91.50 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय की कक्षा 5 वीं और 8 वीं के सभी छात्र प्रथम श्रेणी के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की ।इसी प्रकार विद्यालय की कक्षा केजी 1 से कक्षा 4 थी एवं कक्षा 6 वीं व 7 वीं का भी परीक्षा परिणाम सत् प्रतिशत रहा। समस्त विद्यार्थियों को संस्था के प्रधान पाठक श्री हितेंद्र कुमार साहू,संकुल समन्वयक श्री पंचराम ध्रुव , समस्त शिक्षक-शिक्षिका एवं पालकगण श्री दिग्विजय साहू, नेतराम,रुमेंद्र साहू,चुरामन साहू, संतोष यदु,लोकेश्व ठाकुर, खिलावन सेन,सुरेश कुमार निषाद, यशवंत धनकर ,तामेश्व सोनकर,सुनील कुमार साहू, आमदेव ध्रुव,पुनाराम निषाद, लक्ष्मी नारायण देवांगन ने बधाई प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



- कक्षा-8वीं की छात्रा कु. निलिमा बघेल ने
- संकुल में प्रथम स्थान हासिल की

## प्रादेशिकी का शेष...

### पहले दिन के शिविर में 20866 ...

में खरा उतरने कहा। स्टॉल अवलोकन एवं सामग्री वितरण-इस दौरान संभागायुक्त सहित कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलो का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में आने वाले ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने तथा लाभान्वित करने भी कहा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भाटापारा सरिता आनंद, जनपद अध्यक्ष पलारी सविता यादव, जनपद सदस्य नरेश साहु एवं अन्य जनप्रतिनिधि एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्व शर्मा को श्रद्धा सुमन ...

साहू,नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू, होरीलाल साहू, उत्कर्ष शर्मा सहित परिवार के सदस्यगण मौजूद थे। रविवार को भी देर शाम पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू भी स्व शर्मा को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करने निवास पहुंचे उनके साथ नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी,पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग,नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव थे।

## सौर सुजला योजना की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने धीमी गति पर नाराजगी जताई

**गरियाबंद,** 5 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर बीएस उइके ने शुक्रवार को सौर सुजला योजना 2024-25 की समीक्षा बैठक ली। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई इस बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सदस्य मौजूद रहे। इसमें अब तक हुए काम की प्रगति, लक्ष्य, और आने वाले कार्यों को लेकर चर्चा हुई।



बैठक में सहायक अभियंता टीआर ध्रुव ने बताया कि जिले को इस साल 150 सोलर पंपों का लक्ष्य मिला था, जिनमें से 139 किसानों को पंप स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 18 जगहों पर पंप पूरी तरह लग चुके हैं जबकि 121 जगहों पर फाउंडेशन का काम हो चुका है। इस दौरान कलेक्टर उइके ने काम की धीमी गति पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि शेष पंप जल्द से जल्द लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कम है, इसे बढ़ाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजें।

बैठक में यह भी सामने आया कि जिले में 584 किसानों ने और आवेदन दिए हैं, जो कृषि विभाग से अनुमोदन के बाद क्रेडा को सौंपे गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि मांग को देखते हुए जिले का कोटा बढ़ाया जाना चाहिए। सहायक अभियंता ध्रुव ने बताया कि मैनपुर, देवभोग और छुरा जैसे इलाकों में बिजली की कमी के कारण किसान सोलर पंप के लिए ज्यादा आवेदन कर रहे हैं। ऐसे में इन इलाकों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.आर. मरकाम, उप संचालक कृषि चन्दन राय, सहायक अभियंता गणेश प्रसाद बारले भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## नप अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मां अभियान के तहत पुरानी बस्ती पुल अविलंब निर्माण हो**



**नगरी,** 5 मई (देशबन्धु)। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की नवीन योजना मां अभियान के तहत धमतरी जिला प्रशासन महानदी के उद्गम स्थल से पूजा अर्चना कर सौंदर्यकरण व पर्यटक स्थल के रूप में सर्वांगीण विकास के लिए कर्तव्यबध है। इसी तारतम्य में नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा द्वारा नगर के विभिन्न विकास के मुद्दे को लेकर धमतरी कलेक्टर से चर्चा की। उनके द्वारा नगर के हित को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक स्वीकृति के लिए किए गए मांग पत्र को पुन: संप्रेषित कर अमल के लिए आग्रह किया। श्री छाबड़ा ने बताया की महानदी कल-कल कर बहती हुई पुरानी बस्ती को छूते आगे बढ़ती है, वहां पर पुल की नितांत आवश्यकता है जिसकी तकरीबन 25 वर्षों से मांग की जा रही है उक्त गंभीर समस्या को लेकर जिला प्रशासन से बात की गई है और संज्ञान में लाया गया है जो मां अभियान के तहत सौंदर्यकरण के बिंदु में अंकित है। उक्त पुल बन जाने से सैकड़ो किसानों के समस्या क्षण भर में समाप्त हो जाएगी। नगर पंचायत नगरी के इस पहल पर नगर वासियों ने नए कलेक्टर की प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि निसंदेह प्रशासन उक्त समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पूरी करेंगे। किसान संतोष निषाद, पवन किरण, गोलू ध्रुव, रविंद्र गौर ने बताया कि यहां पुल की नितांत आवश्यकता है। यदि इस पुल की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने पश्चात निर्माण हो जाता है तो किसानों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी लाभकारी होगा। क्योंकि यहां से पुरानी बस्ती होते हुए सीधा सांकरा के लिए नवीन मार्ग बन जाएगा, जिससे वार्ड क्रमांक 13, 14 एवं 15 की न्यूनतम बाजार बढ़ जाएगी एवं रोजगार के नए साधन बन जाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष के आवेदन पर कलेक्टर की क्या कुछ प्रक्रिया होगी ?

## बिलाईगढ़ में 30 दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**बिलाईगढ़** 5 मई (देशबंधु)। विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ में प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी पीएलसी बिलाईगढ़ द्वारा ग्रीष्मावकाश में समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप में अभी तक 52 विद्यार्थी पंजीकृत होकर के विभिन्न गतिविधि सीख रहे हैं। पीएलसी हेड एवं समर कैंप संचालक महेत्तर लाल देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष पीएलसी द्वारा समर कैंप का संचालन किया जाता है इसी के तहत इस वर्ष भी समर कैंप का संचालन विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ के देवांगन सामुदायिक भवन में संचालित किया जा रहा है ।इस समर कैंप में स्पोकन इंग्लिश के अलावा वैदिक गणित ,चित्रकला, पेपर क्राफ्ट,नृत्य, मुखौटा निर्माण साहित्यिक गतिविधि कहानी कविता निबंध लेखन, रंगोली ,मेहंदी आदि का आयोजन किया गया है इसके साथ ही शासन के महत्वाकांक्षी योजना अंगना म शिक्षा एवं एफ एल एन आधारित गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। इस समर कैंप में प्रति दिवस 1 घंटे का स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं उड़ीसा के शिक्षक शेष देव प्रधान द्वारा लिया जा रहा है। महेत्तर लाल देवांगन द्वारा गणित, विनोद डडसेना द्वारा पेपर क्राफ्ट खिलौना निर्माण, गंगाराम मांझी द्वारा चित्रकला, लोकनाथ तांडेय द्वारा कहानी कविता निबंध लेखन, महादेव जायसवाल और हेमंत साहू द्वारा एफ एल एन एवं अन्य गतिविधियां कराया जा रहा है। बिलाईगढ़ में आयोजित समर कैंप की सराहना पूरे नगर वासी के साथ साथ एवं अन्य अधिकारी ,जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रहीं है।



# श्रद्धासुमन - स्मृतिशेष

## 100 वें जन्मदिवस 06 मई 2025

छत्तीसगढ़ की राजनीतिक, सामाजिक और न्यायिक चेतना के पथप्रदर्शक रहे पंडित बंशराज तिवारी न केवल एक कुशल अधिवक्ता थे, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी और जननेता के रूप में जनमानस के हृदय में आज भी जीवित हैं। उनका जीवन उन दुर्लभ व्यक्तित्वों में से था, जिन्होंने सिद्धांतों की राजनीति की, निष्ठा से समाज सेवा की और अपने समर्पण से क्षेत्र के विकास की एक अमिट छाप छोड़ी।



**स्व. पं. बंशराज तिवारी जी**

विधायक बलौदाबाजार (1977-80)

जन्म : 06 मई 1925 | अवसान : 09 फरवरी 2006

**पूज्य बाबू जी**

*आपके कर्म हमारी प्रेरणा हैं...*
*आपके विचार हमारे पथ प्रदर्शक हैं...*
*आपकी स्मृतियां ही हमारा संबल...*

**श्रद्धावनत् :** अशोक तिवारी, डॉ. प्रमोद तिवारी, विनोद तिवारी, विपिन तिवारी, विष्णु प्रसन्न तिवारी, डॉ. अरविंद-डॉ. आशा द्विवेदी, विवेक आनंद, अभिषेक, दुष्यंत, डॉ. नितिन, प्रत्यूश, प्रांजल, अमृतांश एवं समस्त तिवारी परिवार बलौदाबाजार



**टीप :**

बाबू जी की जन्मजयंती पर 19 वां निःशुल्क रोग परीक्षण एवं निदान शिविर 6 मई 2025 मंगलवार प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक

स्थान - CDTH चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल सिटी कोतवाली के सामने बलौदाबाजार छ. ग.

संपर्क - 9111705555

CMYK